फाल्गुन शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 16 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -205, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

रूस में राष्ट्रपति चुनाव शुरू, पुतिन के सामने 3 प्रत्याशी 16

'पटना शुक्ला' से महिलाएं होंगी प्रेरित : रवीना 2

एक नजर

सीएए संबंधी याचिकाओं पर 19 मार्च को सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट नागरिकता संशोधन कानून, 2019 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं का निस्तारण होने तक केंद्र को नागरिकता संशोधन नियमावली, 2024 के क्रियान्वयन पर रोक लगाने का निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए शुक्रवार को सहमत हो गया। न्यायालय इस मामले पर 19 मार्च को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की दलीलों पर गौर कर निर्णय लिया।

ईवीएम पर आरोप वाली याचिका खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के कामकाज में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली याचिका पर शुक्रवार को विचार करने से इनकार करते हुए कहा कि हर पद्धति के अपने सकारात्मक और नकारात्मक पक्ष होते हैं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की एक पीठ ने कहा कि यह अदालत कई याचिकाओं की पहले ही कई मौकों पर पड़ताल कर चुकी है और ईवीएम के कामकाज से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार कर चुकी है। पीठ ने याचिकाकर्ता नंदिनी शर्मा से कहा कि हम कितनी याचिकाओं पर विचार करेंगे? हम धारणाओं पर नहीं चल सकते।

प्रताप सिंह को बेसिक शिक्षा निदेशक का प्रभार

लखनऊ। प्रताप सिंह बघेल को बेसिक शिक्षा निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। वह राज्य शैक्षिक तकनीकी संस्थान के निदेशक के साथ-साथ यह जिम्मेदारी भी संभालेंगे। जबकि अपर शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) सुरेंद्र तिवारी को बेसिक शिक्षा सचिव पद का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। बेसिक शिक्षा के विशेष सचिव अवधेश कुमार तिवारी की ओर से आदेश जारी किए गए हैं। अभी तक माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव के पास ही बेसिक शिक्षा निदेशक का भी कार्यभार था। वहीं, बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव का अतिरिक्त कार्यभार बघेल से वापस ले लिया गया है।

लोकसभा चुनाव तिथियों की आज घोषणा करेगा निर्वाचन आयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

- कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम भी होंगे घोषित
- आयोग ने दोपहर तीन बजे बुलाई है प्रेस कान्फ्रेंस

निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव के लिए कार्यक्रम की घोषणा कल यानी शनिवार को करेगा। निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि लोकसभा चुनाव और कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करने के लिए शनिवार को दोपहर तीन बजे एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म हो रहा है और नई लोकसभा का गठन उससे पहले होना है।

आंध्र प्रदेश, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और ओडिशा में विधानसभाओं का कार्यकाल जून में अलग-अलग तारीखों पर खत्म हो रहा है। पिछली बार लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा 10 मार्च को की गई थी और 11 अप्रैल से सात चरणों में मतदान हुआ था। मतगणना 23 मई को हुई थी। निर्वाचन आयोग ने 2014 में भी चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करने के लिए संवाददाता सम्मेलन बुलाए जाने की सूचना एक दिन पहले दी थी। संवाददाता सम्मेलन के लिए पत्रकारों को एक दिन पहले शाम को निमंत्रण भेजा गया था। आगामी चुनावों में 12 लाख से अधिक मतदान केंद्रों पर करीब 97 करोड़ लोग मतदान करने के पात्र हैं। पिछले संसदीय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 303 सीटें जीती थी जबकि कांग्रेस को 52 सीट मिली थीं। वह लोकसभा में विपक्ष के नेता का पद हासिल करने के लिए पर्याप्त संख्या बल नहीं जुटा पाई थी।

लोकसभा चुनाव की अधिसूचना से पहले राज्यपाल ने दी स्वीकृति

12 लाख पेंशनरों की चार प्रतिशत बढ़ी महंगाई राहत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वित्त विभाग ने जारी किया जनवरी से 50 फीसदी डीए का आदेश
- एक जनवरी से पेंशन में बढ़कर मिलेगी महंगाई राहत : सचिव

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से ठीक पहले राज्यपाल ने राज्य के 12 लाख से अधिक पेंशनरों व पारिवारिक पेंशनरों के महंगाई राहत में चार प्रतिशत बढ़ोत्तरी की स्वीकृति दे दी है। इससे महंगाई राहत बढ़कर अब 50 प्रतिशत हो गई है। वित्त विभाग ने शुक्रवार को इसकी जानकारी देते हुए एक जनवरी 2024 से ही पेंशन में बढ़ी हुई महंगाई राहत को जोड़कर देने का आदेश जारी किया है।

राज्य कर्मियों के महंगाई भत्ता में चार प्रतिशत वृद्धि के बाद तय था कि पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों के महंगाई राहत में भी चार प्रतिशत बढ़ोत्तरी जल्द ही होगी। वित्त विभाग के विशेष सचिव नीलरतन कुमार ने शुक्रवार को जारी शासनादेश में कहा है कि राज्यपाल ने महंगाई राहत की दर में वृद्धि का यह लाभ एक जनवरी 2024 से देने की स्वीकति दी है। यह आदेश शिक्षा/प्राविधिक शिक्षा विभाग के तहत राज्य निधि से सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों के ऐसे पेंशनर जिन्हें शासकीय पेंशनरों के समान पेंशन/पारिवारिक पेंशन मिलती है, उन पर भी लागू होगा।

लेकिन, यह आदेश हाईकोर्ट के न्यायाधीशों, स्थानीय निकायों व सार्वजनिक उपक्रमों के सेवकों पर लागू नहीं होगा। इनके लिए संबंधित विभाग अलग से आदेश जारी करेंगे। अखिल भारतीय सेवाओं के पेंशनरों, पारिवारिक पेंशनरों के संबंध में भी अलग से आदेश जारी किए जाएंगे।

महंगाई राहत देने की घोषणा का स्वागत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सचिवालय पेंशनर्स एसोसिएशन के सचिव व संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक एनपी त्रिपाठी व सह संयोजक ओंकार नाथ तिवारी ने पेंशनर्स के लिए मंहगाई राहत में चार प्रतिशत बढ़ोत्तरी के आदेश का स्वागत किया है। नेताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए सभी पेंशनरों को बधाई दी।

चुनाव आयोग को दिए आंकड़ों में बॉण्ड नंबर क्यों नहीं : सुप्रीम कोर्ट

शीर्ष अदालत ने एसबीआई से जवाब तलब किया, 18 मार्च तक दिया समय

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त चुनावी बॉण्ड की विशिष्ट अक्षरांकीय संख्या (यूनीक अल्फा-न्यूमेरिक नंबर) का खुलासा करने के लिए कर्तव्यबद्ध है और उसे ऐसा करना होगा। इसके साथ ही न्यायालय ने ऐसा नहीं करने के लिए बैंक से जवाब मांगा। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली संविधान पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत ने चुनावी बॉण्ड मामले पर अपने फैसले में खरीदार, राशि और खरीद की तारीख सहित बॉण्ड के सभी विवरण का खुलासा करने का निर्देश दिया था। इस पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने गुरुवार को उन संस्थाओं की पूरी सूची जारी की जिन्होंने राजनीतिक चंदा देने के लिए चुनावी बॉण्ड खरीदे थे। आयोग द्वारा अपनी वेबसाइट पर ये आंकड़े सार्वजनिक किए जाने के एक दिन बाद प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि एसबीआई को सभी जानकारियां मुहैया करानी हैं। पीठ ने बैंक को नोटिस जारी किया और मामले में आगे की सुनवाई के लिए 18 मार्च की तिथि तय की।

सीजेआई ने बैंक के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि एसबीआई की ओर से कौन पेश हो रहा है? क्योंकि हमारे फैसले में हमने विशेष रूप से खरीददार, राशि और खरीद की तारीख सहित बॉण्ड के सभी विवरणों का खुलासा करने का निर्देश दिया था। उन्होंने बॉण्ड संख्या का खुलासा नहीं किया। इसका खुलासा एसबीआई को करना होगा। विशिष्ट अक्षरांकीय संख्या का उन लोगों से मिलान किया जाएगा जिन्होंने उन दलों के चुनावी बॉण्ड खरीदे हैं जिन्हें उन्होंने चंदा दिया था। सीजेआई ने कहा कि उन्होंने (एसबीआई) बॉण्ड संख्या का खुलासा नहीं किया। इसका खुलासा एसबीआई को करना होगा। उन्होंने कहा कि लेकिन सच कहें, तो उन्होंने जितनी जानकारी उपलब्ध कराई है उसे लेकर हम नाराजगी जता सकते हैं क्योंकि वे (बॉण्ड संख्या का खुलासा करने के लिए) कर्तव्यबद्ध थे।

- चुनावी बॉण्ड की पूरी जानकारी नहीं देने पर कोर्ट ने जताई नाराजगी

आंकड़ों की डिजिटल कॉपी आयोग को देने के निर्देश

न्यायालय, निर्वाचन आयोग की उस अर्जी पर सुनवाई कर रहा था जिसमें चुनावी बॉण्ड मामले में न्यायालय के 11 मार्च के आदेश के एक हिस्से में संशोधन का अनुरोध किया गया है। न्यायालय ने अपने पंजीयक (न्यायिक) को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि निर्वाचन आयोग द्वारा सीलबंद कवर में सौंपे गए आंकड़ों को स्कैन किया जाए और उन्हें डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराया जाए। आयोग के वकील ने कहा कि उन्होंने 11 मार्च के आदेश में मामूली संशोधन के लिए अर्जी दायर की है जिसमें यह निर्देश दिया गया है कि निर्वाचन आयोग अदालत को सौंपे गए आंकड़ों को अपनी वेबसाइट पर अपलोड करेगा। उन्होंने कहा कि आयोग ने उन आंकड़ों की कोई प्रति अपने पास नहीं रखी है जिन्हें अदालत को सौंपा गया है क्योंकि इसे सीलबंद कवर में दिया गया था। पीठ ने कहा कि यह निर्देश जारी करते समय, न्यायालय ने माना था कि इस अदालत की रजिस्ट्री को उपलब्ध कराए गए आंकड़ों की एक प्रति ईसी के पास भी होगी। आयोग ने अनुरोध किया कि इन दस्तावेजों को उसे वापस किया जाए ताकि वह निर्देशों का पालन कर सके और इन्हें अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर सके।

ट्रांसपोर्ट कर्मियों की मिलीभगत से लीक हुआ सिपाही भर्ती का पेपर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डीजीपी प्रशांत कुमार ने प्रेसवार्ता में पूरे घटनाक्रम और कार्रवाई की दी जानकारी
- मामले में 3 और गिरफ्तारी 396 पहुंची मामले से जुड़ी गिरफ्तारियों की संख्या

अमृत विचार : डीजीपी प्रशांत कुमार ने यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में अब तक हुई कार्रवाई को लेकर शुक्रवार को पत्रकार वार्ता की। डीजीपी ने बताया सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने में ट्रांसपोर्ट कंपनी के कर्मचारियों की भूमिका रही है। इसमें डॉक्टर और पूर्व में कई परीक्षाओं के पेपर लीक करने वाले गिरोह के सदस्य शामिल हैं। पेपर लीक मामले में तीन और आरोपी अभिषेक शुक्ला, रोहित कुमार, शिवम गिरी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

डीजीपी का दावा है कि परीक्षा की दूसरी पाली का पेपर लीक किया गया था। इसकी पुष्टि होने पर परीक्षा निरस्त कर दी गई थी। प्रदेश के विभिन्न जिलों में 178 एफआईआर दर्ज की गईं हैं। एसटीएफ ने मामले से जुड़े 396 लोगों को गिरफ्तार किया है। डीजीपी ने बताया ट्रांसपोर्ट कंपनी के कर्मचारियों ने पेपर लीक किया था, जिसमें दो कोड के पेपर लीक किए गए थे। मुख्य आरोपी राजीव नयन मिश्रा और रवि अत्री ने पेपर के बॉक्स खोलने के लिए बिहार के एक्सपर्ट शुभम मंडल को बुलाया था। मंडल पेशे से डॉक्टर है। बाक्स खुलने के बाद कोड नंबर दो के पेपर की फोटो खींचकर आउट किया गया था।

यूपी में पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्न पत्र किसने लीक किया था। इसको लेकर 178 मामले प्रदेश के अलग-अलग थानों में दर्ज किए गए थे। शुक्रवार को तीन प्रमुख लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिनकी पहचान अभिषेक कुमार शुक्ला निवासी प्रयागराज, शिवम गिरी निवासी थाना जिगना, मिर्जापुर और रोहित कुमार पांडे निवासी, थाना कोइरौना, जिला भदोही के रूप में हुई है।

अहमदाबाद की ट्रांसपोर्ट कंपनी से निकाले थे पेपर

डीजीपी ने बताया सभी आरोपी अहमदाबाद की ट्रांसपोर्ट कंपनी टीसीएस एक्सप्रेस में मिले थे। कंपनी के ट्रेनिंग एग्जीक्यूटिव अभिषेक शुक्ला ने बताया वर्ष 2021 में प्रयागराज के अंकित मिश्रा से मिला, जो नोएडा के रवि अत्रि का दोस्त था। उसी ने अत्री से मिलवाया था। कंपनी में ही शिवम गिरी और रोहित पांडे मिले थे। रवि यत्री को मालूम था कि यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर ट्रांसपोर्ट कंपनी टीसीआई में ही छपने के बाद पहुंचेंगे। उसने पहले से ही रोहित, शिवम व अभिषेक को लगा दिया था। उसने 20 लाख रुपये खर्च किए थे।

यूपीटीईटी का पेपर भी कराया था लीक

डीजीपी ने बताया मुख्य आरोपी राजीव नयन मिश्रा पेपर लीक कराने में एक्सपर्ट है। वर्ष 2021 में यूपीटीईटी का पेपर लीक करने में भी इसकी भूमिका रही थी। तब एसटीएफ ने उसे जेल भेजा था। संविदा स्टाफ नर्स भर्ती परीक्षा मध्य प्रदेश का भी पेपर लीक करने में राजीव की भूमिका थी। वर्ष 2015 की एमबीबीएस परीक्षा का पेपर लीक करने में भी इन आरोपियों की भूमिका रही है।

येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो कानून के तहत मामला दर्ज

बेंगलुरु। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा पर 17 वर्षीय एक लड़की की मां की शिकायत पर यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पीड़िता की मां ने आरोप लगाया है कि येदियुरप्पा (81) ने दो फरवरी को एक बैठक के दौरान उसकी बेटी का यौन शोषण किया था। सदाशिवनगर पुलिस के अनुसार येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो कानून की धारा आठ और आईपीसी की धारा 354 ए के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। येदियुरप्पा ने अपने ऊपर लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों से इनकार किया और आरोप लगाया कि इसके पीछे राजनीतिक मकसद हो सकता है। दावा किया कि उन्होंने शुरू में पुलिस आयुक्त से संपर्क करके संकट में फंसी महिला की मदद की थी, लेकिन बाद में वह उनके खिलाफ हो गई।

- कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोपों से किया इनकार

रामपुर तिराहा कांड में पीएसी के दो पूर्व आरक्षी दोषसिद्ध

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

- 30 वर्ष पुराने मामले में विशेष सीबीआई अदालत ने दिया फैसला
- महिलाओं से दुष्कर्म के मामले में 18 मार्च को सुनाई जाएगी सजा

विशेष सीबीआई अदालत ने शुक्रवार को करीब 30 वर्ष पूर्व उत्तराखंड को अलग राज्य बनाए जाने की मांग कर रही महिला आंदोलनकारियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले में पीएसी (प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी) के दो पूर्व सिपाहियों (आरक्षी) को दोषी करार दिया है और सजा सुनाने के विषय पर 18 मार्च तक अपना आदेश सुरक्षित रखा है।

अभियोजन अधिकारी (सीबीआई) धारा सिंह ने बताया कि रामपुर तिराहा पुलिस गोलीबारी मामले में विशेष सीबीआई न्यायाधीश शक्ति सिंह ने दो पूर्व पीएसी कांस्टेबल मिलाप सिंह और वीरेंद्र प्रताप को सामूहिक दुष्कर्म समेत आईपीसी की कई धाराओं के तहत दोषी ठहराया है। जिन पर 1994 में पृथक उत्तराखंड की मांग करने वाली महिला कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक बलात्कार के मामले में सुनवाई चल रही थी। अदालत ने सजा के विषय पर 18 मार्च तक अपना आदेश सुरक्षित रखा है।

ईडी ने बीआरएस नेता के. कविता को किया गिरफ्तार

हैदराबाद/नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले से जुड़े धन शोधन मामले में शुक्रवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव की बेटी कविता (46) को पूछताछ के लिए दिल्ली लाया जा रहा है। इससे पहले दिन में ईडी अधिकारियों ने हैदराबाद में कविता के परिसरों पर छापेमारी की और बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

जयाप्रदा को सुप्रीम कोर्ट से मिली बड़ी राहत

विधि संवाददाता, नई दिल्ली

- ईएसआईसी केस में मिली छह माह की सजा निलंबित

फिल्म अभिनेत्री व रामपुर की पूर्व सांसद जयाप्रदा को तमिलनाडु के ईएसआईसी (एम्प्लॉयमेंट स्टेट इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन) केस में बड़ी राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उनकी सजा को निलंबित कर दिया है। शीर्ष कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि उक्त मामले में सत्र न्यायाधीश के समक्ष जयाप्रदा की विचाराधीन अपील के निस्तारण तक उक्त सजा निलंबित रहेगी। उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु के एक ट्रायल कोर्ट ने इस मामले में पूर्व सांसद को छह माह की सजा सुनाई थी। पूर्व सांसद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सोनिया माथुर व अधिवक्ता नचिकेता वाजपेयी तथा दिव्यांगना मलिक वाजपेयी ने दलील दी कि ट्रायल कोर्ट द्वारा जयाप्रदा को दोषसिद्ध करने के फैसले में कई खामियां हैं। मांग की गई कि अपील सत्र अदालत में विचाराधीन है लिहाजा अपील के विचाराधीन रहते, सजा को निलंबित कर दिया जाए। यह भी कहा गया कि ईएसआईसी द्वारा मांगी गई धनराशि को जयाप्रदा द्वारा जमा करा दिया गया है, बावजूद इसके ट्रायल कोर्ट ने उन्हें दोषसिद्ध करार दे दिया।

सपा की तीसरी सूची जारी, भदोही सीट तृणमूल कांग्रेस के लिए छोड़ी

लखनऊ। भदोही सीट ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के लिए छोड़ते हुए समाजवादी पार्टी ने शुक्रवार को 6 प्रत्याशियों की तीसरी सूची जारी कर दी। इसमें बिजनौर से यशवीर सिंह, नगीना से मनोज कुमार, मेरठ से भानुप्रताप सिंह एडवोकेट, अलीगढ़ से बिजेंद्र सिंह, हाथरस से जसवीर बाल्मिक और आजमगढ़ जिले की लालगंज सीट से दरोगा सरोज को चुनाव में उतारा है। समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस से समझौते में मिली 63 सीटों में 36 पर प्रत्याशी उतार दिए हैं। इससे पहले सपा तीस सीटों पर प्रत्याशियों का एलान कर चुकी है। सपा और कांग्रेस उप्र में मिलकर चुनाव लड़ रही है। प्रदेश की कुल 80 सीटों में कांग्रेस को सपा ने 17 सीटें दी हैं, जबकि 63 सीटें अपने पास रखी हैं। टीएमसी ने भदोही से ललितेशपति त्रिपाठी को मैदान में उतारा है। कांग्रेस से पूर्व विधायक ललितेश दिग्गज नेता रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री कमलापति त्रिपाठी के परिवार से हैं।

- बिजनौर, नगीना, मेरठ, अलीगढ़, हाथरस व लालगंज से सपा प्रत्याशी घोषित

निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- याचिकाओं पर 21 मार्च को सुनवाई करेगी अदालत

सुप्रीम कोर्ट ने 2023 के उस कानून के तहत नए निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्तियों पर रोक लगाने से शुक्रवार को इनकार कर दिया जिसमें भारत के प्रधान न्यायाधीश को चयन समिति से बाहर रखा गया है। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि निर्वाचन आयुक्तों के चयन के लिए एक बैठक पहले से प्रस्तावित थी। इस पर न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने याचिकाकर्ताओं से इस तथ्य का उल्लेख करते हुए एक अलग याचिका दायर करने को कहा। पीठ ने 2023 के कानून के तहत की गई नियुक्तियों पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा कि सामान्यतः और आम तौर पर, हम किसी कानून पर अंतरिम आदेश के जरिए रोक नहीं लगाते हैं। पीठ ने 2023 के कानून के तहत दो निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई 21 मार्च को करना निर्धारित किया। याचिकाकर्ता जया ठाकुर की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने कहा कि जब कोई फैसला पारित किया जाता है तो उसका उल्लंघन नहीं हो सकता।

ज्ञानेश कुमार, सुखबीर संधू ने संभाला कार्यभार

ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने शुक्रवार को भारत निर्वाचन आयोग में चुनाव आयुक्त का कार्यभार संभाल लिया। केरल कैडर के ज्ञानेश कुमार और उत्तराखंड कैडर के डॉ. संधू भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1988 बैच के अधिकारी हैं। आयोग की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने निर्वाचन सदन में नवनियुक्त चुनाव आयुक्तों का स्वागत किया। नवनियुक्त चुनाव आयुक्तों के लिए आगामी 12 सप्ताह अति व्यस्त और चुनौतीपूर्ण होने वाले हैं।

तैयारी — इटावा के भदावरी फार्म में पशुपालन विभाग करेगा संरक्षण और प्रजनन

बीहड़ में विलुप्तप्राय जमुनापारी बकरियों का बढ़ेगा कुनबा

- अप्रैल से होगा पालन, कम कीमत पर पशु पालकों को करेंगे बिक्री

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश के बीहड़ क्षेत्रों में विलुप्तप्राय हो रहीं सबसे ज्यादा पाली जाने वाली जमुना पारी बकरियों का कुनबा पशु पालन विभाग इटावा से बढ़ाएगा। जो यहां के भदावरी फार्म में जर्जर व बंद बकरी संरक्षण केंद्र को अप्रैल में वृहद बनाकर जमुना पारी बकरियों का बड़ी संख्या में पालन करेगा। विभाग संरक्षण के लिए इस प्रजाति की बकरियां इटावा की सबसे बड़ी चकर नगर मंडी, आगरा, औरैया, जालौन, झांसी, भिंड आदि यमुना व चंबल नदी से लगे जिलों की बाजारों से खरीदेगा और प्रजनन कर पशु पालकों को योजना के तहत कम दाम पर बेचेगा। यह बकरियां जमुनापार के चंबल जैसे बीहड़ क्षेत्र की प्रजाति हैं। ऐसे स्थानों पर ही रहकर यह झाड़ियां, घास, पत्तियां आदि खाती हैं। इनकी संख्या दिन पर दिन कम होती जा रही है।

दूध में औषधीय गुण, बकरी की कीमत 70 हजार तक

जमुनापारी बकरी सबसे ज्यादा इटावा के बीहड़ क्षेत्र के साथ आसपास यमुना व चंबल नदी से घिरे क्षेत्रों में होती हैं। इन बकरियों की बिक्री का यहां का चकर नगर मुख्य बाजार है। इन्हें सबसे अच्छी डेयरी के रूप में जाना जाता है। यह बकरी दो लीटर तक दूध देती है। दूध में मिनरल, साल्ट की मात्रा अधिक होती है। औषधीय गुण होने के साथ डेंगू समेत अन्य बीमारी में लाभकारी होता है। दूध महंगा बिकता है और बकरियों की कीमत भी 60 से 70 हजार रुपये तक है। यह जीवन काल में 13 से 15 बच्चे देती हैं। अन्य नस्लों की तुलना में इनकी लंबाई अधिक होती है। जो दो पैरों पर खड़े होकर झाड़ियों की पत्तियां खाती हैं। वजन भी 50-60 किलो तक होता है।

बीहड़ क्षेत्र की मुख्य प्रजाति जमुना पारी बकरियां धीरे-धीरे विलुप्त हो रहीं हैं। इटावा के बकरी संरक्षण केंद्र का विस्तार कर संरक्षण करेंगे और प्रजनन के माध्यम से प्रजाति बढ़ाएंगे। पशु पालकों को योजना के तहत बकरी बिक्री करेंगे। इससे उनकी आय भी बढ़ेगी। – **डॉ. अरविंद कुमार वर्मा**, अपर निदेशक, लघु पशु।

मथुरा बकरी संरक्षण केंद्र की देखरेख में होगा पालन

जमुनापारी बकरियों का संरक्षण करने की योजना उप्र पशु पालन विभाग की है। जो 200 बकरियों का संरक्षण कर शुरुआत करेगा। जबकि संचालन व देखरेख केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान मथुरा करेगा। इस योजना में इटावा को इसलिए चुना गया क्योंकि जमुनापारी बकरियों का पालन, खरीद-बिक्री का केंद्र है। अन्य जिलों के बीहड़ क्षेत्र भी आसपास हैं और अनुसंधान संस्थान भी दूर नहीं है।

धोनी से तुलना पर जुरेल ने कहा-एमएसडी एक ही हैं

नई दिल्ली, एजेंसी

विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल की तुलना भले ही महेंद्र सिंह धोनी से की जा रही हो लेकिन उन्होंने कहा कि कोई भी पूर्व भारतीय कप्तान की बराबरी नहीं कर सकता और वह अपना ध्यान अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में जगह बनाने पर लगाएंगे।

हाल में इंग्लैंड के खिलाफ समाप्त हुई ही श्रृंखला में टेस्ट पदार्पण करने वाले जुरेल ने विकेट के पीछे चतुराई दिखाई, बल्ले से भी प्रदर्शन किया तथा कप्तान रोहित शर्मा को डीआरएस संबंधित फैसले लेने में मदद की। जुरेल के इस प्रदर्शन को देखकर महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने उनकी तुलना धोनी से कर दी लेकिन इस खिलाड़ी को ऐसा नहीं लगता। उन्होंने कहा कि मेरी तुलना धोनी सर से करने के लिए शुक्रिया गावस्कर सर,

लेकिन मैं कहना चाहूंगा कि धोनी सर ने जो किया है, वैसा कोई भी नहीं कर सकता। धोनी सिर्फ एक ही है। हमेशा थे और हमेशा रहेंगे। मैं सिर्फ ध्रुव जुरेल ही रहना चाहता हूं। जो भी मैं करूं, मैं सिर्फ ध्रुव जुरेल ही रहना चाहता हूं, लेकिन धोनी सर महान क्रिकेटर हैं और वह हमेशा महान रहेंगे। भारत की टेस्ट कैप मिलने से जुरेल ने कहा कि मुझे अभी तक विश्वास नहीं हो रहा कि मुझे टेस्ट कैप मिली और फिर मैं मैन ऑफ द मैच रहा। टेस्ट खेलना सुखद रहा जो क्रिकेट का सबसे शुद्ध प्रारूप है। इतना पता था कि किसी दिन टेस्ट खेलूंगा इसलिए यह मेरे सपने के साकार होने वाला पल था। उन्होंने कहा कि जब मैं अंडर-19 खेल रहा था, तो मेरा लक्ष्य 200 टेस्ट खेलने का था लेकिन बाद में मुझे महसूस हुआ कि यह संभव नहीं था। जुरेल ने टेस्ट क्रिकेट और आईपीएल के बीच तुलना को खारिज करते कहा कि अपनी बात करूं तो आईपीएल से मेरा टेस्ट के प्रति लगाव कम नहीं हुआ। दोनों में कोई तुलना नहीं हो सकती। टेस्ट क्रिकेट बिलकुल अलग स्तर पर है। जुरेल ने बीसीसीआई के ज्यादा टेस्ट खेलने वाले खिलाड़ियों को ज्यादा प्रोत्साहन राशि देने के कदम की प्रशंसा की।

सीएसके में वापसी पर शार्दुल ने कहा- माही से सीखने को बेकरार हूं

मुंबई, एजेंसी। आल राउंडर शार्दुल ठाकुर मुंबई के साथ रणजी ट्राफी जीतने के बाद आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई में प्रदर्शन की उम्मीद लगाए हैं क्योंकि पिछला चरण उनके लिए इतना अच्छा नहीं था। शार्दुल 2018 से 2021 तक सीएसके का हिस्सा रहे थे, जिसके बाद 2022 में वह दिल्ली और 2023 में कोलकाता के लिए खेले थे। इस सत्र में वह फिर सीएसके में वापसी करेंगे जिसके लिए उन्हें 4 करोड़ में खरीदा गया। शार्दुल ने कहा कि पिछला आईपीएल मेरे लिए अच्छा नहीं रहा। वह 11 मैच में महज 7 विकेट ही झटक सके थे। शार्दुल ने कहा कि मैं माही के नेतृत्व में खेलने को लेकर उत्साहित हूं। जब आप उनके साथ खेलते हो तो आप कुछ न कुछ जरूर सीखते हो। वह स्टंप के पीछे खड़े होकर आपका मार्गदर्शन करते रहते हैं जिससे आपके प्रदर्शन में निखार आता है।

आईपीएल न खेलने से निराश नहीं हूं, टी-20 समझने के लिए मिला एक और सालः मुशीर

मुंबई, एजेंसी

क्रिकेटरों के लिए भले ही आईपीएल अनुबंध पाना प्राथमिकता रखता हो लेकिन मुंबई के रणजी ट्राफी के युवा नायक मुशीर खान खुश हैं कि वह खिलाड़ियों की नीलामी में बिके नहीं क्योंकि इससे उन्हें टी-20 प्रारूप को समझने के लिए कुछ और समय मिल जाएगा।

मुशीर (19 वर्ष) ने रणजी फाइनल में शतक जड़कर सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा और मुंबई के लिए फाइनल में सैकड़ा लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। उनका मानना है कि वह आने वाले

समय में आईपीएल में नाम कमाएंगे। मुशीर ने अपने पिता और कोच नौशाद के शब्दों को दोहराते हुए कहा कि मेरा नाम आईपीएल में नहीं है, लेकिन मैं निराश नहीं हूं। मेरे पिता ने मुझे कहा कि टेस्ट क्रिकेट और टीम इंडिया के लिए खेलो। आईपीएल बाद में खेल लोगे, आज नहीं तो कल। उन्होंने कहा कि अच्छा है कि मुझे आईपीएल की तैयारी के लिए एक और साल मिल गया। मैं अब टी-20 क्रिकेट को और समझूंगा कि मुझे इस प्रारूप के लिए कैसे तैयारी करनी चाहिए। मुशीर ने हाल में रणजी फाइनल में मुंबई की दूसरी पारी में 136 रन बनाकर विदर्भ को 538 रन का लक्ष्य देने में मदद की। इससे मुंबई 42वां रणजी खिताब जीतने में सफल रहा। मुशीर इस प्रदर्शन के लिए अपने बड़े भाई सरफराज से प्रेरणा लेते हैं जिन्होंने राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में पदार्पण किया था। मुशीर ने कहा कि मैं भाई के समर्पण और उनकी बल्लेबाजी को देखकर प्रेरणा लेता हूं। हमारा बल्लेबाजी का तरीका भी समान ही है।

खेल डायरी

अल्काराज इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में, सिनर से होगी भिड़ंत

इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी। कार्लोस अल्काराज ने मधुमक्खियों के कारण दो घंटे के विलंब के बाद एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-3 6-1 से हराकर बीएनपी पारिबस ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गुरुवार को मुकाबले के दौरान मधुमक्खियों ने हमला कर दिया, जिससे अल्काराज खुद को बचाने के लिए छिप गए और मैच शुरू होने के 19 मिनट पर ही यह घटना हुई। तब अल्काराज 1-1 की बराबरी पर थे। दर्जनों मधुमक्खियां स्पाइडर कैमरे पर चिपक गई और उन्हें वैक्यूम से हटाया गया। यानिक सिनर ने जिरी लेचेका को हराकर इस साल 16वें मैच में जीत दर्ज की। अब शनिवार को सिनर का सामना अल्काराज से होगा। टॉमी पॉल ने नौवें वरीय कैस्पर रूड को हराकर दूसरे मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

चोट से एनगिडी की जगह मैकगुर्क दिल्ली की टीम में

नई दिल्ली, एजेंसी। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी चोट के कारण शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से बाहर हो गए, जिससे दिल्ली कैपिटल्स ने उनकी जगह ऑस्ट्रेलियाई आल राउंडर जेक फ्रेसर मैकगुर्क को टीम में शामिल किया। मेलबर्न के 21 साल के सलामी बल्लेबाज और लेग स्पिनर मैकगुर्क ने पिछले महीने सिडनी में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना वनडे पदार्पण किया था। दिल्ली कैपिटल्स ने मैकगुर्क को 50 लाख की 'रिजर्व' राशि में टीम में लिया है। एनगिडी पिछले एक साल से टखने की चोट से जूझ रहे हैं। उन्होंने आईपीएल में 14 मैच खेलकर 25 विकेट झटके हैं।

प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास लेंगे वेड

होबार्ट, एजेंसी। ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने कहा कि वह शेफील्ड शील्ड फाइनल के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे, लेकिन सफेद गेंद के प्रारूप में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। शेफील्ड फाइनल 21 मार्च से तस्मानिया और वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के बीच शुरू होगा जो वेड के 2012 से शुरू हुए करियर का लाल गेंद का अंतिम मैच होगा। इसके बाद बाएं हाथ के बल्लेबाज वेड आईपीएल के लिए गुजरात टाइटन्स से जुड़ जाएंगे। हालांकि वह पहले दो मैच नहीं खेल पाएंगे क्योंकि लीग का कार्यक्रम शील्ड फाइनल की तारीखों के साथ ही है। वेड ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 36 टेस्ट में 4 शतक से 29.87 के औसत से 1613 रन बनाए हैं।

बांग्लादेश दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया ने वनडे टीम में ग्रेस हैरिस को किया शामिल

सिडनी, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम में बांग्लादेश दौरे के लिए चोटिल डार्सी ब्राउन की जगह ग्रेस हैरिस को एकदिवसीय श्रृंखला के लिए शामिल किया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि ब्राउन को बाएं पैर में लगी चोट से टीम से बाहर किया गया। ब्राउन की वापसी उचित समय पर होगी। हैरिस को पहले केवल टी-20 के लिए चुना गया था, लेकिन अब वह वनडे में खेलती नजर आएंगी। प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहने के बाद यूपी के साथ उनका डब्ल्यूपीएल कार्यकाल पहले ही समाप्त हो चुका है। ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 टीम में ब्राउन के स्थान पर किसी अन्य खिलाड़ी को जगह नहीं दी है। बीमारी के कारण ऑलराउंडर हीथर ग्राहम अनुपलब्ध रहेगी। जेस जोनसेन को पिछले महीने टीम से बाहर किया गया था और उसकी जगह तायला व्लामिनक को बुलाया गया था। ऑस्ट्रेलिया को 21 मार्च से शुरू बांग्लादेश दौरे में तीन वनडे और तीन टी-20 मैच खेलने है। **टीम :** एलिसा हीली (कप्तान), ऐश गार्डनर, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, फीबी लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्राथ, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिसे पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहैम और तायला व्लामिनक।

वनडे-टी20 में 'स्टॉप क्लॉक' नियम स्थायी करेगा आईसीसी

नियम दिसंबर 2023 में किया गया था शुरू, टी-20 विश्व कप सेमी और फाइनल के लिए 'रिजर्व डे'

दुबई, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) प्रयोग पर चल रहे 'स्टॉप क्लॉक' नियम को टी-20 विश्व कप 2024 से सभी वनडे और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में हमेशा इस्तेमाल करेगा। आईसीसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

आईसीसी ने स्टॉप क्लॉक नियम दिसंबर 2023 में शुरू किया था और इसे एक जून 2024 से स्थायी कर दिया जाएगा। आईसीसी ने सालाना बोर्ड बैठक के बाद कहा कि 'स्टॉप क्लॉक' नियम जून 2024 से वेस्टइंडीज और अमेरिका में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 के साथ सभी वनडे और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में स्थायी हो जाएगा। ट्रायल तक होना था लेकिन इसके नतीजे साफ दिखाई दे रहे हैं जैसे मैच समय पर खत्म हो रहे हैं जिससे प्रत्येक वनडे मैच में करीबन 20 मिनट बच रहे हैं। नियम के अनुसार क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम को पिछला ओवर खत्म होने के 60 सेकेंड के अंदर नया ओवर शुरू करना होगा। इसके लिए मैदान पर लगी 'इलेक्ट्रॉनिक' घड़ी 60 से लेकर शून्य तक उलटी गिनती करेगी और तीसरा अंपायर घड़ी शुरू करने का समय तय कर सकता है। क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम के ऐसा नहीं करने पर उसे दो चेतावनी दी जाएगी और इसके उल्लघंन के लिए प्रत्येक घटना के लिए पांच रन का जुर्माना लगाया जाएगा। आईसीसी ने हालांकि नियम में कुछ अपवाद भी शामिल किए और ऐसी स्थितियों में शुरू हुई घड़ी को रद कर दिया जाएगा, जिसमें नया बल्लेबाज अगर ओवरों के बीच में आता है, आधिकारिक 'ड्रिंक्स ब्रेक' तथा किसी बल्लेबाज या क्षेत्ररक्षक के चोटिल होने पर मैदान पर उपचार किया जाना शामिल है। इस नियम को तब भी लागू नहीं किया जाएगा अगर क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम के नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों से समय खराब हुआ हो। आईसीसी की बैठक में टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल (27 जून) और फाइनल (29 जून) के लिए 'रिजर्व' (सुरक्षित) डे को भी मंजूरी दी गई। लीग या सुपर आठ चरण के दौरान पूर्ण मैच के लिए दूसरी पारी में बल्लेबाजी कर रही टीम को कम से कम पांच ओवर डालने जरूरी होंगे। नॉकआउट मैच में पूर्ण मैच के लिए दूसरी पारी में 10 ओवर डालने की जरूरत होगी। वैश्विक संचालन संस्था ने भारत और श्रीलंका की सह मेजबानी में होने वाले टी-20 विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफिकेशन प्रक्रिया को भी मंजूरी दी। टूर्नामेंट में 20 टीम हिस्सा लेंगी, जिसमें से 12 स्वतः क्वालीफाई करेंगी। 2024 विश्व कप में शीर्ष आठ टीम भारत और श्रीलंका के साथ स्वतः क्वालीफाई करेंगी जबकि बचे हुए दो स्थान 30 जून तक आईसीसी टी-20 अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में अगली सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग टीम को मिलेंगे। बचे आठ स्थान आईसीसी क्षेत्रीय क्वालीफायर के जरिए तय होंगे।

चैंपियंस ट्रॉफीः बीसीसीआई को उसकी सरकार के खिलाफ जाने को नहीं कहेगा आईसीसी

नई दिल्ली, एजेंसी। आईसीसी के कार्यकारी बोर्ड के सूत्र ने बताया कि अगले साल पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी 'हाइब्रिड मॉडल' पर कराना एक विकल्प हो सकता है क्योंकि आईसीसी भारत की भागीदारी पर फैसला नहीं ले सकता अगर सरकारी नीति उसके खिलाफ है। आईसीसी बोर्ड की बैठक दुबई में चल रही है। चैंपियंस ट्रॉफी फरवरी-मार्च 2025 में होनी है जिस पर बातचीत बैठक के एजेंडे में नहीं थी, लेकिन पीसीबी के नव निर्वाचित अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा है कि वह बीसीसीआई सचिव जय शाह और आईसीसी अधिकारियों से बैठक से इतर बात करके आश्वासन लेने की कोशिश करेंगे। आईसीसी बोर्ड के सदस्य ने कहा कि बीसीसीआई टूर्नामेंट की तारीख करीब आने पर ही फैसला लेगा और यूएई में इसके आयोजन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। वरिष्ठ प्रशासक ने कहा कि बोर्ड की बैठकों में हर सदस्य अपना मसला उठा सकता है जिस पर वोटिंग होती है, लेकिन अगर सदस्य देश की सरकार कहती है कि वह वहां नहीं खेल सकते तो आईसीसी को विकल्प तलाशने होते हैं। आईसीसी का रूख साफ है कि वह अपने सदस्यों से उनकी सरकार की नीति के खिलाफ जाने की अपेक्षा नहीं करता।

सात्विक-चिराग की जोड़ी आल इंग्लैंड चैंपियनशिप से बाहर

- तनीषा और अश्विनी भी हुईं स्पर्धा से बाहर
- पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे लक्ष्य
- एन से यंग से हारकर सिंधू का भी अभियान खत्म

बर्मिंघम, एजेंसी

भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक जोड़ी गुरुवार रात आल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष युगल प्री क्वार्टरफाइनल से बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी को प्री क्वार्टरफाइनल में इंडोनेशिया के मोहम्मद शोहिल फिकरी और बागास मौलाना की जोड़ी से 16-21 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। इंडोनेशियाई जोड़ी यहां 2022 में चैंपियन रही थी।

भारतीय जोड़ी ने पिछले हफ्ते फ्रेंच ओपन खिताब जीता था, लेकिन यहां तीसरी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वियों के दबाव से नहीं निपट सकी और एक घंटे से ज्यादा चले मुकाबले में हारकर बाहर हो गई। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी भी महिला युगल के राउंड 16 से बाहर हो गई। उन्हें चीन की झांग शु जियान और जेंग यु से पराजय झेलनी पड़ी। शुक्रवार को भारत के लक्ष्य सेन का सामना पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में मलेशिया के ली जि जिया से होगा। लक्ष्य ने एंडर्स एंटोनसेन पर जीत से क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। लेकिन दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का अभियान दक्षिण कोरिया की एन से यंग से हारकर समाप्त हो गया।

अर्जुन-कपिला प्री-क्वार्टर फाइनल में हारे

पेरिस। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की भारतीय पुरुष जोड़ी ऑरलियन्स मास्टर्स 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में चीन की हुआंग डि और लियू यी से हारकर बाहर हो गई। अर्जुन और कपिला ने मैच की शानदार शुरुआत की और 10-7 से आगे चल रहे थे, लेकिन हुआंग डि और लियू यी ने भारतीय खिलाड़ियों पर बाजी पलटते हुए पांच अंकों की बढ़त बना ली। अर्जुन और कपिला ने अंतराल के बाद अंक गंवाए और 36 मिनट में मैच हार गए।

यूटीटी की आठवीं टीम होगी भूपति की अहमदाबाद एसजी पाइपर्स

मुंबई, एजेंसी

टेनिस खिलाड़ी महेश भूपति की एसजी स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट (एसजीएसई) प्राइवेट लिमिटेड अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) में हिस्सा लेने वाली आठवीं फ्रेंचाइजी बनी है। टीम का नाम अहमदाबाद एसजी पाइपर्स है। टीम जयपुर पैट्रियट्स संग पदार्पण करेगी। जयपुर की टीम पिछले साल अगस्त में यूटीटी में शामिल हुई थी। बेंगलुरु स्मैशर्स,

चेन्नई लायंस, दबंग दिल्ली टीटीसी, गोवा चैलेंजर्स, पुनेरी पल्टन टेबल टेनिस और यू मुम्बा टीटी लीग की अन्य छह टीम हैं। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तत्वावधान में लीग की सफलता के बाद नई टीम के शामिल करने की घोषणा की गई।

ओलंपिक : प्रदर्शन में निरंतरता सफलता की कुंजी : श्रीजेश

नई दिल्ली, एजेंसी

बरसों बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम ओलंपिक में पदक विजेता के रूप में उतरेगी और दबाव को ऊर्जा का स्रोत मानने वाले गोलकीपर पी आर श्रीजेश ने कहा कि टीम का फोकस प्रदर्शन में निरंतरता पर है जो ओलंपिक में कामयाबी की कुंजी होता है।

भुवनेश्वर ने कहा कि पिछली बार तक सभी बोलते थे कि हमारा हॉकी में गौरवशाली इतिहास है और हमें ओलंपिक में पदक जीतना है।

इस बार हमारे पास पदक है और अपेक्षाएं बढ़ गई है और हमने उसके बाद से अच्छा प्रदर्शन किया है। यह सकारात्मक दबाव है और याद दिलाता है कि हम पदक जीतने में सक्षम हैं। भारतीय टीम ने 41 साल का इंतजार खत्म करते हुए तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। जर्मनी के खिलाफ कांस्य के मुकाबले में 3-1 से पिछड़ने के बाद भारत ने अविश्वसनीय वापसी करके 5-4 से मैच जीता और जीत के नायक श्रीजेश थे। हमारी टीम का मंत्र है कि दबाव को बाहर ही रखो, उसे भीतर लेकर मत आओ।

गोलकीपिंग प्रतिभाओं को तलाशेगा हॉकी इंडिया

नई दिल्ली। गोलकीपरों और ड्रैग फ्लिकरों को तलाशने के लिए हॉकी इंडिया ने नई पहल का ऐलान किया है, जिसका लक्ष्य विशेषज्ञ कोचिंग के जरिए खेल के भविष्य में निवेश करना है। गोलकीपिंग और ड्रैग फ्लिकिंग कोचिंग के पहलुओं पर चर्चा के लिए बुलाई बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में भारत के पूर्व गोलकीपर एड्रियन डिसूजा, भरत छेत्री, योगिता बाली, हेलेन मेरी, दीपिका मूर्ति, आकाश चिकते, पीटी राव और पूर्व ड्रैग फ्लिकर रूपिंदर पाल सिंह, जुगराज सिंह, वी आर रघुनाथ और गुरजिंदर सिंह ने भाग लिया। इसमें हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की, महासचिव भोलानाथ सिंह, कोषाध्यक्ष शेखर मनोहरन और हाई परफार्मेंस निदेशक हर्मन क्रूस भी मौजूद थे।

अमिताभ बच्चन ने की कल्कि 2898 ई.डी. के बारे में जानकारी साझा

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने फिल्म कल्कि 2898 ई.डी. के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी सोशल मीडया पर साझा की है। नाग अश्विन निर्देशित विज्ञान कथा महाकाव्य 'कल्कि 2898 एडी' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी ने अपनी घोषणा के बाद से ही दर्शकों को उत्सुक बनाए रखा है। कल्कि 2898 ई.डी. के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए अमिताभ बच्चन ने बताया कि कल्कि 2898 ई.डी. पूरी होने वाली है। वह इस प्रोजेक्ट पर देर रात तक काम कर रहे हैं, क्योंकि सब कुछ खत्म होने वाला है। अमिताभ बच्चन ने सोशल मीडिया पर लिखा, फिर से देर हो गई.. लेकिन कल रात काम से देर हो गई.. क्योंकि कल्कि की समाप्ति करीब है.. और जैसा कि बताया गया है कि यह 9 मई को रिलीज़ होगी.. इसलिए सभी को फिट रखने और सभी को एक ऐसा अनुभव देने के लिए अंतिम प्रयास जो निर्माताओं के विज़न का वादा करता है.. मुझे अब दूसरे कार्यस्थल पर जाना होगा.. जिम.. शरीर को गतिशील बनाने के लिए.. इसे दैनिक दिनचर्या और भविष्य में आने वाली दिनचर्या के अनुसार काम करने के लिए तैयार करना.. भविष्य हमेशा अज्ञात है.. लेकिन इसे कल्पना करने में कोई बुराई नहीं है.. और यह विश्वास करने में कि अगर सोचा जाए तो इसे खोजा जा सकता है.. आह! मस्तिष्क के सर्वश्रेष्ठ आकार में एक नया वाक्यांश अर्जित करना।

पटना शुक्ला से महिलाएं होंगी प्रेरित : रवीना

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन का कहना है कि उनकी फिल्म पटना शुक्ला में उनके किरदार तन्वी शुक्ला से कई महिलाएं प्रेरित होंगी और जुड़ाव महसूस करेंगी। विवेक बुडाकोटी के निर्देशन में फिल्म पटना शुक्ला में रवीना टंडन वकील तन्वी शुक्ला के किरदार में नजर आएंगी। इस फिल्म को सलमान खान के छोटे भाई अरबाज खान के प्रोडक्शंस हाउस ने बनाया है। रवीना टंडन ने कहा, तन्वी शुक्ला एक ऐसा किरदार है, जिससे हर कोई जुड़ाव महसूस करेगा। मैं तन्वी जैसे कई लोगों से मिली हूं, इसलिए मुझे यह रोल परिचित लगा, जिससे मैं तुरंत उसकी कहानी से जुड़ गई। तन्वी की जड़ें शहर में हैं, इसलिए मैंने पटना लहजा और लोगों की मानसिकता को समझने में समय बिताया। मुझे उम्मीद है कि तन्वी की कहानी देखने के बाद कई महिलाएं इससे प्रेरित होंगी। फिल्म पटना शुक्ला में रवीना टंडन के अलावा अनुष्का कौशिक, मानव विज, चंदन रॉय सान्याल, जतिन गोस्वामी और दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक भी हैं। फिल्म पटना शुक्ला 29 मार्च को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली है।

मर्डर मुबारक में ग्लैमरस अवतार में नजर आएंगी सारा

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री फिल्म 'मर्डर मुबारक' में ग्लैमरस अवतार में नजर आएंगी। फिल्म में सारा अली खान, डिंपल कपाड़िया, करिश्मा कपूर, संजय कपूर, टिस्का चोपड़ा, सुहेल नायर और पंकज त्रिपाठी जैसे सितारे काम करते नजर आएंगे। फिल्म 'मर्डर मुबारक' में सारा अली खान शहरी, ग्लैमरस गर्ल के किरदार में नजर आने वाली हैं। मर्डर मुबारक में सारा अली खान का किरदार उनके किए सभी किरदारों से बेहद अलग है, जिसमें उन्होंने एक ग्लैमरस परसोना वाली लड़की की भूमिका निभाई है। सारा ने कहा, मुझे एक शहरी और ग्लैमरस गर्ल का किरदार निभाए लंबा समय हो गया है।

श्रीमद् रामायण में शूर्पणखा का किरदार निभाना चुनौतीपूर्ण : संगीता

मुंबई, एजेंसी। अभिनेत्री संगीता ओडवानी कहना है कि सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो 'श्रीमद् रामायण' में शूर्पणखा का किरदार निभाना उनके लिए बेहद चुनौतीपूर्ण रहा। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन की दिव्य गाथा, श्रीमद रामायण भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण के वनवास के दौरान की यात्रा का अनुसरण करती है। शो के महत्वपूर्ण अध्याय की ओर बढ़ते हुए, दर्शक अब लंकापति रावण की बहन, शूर्पणखा को देखेंगे, जो भगवान श्रीराम और रावण के बीच महायुद्ध की जड़ बनेगी। इस किरदार को संगीता ने निभाया है। संगीता ने कहा, शूर्पणखा का किरदार निभाने के लिए गहरे नजरिए की जरूरत होती है जो उसकी सोच में गहराई से उतरता है। यह उसकी दुर्जेय उपस्थिति को गले लगाने के साथ-साथ उसके भयंकर बाहरी स्वरूप के नीचे छिपे दर्द और लालसा को भी उजागर करने के बारे में है। एक कलाकार के रूप में, यह खोज का सफर है, जो इस मुश्किल किरदार की परतों को हटाकर उसके भीतर की इन्सानियत को प्रकट करती है, जिससे दर्शकों को उसे सिर्फ एक खलनायक के रूप में नहीं, बल्कि अपने स्वयं के संघर्षों के साथ बहुमुखी व्यक्ति के रूप में देखने का मौका मिलता है। श्रीमद् रामायण, हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

एक नजर

ट्रेन से कटे वृद्ध की पुलिस ने शिनाख्त कराई

रूरा। गुरुवार की रात रूरा रेलवे स्टेशन के पास मृत मिले अज्ञात वृद्ध की पहचान उसके पुत्र ने की है। रूरा रेलवे स्टेशन के पास खंभा नंबर 1068/8-10 के बीच गुरुवार की रात एक वृद्ध की शताब्दी एक्सप्रेस की चपेट में आकर मौत हो गई थी। उस समय मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। शुक्रवार को मंगलपुर थाना क्षेत्र के सतौरा गांव निवासी आशुतोष मिश्रा ने पहचान अपने पिता रविंद्र मिश्रा के रूप में की। पत्नी नीलम, पुत्री गोल्डी समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

निरंकारी मिशन प्रेम एकता, नम्रता का मिशन

पुखरायां। शुक्रवार को अमरौधा ब्लाक के चांदापुर गांव में निरंकारी आध्यात्मिक सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान संतोष कुमार ने कहा कि निरंकारी मिशन प्रेम, एकता व नम्रता का मिशन है। यह हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई व सभी जात व धर्म को लेकर चलता है। यहां धर्म की बात नहीं की जाती। बल्कि मानवता की बात की जाती है। निरंकारी माता सुदीक्षा जी जो मिशन की सद्गुरु भी हैं। सभी भक्तों को यही संदेश देती है कि परमात्मा देखा जा सकता है। निरंकारी मिशन इस परमात्मा एक की जानकारी देकर भक्ति की शिक्षा दे रहा है। संजय, विनोद कुमार, प्रतीक, मुन्नी, अरुण, कमला आदि भक्त उपस्थित रहे।

पुखरायां, रूरा को ट्रेनों के ठहराव का तोहफा

पुखरायां में केंद्रीय राज्यमंत्री व रूरा में अकबरपुर सांसद ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

संवाददाता रूरा/पुखरायां

अमृत विचार। दिल्ली-हावड़ा रूट के रूरा रेलवे स्टेशन तथा कानपुर-झांसी लाइन के पुखरायां स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रूरा में अकबरपुर सांसद व पुखरायां में केंद्रीय राज्यमंत्री ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

शुक्रवार को अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने रूरा रेलवे स्टेशन पर दोपहर 01.33 बजे पहुंची डाउन की टाटानगर-जम्मूतवी एक्सप्रेस के चालक अखिलेश सिंह एवं महिला चालक संजीव वर्मा को माला व अंग वस्त्र पहना कर स्वागत किया। इसके बाद सांसद ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर आगे की ओर रवाना किया। स्टेशन पर रेलवे अधिकारियों ने कार्यक्रम पंडाल में सांसद का स्वागत भी किया। सांसद ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, वरिष्ठ नेता सतीश शुक्ला, रूरा नगर पंचायत चेयरमैन रामजी गुप्ता, डिप्टी सीटीएम आशुतोष सिंह, स्टेशन अधीक्षक अशोक कुमार, स्टेशन मास्टर ज्ञानेंद्र पांडेय, रेलवे सुरक्षा बल के खजान सिंह, अशोक यादव आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने धनीरामपुर, जगनपुर, गुटैया, सर्वा, अंबरपुर आदि गांवों का भ्रमण कर चुनाव तैयारी के लिए जनसभाएं भी की।

पुखरायां स्टेशन पर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते केंद्रीय राज्यमंत्री भानुप्रताप वर्मा और मौजूद जनप्रतिनिधि व अधिकारी। अमृत विचार

रूरा स्टेशन से टाटानगर-जम्मूतवी एक्सप्रेस को झंडी दिखाकर रवाना करते सांसद देवेंद्र सिंह भोले, जनप्रतिनिधि व अधिकारी। अमृत विचार

- **रूरा में टाटा- जम्मूतवी एक्स. पुखरायां में गोरखपुर-बांद्रा व लोकमान्य तिलक रुकेगी**

इसी तरह पुखरायां रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री भानु प्रताप वर्मा ने शुक्रवार से पुखरायां रेलवे स्टेशन पर गाड़ी 15067 गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनल व 15068 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनल के स्टॉपेज के बाद हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार पूरे देश में 526 रेलवे स्टेशनों का विकास कर रही है। जिसके तहत पुखरायां रेलवे स्टेशन का भी करोड़ों रुपये की लागत से विकास किया जा रहा है। जिसमे प्लेटफार्म की लंबाई व टीनशेड बनाया गया है। वहीं रिजर्वेशन काउंटर, वेटिंग रूम व अत्याधुनिक सुविधाओं वाला स्टेशन बनाया जा रहा है। मुख्य द्वार पर भारी रेलवे गेट व राष्ट्रीय झंडा भी लगाया जा रहा है। रेल यात्रियों की सुविधाओं के लिए स्टेशन के पास ही पार्क बनाया जा रहा है।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि कानपुर-झांसी के बीच पुखरायां रेलवे स्टेशन सबसे अधिक आय देने वाला है। यहां जल्द ही लिफ्ट व इंडिकेटर लगाए जाएंगे। वहीं इंडिकेटर लगाने से कोच नंबर व गाड़ी की स्थिति का पता चलेगा। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि श्याम सिंह सिसोदिया व कैबिनेट मंत्री राकेश सचान के प्रतिनिधि प्रहलाद सचान ने भी संबोधित किया। उन्होंने बताया कि पुखरायां में जल्दी लंबी दूरी की और भी ट्रेनों का ठहराव किया जाएगा। कस्बे के जनसेवक गोविंद मिश्रा, संदीप बंसल, श्रीप्रकाश द्विवेदी ने केंद्रीय राज्यमंत्री व एडीआरएम झांसी को अप व डाउन की प्रतापगढ़-मुंबई एक्सप्रेस व उद्योग कर्मी एक्सप्रेस का पुखरायां रेलवे स्टेशन में ठहराव करने का मांग पत्र सौंपा। इस मौके रेलवे सलाहकार बोर्ड के पूर्व सदस्य शेख मोहम्मद, एडीआरएम आरडी मौर्य, वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक अमित आनंद, भाजपा नेता विजय सोनी, मुकुल पांडेय, पुखरायां चेयरमैन प्रतिनिधि करुणा शंकर दिवाकर, शिवकुमार, मदन पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

दुर्गदासपुर गांव के दो घरों से लाखों की नकदी-जेवरात चोरी

पुखरायां। दुर्गदासपुर गांव में चोरों ने दो घरों में घुसकर लाखों रुपये के जेवरात व नकदी पार दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की तो कुछ समान बाग में बिखरा हुआ मिला। दुर्गदासपुर गांव निवासी बनवारी लाल ने बताया कि गांव के बाहर श्रीमद भागवत में शामिल होने के बाद वह गुरुवार देर शाम को कथा स्थल पर ही रासलीला देखने के लिए गए थे। तभी घर सूना पाकर चोर अंदर दाखिल हो गए और लाखों रुपये के जेवरात व 15 हजार रुपये पार कर दिए। वहीं बगल में प्रेम सिंह यादव के घर में घुसकर चोरों ने गाय बिक्री के मिले 50 हजार रुपये व जेवरात चोरी कर लिए। शुक्रवार सुबह पास के एक बाग में दो सूटकेस और एक बक्सा सहित सामान बिखरा मिला। दोनों मामलों की सूचना पुलिस को दी गई। कोतवाल अंजन कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। अभी शिकायत नहीं आई है। शिकायती पत्र मिलने के बाद मामला दर्ज किया जाएगा।

मंदिर के सुंदरीकरण को लेकर भूमि पूजन करतीं विधायक पूनम संखवार।

मां पंथेश्वरी मंदिर के सुंदरीकरण को लेकर भूमि पूजन

रसूलाबाद। भैसायां स्थित मां पंथेश्वरी मंदिर के सुंदरीकरण को लेकर भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा विधायक लोगों को पार्टी की चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। शुक्रवार को कार्यक्रम के दौरान रसूलाबाद विधायक पूनम संखवार ने कहा कि भाजपा सरकार में चलाई जा रही सरकारी सुविधाओं को लेकर गांव-गांव कैंप लगाए जा रहे हैं। जिसमें लोगों को जागरूक कर उनको सुविधाओं के बारे में बताया जा रहा है। किसान सम्मान निधि से लेकर विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन हो या कोई अन्य योजनाएं। उन्होंने कहा कि आधार अपडेट कर सीधे खाते में लाभ पाने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हो पाया है। हर गरीब व जरूरतमंद व्यक्ति के पास सुविधा पहुंचे, इसको लेकर गांव-गांव मुहिम चलाई जा रही है। कार्यक्रम में कृपाल सिंह भदौरिया ने गरीब व असहाय लोगों को कंबल वितरित किए। इस मौके पर राजीव, रामपाल सिंह भदौरिया, रामकिशोर सिंह, पूर्व प्रधान मानवेंद्र सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य राजकुमारी, मंडल अध्यक्ष ओम शंकर सिंह, प्रधान संजीव पाल, अधिवक्ता अनुज भदौरिया आदि उपस्थित रहे।

अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम आलोक सिंह।

परियोजना की रैंक लगातार नीचे रहने पर होगी कार्रवाई:डीएम

कानपुर देहात। डीएम की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विकास कार्यों की माह फरवरी तक की प्रगति की समीक्षा बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में की गई। उन्होंने संबंधित सभी विभागों को निर्देशित किया कि त्रुटि रहित आंकड़े समय से पोर्टल पर फीड कराएं और लक्ष्य की शत प्रतिशत प्राप्ति करें। शुक्रवार को बैठक में डीएम आलोक सिंह ने सबसे पहले सी, डी एवं ई श्रेणी में आए हुए विभागों की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा यदि आंकड़ों से संबंधित कोई समस्या हो तो अपने निदेशालय से संपर्क कर तत्काल ठीक कराएं। किसी भी विभाग की परियोजना की रैंक लगातार नीचे रहती है, तो संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी। सभी विभाग प्रत्येक 15 दिवस अपने-अपने फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा करें तथा प्रगति से संबंधित आंकड़ों की हार्ड कॉपी जिला विकास अधिकारी कार्यालय व अर्थ एवं संख्या अधिकारी कार्यालय में समय से उपलब्ध कराए। सीडीओ द्वारा आंकड़ों की पुष्टि किए जाने पर ही डाटा पोर्टल पर फीड करें। इस दौरान डीएसटीओ ने आगामी माह में विभिन्न विभागों की फ्लैगशिप योजनाओं से जोड़ने वाले नए कार्यक्रमों के बारे में भी अवगत कराया गया। सीडीओ लक्ष्मी एन, सीएमओ डॉक्टर एके सिंह, डीएफओ अनिल कुमार द्विवेदी, डीएसटीओ शीश कुमार समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

जुमा की नमाज में अमन-चैन की मांगी दुआ

संवाददाता राजपुर/सिकंदरा

अमृत विचार। मुकद्दस रमजान माह के पहले जुमा शुक्रवार को राजपुर व सिकंदरा क्षेत्र की सभी मस्जिदों में शांतिपूर्वक तरीके से नमाज अदा की गई। इस दौरान नमाजियों की भारी भीड़ जुटी। मस्जिदों के अंदर ही नमाज पढ़ने की व्यवस्था की गई। नमाज के बाद आपसी भाईचारा, मुल्क की तरक्की और देश में अमन-चैन के लिए उठे हजारों हाथों ने दुआएं मांगी। इस दौरान मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा।

राजपुर कस्बे की पुरानी जामा मस्जिद में मौलाना नियामत उल्लाह, नई जामा मस्जिद में मौलाना अनीसुर्रहमान व नूरी जामा मस्जिद में हाफिज सैय्यद इमाम अली बरकाती ने जुमा की नमाज़ अता कराई। नमाज से पहले रमजान में जकात, फितरा, इमदाद करने के लिए कहा गया। हाफिज ने कहा कि जकात अदा करें, इसमें कोताही न करें। परवरदिगार जकात देने वालों के माल को महफूज रखता है। एक हाथ से दें और दूसरे हाथ को पता न चले। अपने माल को अल्लाह के रास्ते में खर्च करें। हर इंसान को बराबरी का दर्जा दें, क्योंकि ये सभी अल्लाह की मखलूक हैं। उन्होंने बताया कि यदि आपका रिश्तेदार गरीब हो और वह शर्म की वजह से अपनी तकलीफ न बताता तो हो तो अन्य तरह से सकी मदद करें। इधर राजपुर, सटटी, अफसरिया, रमऊ, जल्लापुर समेत क्षेत्र की मस्जिदों में शांति पूर्ण ढंग से जुमा की नमाज़ अदा की गई। इसी तरह सिकंदरा तहसील क्षेत्र के रसधान, सिकंदरा, पीतमपुर, पिंडार्थू, संदलपुर, खोजाफूल आदि कस्बों की मस्जिदों में नमाजियों खासी भीड़ रही।

सिकंदरा की मस्जिद में जुमा की नमाज अता करते रोजेदार। अमृत विचार

- **शांतिपूर्ण तरीके से अदा हुई नमाज, तैनात रहा फोर्स**

सिकंदरा की खजूर वाली मस्जिद में करीब पांच सौ मुस्लिम भाईयों ने जुमा की नमाज अदा कर अल्लाह से अमन-चैन की दुआ मांगी। खजूर वाली मस्जिद के इमाम हाफिज मुजीब रजा ने बताया कि रमज़ान के जुमा की नमाज काफी अहमियतदार मुस्लिम भाईयों के लिए होती है। रोजेदारों को इस दिन का बेसब्री से इंतजार रहता है।

माना जाता है कि रमज़ान में जुमा की नमाज में अल्लाह से जो भी दुआ की जाती है। वह जरूरी पूरी होती है। नमाज के दौरान सहीम अंसारी, मोहम्मद मारूफ, सहजाद आलम, मोशिन अंसारी, गुलामनबी, शमशाद अंसारी उर्फ मेमे समेत मुस्लिम भाई मौजूद रहे। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सिकंदरा थानाध्यक्ष महेश कुमार फोर्स के साथ मुस्तैद दिखे।

दुष्कर्म के दोषी को दस वर्ष का कठोर कारावास

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। भोगनीपुर क्षेत्र के एक गांव में करीब चार साल पहले रात के समय घर पर सो रही युवती के साथ दुष्कर्म मामले में अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए दस साल कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 17 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता अमित सिंह चौहान व अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि भोगनीपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के भाई ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि जनवरी 2019 की रात दो बजे वह अपने घर के बाहर सो रहा था। तभी घर के अंदर से उसकी बहन के चिल्लाने की आवाज आई तो वह भागकर घर अंदर गया। देखा कि गांव का रहने वाला रविशंकर उर्फ बर्रा उसकी बहन के साथ छेड़खानी कर रहा था। उसने ललकारा तो वह जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ घर में घुसकर छेड़छाड़ और धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बाद में मामले की विवेचना करते हुए पुलिस ने पीड़िता के बयान और चिकित्सीय रिपोर्ट के आधार पर आरोपी पर दुष्कर्म की धारा की बढ़ोत्तरी करते हुए आरोप पत्र अदालत में पेश किए थे। मामले की सुनवाई अपर जिला जज/एफटीसी प्रथम सुरेंद्र सिंह की अदालत में चल रही थी। शुक्रवार को अदालत ने फैसला सुनाया।

- **एफटीसी कोर्ट ने दोषी पर 17 हजार रुपये का लगाया अर्थदंड**

पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे युवक की सरिया घुसने से मौत, हाईवे किया जाम

संवाददाता पुखरायां

अमृत विचार। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के सोम नगर स्थित प्लाट की सरिया युवक के गुप्तांग में लग गई। जिससे वह घायल हो गया। कानपुर हैलट ले जाते समय रास्ते में युवक की मौत हो गई। परिजनों ने रास्ते की मांग को लेकर शव को कानपुर-झांसी हाईवे में रखकर करीब पौन घंटे तक हंगामा करते हुए जाम लगाया। एसडीएम व पुलिस ने रास्ता दिलाने का आश्वासन देकर परिजनों को शांत कराया।

- **घर से निकलने का रास्ता न होने पर प्लॉट से निकलते समय हुआ हादसा**
- **एसडीएम ने रास्ता दिलाने का दिया आश्वासन, पौन घंटे तक हाईवे रहा जाम**

किशन कुमार।

पुखरायां कस्बा के सोमनगर निवासी सिद्धार्थ कुमार उर्फ बेटू ने बताया कि उनका भाई का लड़का किशन कुमार (23) पुलिस की भर्ती के लिए तैयारी कर रहा था। उसके सोमनगर स्थित घर से निकलने के लिए कहीं से रास्ता नहीं है। ऐसे में दूसरे के प्लाट से वहां के रहने वाले लोगों का आना जाना होता है। कस्बा की लाइब्रेरी में पढ़ने के लिए जाते समय गुरुवार शाम को प्लाट के बाउंड्री से निकलते समय अचानक सरिया गुप्तांग में घुस गई। जिससे किशन घायल हो गया। जानकारी होने परिजन पर घायल अवस्था में उसे जिला अस्पताल से कानपुर हैलट ले जा रहे थे। तभी उसकी रास्ते में मौत हो गई। जानकारी पर मृतक की मां राधा देवी, भाई सिद्धार्थ कुमार, रवि, कन्हैया आदि का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों के रास्ते की मांग को लेकर झांसी-कानपुर हाईवे में शव रखकर जाम लगा दिया। जानकारी पर एसडीएम सर्वेश कुमार व कोतवाल अंजन कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनों को समझा बुझाकर रास्ता दिलाने का आश्वासन दिया। वहीं करीब पौन घंटे तक जाम लगे रहने से वाहनों की कतार लग गई।

एफपीओ की नियमित बैठक में रहेंगे अफसर

कानपुर देहात। डीएम आलोक सिंह ने कृषि उत्पादक संगठन (एफपीओ) की समीक्षा बैठक की। उप कृषि निदेशक राम बचन राम ने बताया कि जनपद में कुल 50 कृषक उत्पादक संगठन संचालित हैं। जिनमें से छह एफपीओ क्रियाशील नहीं है। पांच एफपीओ को कृषि विभाग बीज विद्यायन संयत्र व 36 को फार्म मशीनरी बैंक योजना का लाभ दिया गया है। डीएम ने निर्देश दिया कि कृषि समावेशी विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में एफपीओ की नियमित बैठक की जाए। उप कृषि निदेशक को निर्देश दिए कि कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों के जरिए जनपद की मृदा उर्वरता/प्रकार व ग्रिड के आधार पर भौगोलिक नक्शा तैयार करें।

रॉकन आईटीआई में रोजगार मेला

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार। सक्षम भर्ती फाउंडेशन द्वारा इटावा-चकेरी कानपुर नेशनल हाइवे व ओएसई इंफ्राटेक की ओर से अकबरपुर के बारा गांव के पास रॉकन आईटीआई में स्वामी विवेकानंद आजीविका महोत्सव एवं रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमे 750 युवाओं ने प्रतिभाग किया।

मेले में 25 बड़ी कंपनियों ने भाग लिया। इस मौके पर बारा टोल के डीजीएम मनोज शर्मा ने कहा कि सक्षम भर्ती फाउंडेशन गरीब बच्चों को अपने यहां रखकर सिलाई, कढ़ाई व कंप्यूटर शिक्षा के साथ ही पढ़ाई कराकर कई प्रकार की ट्रेनिग देकर रोजगार का मौका देती है। उन्हें स्वयं का व्यवसाय कराकर अच्छी आमदनी करा रही है। सक्षम भर्ती फाउंडेशन के शिष्य आमोद कुमार ने भी बताया कि वह दिव्यांग है, पंचर की दुकान रखकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। लेकिन सक्षम भर्ती फाउंडेशन ने पढ़ाकर ट्रेनिंग दी। जिसके बाद उन्हें रोजगार मिला है। संस्था की शिक्षक सना ने बताया कि आज के समय मे जो लोग नौकरी से वंचित है, ऐसे लोगो को सक्षम भर्ती फाउंडेशन शिक्षा ग्रहण कराती है और ट्रेनिंग देकर उनको रोजगार देती है।

मुख्य अतिथि उमेश चंद्र मिश्रा, डायरेक्टर विनोद कालरा, आईटी इंचार्ज नरेंद्र विश्वकर्मा, एजीएम राजू नायर जी, सीईओ संजय अरोरा मौजूद रहे।

रॉकन आईटीआई में रोजगार मेले का उद्घाटन करते डीजीएम मनोज शर्मा।

- **रोजगार मेले में 25 कंपनियों व 750 युवाओं ने किया प्रतिभाग दी गई अहम जानकारी**

प्रसव के दौरान हालत बिगड़ने से महिला की मौत

कानपुर देहात। अकबरपुर के निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान एक महिला की हालत बिगड़ने से मौत हो गई। जनपद जालौन निवासी सिम्मी अकबरपुर कस्बा में किराये पर रहती थी। प्रसव पीड़ा होने पर शुक्रवार को उसे अकबरपुर अंडरपास स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्रसव के दौरान मौत हो गई।

खुशी के पल जनप्रतिनिधियों और अफसरों ने विवाह समारोह में मौजूद रह कर नवदंपति को दिए उपहार व प्रमाण पत्र

सामूहिक विवाह में आठ जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

संवाददाता राजपुर

अमृत विचार। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत ब्लाक परिसर में आठ जोड़ों ने एक-दूसरे का हाथ थामा। जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने नवविवाहित वर-वधू को वैवाहिक जीवन में कदम रखने के लिए आशीर्वाद दिया। साथ ही जोड़ों को प्रमाण पत्र दिए गए।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत होने वाले विवाह कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ब्लॉक व नगर पंचायत कार्यालय में पिछले कई दिनों से तैयारियां चल रही थी। शुक्रवार को राजपुर ब्लॉक परिसर में क्षेत्र के सात व नगर पंचायत के एक जोड़े का पं. रमाकांत दीक्षित व सहयोगी अजय कुमार उर्फ गोपाल ने विवाह संपन्न कराया। ईओ नीति त्रिपाठी ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत ब्लाक व नगर पंचायत क्षेत्र से नौ जोड़ों के नाम पंजीकृत किए गए थे, जिसमे एक जोड़ा नहीं आ पाया। बीडीओ हरिगोविंद गुप्ता ने बताया कि योजना के तहत वर-वधू पक्ष को एक जोड़ी चांदी के पायल, बिछिया, कपड़े, बर्तन आदि सामान उपहार स्वरूप भेंट किया गया है। साथ ही प्रत्येक वधू के खाते में शासन से 35 हजार रुपये भी डाले जाएंगे। ब्लॉक प्रमुख राकेश कटियार, गौरक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चंद्र मिश्रा, बीडीओ, ईओ, एडीओ आईएसबी राजपुर अजय कुमार गुप्ता व नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक राजेश बाथम ने नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया। राजकीय बीज भंडार प्रभारी विनय कुमार, एडीओ एजी अमरौधा बलवीर प्रजापति, एडीओ एजी राजपुर सत्य प्रकाश शर्मा, नगर पंचायत के अविनाश यादव, ब्लॉक राजपुर की कनिष्ठ सहायक निर्मला देवी, पंचायत सचिव कमल किशोर, छत्रपाल सिंह कुशवाहा, विकास सिंह, संदीप निषाद, चंद्रजीत सिंह पटेल, स्वाती कटियार, दीक्षा अवस्थी, आशीष कुमार, सुब्बालाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सामूहिक विवाह में मौजूद वर-वधु व उनके परिजन। अमृत विचार

नव विवाहित जोड़े को उपहार देते जनप्रतिनिधि व अधिकारी। अमृत विचार

दौड़ में शिवानी तो भाला फेंक में आस्था अव्वल

संवाददाता पुखरायां

अमृत विचार। पुखरायां स्थित रामस्वरूप ग्राम उद्योग परास्नातक महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के दूसरे दिन छात्रा वर्ग 200 मीटर दौड़ में शिवानी प्रथम, दीपांशी द्वितीय, दिव्यांशी तृतीय स्थान पर रही। भाला फेंक में आस्था प्रथम, किरण द्वितीय व शबाना ने तीसरा स्थान पाया।

400 मीटर दौड़ में शिवानी पहले, आस्था दूसरे व दिव्यांशी द्विवेदी तीसरे स्थान पर रही। खो-खो में आस्था को कैप्टन, सवाना, शिवानी, स्नेह लता, तान्या, खुशनुमा, किरण, अनामिका, शिवा आदि टीम सदस्य रहे। बालक वर्ग हैमर थ्रो में अमन गुप्ता प्रथम, विपिन कुमार द्वितीय, देवांश सचान तृतीय स्थान पर रहे। चक्का फेंक में अनुज कुमार प्रथम, विपिन कुमार द्वितीय, शनि सचान तृतीय स्थान पर रहे। वॉलीबॉल में देवांश सचान टीम कैप्टन, अनुज कुमार उप कप्तान व रोहन यादव, शिवमोहन, अभिषेक, आकाश साहू टीम सदस्य घोषित किए गए। 1500 मीटर दौड़ में अभिषेक ने बाजी मारी। अमन गौतम द्वितीय व उत्कर्ष कुमार तीसरे स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड़ में उत्कर्ष कुमार प्रथम, अमन गौतम द्वितीय, अभिषेक तृतीय स्थान पर रहे। क्रीड़ा प्रभारी डॉ हेमेंद्र सिंह प्रो. मुकेश चंद्र द्विवेदी, प्रो. सविता गुप्ता, डॉ हरीश कुमार सिंह, डॉ केके सिंह, डॉ रमणीक श्रीवास्तव, जितेंद्र कुमार आदि रहे।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

एक नजर

ठगों ने फर्जी मैसेज भेजकर ठगे 90 हजार

कानपुर। चकेरी थानाक्षेत्र के संदीप नगर सनिगवां निवासिनी फराह खुर्शीद ने पुलिस को बताया कि 26 दिसंबर को एक व्यक्ति का फोन आया। जिसने खुद को एलआईसी ऑफिस से बताया। आरोपी ने बताया कि उनके पिता की एलआईसी में वह नॉमिनी हैं। उन्हें 25 हजार रुपये भेजे जाएंगे। इस बीच आरोपी ने दो बार में 70 हजार रुपये क्रेडिट का फर्जी मैसेज भेजा और गलती से रुपये भेजने की बात कहकर रुपये वापस मांगे। झांसे में आकर फराह ने आरोपी को 90 हजार रुपये भेज दिए। पीड़ित ने चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी ने बताया आईटी एक्ट की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

छत पर रखे बक्से का ताला तोड़कर चोरी

कानपुर। अनवरगंज थानाक्षेत्र के बांसमंडी के रहने वाले शारिक माबूद ने पुलिस को बताया कि छत पर रखे बड़े बक्सों का ताला तोड़कर चोरों ने बर्तन व कंबल चोरी कर लिए हैं। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने पिछले वर्ष 16 दिसंबर को वारदात का अंजाम दिया। बक्से में पीतल व तांबे के बर्तन और कंबल रखे थे। अनवरगंज थाना प्रभारी नीरज ओझा ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

एलिवेटेड ट्रैक धरातल पर उतरे, न्यू ट्रांसपोर्ट नगर में सुविधाएं बढ़ें

जनता का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए कोपरगंज के कारोबारियों ने एलिवेटेड ट्रैक को बड़ा मुद्दा माना है। इसके अलावा उन्होंने न्यू ट्रांसपोर्ट नगर में सुविधाएं बढ़ाए जाने की भी मांग की है। कहा कि शहर के लिए बड़े प्रोजेक्टों की बात तो बहुत होती है लेकिन प्रोजेक्ट धरातल पर नहीं उतर पाते। बातों के बजाय धरातल पर काम होना चाहिए। कारोबारी कोपरगंज बाजार में गंदगी और नाले के चोक होने की समस्या को भी बड़ा मुद्दा मान रहे हैं।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष गुरजिंदर सिंह, सुरेश कुमार दुसेजा, संदीप सिंह, नसीमुद्दीन वारसी, आशीष गोयल, महेश गुप्ता ने कहाकि कारोबारियों के मुद्दे सुनने वाला प्रतिनिधि होना चाहिए। कई बड़े प्रोजेक्ट बनते हैं पर जमीन पर नहीं आ पाते हैं। इस वजह से शहर पिछड़ गया है। मेट्रो प्रोजेक्ट को यदि छोड़ दिया जाए तो कोई अन्य बड़ा प्रोजेक्ट जमीन पर नहीं उतर पाया है। शहर की सबसे बड़ी समस्या जाम है। इसके लिए एलिवेटेड रेल ट्रैक का प्रोजेक्ट बना था। उस पर अब क्या हो रहा है किसी को नहीं पता। न्यू ट्रांसपोर्ट नगर को भी तेजी के साथ बसाया गया लेकिन अब तक वहां पर पूरी तरह से शिफ्टिंग नहीं हो सकी है। इसकी वजह वहां पर पर्याप्त सुविधा का न होना है। कारोबारियों ने न्यू ट्रांसपोर्ट नगर में बेहतर सुविधा दिए जाने की मांग की है।

अमृत विचार के जनता का मुद्दा कार्यक्रम में चर्चा करते व्यापारी। अमृत विचार

राजधानी क्षेत्र में शहर हो शामिल

कारोबारियों ने यह भी मांग उठाई कि शहर को राज्य राजधानी क्षेत्र में शामिल किया जाए। कहा कि राज्य राजधानी क्षेत्र से शहर को बाहर कर शहर के विकास के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। राज्य में राजस्व देने में चौथे स्थान पर होने के बावजूद शहर अब विकास के नाम पर उन्नाव से भी पीछे हो सकता है।

शहर में न प्रवेश करें भारी वाहन

- कारोबारी उमाकांत शर्मा, भूपेंद्र सिंह, रमाकांत शर्मा, प्रवीण दीक्षित, दिलीप कुमार, नितिन सेठवानी, मनीष वसंदानी, हसीमुद्दीन ने कहा कि यदि शहर में रिंग रोड जल्द बन जाए तो बाहर से शहर में प्रवेश करने वाले भारी वाहन बाहर से होते हुए निकल जाए। लंबे समय से चल रहा यह प्रोजेक्ट कब पूरा होगा इसका कोई पता नहीं। शहर में न रुकने वाले बाहर से आने वाले भारी वाहन ही यदि शहर में प्रवेश न करें तो भी काफी हद तक जाम की समस्या का राहत मिलेगी।

सीएम के कहने पर भी नहीं हुआ पुनर्विकास

- कारोबारियों ने बताया कि पिछले साल कोपरगंज अग्निकांड में एआर टॉवर और मसूद कांप्लेक्टस में लगी आग का मुआवजा व पुनर्विकास अभी तक नहीं हो सका है। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष गुरजिंदर सिंह ने कहा कि अग्निकांड को देखने के लिए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक खुद शहर आए थे। उसके कुछ दिन बाद कारोबारियों का एक प्रतिनिधि मंडल भी सीएम योगी आदित्यनाथ से मिला था। मुलाकात के दौरान सीएम ने खुद यहां के जिलाधिकारी को फोन कर जल्द पुनर्विकास किए जाने का आदेश जिलाधिकारी को दिया था। इसके बावजूद आज तक इस समस्या का समाधान नहीं हो सका।

झूलते तारों से हर वक्त खतरा

- रेडीमेड कारोबारियों ने बताया कि बाजार में झूलते तार हर वक्त खतरा पैदा करते हैं। तारों से दिन में कई बार स्पार्किंग होती है। कई बार शिकायत के बावजूद अभी तक इसकी सुनवाई नहींह हुई है।

जलभराव से कारोबारी परेशान

- कारोबारियो ने बताया कि बाजार में सफाई नहीं होती है। रोड के दोनो ओर से नाले चोक हो चुके हैं। बरसात में सबसे अधिक मुसीबत का सामना करना पड़ता है। दुकानों में एक फीट तक पानी भरता है।

हटना चाहिए बस अड्डा

- कारोबारी आलोक श्रीवास्तव व सुरेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि शहर की घनी थोक बाजारों में आने वाले ग्राहक टाटमिल में सबसे ज्यादा जाम में फंसते हैं। इस चौराहे पर जाम की बड़ी वजह झकरकटी बस अड्डा भी है। ऐसे में यह जरूरी है कि इस बस अड्डे को यहां से स्थानांतरित करें।

चौराहे दुरुस्त होना चाहिए

- कारोबारियों ने कहा कि सबसे ज्यादा जाम चौराहों के पास ही लगता है। ऐसे में शहर में कई ऐसे चौराहे हैं जो बहुत बड़े हैं। इन चौराहों को छोटा कर सड़क चौड़ी करनी चाहिए। इससे चौराहों पर जाम से राहत मिलेगी।

सीपीसी गोदाम हो बाहर

- कारोबारियों ने कहा कि सीपीसी गोदाम की वजह से रोजाना इस इलाके में 294 ट्रक आते और जाते हैं। इस गोदाम को स्थानांतरित किए जाने के लिए वे लोग रेलवे अधिकारियों के कई बार मिल चुके हैं। इसके बावजूद इस समस्या का समधान नहीं हुआ।

14 लाख अभिभावकों को मतदाता जागरुकता अभियान से जोड़ेंगे

सभी बोर्ड के प्रधानाचार्य व प्रबंधक मुहिम में शामिल हों और लोगों को प्रेरित करें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा विभाग, यूपी बोर्ड, आईसीएसई और सीबीएसई बोर्ड में पंजीकृत लगभग छह लाख 97 हजार विद्यार्थियों के माध्यम से लगभग 14 लाख अभिभावकों को मतदाता जागरुकता कार्यक्रम से जोड़ने के लिए स्कूलों में अभियान चलाया जाए। स्कूल और कालेजों के प्रधानाचार्य पीटीएम (पैरेंटस टीचर मीटिंग) पर गंभीरता से जोर दें। यह बात शुक्रवार को आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में हुई बैठक में डीएम राकेश कुमार सिंह ने कही।

जिलाधिकारी ने सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड के प्रधानाचार्य व प्रबंधकों के साथ लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने, विद्यालयों में मतदाता जागरुकता कार्य्रकम आयोजित करने के लिए बैठक की। बैठक में डीएम ने कहा कि जिले में संचालित सभी बोर्ड के विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों के साथ अलग-अलग कक्षाओं में पीटीएम में मतदान करने की शपथ दिलाई जाए। विद्यार्थियों को जागरूक किया जाए कि वह अपने अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करें।

स्कूलों में मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों की फोटो व वीडियो निर्वाचन आयोग की वेबसाइट, सोशल मीडिया, फेसबुक, इंस्टाग्राम पर अवश्य अपलोड की जाएं। स्कूलों में मतदाता जागरुकता रैली, प्रभात फेरी निकाली जाए। स्कूलों के व्हाट्स एप ग्रुपों पर मतदान के बाद स्याही दिखाते हुए फोटो अवश्य पोस्ट करें। साथ ही स्कूलों के व्हाट्सएप ग्रुपों पर मतदाता जागरुकता संदेश प्रेषित करते रहें। समस्त विद्यालयों में होर्डिंग लगवाना सुनिश्चित करें।

चुनाव पाठशाला में अभिभावकों को वोट देने की अपील करें। गंगा घाटों पर स्वच्छता के लिए बिठूर से जाजमऊ तक विद्यार्थियों के माध्यम से सफाई अभियान कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इस मौके पर लोगों को मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाई जाए।

विद्यालयों में निबंध, चित्रकला, स्लोगन, वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाए। विद्यालयों में डेमोक्रेसी रूम बनाकर चुनाव संबंधी क्रियाकलाप आयोजित हों। संस्थाओं के माध्यम से भी मतदाता जागरुकता अभियान चलाए जाए। डीएम ने मौजूद प्रधानाचार्य व प्रबंधकों को मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाई। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक सूरज कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह, सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड के प्रधानाचार्य व माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में शपथ दिलाते डीएम राकेश सिंह। अमृत विचार

- **जिलाधिकारी ने सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में ली बैठक, दिए दिशा निर्देश**

अबकी मतदान तो प्रभु श्रीराम के चरणों में ही...

विशेष संवाददाता,कानपुर

अमृत विचार। भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में आने वाले सभी लोकसभा क्षेत्रों के मीडिया प्रभारी, सह प्रभारी की कार्यशाला में भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने विपक्षी दलों की धार कुंद करने का फार्मूला बताया। उन्होंने चुनाव के दौरान प्रमाणिकता के साथ विपक्षियों को करारा जवाब देने का तौर तरीका बताया। प्रेम शुक्ला ने कहा कि यूपी में चुनाव चाहे जितने चरणों में हो लेकिन मतदान प्रभु श्रीराम के चरणों में ही होगा। कहा, सरकार की उपलब्धियां जनता तक पहुंचाएं। उन्हें भाजपा के लिए मतदान को प्रोत्साहित किया जाए। सीएए, महंगाई, बेरोजगारी को लेकर विपक्षी दलों के हमलों का जवाब आंकड़ों के साथ प्रस्तुत किया लेकिन इलेक्टोरल बॉंड पर आक्रामक विपक्ष को जवाब कैसे देना है, इस पर चुप रहे।

क्षेत्रीय कार्यालय केशवनगर में सभी 17 जिला इकाई, लोकसभा चुनाव संचालन समिति के मीडिया प्रभारी, सह प्रभारी, मोर्चों के मीडिया प्रभारियों की उपस्थिति रही। उन्होंने कहा अबकी बार चार सौ बार। उन्होंने कहा कि मीडिया प्रभारी हर समय अपडेट रहें। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विरोधी पार्टियों की पोस्ट पर हर समय निगाह रखें। उसका तथ्यात्मक तरीके से आंकड़ें और साक्ष्यों के साथ जवाब दें। भाजपा के लिए मीडिया प्रभारी की भूमिका मेरुदंड वाली बतायी।

उन्होंने कहा कि विपक्षी दल कहते हैं कि भाजपा गठबंधन क्यों कर रही है तो सन 1952 जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने पहली बार गठबंधन कर राष्ट्रीय जनतांत्रिक मोर्चा बनवाया था। डॉ राममनोहर लोहिया ने राजनीतिक में गठबंधन की शुरुआत की। कांग्रेस ने 438 विधायक तोड़े तो कांग्रेस के 235 विधायक अन्य दलों में चले गए। तभी कांग्रेस सरकार ने दल-बदल विरोधी कानून बना डाला। तब तो ईडी का डर भी नहीं था। विपक्ष ईडी, सीबीआई से नहीं मोदी की जनकल्याण नीतियों से भयभीत है। मोदी सरकार ने जो वादा किया पूरा किया। यही तो मोदी की गारंटी है।

क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि जिला स्तर पर न्यूज बैंक बनाएं। मनीष दीक्षित ने कहा कि मीडिया प्रभारी, सोशल मीडिया प्रभारियों से सामंजस्य बनाकर काम करें। इससे पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, प्रदेश प्रवक्ता, मनीष दीक्षित, सह प्रभारी हिमांशु दुबे, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी मोहित पांडे, सह प्रभारी अनूप अवस्थी, दीप अवस्थी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला उद्घाटन किया। संचालन सह मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने किया।

राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला का स्वागत करते पदाधिकारी। अमृत विचार

- **भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता ने विपक्षी दलों की धार कुंद करने का फार्मूला बताया**
- **विपक्षी हमलों पर प्रेम शुक्ला बोले, लेकिन इलेक्टोरल बॉंड पर चुप रहे**

गांधी, नेहरू ने नहीं आने दिया पीड़ितों को

प्रेम शुक्ला ने कहा कि भारत विभाजन के दौर में दस लाख लोग पाकिस्तान चले गए थे। उन पर अत्याचार हुए पर महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें पाकिस्तान से भारत आने से रोका। विभाजन के समय वहां 22 फीसदी हिंदू थे और पाकिस्तान में अब साढ़े तीन फीसदी ही हिंदू बचा है। सीएए से उन्हें राहत मिलेगी।

कुकर्म के आरोप में 3 साल जेल काटने के बाद निर्दोष साबित

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- **मूसानगर थाने में कुकर्म और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया था**

अमृत विचार। मूसानगर क्षेत्र में करीब तीन साल पहले एक गांव निवासी महिला ने घाटमपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक पर अपने पुत्र के साथ कुकर्म और जान से मारने की कोशिश करने का मामला दर्ज कराया था। मामले की सुनवाई पॉक्सो कोर्ट में चल रही थी। शुक्रवार को अदालत ने अभियोजन कथानक को संदिग्ध मानते हुए तीन साल से जेल काट रहे आरोपी को दोषमुक्त करते हुए उसकी रिहाई के आदेश जारी किए हैं।

मूसानगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि फरवरी 2021 की शाम गांव निवासी तिलक का साला विष्णु उसके चार वर्षीय बच्चे को जंगल की ओर ले गया था। वहां उसके बच्चे को जान से मारने की कोशिश की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले की विवेचना कर उसके खिलाफ घायल करने व कुकर्म करने के प्रयास में आरोप पत्र अदालत में पेश किए थे। मामले की सुनवाई अपर जिला जज 13 पॉक्सो कोर्ट में चल रही थी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता चीफ डिफेंस काउंसिल संजय शुक्ला ने बताया कि सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से कोई चश्मदीद साक्षी पेश नहीं हुआ।

'पोषण पखवाड़ा को बनाएं सफल'

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। पोषण अभियान के अंतर्गत नौ मार्च से से 23 मार्च तक पोषण पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। जिसकी शुरुआत बाल विकास एवं पुष्टाहार राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने माती ईको पार्क में कार्यक्रम के दौरान किया।

शुक्रवार को कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री ने कहा कि पोषण अभियान का उद्देश्य बच्चों एवं महिलाओं में व्याप्त कुपोषण की दूर करने के लिए विभिन्न विभागों के कन्वर्जेंस से संचालित एक मिशन है। इसका लक्ष्य स्टंटिंग, अल्प वजन, कम वजन के शिशु एनिमिया की दर में कमी लाना है। साथ ही पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत एनीमिया व डायरिया प्रबंधन संबंधी गतिविधियों का भी आयोजन किया जाना है। उक्त पोषण पखवाड़ा में मुख्य रूप से तीन थीम का आयोजन किया जाना है। उन्होंने कहा कि कार्ययोजना के अनुसार गतिविधियों का आयोजन कर पोषण पखवाड़ा को सफल बनाया जाएगा। साथ ही प्रतिदिन की गतिविधियों की पोषण माह की बेवसाइट ऑनलाइन फीडिंग भी की जाएगी। कार्यक्रम में महिलाओं की गोद भराई रस्म भी की गई। सीडीओ लक्ष्मी एन, जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी रेनू यादव, सीडीपीओ समर बहादुर आदि रहे।

गोद भराई रस्म के बाद महिलाओं के साथ राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला व अधिकारी।

- **माती ईको पार्क में राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने पोषण पखवाड़ा का किया उद्घाटन**

बस की टक्कर से स्कूटी सवार दो छात्राएं घायल

रसूलाबाद। थाना अन्तर्गत रोडबेज बस ने अनियंत्रित होकर स्कूटी में टक्कर मारी दी। जिससे स्कूटी सवार दो छात्राएं घायल हो गई। जिन्हे उपचार हेतु सीएचसी में भर्ती कराया गया।

गडेवा निवासी मणि दुबे (24) अपनी चचेरी बहन रितु दुबे के साथ शुक्रवार को स्कूटी से स्नेहलता डिग्री कॉलेज आ रही थी । इस दौरान छुईया नाला के पास कानपुर की तरफ से आ रही रोडवेज बस ने स्कूटी में टक्कर मार दी । जिससे स्कूटी सवार मणि दुबे और रितु दुबे घायल हो गई । दोनो घायलों का रसूलाबाद सीएचसी में ईएमओ डॉ बृजेश ने उपचार किया।

सार-संक्षेप

पिकअप ने साइकिल सवार दंपति को मारी टक्कर, घायल

रसूलाबाद। कहिंजरी के समीप पिकअप ने अनियंत्रित होकर साइकिल सवार दंपती को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे गिरने से दंपती घायल हो गए। जिन्हे उपचार हेतु एम्बुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया। जहां से दोनो घायलों को कानपुर रेफर किया गया। आलमपुर खेड़ा निवासी रामप्रकाश (65) अपनी पत्नी राजकुमारी (60) के साथ साइकिल पर सवार होकर शुक्रवार को कहिंजरी आ रहे थे । इस दौरान कहिंजरी के समीप पीछे से आ रही पिकअप ने अनियंत्रित होकर साइकिल में टक्कर मारी दी। जिससे साइकिल सवार राम प्रकाश और उनकी पत्नी राजकुमारी घायल हो गई। जिन्हे एम्बुलेंस की सहायता से उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रसूलाबाद में भर्ती कराया गया। जहां ईएमओ डॉ ब्रजेश कुमार ने रामप्रकाश और राजकुमारी की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया।

अव्यवस्था का आलम | आने वाले लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है, इलाज के लिए भटके

मिर्जापुर के वेलनेस सेंटर पर लटका ताला

संवाददाता संदलपुर

अमृत विचार। संदलपुर विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मिर्जापुर में बने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में सीएचओ के न होने से ताला लटका रहता है। जिससे वहां आने वाले लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है और वह इलाज के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर होते हैं।

ग्रामीण स्तर पर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के उद्देश्य से लाखों रुपये खर्च कर मिर्जापुर गांव में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बनाया गया है। गांव की करीब चार हजार आबादी है। इसके बावजूद नियमित समय पर सेंटर खोलने में लापरवाही की जा रही है। शुक्रवार को सेंटर पर ताला लटकता मिला। जिससे आने वाले मरीज घंटों इंतजार के बाद वापस लौटने को मजबूर हुए। वेलनेस सेंटर पर आए मिर्जापुर गांव निवासी रामरतन ने बताया कि बुखार की समस्या होने पर वह दवा लेने आए थे, लेकिन सेंटर बंद है। ऐसे में उन्हें दूसरे स्वास्थ्य केंद्र जाना होगा। गांव के लोगों ने बताया कि सेंटर अक्सर बंद रहता है। जिससे लोगों को स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने कई बार स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जिससे समस्या हो रही है। इस बावत हवासपुर सीएचसी अधीक्षक डॉ. मुनीश कुमार ने बताया कि सीएचओ द्वारा पंचायत क्षेत्र में आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। जिसकी वजह से केंद्र बंद है।

मिर्जापुर गांव के हेल्थ वेलनेस सेंटर में लटकता ताला। अमृत विचार

तीन लाख कॉपियों का आज से मूल्यांकन होगा

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का आज से जिले के दो केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में मूल्यांकन शुरू होगा। तेरह दिनों में 1787 परीक्षक तीन लाख से अधिक उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करेंगे।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर परीक्षा परीक्षा खत्म होने के बाद शनिवार से जिले के दो केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू होगा। अकबरपुर इंटर कालेज में हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होगा। यहां 25 कक्षों में 101 उप प्रधान परीक्षक व एक हजार परीक्षक करीब एक लाख नौ हजार उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करेंगे। जबकि पुखरायां जीजीआईसी में इंटरमीडिएट की 1.57 लाख उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए 64 उप प्रधान परीक्षक व 622 परीक्षक तैनात किए गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक अचल कुमार मिश्र ने बताया कि मूल्यांकन केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी है।

- **अकबरपुर में हाईस्कूल व पुखरायां जीजीआईसी में जांची जाएंगी इंटर की कॉपियां**

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

My name in my High School marksheet is wrongly mentioned as Viplava Misra instead of Viplove Misra R/o House No. 622, Sector 3, Udyan -1, Eldeco Bangala Bazar, Lucknow

सूचना

सूचित हो कि मैं Mustab Siraa **पत्नी नौशाद हुसैन निवासिनी :– रानीमऊ भट्टी, पो0– रानीमऊ भट्टी, अयोध्या** की हूँ, मैने अपना नाम Mustab Sira Khatoon से बदलकर Mustab Siraa रख लिया हैं, आज से मुझे Mustab Siraa के नाम से ही जाना व पहचाना जाये ।

सूचना

सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड व अन्य प्रपत्रों में मेरा नाम अरुणा देवी अंकित है जबकि बैंक खाते में अरुणा कुमारी है। मेरे नाम अरुणा देवी व अरुणा कुमारी को एक ही माना जाए। **अरुणा देवी/अरुणा कुमारी पत्नी स्वर्गीय रामेश्वर दयाल,निवासी महोबिया टोला,औरैया जिला औरैया।**

आवश्यकता है

महिला फील्ड ऑफिसर, टीम लीडर, फील्ड वर्कर उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड के विभिन्न जनपदों में।

अपना बायोडाटा whatsapp करें– मो0– 7081974868

सूचना

सूचित हो कि शीरीन खान पत्नी राकी खान, निवासी– नया मकान नं0–2/9/127, पुराना म0नं0 807, मोहल्ला–हसनु कटरा कैन्ट फैजाबाद/अयोध्या, मेरा सही नाम शीरीन खान SHIRIN KHAN है जबकि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम त्रुटिवश शीरीन खान SHIREEN KHAN अंकित हो गया है। अतः मेरे पासपोर्ट में मेरा सही नाम शीरीन खान SHIRIN KHAN अंकित किया जाय।

सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम SHATROHAN था अब मैने बदलकर अपना नाम SHATROHAN KANOJIA रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। SHATROHAN KANOJIA S/O: SHIVLAL DWARIKA KANOJIA, R/O: 120,GODWA DATLI THANA MALIHABAD, LUCKNOW

एक नजर

चोरी से काटे गए सफेदा के हरे पेड़, शिकायत

औंग। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के मकसूदनखेड़ा गांव निवासी जितेंद्र कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने अपनी 10 बिस्वा जमीन में यूकेलिप्टस (सफेदा) के पेड़ लगा रखे हैं। जिन्हें चोरी छिपे एक व्यक्ति अपने चार साथियों के साथ मशीन लगाकर काट रहा था, शिकायतकर्ता के विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

धाता। धाता के मजरे घटईपुर निवासी नीरज कुमार और सुरेंद्र कुमार कस्बे के एक टेंट हाउस में काम करते हैं। शुक्रवार को वह बाइक से नारा रोड की तरफ जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां से नीरज को मंझनपुर के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं कार सवार हादसे के बाद मौके से भाग निकला।

पॉक्सो एक्ट का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

औंग। औंग पुलिस ने गलाथा के मजरे रामघाट कटरी निवासी अनिल कुमार उर्फ रेवती को के खिलाफ पाक्सो एक्ट का मामला दर्ज किया था। इसके बाद से वह फरार चल रहा था। पुलिस ने नेशनल हाईवे स्थित छिवली गांव के पास से आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

45 वाहनों का किया चालान

फतेहपुर। एसपी के निर्देश पर शुक्रवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 45 वाहनों का चालान करते हुए एक वाहन से एक हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है। वहीं 10 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई है।

पुलिस अधीक्षक ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह द्वारा शुक्रवार को रिज़र्व पुलिस लाइन में परेड का टर्नआउट निरीक्षण किया गया। इसके बाद पुलिस लाइन परिसर में भ्रमण कर परिवहन शाखा, भोजनालय, आटा चक्की, शास्त्रागार, वर्दीस्टोर, क्वार्टरगार्द, घरैया लाइन की साफ-सफाई आदि का निरीक्षण कर संबंधित को दिशा-निर्देश दिए गए।

कंडम वाहनों से ढोए जा रहे नौनिहाल

स्कूली वाहन बिना नंबर व फिटनेस के दौड़ रहे, जोखिम में रहती है बच्चों की जान

संवाददाता, खागा फतेहपुर

अमृत विचार। तहसील क्षेत्र में कंडम वाहनों से स्कूली बच्चों को ढोया जा रहा है। देश के भविष्य कहे जाने वाले नौनिहाल बच्चों की सुरक्षा को लेकर न ही स्कूल प्रशासन गंभीर दिख रहा है और न ही जिम्मेदार विभाग कोई कार्रवाई कर रहा है। क्षेत्र के बरायेपुर स्थित एक कांन्वेट स्कूल के वाहन में न तो नंबर प्लेट हैं न ही बच्चों की बैठने की उचित सुविधाएं ही हैं। बच्चों की जान जोखिम में डालकर उन्हें स्कूल पहुंचाया और वापस लाया जा रहा है।

एक तरफ प्रदेश सरकार, शिक्षा विभाग व परिवहन विभाग के लिए नियमों का पालन करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। तो वहीं खागा तहसील के बरायपुर स्थित कांवेट स्कूल समेत अन्य स्कूलों का हाल नियम के एकदम उलट हैं। फीस

भूसे की तरह बच्चों को भरकर ले जाती स्कूल की मैजिक गाड़ी।

और वाहन को लेकर मोटा धन वसूल तो किया जाता है लेकिन बच्चों को मिलने वाली सुविधाएं नहीं दी जाती हैं। प्राइवेट स्कूलों में बच्चों के आवागमन को चलने वाले वाहनों के लिए मोटी फीस तो वसूली जाती हैं। लेकिन स्कूल वाहनों के लिए सुरक्षा व मानकों का पालन न कर बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ किया जाता है। ऐसे वाहनों का संचालन स्कूलों के लिए अतिरिक्त आमदनी का एक जरिया बनकर रह गया है।

तय हैं स्कूली वाहनों के मानक

अधिकांश स्कूली वाहनों में निर्धारित मानकों का पालन नहीं हो रहा है। स्कूली वाहन बंद बॉडी के होने के साथ दोनों ओर खिड़कियां लोहे की ग्रिल या जाल से बंद होनी चाहिए। क्षमता से अधिक वाहन में बच्चे नहीं बैठाए जा सकते हैं। लेकिन खखरेरु क्षेत्र का सबसे चर्चित विद्यालय बरायेपुर में इस नियम का पालन नहीं हो रहा है। इस स्कूल में खुली बॉडी वाले टाटा मैजिक जैसे वाहनों को संबंद्ध कर अभिभावकों से वाहनों के नाम पर मोटी रकम वसूल कर धन अर्जित करते हैं। ऐसे वाहनों पर स्कूल का नाम भी नहीं लिखा जाता है न ही वाहन के आगे पीछे ऑन स्कूल ड्यूटी ही लिखा जाता है। किसी दुर्घटना की स्थिति में स्कूल यह कह कर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं कि वाहन स्कूल का नहीं, अभिभावकों की ओर से स्वयं लगाया हुआ है। जबकि बच्चों से वाहन की फीस स्कूल में वसूल कर मुनाफे का बंटवारा हो जाता है।

कंडम वाहनों पर कार्रवाई नहीं की जाती

यह वाहन स्कूल प्रबंधन के या फिर किराये पर भी हो सकते हैं या किसी ठेकेदार के ठेकेदारी से वाहन चलवाना स्कूलों के लिए फायदेमंद होने के साथ सुविधाजनक रहता है। परिवहन विभाग व पुलिस द्वारा स्कूल के वाहनों की जांच नहीं की जाती है। वाहनों में बच्चे देख पुलिस व परिवहन अधिकारी ऐसे वाहनों से रियायत बरतते हैं। स्कूली वाहन होने के कारण इन वाहनों को एक स्वाभाविक सहानुभूति मिल जाती है। वजह यह भी है कि स्कूली वाहन से अवैध वसूली भी नहीं हो पाती है। जिसका लाभ स्कूल संचालक व संबंधित ठेकेदार नियमों की अनदेखी करते हैं। जिसका खामियाजा बच्चों और उनके अभिभावकों को उठाना पड़ता है।

302 छात्राओं को बांटे स्मार्टफोन सरकार की गिनाईं उपलब्धियां

संवाददाता, बिंदकी फतेहपुर

अमृत विचार। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र पर 302 छात्राओं को स्मार्टफोन बांटे तथा केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जनता के हित में किए गए कार्यो तथा उपलब्धियां की जानकारी दी। वहीं निःशुल्क स्मार्टफोन पर छात्राओं के चेहरों में खुशी नजर आई।

शुक्रवार को नगर के मोहल्ला कुंवरपुर रोड स्थित महिला डिग्री कॉलेज के पीछे कौशल प्रशिक्षण केंद्र में स्मार्टफोन वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति मौजूद रहीं। उन्होंने कौशल प्रशिक्षण केंद्र में वर्ष 2020-21 में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी 302 छात्राओं को स्मार्टफोन दिए।

उन्होंने कहा कि विभिन्न लाभकारी योजनाओं के द्वारा जनता को लाभ मिल रहा है। स्मार्टफोन की

स्मार्टफोन पाने के बाद खुशी का इजहार करतीं छात्राएं। अमृत विचार

- केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने विद्यार्थियों का बढ़ाया उत्साह

जरिए छात्राएं अब बेहतर ज्ञान प्राप्त कर शिक्षा ग्रहण कर सकती हैं और जीवन में सफलता पा सकती हैं।

इस मौके पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राधा साहू, भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा, राजेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार प्रतिमा द्विवेदी, कौशल प्रशिक्षण केंद्र के एमडी प्रशांत तोमर, समाजसेवी लक्ष्मी चंद्र उर्फ मोना ओमर, रोहित कश्यप, विष्णु द्विवेदी, पवन तिवारी, आकाश साहू, सत्यम अग्रवाल, ऋतिक विश्वकर्मा, अविरल शर्मा, आदर्श गुप्ता आदि मौजूद रहे।

जानलेवा हो सकती है अवैध ठिकानों से खरीदी गई शराब

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। होली के त्योहार पर अवैध रूप से बेंची जाने वाली कच्ची शराब का धंधा अब तेज हो रहा है। अवैध अड्डों से मिलने वाली यह शराह जहरीली भी हो सकती है। कारण है कि इसका कोई मानक नहीं होता है। लोग सस्ते दामों में मिलने के कारण अवैध शराब की ओर खींचते हैं।

जानकारों ने बताया कि अवैध अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है। इसमें मिथाइल, एल्कोहल भी हो सकता है जो जहर है और इसके अल्प मात्रा के सेवन से आंखों की रोशनी जाने से व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। आबकारी विभाग की मानें तो शराब दुकान से क्यूआर कोड लगी और सीलबंद मदिरा निर्धारित एमआरपी पर ही

- होली का पर्व आते ही गांव-गांव बनने लगी कच्ची मदिरा

खरीदकर सेवन करना चाहिए।

विभाग के मुताबिक किसी भी समारोह स्थल, होटल, वेंकट हाल आदि में वैवाहिक, जन्मदिन, शादी की वर्षगांठ व अन्य तरह की पार्टी के लिए बिना अनुज्ञापन प्राप्त किए मदिरा पान नहीं हो सकता। उल्लंघन करने पर कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाती है। लेकिन इन सब नियमों को ताक में रखकर होली का त्योहार आते ही अवैध अड्डों में शराब बनाने के लिए भट्टियां धधकने लगती हैं। कई बार इस शराब को पीकर लोग अपनी जान से भी हाथ धो बैठते हैं। बावजूद इसके न तो विभाग ही रोक लगा पाता है और न ही पियक्कड़ अवैध शराब खरीदने से बाज आते हैं।

विकास की पढ़ो कहानी, ऐसा गांव जहां सड़क न पानी

संवाददाता, अमौली फतेहपुर

अमृत विचार। सूबे की सरकार सरकारी योजनाओं सहित ग्राम पंचायतों में विकास कार्यो के लिए बजट भेजकर सुर्खियां बटोर रही है। लेकिन ग्राम पंचायत प्रतिनिधि की मनमानी के चलते गांव के रास्ते का निर्माण की बात तो दूर साफ सफाई भी नहीं कराई जा रही है। जिससे ग्रामीण ऐसे जनप्रतिनिधि को चुनने पर पछतावा करते हुए सरकारी धन के बंदर बांट होने की जांच कराए जाने की बात कह रहे हैं।

विकास खंड अमौली अंतर्गत ग्राम पंचायत सरहन बुजुर्ग के मजरा दुर्गा का डेरा के निवासियों तक विकास की किरण आज तक नहीं पहुंच पाई है। यहां के निवासी आज भी गांव की पक्की गलियों के लिए तरस रहे हैं। यही नहीं गांव की सरकार द्वारा पंचवर्षीय योजनाओं के तहत सड़क, पानी, नाली जैसी मूलभूत

- विकास की दुहाई देने वालों को आईना दिखा रहा सरहन बुजुर्ग
- ग्राम पंचायत सरहन के लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित

सुविधाओं से भी ग्रामीण वंचित हैं।

गांव के जगन्नाथ निषाद, रतीराम निषाद, छोटे निषाद, मेवा निषाद, शिवनारायण निषाद आदि ने बताया कि मजरे की आबादी 200 है। जिस पर तीन हैंडपंप हैं। इनमें एक हैंडपंप वर्षों से खराब है। गांव की नाली अर्से से टूटी पड़ी है। जिससे खड़ंजा के ऊपर से पानी बहता रहता है। नालियों का गंदा पानी ठहरने से मच्छर पनपते हैं। कीचड़ की फैली गंदगी से उठती दुर्गंध व मच्छरों के प्रकोप से बीमारी फैलने की आशंकाओं से मजरेवासी सहमें हुए हैं। गांव की महिलाएं कीचड़ से निकलकर अपने पशुओं के लिए चारा पानी करती रहती हैं। जिस पर बसन्ती, कलावती, भगवनिया, गया

गांव की बदहाली की दास्तां बयां करते कच्चे रास्ते। अमृत विचार

दुलारी, मालती, फूलमती सहित कई महिलाएं गिरकर चुटहिल भी हुई हैं। जिनका निजी अस्पतालों में इलाज भी हुआ है।

हैंडपंप मरम्मत व सफाई के धन की बंदरबाट

ग्राम पंचायतों में विकास कार्यो के लिए आए निधि के पैसों पर सचिव की मिली भगत से प्रधानों की मनमानी सरकारी धन पर खुलेआम नजर आ रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में सरहन बुजुर्ग पर विकास के लिए आए 1367911 रु में ग्राम प्रधान के द्वारा साफ सफाई, हैंडपंप मरम्मत, स्टेशनरी, मानदेय, सर्दी पर अलाव आदि पर 550000 रुपये का ब्यय दर्शाया गया है। वहीं बरमपुर गांव में इंटरलॉकिंग व सरहन में एएनम सेंटर पर खर्च के नाम पर 818093 रुपये की बात ग्रामीणों के गले नहीं उतर रही है। दुर्गा का डेरा निवासी बाशिंदों ने ग्राम प्रधान के कार्यो की जांच कराए जाने के लिए खंड विकास अधिकारी को शिकायती पत्र दिया है। उन्होंने बताया कि जांच के नाम पर यदि हीलाहवाली की गई तो वह महिलाओं सहित डीएम के पास जा कर शिकायत करेंगे।

बच्चे के साथ यमुना में कूदी महिला की मौत

संवाददाता, बहुआ

अमृत विचार। अपने मासूम बच्चे के साथ मायके जा रही एक महिला ने बच्चे को यमुना नदी में फेंक दिया और खुद भी छलांग लगा दी। घटना में महिला की मौके पर मौत हो गई, वही मासूम को बांदा जनपद के चिल्ला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रामा।

ललौली थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव निवासी रामा पत्नी दिनेश निषाद शुक्रवार सुबह अपने तीन वर्षीय बच्चे भारत को लेकर अपनी बहन सुंदरिया पत्नी रामसुफल निवासी पलटूपुर थाना ललौली के साथ अपने मायके ग्राम चकला थाना चिल्ला जनपद बांदा जा रही थी। जब वह यमुना नदी चिल्ला पुल पर पहुंची तो उसने अपने तीन वर्षीय बच्चे भारत को पुल से नीचे फेंक दिया और खुद भी पुल से नीचे कूद गई। यह देख बहन ने शोर

घर के बाहर एकत्र हुईं पड़ोस की महिलाएं। अमृत विचार

- ललौली थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव की घटना, तीन साल के बच्चे की हालत गंभीर, भर्ती

मचाया तो लोग दौड़कर पुल के नीचे पहुंचकर देखा तो रामा की मौत हो चुकी थी और मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया था।

लोगों ने पुलिस को खबर देकर बच्चे को बांदा के चिल्ला अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर ललौली और चिल्ला पुलिस पहुंची। दोनो थाना पुलिस काफी देर तक सीमा विवाद में उलझी रही। बाद में ललौली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सुंदरिया ने बताया कि उसकी छोटी बहन की ससुराल में विवाद चल रहा था। इसके बाद वह उसके घर आ गई थी। जहां से दोनो बहनें अपने मायके जाने के लिए पैदल निकली थीं। वह समझ नहीं सकी कि रामा ने कब बच्चे को नदी में फेंक दिया और कब खुद भी छलांग लगा दी।

महिला ने मायके में लगाई फांसी, परिजन बेहाल

बहुआ। पिछले एक साल से मायके में रह रही एक विवाहिता ने शुक्रवार को फांसी लगा कर जान दे दी। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ललौली थाना क्षेत्र के सिंधाव गांव निवासी शिवप्रकाश ने बताया उसने अपनी बेटी शिवानी उर्फ पायल (20) की शादी 11 दिसंबर 2022 को हमीरपुर जनपद के भरुहा सुमेरपुर के दूध डेयरी मोहल्ले के रहने वाले शिवेंद्र के साथ की थी। बताया कि पिछले एक वर्ष से बेटी पायल मायके में ही रह रही थी और किसी बात को लेकर परेशान चल रही थी। पिता ने बताया कि शुक्रवार सुबह वह ईंट भट्ठे में मजदूरी करने चला गया था। घर में उसकी पत्नी अनीता देवी और बेटी पायल थी। बताया कि बेटी ने खुद को कमरे में अंदर से बंद कर लिया था। काफी देर बाहर न आने पर आवाज लगाई गई लेकिन जवाब नहीं मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर का नजारा देख परिजन स्तब्ध रह गए। घटना की जानकारी पर फॉरेंसिक टीम व नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू कर दी।

मवेशी चराने गए बुजुर्ग की नहर में डूबने से मौत

संवाददाता बकेवर

अमृत विचार। रामगंगा नहर किनारे मवेशी चराने गया एक बुजुर्ग चरवाहा शुक्रवार को अचानक लापता हो गया। पुलिस ने नहर में डूबने की आशंका पर नहर में जाल डलवा कर उसकी तलाश शुरू की तो कुछ ही दूरी पर बुजुर्ग का शव बरामद कर लिया गया। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

बकेवर थाना क्षेत्र के दिलावरपुर गांव निवासी रामनारायन गांव में खेती किसानी करता था। परिजनों ने बताया कि उन्होंने मवेशी भी पाल रखे थे। शुक्रवार सुबह वह मवेशी चराने के लिए रामगंगा नहर बरगवां दिलावरपुर पुल के पास गए थे। जहां से काफी देर तक न लौटने पर परिजन वहां पहुंचे, जहां मवेशी तो मिल गया लेकिन रामनारायन का कहीं कुछ पता नहीं चल सका।

परिजनों की सूचना पर पुलिस

नहर किनारे लगी ग्रामीणों की भीड़।

मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल करते हुए जाल डलवाकर गोताखोरों के माध्यम से उसकी तलाश शुरू कर दी। कुछ देर बाद रामनारायन का शव घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर बरामद कर लिया गया। शव मिलते ही पत्नी मन्नो व बेटी सोनिका व मोनिका का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बताया मवेशियों के जरिए ही वह परिवार का पालन पोषण करता था।

सार-संक्षेप

बाइक की टक्कर से छात्रा घायल

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के शाह कस्बा के पास शुक्रवार की सुबह साइकिल से कक्षा 11 की परीक्षा देने जा रही छात्रा को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गई। थाना क्षेत्र के भगवानपुर मजरे पहाड़पुर गांव निवासी राज बहादुर की पुत्री अंकिता कक्षा 11 की छात्रा है। शुक्रवार सुबह साइकिल से परीक्षा देने जा रही थी। शाह कस्बा के पास तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। उसे जिला अस्पताल भेजा गया।

छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के धनाजीपुर मजरे मुरांव में गुरुवार की शाम कक्षा 10 की छात्रा ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। धनाजीपुर मजरे मुरांव गांव निवासी रमाकांत लोधी की पुत्री चांदनी देवी ने गुरुवार की शाम उस समय घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जब घर के सभी लोग खेत में काम करने चले गए थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

किशोरी ने खाया जहरीला पदार्थ

फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के अदाउलपुर में शुक्रवार सुबह छोटे भाइयों से विवाद कर किशोरी ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। बिंदकी कोतवाली के अदाउलपुर गांव निवासी रघुनाथ अपनी पत्नी के साथ बांदा जनपद रिश्तेदारी में हुई मौत में गया था। घर पर ज्योति व उसके दो छोटे भाई थे। बताते हैं कि शुक्रवार को सुबह उसका किसी बात को लेकर भाईयों से झगड़ा हो गया। जिससे क्षुब्ध होकर उसने जहर खा लिया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती करया गया है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

होली आई रे | पूरी सावधानी के साथ बाजार में करें सामान की खरीदारी

रंगीन पापड़ सेहत के लिए घातक

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। रंगों के त्योहार की तैयारियां तेज हो गई हैं। लोग बाजारों में खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं मिलावटखोर भी सक्रिय हैं। आकर्षक दिखने वाले रेडीमेड चिप्स पापड़ आपकी सेहत में खराब असर डाल सकते हैं। कम लागत में अधिक मुनाफे को मिलावटखोर केमिकल का प्रयोग कर रहे हैं।

होली नजदीक आते ही बाजार में रेडीमेड पापड, चिप्स, कचरी बेचने वालों की बाढ़ सी आ गई है। औषधि प्रशासन एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की उदासीनता मिलावटखोरों को बढ़ावा देने के साथ-साथ लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करता नजर आ रहा है। होली पर गुझिया के साथ साथ आलू के चिप्स, पापड़, कचरी, बनाने की परंपरा है।

पुराने दौर में होली की तैयारियां

कुछ इस तरह बाजारों में बेचे जा रहे रंगीन चिप्स-पापड़। अमृत विचार

लगभग एक माह पहले से होने लगती थीं। लोग आलू लाकर खुद चिप्स व पापड़ बनाते थे। लेकिन अब आधुनिकता के दौर में अधिकांश लोग घरों में चिप्स पापड़ न बना कर रेडीमेड खरीद रहे हैं। इसी का फायदा उठाते हुए मिलावटखोर मानक विहीन समाग्री मिलाकर लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ करने से भी नहीं हिचक रहे हैं। मामले में डाक्टर रघुनाथ सिंह का कहना रहा कि केमिकल युक्त एवं विभिन्न प्रकार के रंगों को डालकर बनाई गई खाद्य सामग्री के सेवन से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। जो घातक भी साबित हो सकती है।

रमजान माहः बाजारों में बढ़ने लगी रौनक

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। रमजान माह को देखते हुए बाजारों में रौनक दिखने लगी है। जहां रोजेदार रोजा रखकर इबादत में जुटे हैं, वहीं ईद का भी तयारियां शुरू हो गई हैं। ईद पर नए कपड़ों के प्रचलन के कारण टेलरों का भी काम अच्छा-खासा बढ़ गया है। इसके चलते टेलर देर रात तक व्यस्त नजर आने लगे हैं। इनका कहना है कि इस पर्व पर समय पर ही कपड़े देने होते हैं।

रमजान माह में अभी चार दिन ही बीते हैं। मुस्लिम बहुल्य बस्तियों में तल्ख मौसम के बाद भी जहां बड़ी संख्या में लोग रोजे रखकर इबादत कर रहे हैं। वहीं शाम को मस्जिदों के बाहर इफ्तार पार्टियों में भी रौनक दिखने लगी हैं। हालांकि अभी ईद के त्योहार में काफी समय है, लेकिन रोजदार ईद की भी तैयारी

- टेलरों का बढ़ा काम, तेज हुई कपड़ों की सिलाई
- रोजेदार इबादत के साथ कर रहे ईद की तैयारी

में लग गए हैं। युवा, बुजुर्ग, बच्चे और महिलाएं सभी नए कपड़े पहनकर ईद की नमाज अदा करते हैं। अधिकांश रोजेदार अभी भी रेडीमेड के सापेक्ष कुर्ता-पायजामा सिलवाना पसंद करते हैं। इसके चलते कपड़े की दुकानों में जहां चहल पहल दिखने लगी है।

टेलरों के यहां सिलाई के काम का दबाव काफी बढ़ गया है। शादीपुर के टेलर का ने कहा कि रमजान माह के शुरूआत से ही कपड़ों की सिलाई का काम बढ़ गया है। कारीगर पूरे समय कपड़ों की सिलाई के काम में जुटे है। जो लोग जल्द कपड़ों की सिलाई कराने के लिए आते है। उन्हें मना करना पड़ रहा है। ईद की वजह से काम अधिक है।

7 बरस की बच्ची ने रोजा रखा

धाता। गर्मी के महीने में रोजा रखना सबके बस की बात नहीं है। जहां एक ओर सूरज की तपिस से दिन भर गला सूख जाता है, पानी पीने के बाद भी प्यास की सिद्दत बनी रहती है वहीं दूसरी ओर अल्लाह को राजी करने के लिए छोटे बच्चे भी इस तपती गर्मी में भी रोजा रख रहे हैं। कुछ बच्चों ने अपनी जिंदगी में पहला रोजा रखा है। उन्हीं में से कस्बे के अब्दुल कलाम नगर वार्ड की रहने वाली 7 वर्षीय उमम फातमा पुत्री सिकंदर अली ने पहला रोजा रखा।

उमम फातमा ने रखा रोजा।

उनके पिता सिकंदर अली ने कहा कि अल्लाह और उसके रसूल की रजा हासिल करने के लिए भूख और प्यास की शिद्दत को बर्दाश्त कर रोजा रखा जाता है।

15 दिन में उतर रहा बुखार, दवाओं के पड़े लाले

आंखों में जलन और खांसी के मरीजों की संख्या में भी इजाफा, घंटों में आ पा रहा मरीजों का नंबर

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। इन दिनों सेहत के प्रति विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। क्योंकि इस वर्ष वायरल फीवर ने भी अपना स्वरूप बदल लिया है। बुखार आने से मरीज को काफी कमजोरी आती है। अब उसे ठीक होने में करीब 15 दिन का समय लग रहा है।

पिछले सप्ताह से वायरल फीवर ने तेजी पकड़ना शुरू कर दिया है। करीब 50 फीसदी मरीज वायरल फीवर, सर्दी, जुकाम के शिकार हो रहे हैं। खासकर बच्चों में भी यह बीमारी अधिक फैल रही है। जिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मूलचंद्रा का कहना है कि इन दिनों खानपान में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। इसकी वजह यह है कि इन दिनों मौसम में बदलाव हो रहा है। दिन में धूप होने की वजह से व्यक्ति को गर्मी का एहसास होता है। जिससे लोग गर्म कपड़े उतार देते हैं। वहीं सुबह और शाम सर्दी बढ़ जाती है। यही बुखार जो सामान्यत एक सप्ताह के अंदर मरीज ठीक हो रहा था। अब वायरल फीवर के मरीज को ठीक होने में एक सप्ताह के बजाय दो सप्ताह का समय ले रहा है।

जिला अस्पताल की ओपीडी में लगी मरीजों की लाइन। अमृत विचार

काउंटर पर नहीं मिल पाती पूरी दवा

जिला अस्पताल की ओपीडी में दवा लेने पहुंचे मरीजों ने बताया कि उन्होंने डेढ़ घंटे तक डॉक्टर का इंतजार करके परामर्श लिया। डॉक्टर ने उन्हें पांच प्रकार की दवाई लिखी। जिसमें काउंटर पर सिर्फ दो ही मिलीं।

पर्चा काउंटर से लेकर डॉक्टर के केबिन तक लाइन

पिछले सप्ताह से वायरल फीवर इतनी तेजी पकड़ गया है कि पर्चा काउंटर से लेकर दवा काउंटर तक मरीजों की लंबी-लंबी लाइन लगने लगी हैं मरीज को परामर्श लेने के लिए एक से डेढ़ घंटे का समय काटना पड़ रहा है।

लोगों में बढ़ रही टॉन्सिल की परेशानी

पिछले सप्ताह से लोगों में टॉन्सिल की बीमारी काफी तेजी से फैल रही है। इसमें जहां गले में खराश और दर्द व कान के पास में सूजन आ रही है। इस संबंधी ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. राजीव चौधरी का कहना है कि गले में जैसे ही कोई दर्द का एहसास होता है, तो तत्काल प्रशिक्षित डॉक्टर से सलाह लें। ताकि किसी अन्य बीमारी से खुद को बचाया जा सके।

गर्मी होते ही बच्चों को डायरिया ने घेरा

तापमान बढ़ने का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी दिखने लगा है। तेज धूप और गर्मी के कारण बच्चे डायरिया की चपेट में आने लगे हैं। अस्पताल में वायरल बुखार और जुकाम के साथ बुखार से तप रहे बच्चों की संख्या भी बढ़ गई है। शुक्रवार को बालरोग की ओपीडी में दो बजे तक लगभग 150 बच्चे पहुंचे, जिनमें 20 फीसदी मरीज डायरिया के थे। डॉक्टर ने बताया कि पेट के निचले हिस्से में दर्द, पेट में मरोड़, उल्टी, बुखार और कमजोरी डायरिया के लक्षण हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। बच्चे वायरल फीवर की चपेट आ रहे हैं।

> दवाओं की कोई कमी नहीं है। फिर भी अगर काउंटर पर पूरी दवाई नहीं मिल रही है तो इस मामले में जानकारी की जाएगी। मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराना उनकी प्राथमिकता है। -
>
> -डॉ. पीके सिंह, सीएमएस

अधिशासी अधिकारियों को चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- जिला पर्यावरण एवं जिला गंगा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश
- बॉयो मेडिकल वेस्ट निस्तारण एवं सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा

अमृत विचार। जिला पर्यावरण एवं जिला गंगा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में जिलाधिकारी सी. इंदुमती की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पर्यावरण से संबंधित ठोस अपशिष्ट, प्लास्टिक अपशिष्ट कंस्ट्रक्शन एवं डिमोलिशन वेस्ट प्रबंधन, जैव चिकित्सा अपशिष्ट, प्रतिबंधित पालथीन, सिंगल यूज प्लास्टिक आदि बिंदुओं की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने नगर पालिका, नगर पंचायत क्षेत्र में व्याप्त गंदगी पर नाराजगी जताते हुए सफाई व्यवस्था ठीक से कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को चेतावनी दते हुए प्लास्टिक जब्तीकरण अभियान में तेजी लाने को कहा। चिकित्सा अपशिष्ट को सही तरीके से निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए। बैठक के बाद अधिकारियों के साथ सदर तहसील पहुंचकर जिलाधिकारी ने मौके पर सफाई कराई एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि शहर साफ दिखना चाहिये।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेंद्र सिंह, डीएफओ रामानुज त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी प्रमोद चंद्रौल, अशोक गुप्ता, नमामि गंगे के जिला संयोजक शैलेंद्र शरन सिंपल, ज्ञान प्रकाश तिवारी, राकेश शर्मा, अभिषेक त्रिवेदी, समीर कश्यप सहित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

तहसील परिसर का निरीक्षण करने पहुंचीं डीएम सी. इंदुमती। अमृत विचार

कार्यकर्ता के सम्मान में लगी पंचायत

संवाददाता, किशनपुर फतेहपुर

- भाकियू अराजनैतिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पंचायत को संबोधित किया
- किसानों की समस्याओं को लेकर हुई चर्चा, कहा-किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं

अमृत विचार। विजयीपुर विकास खंड की ग्राम पंचायत ब्योटी में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की पंचायत का आयोजन हुआ। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान ने शिरकत की। उन्होंने किसानों के साथ हो रहे अन्याय को लेकर भी हुंकार भरी। कहा कि किसानों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बताया गया कि ब्योंटी गांव निवासी किसान फूल सिंह संगठन का बहुत ही पुराना कार्यकर्ता है। करीब 35 वर्षों से संगठन का साथ दे रहा है। अब किसान फूल सिंह की उम्र ढल गई है और अस्वस्थ रहते हैं। उनकी इच्छा थी कि उसके जीवित रहते एक बार उनके गांव में राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान का आगमन हो। इसके बाद किसान के सम्मान में राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान ब्योंटी पहुंचे।

उन्होंने अन्ना जानवरों द्वारा किसानों की फसल बर्बाद किए जाने का मुद्दा भी उठाया। कहा कि सरकार द्वारा अन्ना जानवरों को गौशाला में रखने की बात कही जाती है। लेकिन जिम्मेदार अन्ना जानवरों को गौशाला नहीं भेज रहे हैं, जो किसानों की फसल बर्बाद कर रहे हैं। वहीं किसानों को पर्याप्त मात्रा में समय से बिजली न मिल पाना भी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि यदि किसानों की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम, जिला सचिव छोटू सिंह परिहार, तहसील अध्यक्ष महेंद्र सिंह समेत अन्य किसान मौजूद रहे।

भाकियू की पंचायत में जुटे यूनियन के पदाधिकारी व किसान। अमृत विचार

सुबह से आधी रात तक खुल रहे शराब के ठेके

संवाददाता जहानाबाद

- आबकारी विभाग की शिथिलता से नियमों को लगाया जा रहा पलीता

अमृत विचार। जहानाबाद कस्बे में आबकारी विभाग की शिथिलता व अनदेखी से देशी शराब के ठेकों पर निर्धारित समय के बाद शराब के शौकीनों को बेची की जा रही है। जिसका सोशल मीडिया में वीडियो भी वायरल हो रहा है। देशी शराब की दुकानों में सुबह पांच बजे से लेकर आधी रात तक शराब की बिक्री की जा रही है। प्रशासन सहित विभाग द्वारा अनदेखी से समय से पहले व बाद में शराब बिक्री की जा रही है।

जहानाबाद कस्बा क्षेत्र के साढ़ रोड स्थित मलिकपुर के पास ठेका देसी शराब की दुकान में निर्धारित समय के विपरीत शराब की बिक्री किए जाने के दौरान का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। जानकारी की गई तो लोगों ने नाम नहीं छापने की बात पर बताया कि देशी शराब की दुकान सुबह पांच बजे से आधी रात तक शराब बिक्री की जा रही है। यह खेल काफी दिनों से चलता आ रहा है।

इसी तरह बस स्टॉप चौराहे के पास खुली देशी शराब की दुकान से निर्धारित समय के विपरीत समय में कुछ दशक मीटर की दूरी पर अलग-अलग स्थान में रुकते हुए शराब की बिक्री की जाती है। जिसमें क्षेत्रीय प्रशासन सहित आबकारी विभाग की कमजोरी के चलते यह खेल हो रहा है। जिसमें युवा वर्ग व बुजुर्ग वर्ग नशे का लती होने से भविष्य नशे के अंधकार में खो रहा है। मामले में आबकारी निरीक्षक बिंदकी के फोन पर बात करने का प्रयास किया गया लेकिन बात नहीं हो सकी।

नौकरी दिलाने के नाम पर साढ़े चार लाख रुपये ठगे

बिंदकी। अमृत विचार। दो साल पहले एक इंटर कॉलेज में क्लर्क की नौकरी दिलाने के नाम पर साढ़े चार लाख रुपए लिए गए थे, लेकिन नौकरी नहीं दिलाई गई। पैसा वापस मांगने पर 2.15 लाख रुपये का चेक दिया गया। वह चेक भी बाउंस हो गया। पीड़ित ने इस मामले की शिकायत की है। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी।

खखरेरू थाना क्षेत्र के सोथरामऊ गांव निवासी सुशील कुमार ने कोतवाली बिंदकी में पुलिस को दी तहरीर में बताया कि दो साल पहले उसके पुत्र भास्कर प्रसाद को जोनिहा कस्बे के एक इंटर कॉलेज में क्लर्क की नौकरी दिलाने के नाम पर कोतवाली क्षेत्र के शाहबाजपुर गांव निवासी रामगोपाल पुत्र इंद्रपाल ने साढे चार लाख रुपए लिए थे। लेकिन नौकरी नहीं दिलाई, बहुत कहने पर और पैसा मांगने पर 2.15 लाख चेक दिया था। वह भी बाउंस हो गया था।

सार-संक्षेप

मछली आखेट करने गए युवक की नदी में डूबकर मौत

अमौली। यमुना नदी में मछली आखेट करने गया एक युवक नाव से नदी में गिर गया और मछली के जाल में फंस गया। साथ में मौजूद उसके साथी ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन जब तक वह उसे बाहर निकालता तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जानकारी पर पहुंचे परिजनों में शव देख कोहराम मचा रहा। चांदपुर थाना क्षेत्र के मटरु का डेरा मजरे इटरा निवासी लाल सिंह व मनीष गुरुवार की रात मछली का आखेट करने यमुना नदी गए थे। बताया जा रहा है कि देर शाम मनीष नाव से नीचे गिर गया, जिसे बचाने के लिए लाल सिंह भी कूद गया। लेकिन मछली के जाल में फंसने के कारण मनीष डूब गया था। काफी मशक्कत के बाद लाल सिंह ने मनीष को बाहर निकाला लेकिन तब तक मनीष की मौत हो चुकी थी। लाल सिंह ने गांव पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। नदी के किनारे से परिजन उसे बाइक से लेकर गांव पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर सुबह पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

एसपी के आदेश पर भी पुलिस ने नहीं लिखी रिपोर्ट

फतेहपुर। एक बुजुर्ग महिला के घर पर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित महिला ने जानकारी पुलिस को दी, लेकिन पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। बुजुर्ग ने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से की तो पुलिस अधीक्षक ने मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। पुलिस अधीक्षक के आदेश बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं होने से पीड़ित ने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। चांदपुर थाना क्षेत्र के पाराधनाई गांव की रहनी वाली 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला चित्ररेखा सिंह ने डीएम कार्यालय पहुंचकर प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया कि वह बीमार रहती है और बेटे के साथ दवा कराने पांच फरवरी को गई थीं। 10 मार्च की शाम गांव के एक युवक ने फोन पर सूचना दी कि उनके घर का दरवाजा टूटा हुआ है। जानकारी पर वह अगले दिन घर पहुंचे तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। घर पर चोरी होने की जानकारी थाना पुलिस को दी। प्रार्थना पत्र देने के बाद पुलिस ने कार्रवाई नहीं की और भगा दिया। पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगाई तो पुलिस अधीक्षक ने मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। इसके बावजूद रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। पीड़ित बुजुर्ग महिला ने कहा कि जब न्याय नहीं मिला तो जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच चौकी प्रभारी कर रहे हैं।

डीसीएम की टक्कर से युवक की गई जान

घाटमपुर। कस्बे में ओवरब्रिज के पास सड़क पार कर रहे एक युवक को तेज रफ्तार डीसीएम ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फतेहपुर जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र के जलाला गांव का राधे पाल (45) पुत्र चिकमा पाल शुक्रवार को पूर्वाह्न 11 बजे कस्बे के पुराना अस्पताल रोड के ठीक सामने ओवरब्रिज के पास साधन से उतरकर रोड पार कर रहा था, तभी हमीरपुर की ओर से आई डीसीएम ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस राधे पाल को सीएचसी ले गई, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

जंगल गई किशोरी से दुष्कर्म का आरोप

थरियांव। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार की दोपहर उसकी नाबालिक बेटी लकड़ी बीनने जंगल गई थी। तभी वहां पर पहले से घात लगाए बैठा पड़ोसी युवक आया और पुत्री को बुरी नीयत से पकड़ कर जमीन में गिरा दिया और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे दिया। किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकला। थानाध्यक्ष रणजीत बहादुर सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है, जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

सहायक अध्यापक ने बीआरसी कर्मचारी को दी धमकी

फतेहपुर। सहायक अध्यापक ने कार्यालय में घुसकर बीआरसी कर्मचारी को गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने सहायक अध्यापक और उसके दो बेटों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। राधानागर निवासी सर्वेश कुमार ने बताया की वह बीआरसी शाह में कार्यालय सहायक के पद पर तैनात हैं। सोमवार को विज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा चल रही थी जिसमें खंड शिक्षाधिकारी ने उसे कक्ष निरीक्षक के रूप में नियुक्त किया था। परीक्षा कक्ष में ड्यूटी के दौरान शाह निवासी धीरेंद्र सिंह सेंगर जो जैतपुर में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात हैं अचानक आ गए और गाली गलौज कर मारपीट में आमादा होने लगे। वह किसी तरह जान बचा कर बीआरसी कार्यालय पहुंचा। जहां पर धीरेंद्र सिंह अपने पुत्रों अंकित सिंह व अंजू सिंह के साथ कार्यालय में घुस कर मारने के लिए छीना झपटी करने लगे। थाना अध्यक्ष विनोद मिशन बताया कि कार्यालय सहायक की तहरीर पर आरोपी सहायक अध्यापक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

तेज धूप से चढ़ने लगा पारा, छूट रहा पसीना

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- मार्च माह में ही सूरज ने तरेरी आंखें, चलने लगे पंखे

अमृत विचार। मार्च में ही सूरज के तेवर चढ़ने लगे हैं। पारा बढ़ने से जहां गेहूं की फसल पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका से किसान मायूस हैं तो वहीं वहीं बढ रही गर्मी सेहत को भी खराब कर रही है।

शुक्रवार को पारा 31 डिग्री के ऊपर पहुंचने से मौसम में तल्खी बढ़ गई। इससे लोगों के साथ ही राहगीर भी पेड़ों की छाया तलाशने को मजबूर हुए। वहीं तेज धूप की अनदेखी कर किसान लाही सरसों की कटाई व थ्रेसरिंग कराने में जुटे रहे। जनपद में पिछले तीन दिन से जहां दिन के तापमान में इजाफा हो रहा है। वहीं रात के तापमान में उतार चढ़ाव जारी है।

बीते गुरुवार को तेज धूप के साथ पारा सामान्य से सवा दो डिग्री ऊपर जाकर 31.4 डिग्री पर पहुंचने से गर्मी बढ़ गई। इससे लोग छाया की तलाश करते दिखे। इस दौरान ढाई किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चलने वाली उत्तर पश्चिमी हवा भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं दे सकी। इधर तेज धूप के बाद भी किसान खेतों में पककर तैयार लाही सरसों की कटाई व थ्रेसरिंग में जुटे रहे। जबकि तीन दिन से तेज धूप के साथ पारे में लगातार इजाफा होने से गेहूं की फसल पर प्रतिकूल असर देख किसानों के माथे पर चिंता की लकीरों दिखने लगी है। इधर, गर्मी पड़ने से लोग घरों एवं कार्यालयों में पंख चलाकर हवा खाने लगे हैं। आगामी दिनों में गर्मी और बढ़ने की उम्मीद है।

दीवार उठाने के विवाद में महिला को पीटा

फतेहपुर। शहर क्षेत्र के चूड़ी गली में दोपहर जमीन के विवाद को लेकर एक महिला को जेठ व उसके दोनों पुत्रों ने लाठी-डंडों से पीटने के बाद सीढ़ियों से ढकेल दिया। जिससे वह घायल हो गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के चूड़ी गली निवासी नेहाल अहमद की पत्नी हमीदा खातून को उसके जेठ इसरार व उनके पुत्र इमरान व सलमान ने लाठी-डंडों से पीटने के बाद सीढ़ियों से धक्का दे दिया। जिससे वह घायल हो गई। उधर परिजन घायल महिला को लेकर कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घायल महिला ने बताया कि वह अपनी हद में दीवार उठा रही थी। तभी जेठ इसरार दोनों पुत्र इमरान व सलमान के साथ आ गए और दीवार उठाने से मना किया। इसी को लेकर विवाद हो गया।

ठेकेदार भागा तो कंपनी देगी पेमेंट

संवाददाता, औंग

- थाना प्रभारी ने कारखाना संचालकों के साथ की बैठक
- मतदान के दिन मजदूरों को अवकाश देने को कहा

अमृत विचार। शुक्रवार को थाना प्रभारी कांती सिंह ने थाना क्षेत्र के सभी कारखाना संचालक व प्रबंधकों को बुलाकर एक बैठक का आयोजन किया इसमें हिदायत दी कि यदि किसी भी कारखाने का ठेकेदार मजदूरों का पेमेंट किए बिना भागता है तो कंपनी संचालक इसके पूरे जिम्मेदार होंगे।

बैठक में थाना प्रभारी ने आगामी लोकसभा चुनाव की चर्चा करते हुए सभी को मतदान करने की तथा दूर दराज से आए मजदूरों को मतदान अवकाश दिए जाने की बात कही। साथ ही एक बड़े गंभीर विषय में सावधानी बरतते हुए निर्देश दिया कि कारखानों में काम कर रहे श्रमिक और अन्य की पहचान रखना और थाने को सूचित करना सुनिश्चित किया जाए। दूर दराज से लोग अपराध करके आ जाते हैं और बड़े आराम से कानून की आंख में धूल झोंक कर नौकरी करते हैं।

थाना प्रभारी ने कहा कि अधिकांश रूप से ठेकेदार द्वारा श्रमिकों की मजदूरी हड़प कर लिए जाने की शिकायतें आती रहती हैं। ऐसी स्थिति में कारखाना के संचालक व प्रबंधक यह कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं कि ठेकेदार भाग गया है हम क्या करें, लेकिन अब यह नहीं चलेगा। थाना प्रभारी ने हिदायत देते हुए कहा है कि फैक्ट्रियों से निकलने वाली कचरा व गंदगी हाईवे किनारे या किसी भी गांव या बस्ती के आसपास मिला तो मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

थाना परिसर में बैठक करतीं थाना प्रभारी। अमृत विचार

सहूलियत | परिवहन विभाग ने शुरू की तैयारियां, चालकों से मांगे आवेदन, बसों के फेरे भी बढ़ेंगे

परदेशियों को घर पहुंचाएंगी होली स्पेशल बसें

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। रोजी-रोटी के लिए घर से दूर रहने वालों को होली पर्व पर परिजनों तक पहुंचाने के लिए परिवहन निगम की ओर से होली स्पेशल बसें संचालित की जाएंगी। एक सप्ताह तक चलने वाली होली स्पेशल बसों का संचालन 24 घंटे किया जाएगा। इसके लिए लंबी दूरी वाली बसों के साथ ग्रामीण सेवा वाली बसों का राउंड भी बढ़ाने की तैयारी है।

होली पर गैर प्रांतों में रहकर रोजी-रोटी कमाने वाले हर हाल में परिजनों तक पहुंचना चाहते हैं। ऐसे परदेशियों को परिजनों तक पहुंचाने के लिए स्थानीय रोडवेज डिपो के अफसरों ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। स्थानीय रोडवेज डिपो की ओर से होली स्पेशल सेवा वाली बसों का संचालन 22 मार्च से एक अप्रैल तक किया जाएगा। इसमें शामिल सभी बसें 24 घंटे सेवा वाली होंगी। हालांकि सवारी नहीं होने पर इनका संचालन का समय परिवर्तित किया जा सकता है।

डिपो के अफसरों की ओर से पर्व पर यात्रियों को सुरक्षित तरीके से सफर कराने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। परिवहन निगम की ओर से होली स्पेशल सेवा बसों का संचालन करने के लिए डिपो के चालक-परिचालकों से आवेदन मांगा गया है। इसमें शामिल होने वाले चालक परिचालकों को चिन्हित करने की प्रक्रिया चल रही है।

फतेहपुर का रोडवेज बस अड्डा। अमृत विचार

- सप्ताह भर तक 24 घंटे होगा बसों का संचालन

> होली पर यात्रियों को सुरक्षित सफर कराने के लिए डिपो पूरी तरह से तैयारी कर रहा है। प्रयास है कि बाहर से आने वाले सभी यात्री घर पहुंचे और परिवार के साथ त्योहार मनाएं। इसके लिए एक सप्ताह तक होली स्पेशल बसों का संचालन किया जाएगा।
>
> -विपिन कुमार अग्रवाल, एआरएम रोडवेज

पहले बैनामा किया, अब कब्जे का लगाया आरोप

खागा फतेहपुर। खखरेरु थाना क्षेत्र कस्बा निवासी मो. नसीम पुत्र मो. हनीफ ने अपने चाचा के विरुद्ध आपसी जमीनी विवाद को लेकर स्थानीय थाना में शिकायती पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। इन्होंने बताया कि चाचा मो. याक़ूब काफी समय पहले अपने हिस्से की ज़मीन मेरे माता, पिता व कुछ हिस्सा प्रार्थी के नाम बैनामा कर दिया था। इसके दस्तावेज भी हैं।

प्रार्थी ने शिकायती पत्र में बताया कि चाचा की नीयत अब ख़राब हो चुकी है। शासन व प्रशासन को गुमराह करके यह बताया जा रहा है कि मेरी पुस्तैनी जमीन व घर पर कब्जा कर लिया गया है, जबकि यह सरासर गलत है। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राव ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है, जांच की जा रही है।

क्विज के विजेताओं को मिले पुरस्कार

संवाददाता, खागा फतेहपुर

अमृत विचार। विकास खंड धाता के सभी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं कंपोजिट विद्यालय के छात्र-छात्राओं की राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी की देखरेख में धाता इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में कुल 58 विद्यालयों में से लगभग ढाई सौ छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। स्थान पाने वाले बच्चों को विशेष पुरस्कार भी दिए गए।

प्रतियोगिता में बहुविकल्पीय एवं लघु उत्तरीय प्रश्न और साक्षात्कार के माध्यम से बच्चों के विज्ञान और गणित के ज्ञान को परखा गया। प्रतियोगिता में प्रथम 100 छात्रों को एक्सपोजर विजिट कराया जाना है। साथ ही प्रथम सात बच्चों को जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभा का अवसर मिलेगा। सभी प्रतिभागी छात्रों को प्रमाण पत्र और स्टेशनरी दी गई साथ एवं विजेता बच्चों को पुरस्कार में नकद धनराशि भी दी गई। पुरस्कार वितरण धाता इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राम लखन सिंह द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार सिंह की देखरेख में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में आरपी हनुमंत प्रताप सिंह, जयशंकर प्रसाद के अतिरिक्त विकास खंड के समस्त विज्ञान व गणित के शिक्षकों द्वारा सहयोग किया गया।

क्विज प्रतियोगिता में अव्वल रहे बच्चे पुरस्कारों के साथ। अमृत विचार

- ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता में 58 विद्यालयों के 250 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

पूर्व मंत्री रामप्रकाश त्रिपाठी सर्वाधिक वोट से बने थे सांसद

लोकसभा चुनाव 2024
कन्नौज लोकसभा क्षेत्र

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। लोकतंत्र में सबसे अधिक वोट हासिल करने वाला ही जमीनी स्तर का नेता माना जाता है। कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में यह रिकॉर्ड पूर्व मंत्री स्व. रामप्रकाश त्रिपाठी के नाम है। 1977 में जब वह सांसद बने थे तो उन्होंने 70 प्रतिशत वोट हासिल किए थे। इसके बाद जितने भी सांसद यहां से चुने गए, वह इतने वोट प्राप्त नहीं कर सके। यहां तक सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव व अखिलेश यादव को भी इतने वोट नसीब नहीं हुए।

छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हरिबल्लभपुर उधरनपुर के रहने वाले रामप्रकाश त्रिपाठी पेशे से शिक्षक थे। राजनीति में उन्होंने कदम रखा तो जनता पार्टी ने


पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. रामप्रकाश त्रिपाठी।

1977 में उन्हें कन्नौज लोकसभा सीट से चुनाव लड़वाया। उनकी तेज तर्रार और युवा नेता की छवि को लोगों ने आत्मसात किया और इस सीट पर जीत का सेहरा बांध दिया। रामप्रकाश त्रिपाठी ने अकेले 70 प्रतिशत वोट हासिल किए थे, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी बलराम सिंह को महज 28 फीसदी वोट ही मिल पाए थे। इसके बाद सभी प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी। उनका यह रिकॉर्ड किसी अन्य सांसद नहीं

- कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में 1977 में 70 प्रतिशत वोट मिले थे
- मुलायम सिंह व अखिलेश यादव को भी नहीं मिले इतने वोट

तोड़ पाया। 1999 में जब सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव यहां से चुनाव लड़कर जीते थे तो उनके खाते में केवल 43 प्रतिशत ही वोट गए थे।

इसी प्रकार अखिलेश यादव ने 61 प्रतिशत वोट हासिल किए, जिससे वह दूसरे सबसे अधिक वोट पाने वाले सांसद बन गए थे। 2004 के चुनाव के बाद जीत-हार का अंतर बहुत कम ही वोटों से रहा। 2019 में भाजपा से सांसद बनने वाले सुब्रत पाठक को 49 प्रतिशत वोट मिले, जबकि प्रतिद्वंद्वी डिंपल यादव को 48 प्रतिशत वोट मिले थे। इस तरह महज एक फीसद वोट से ही सुब्रत को जीत हासिल हुई थी।

इतने प्रतिशत मिले थे सांसदों को वोट

वर्ष	सांसद	वोट प्रतिशत	प्रतिद्वंद्वी	वोट प्रतिशत
1967	डॉ. राममनोहर लोहिया	33	सत्यनारायण मिश्र	32
1971	सत्यनारायण मिश्र	41	रामप्रकाश त्रिपाठी	24
1977	रामप्रकाश त्रिपाठी	70	बलराम सिंह	28
1980	छोटे सिंह यादव	36	रामप्रकाश त्रिपाठी	27
1984	शीला दीक्षित	41	छोटे सिंह यादव	29
1989	छोटे सिंह यादव	42	शीला दीक्षित	32
1991	छोटे सिंह यादव	36	टीएन चतुर्वेदी	23
1996	चंद्रभूषण सिंह	38	छोटे सिंह यादव	28
1998	प्रदीप यादव	42	चंद्रभूषण सिंह	36
1999	मुलायम सिंह यादव	43	अरविंद प्रताप सिंह	31
2000	अखिलेश यादव	48	अकबर अहमद डंपी	32
2004	अखिलेश यादव	61	ठाकुर राजेश सिंह	21
2009	अखिलेश यादव	46	डॉ. महेशचंद्र वर्मा	30
2014	डिंपल यादव	44	सुब्रत पाठक	42
2019	सुब्रत पाठक	49	डिंपल यादव	48

राजनीतिक दलों के होर्डिंग बैनर आज से हटाए जाएंगे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- अब नहीं होंगी विकास कार्यों की समीक्षा बैठकें

अमृत विचार। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से आज दोपहर तीन बजे लोकसभा क्षेत्र के चुनाव का ऐलान कर दिया जाएगा। उसके बाद से ही आदर्श आचार संहिता भी लागू हो जाएगी। कर्मचारियों को लेकर अधिकारी राजनीतिक दलों व संभावित प्रत्याशियों के होर्डिंग-बैनर हटाएंगे।

नियम मुताबिक जब चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है तो उस दौरान तहसील व थाना के संपूर्ण समाधान दिवस नहीं होंगे। ब्लॉक दिवस व किसान दिवस पर भी रोक रहेगी। विकास कार्यों आदि की समीक्षा बैठक नहीं होंगी। महज चुनाव से जुड़ी गतिविधियों की तैयारी व बैठकें होंगी। यह सिलसिला करीब दो महीने तक चलेगा। दूसरी ओर मार्च का तीसरा शनिवार होने की वजह

से संपूर्ण समाधान दिवस की वजह से तहसीलों में सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक शिकायतें सुनी जाएंगी। कहा जा रहा है कि दिल्ली में होने वाली प्रेस कॉन्फ्रेंस में ही शनिवार दोपहर तीन बजे के बाद तय हो जाएगा कि देश में लोकसभा क्षेत्र के चुनाव कितने चरणों में कराए जाएंगे। कन्नौज लोकसभा क्षेत्र का चुनाव किस चरण में होगा। संभावना है कि तीसरे या चौथे चरण में कन्नौज में वोट के लिए नाम हो सकता है।

बिजली संकट से जूझेंगे उपभोक्ता

कन्नौज। मकरंदनगर विद्युत उपकेंद्र पर लगे 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर को दूसरे स्थान पर स्थापित करने का काम किया जायेगा। 16 मार्च कोसुबह आठ से शाम छह बजे तक मकरंदनगर उपकेंद्र से मिलने वाली सप्लाई बंद रहेगी। मकरंदनगर उपकेंद्र से निकलने वाली अटारा फीडर, जसोदा व शहर के अजयपाल से जुड़े लोगों को बिजली नहीं मिलेगी। यह जानकारी एक्सईएन मगन सिंह ने दी।

दो दिन तक आपूर्ति रहेगी बाधित : गुरसहायगंज। उपकेंद्र छिबरामऊ के 132 केवी पर सुधार कार्य के चलते दो दिन तक नगर सहित क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अवर अभियंता विकास कुमार ने बताया कि सौरिख, गुरसहायगंज, छिबरामऊ, बहबलपुर, सिकन्दरपुर आदि स्थानों पर 17 मार्च को दोपहर 01 बजे से शाम 05 बजे तक व 18 मार्च को दोपहर 02 बजे से शाम 05 बजे तक आपूर्ति बंद रहेगी।

जिले के 1464 विद्यालयों में 1.30 लाख परीक्षार्थी

प्राथमिक, जूनियर के अलावा पांच कस्तूरबा स्कूल भी शामिल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जिले के 1459 प्राथमिक, जूनियर और कंपोजिट विद्यालयों और पांच कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में एक लाख 30 हजार 34 छात्र-छात्राएं वार्षिक गृह परीक्षा देंगे। 20 से 27 मार्च तक चलने वाली परीक्षाओं का संशोधित शेड्यूल भी जारी हो चुका है।

बीएसए उपासना रानी वर्मा ने बताया कि परिषदीय स्कूलों में पहले 16 से 21 मार्च तक वार्षिक परीक्षाएं होनी थीं। उन्होंने बताया कि प्रश्न पत्र छपकर आ गए हैं, उनका दो दिनों से वितरण चल रहा है। जिले की सभी बीआरसी पर प्रश्न पत्रों के पैकेट वाले बंडल पहुंच चुके हैं। पहली पाली की परीक्षा स्कूलों में सुबह 9.15 बजे से 10.45 बजे तक होगी। दूसरी पाली की परीक्षा 12.15 बजे से 2.45 बजे तक होगी। 20 से 27 मार्च तक होने वाली परीक्षा के दौरान 24, 25 व 26 मार्च को अवकाश रहेगा।

किस कक्षा में कितने पंजीकरण

- 1,10,339 परीक्षार्थी कक्षा एक से आठ तक हिंदी माध्यम
- 18,729 परीक्षार्थी कक्षा एक से आठ तक अंग्रेजी माध्यम
- 966 परीक्षार्थी कक्षा एक से आठ तक उर्दू विषय

इस तरह होंगी कक्षाओं में परीक्षाएं

कक्षा एक में मौखिक परीक्षा होगी। कक्षा दो में हिंदी, अंग्रेजी व गणित की परीक्षा के बाद सभी विषयों की मौखिक परीक्षा होगी। कक्षा तीन में सामाजिक विषय, कला-संगीत, कार्यानुभव-नैतिक शिक्षा, हिंदी, अंग्रेजी, गणित, संस्कृत-उर्दू की परीक्षा और सभी विषयों की मौखिक परीक्षा होगी। कक्षा चार व पांच में गणित, कला-संगीत, कार्यानुभव-नैतिक शिक्षा, सामाजिक विषय, अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत-उर्दू विषय का इम्तिहान होगा। सभी विषय की मौखिक परीक्षा भी होगी। कक्षा छह, सात व आठ में गणित, कला-संगीत, विज्ञान, पर्यावरण अध्ययन, सामाजिक विषय, अंग्रेजी, हिंदी व संस्कृत-उर्दू की परीक्षा के बाद अंतिम दिन बेसिक क्राफ्ट, कृषि, गृह शिल्प, संबंधित कला, खेल एवं शारीरिक शिक्षा-स्काउटिंग की परीक्षा होगी।

विशिष्ट आलू मंडी का होगा सुंदरीकरण, लगेंगे पौधे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। विशिष्ट आलू मंडी ठठिया का सुंदरीकरण किया जायेगा। इसमें फल, फूल व छायादार पौधे लगाए जाएंगे। मंडी सचिव शासन को प्रस्ताव भेजेंगे।

विशिष्ट मंडी ठठिया का सुंदरी करण किया जायेगा। इसके लिये प्रस्ताव तैयार किया जायेगा। अभी तक मंडी के अंदर किसी तरह के पेंड़ नहीं लगे हैं। इससे मंडी में आने वाले किसानों को दोपहर के समय मंडी में कहीं पर भी छायादार पेड़ न होने से दिक्कत हो रही है। इसी को देखते हुए मंडी सचिव विशिष्ट मंडी ठठिया का सुंदरीकरण करायेंगे। इसके लिये पहले प्रस्ताव तैयार कराया जायेगा। इसके बाद बजट की मांग शासन से की जायेगी। मंडी निरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि मंडी में अभी काफी काम होना है। इन सभी कामों को चिन्हित किया जायेगा। इसके बाद शासन से धनराशि की मांग की जायेगी। जिन स्थानों पर छायादार पौधों की जरुरत है वहां पर छायादार व जहां फूलदार पौध की जरुरत है वहां फूलदार पौध लगाई जायेगी। इसी तरह कतारों में फलदार पौधे भी लगाये जायेंगे। इस में आम, जामुन, शहतूत, अमरूद के अलावा नीबू के भी पौधे लगाये जायेंगे। इन पौधों के चल जाने से विशिष्ट मंडी कुछ खास लुक में दिखने लगेगी। क्यो कि इसी विशिष्ट मंडी पर शासन की सीधी नजर है।

ठठिया स्थित विशिष्ट आलू मंडी। अमृत विचार

शहीद सिपाही की मां को एसपी ने सौंपा 1.45 करोड़ का चेक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- शहीद पर मिलने वाली अनुग्रह राशि 50 लाख रुपये का शासन को भेजा प्रस्ताव
- विशुनगढ़ में हिस्ट्रीशीटर मुनुआं यादव की गोली से शहीद हो गया था सिपाही

अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने शहीद आरक्षी सचिन राठी की मां गीता देवी को पुलिस सैलरी पैकेड पॉलिसी के तहत बैंक आफ बड़ौदा की ओर से 75 लाख रुपये व प्रदेश के अन्य जनपदों की पुलिस सैलरी से 69,73,064 समेत कुल 1,44,73,064 का चेक प्रदान किया। नम आंखों से परिजनों ने चेक ली।

शुक्रवार को पुलिस कार्यालय कन्नौज में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने वर्ष 2019 बैच के आरक्षी सचिन राठी जो 25 दिसंबर 2023 को थाना विशुनगढ़ में हिस्ट्रीशीटर मुनुआं यादव से हुई पुलिस मुठभेड़ में शहीद हुए थे। सिपाही सचिन राठी की नॉमिनी मां गीता देवी को पुलिस सैलरी पैकेज पॉलिसी के अंतर्गत इंश्योरेंस का 75 लाख रुपये व जनपद कन्नौज पुलिस व कानपुर रेंज के अन्य जनपदों के पुलिस कर्मियो की ओर से अपनी

शहीद सिपाही की मां को चेक सौंपते बैंक आफ बड़ौदा के अधिकारी व एसपी अमित कुमार आनंद। अमृत विचार

सैलरी से दी गई सहयोग राशि 69,73,064 रुपये समेत कुल 1,44,73,064 रुपये की चेक सौंपी गई। एसपी ने बताया कि इसके अतिरिक्त शासन में शहीद सिपाही सचिन राठी के लिए कर्त्तव्य पालन के दौरान शहीद होने पर मिलने वाली अनुग्रह राशि 50 लाख रुपये का प्रस्ताव भेजा गया है।

इस मौके पर शहीद आरक्षी की मां गीता देवी, पिता वेद प्रकाश राठी व बहन तथा क्षेत्रीय कार्यालय बैंक ऑफ बड़ौदा कानपुर व बैंक ऑफ बड़ौदा प्रबंधक छिबरामऊ, बैंक ऑफ बड़ौदा कन्नौज के मुख्य प्रबंधक मौजूद रहे।

झोलाछाप, तख्त पर लिटा कर मरीज को लगा रहे ड्रिप

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

अमृत विचार। तख्त पर लिटाकर मरीज के ड्रिप चढ़ाते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो खैरनगर का बताया जा रहा। वीडियो में साफ दिख रहा कि किस तरह मरीजो की जान के साथ खिलवाड किया जा रहा है। हालांकि अमृत विचार इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

स्वास्थ्य विभाग के सख्ती के बाद भी झोलाछाप सुधरने का नाम नही ले रहे। झोलाछाप का तख्त पर लिटाकर मरीज को ड्रिप चढाते एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो थाना ठठिया के खैरनगर कस्बे का बताया जा रहा है,

तख्त पर लेटा रोगी।

जहां एक झोलाछाप डाक्टर के द्वारा तख्त पर लिटाकर मरीज को बोतल चढ़ा रहा था। चिकित्साधिकारी डाक्टर राजन शर्मा ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

पृथक्कीकरण ही कूड़ा निस्तारण का विकल्प

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

अमृत विचार। शुक्रवार की सुबह लगभग सात बजे अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने पालिका टीम के वार्ड संख्या आठ मोहल्ला दिलशाद नगर में निरीक्षण किया। उन्होने नागरिकों से सफाई कार्य और ट्राई साईकिल प्रतिदिन कूड़ा लेने आती है, इसकी जानकारी ली। अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने निरीक्षण के दौरान बताया कि अब गीला, सूखा कचरा अलग अलग डालना ही निस्तारण का विकल्प नहीं। बल्कि एक कदम आगे बढ़कर सैनेटरी, घरेलू खतरनाक अपषिष्ट एवं ई-वेस्ट को भी अलग अलग करना होगा। कचरे को अलग से एकत्रित करने के लिए ट्राईसाईकिल में व्यवस्था की गई है। अधिशासी

नागरिकों से जानकारी करते ईओ अनिल पंडित। अमृत विचार

अधिकारी ने बताया कि सैनेटरी वेस्ट का अर्थ डायपर, सैनेटरी, नैपकिन, ग्लव्स आदि से है। घरेलू खतरनाक (हजार्डस) वेस्ट का अर्थ पेंट के डिब्बे, कीटनाशक के डिब्बे, ट्यूबलाइट, मर्करी थर्मामीटर से है। जबकि खराब इलेक्ट्रानिक सामान ई-वेस्ट में आते है। इन्हे अलग अलग एकत्रित करना ही सही निस्तारण का एक मात्र विकल्प है। क्योंकि ये सभी कचरा आपस में मिलकर खतरनाक परिणाम प्रदर्शित कर सकते हैं। इस दौरान कार्यालय अधीक्षक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, जर्नादन मिश्रा, मनोज तिवारी, गौरव वर्मा, वीर सिंह, राजन बाबू, अशोक कुमार, शिवशंकर तिवारी, जीशान आलम आदि रहे।

नुमाइश में दुकानदार से मारपीट, एफआईआर

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

अमृत विचार। सकरावा रोड पर लगी नुमाइश में दुकान लगाए दुकानदार को दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। दुकानदार ने थाने पहुंच प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

जनपद औरैया के थाना बिधूना के जवाहर नगर निवासी सद्दाम पुत्र अयूब अली ने बताया कि सौरिख सकरावा रोड पर चल रही नुमाइश में अपनी बिसातखाने की दुकान लगा रहा था। साथ में छोटा भाई अल्ताफ हुसैन भी था। समय करीब रात 9 बजे दुकान पर निखिल कुमार कृष्णा निवासी सुभाष नगर,

मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

गुरसहायगंज। ग्राम रायपुर निवासी पूजा अहिरवार ने बताया है कि गांव की संध्या, छवि, सोनी ने 13 मार्च की दोपहर लगभग तीन बजे विवाद को लेकर उसके घर में घुसकर गाली गलौज की। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रवि कुमार निवासी इंदिरा नगर कुछ अज्ञात लोग आए और गाली गलौज करने लगे। मना किया तो सभी लोग मारपीट करने लगे। बीच बचाव करने पर अल्ताफ हुसैन को भी मारपीट कर घायल कर दिया। दुकान के काउंटर भी तोड़ दिए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

दहेज के लिए हत्या करने की आशंका

तिर्वा। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के अगौस गांव निवासी सुरती देवी ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि सात साल पहले परिजनों ने गांव के ही निवासी शिवम के साथ शादी की थी। कहा कि कुछ दिन पहले दहेज में पचास हज़ार रुपए की मांग करने लगे। कहा कि मांग पूरी न होने पर पति शिवम, सास ज्ञान देवी, ननद मालती देवी व देवर भूपे प्रताडित करने लगे। बच्चों समेत खाना पीना देना बंद कर दिया। पीड़िता ने ससुरालियों से जानमाल के खतरे की आंशका जताते हुए पुलिस को घटना की जानकारी दी। एसपी अमित कुमार आंनद के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

आक्रोश व्याप्त | सपाइयों ने तहसीलदार को ज्ञापन देकर प्रतिमा लगवाने की मांग, गुरुवार को हटवाई गई थी प्रतिमा

महारानी अवंतीबाई की प्रतिमा को लेकर गरमाई सियासत

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

अमृत विचार। महारानी अवंतीबाई की प्रतिमा लगने के बाद उसे प्रशासन की ओर से हटवाए जाने को लेकर सियासत गरमा गई। इस मामले को लेकर सपाइयों ने भी तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए प्रतिमा लगवाए जाने की मांग की।

कस्बे के एक समाज के लोगो की ओर से कई वर्षों से वीरागंना महारानी अवंतीबाई की प्रतिमा लगाए जाने की मांग की जा रही थी। गुरुवार को भाजपा विधायक कैलाश राजपूत ने कस्बे के इंदरगढ़ तिराहा पर एक निजी भूमि पर भू-स्वामी से अनुमति लेकर प्रतिमा लगवाने का काम शुरू कर दिया।

गुरुवार की शाम को समाज के लोगों को देखते हुए भाजपा

तहसीलदार को ज्ञापन देते सपाई। अमृत विचार

विधायक ने तिराहा पर अवंतीबाई बाई की प्रतिमा लगवाकर उसका अनावरण कर दिया। बिना अनुमति के प्रतिमा स्थापित की जानकारी होते ही डीएम ने उसे हटवाने का निर्देश जारी कर दिया। प्रतिमा को हटाने का समाचार मिलते ही समर्थको ने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना पर सांसद, विधायक, जिलाध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर समर्थकों को समझाया। प्रशासन ने बिना अनुमति लगाई गई प्रतिमा को हटवा दिया।

प्रतिमा हटने के बाद एक ही समाज के लोगो में आक्रोश उत्पन्न हो गया। अवंतीबाई की प्रतिमा हटने के बाद भाजपा के बाद सपाइयों ने भी प्रतिमा लगवाने की मांग करने लगे। शुक्रवार को तहसीलदार अवनीश कुमार को ज्ञापन देकर मांग की कि प्रतिमा जहां पर स्थापित की गई, वहीं पर स्थापित की जाए। यदि प्रतिमा स्थापित नहीं होती तो सपाई सड़क पर उतरकर आंदोलन करने पर विवश होंगे। ज्ञापन देने के दौरान राघवेद्र सिह राजपूत, अशुपाल, गुलामुद्दीन, हरीशंकर राजपूत, जगदीश नरायन, प्रवल प्रताप सिह, आकाश शाक्य, नेमसिह यादव, समेत अन्य सपाई मौजूद रहे।

लोधी सेना ने सौंपा ज्ञापन

छिबरामऊ। शुक्रवार को लोधी सेना के प्रदेश अध्यक्ष हरगोविंद सिंह लोधी व जिलाध्यक्ष बलराम सिंह के नेतृत्व में दर्जनों लोग तहसील पहुंचे और तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान अमित कुमार लोधी, भैया लाल लोधी, राजीव लोधी एडवोकेट, अमित कुमार उर्फ आलोक लोधी, केडी वर्मा एडवोकेट, विकल लोधी, देवेंद्र लोधी, कन्हैयालाल लोधी, रामसेवक लोधी समेत लोधी समाज के कई लोग मौजूद रहे।

प्रतिमा मामले में तिर्वा के कोतवाल पर गिरी गाज

कन्नौज। तिर्वा के इंदरगढ़ तिराहे पर रानी अवंती बाई की प्रतिमा लगने के मामले में लापरवाही पर एसपी ने तिर्वा कोतवाली प्रभारी विजय सिंह को लाइन हाजिर कर दिया। गुरसहायगंज कोतवाली के अतिरिक्त निरीक्षक जयंती प्रसाद को तिर्वा कोतवाली का चार्ज सौंपा है। तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के इंदरगढ़ तिराहे पर बिना इजाजत के रानी अवंतीबाई की प्रतिमा लगने व बाद में पुलिस प्रशासन की ओर से हटाने के मामले को एसपी अमित कुमार आनन्द ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने घटना की जानकारी लेने के बाद तिर्वा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह को लाइन हाजिर कर दिया। इस के बाद गुरसहायगंज के अतिरिक्त निरीक्षक जयंतीलाल को तिर्वा कोतवाली का प्रभारी निरीक्षक बनाया है। आनन फानन में हटाये गये तिर्वा कोतवाली प्रभारी की चर्चा जोरों पर है। लोग कोतवाल को हटाने में इसी मामले को कारण मान कर चल रहे हैं। वहीं एसपी स्थानांतरण को कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने की बात कह रहे हैं। उनका कहना है कि यह रुटीन स्थानांतरण है।

नगर स्थित जामा मस्जिद के बाहर तैनात पुलिस बल। अमृत विचार

जुमे की नमाज को लेकर पुलिस अलर्ट

गुरसहायगंज-कन्नौज। कोतवाली पुलिस रमजान के पहले जुमा की नमाज को लेकर सुबह से ही अलर्ट रही। कोतवाल जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने भ्रमण कर व तैनात रहकर नजर रखी। जबकि पुलिस टीम ने भ्रमण कर लोगों को शांति व सुरक्षा का संदेश दिया और अराजकतत्व की सूचना पुलिस को देने की बात कही। शुक्रवार को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर दोपहर बाद कस्बा प्रभारी राबिन सिंह, समधन चैकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह, मझपुर्वा चौकी प्रभारी विनय शर्मा, उपनिरीक्षक चन्द्रभान सिंह, आनंद मिश्रा, नीरज शर्मा नगर के तिराहा स्थित जामा मस्जिद, तिर्वा रोड, गांधी नगर सहित समधन, डुंडवाबुर्जुग, मझपुर्वा, सफीपुरजप्ती, इस्माइलपुर आदि मस्जिदों पर पुलिस कर्मियों के साथ तैनात रहे। पुलिस की मौजूदगी के बीच जुमा की नमाज अदा कराई गई। कोतवाल ने स्थानीय लोगों से सामाजिक सौहार्द व शांति व्यवस्था बनाएं रखने की अपील की।

एनवीआर चुराने में आगरा का हेड मास्टर निलंबित

औरैया के प्राथमिक स्कूल झबरा का शिक्षक पंकज पहले हो चुका सस्पेंड, साक्ष्य मिटाने को की थी चोरी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

बीएसए कार्यालय में 29 फरवरी को पंकज से बात करता प्रधानाध्यापक यादवेंद्र।

बेसिक शिक्षा अधिकारी के कक्ष से एनवीआर चोरी करते यादवेंद्र शर्मा व पंकज।

अमृत विचार। बीएसए कार्यालय से सीसीटीवी फुटेज का एनवीआर चोरी करने के दूसरे आरोपी शिक्षक को भी निलंबित कर दिया गया है। जिस प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई की गई है वह प्राथमिक विद्यालय नरिकांकरी ब्लॉक शमशाबाद जिला आगरा में तैनात है। मूल विद्यालय में ही वह संबद्ध रहेगा। इस मामले में औरैया बीएसए की ओर से पूर्व में प्राथमिक स्कूल झबरा ब्लॉक बिधूना के शिक्षक पंकज कुमार का भी निलंबन हो चुका है।

आगरा के बीएसए जितेंद्र कुमार गोंड ने जारी किए निलंबन आदेश में कहा है कि प्रकरण की जांच बाह के बीईओ अमरनाथ व फतेहपुर सीकरी के बीईओ रंजन गुप्ता को दी गई है। कहा है कि विभागीय नियमों के तहत आरोप पत्र दाखिल करें। बीएसए ने जारी किए निलंबन पत्र में जिक्र किया है कि कन्नौज बीएसए उपासना रानी वर्मा ने पत्र भेजकर कहा था कि 29 फरवरी को एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई में वरिष्ठ लिपिक विमल पांडेय को रिश्वत देने के आरोप में पकड़ा गया था। उसके बाद सदर कोतवाली में रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई। आरोप है कि इस दौरान एंटी करप्शन टीम के साथ शामिल रहे आगरा व औरैया के शिक्षकों ने टीम की गलत कार्रवाई व मारपीट आदि के साक्ष्य मिटाने के लिए एनवीआर चुरा ली थी। हालांकि दूसरे डीवीआर में सब मामला कैद हो गया था। उसकी सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद ही मामले की सच्चाई सामने आई। बीएसए कन्नौज ने आगरा बीएसए को सीसीटीवी फुटेज, वायरल वीडियो व फोटो मुहैया कराकर शिनाख्त करने के बाद कार्रवाई की बात कही थी। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने भी जांच कर कार्रवाई करने को कहा। बीएसए जितेंद्र कुमार गोंड ने कहा है कि यादवेंद्र शर्मा ने बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी वर्ग नियमावली-1973 की सपठित उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक अनुशासन एवं अपील नियमावली-1999 के तहत आरोपों में निलंबित कर दिया गया। घटनाक्रम वाले दिन यादवेंद्र शर्मा भगवा रंग का अंगौछा डालकर अंदर घुसा था और स्क्रीन का प्लग निकाल दिया था। पंकज ने एनवीआर निकालकर झोले में डाल ली थी और लेकर चला गया था।

अब तक चार शिक्षक हो चुके निलंबित

बीएसए कार्यालय के 29 फरवरी वाले प्रकरण को लेकर अब तक चार शिक्षक निलंबित हो चुके हैं। इसमें उन्नाव का प्रधानाध्यापक (अब निलंबित) प्रवीन पाल भी शामिल है जिस पर वरिष्ठ लिपिक विमल पांडेय पर फाइल से रुपये फेंकने व मारपीट करने का आरोप है। वह सीसीटीवी फुटेज में भी दिख रहा है। एंटी करप्शन टीम से शिकायत करने वाले कन्नौज के प्राथमिक स्कूल गौरीबांगर ब्लॉक गुगरापुर के शिक्षक अनुराग सिंह को भी निलंबित किया जा चुका है। उस पर गलत तरीके से साजिश का आरोप है।

महिला बंदियों को दी सर्वाइकल कैंसर की जानकारी

जलालाबाद। अपर जिला जज लवली जयसवाल ने शुक्रवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया और लीगल एड क्लीनिक के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बंदियों से खानपान, चिकित्सा व मुकदमों में पैरवी हेतु अधिवक्ताओं के संबंध में जानकारी ली। समस्याओं को सुनकर निराकरण के लिए जेल अधीक्षक पीके त्रिपाठी को निर्देशित किया। इस मौके पर सर्वाईकल कैंसर की रोकथाम, समस्या एवं सामाधान के लिए महिला बैरक में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। एडीजे लवली जायसवाल ने कारागार अस्पताल का निरीक्षण किया। जहां कुल 12 बन्दी भर्ती मिले। इनमें दो बंदी टीबी रोग से ग्रसित थे। इनकी देखभाल, दबाई व पौष्टिक भोजन देने के अलावा अस्पताल में सफाई कराने के निर्देश दिए। लीगल एड क्लीनिक में कार्यरत पराविधिक स्वयं सेवक को बंदियों को विधिक सहायता के बारे में बताया।

नेहरू कॉलेज में चित्र भेंट करते प्राचार्य डॉ. जयवीर सिंह। अमृत विचार

छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

छिबरामऊ, कन्नौज। शुक्रवार को नेहरू कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक डॉ.आशीष कुमार गुप्ता के निर्देशन में ग्राम पंचायत भवन कमालपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया। छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम के अधिकारी डॉ. आशीष कुमार गुप्ता, प्राचार्य डॉ जयवीर सिंह व विशिष्ट मुख्य अतिथि ग्राम कल्याणपुर प्रधान श्रीमती प्रतिभा मिश्रा ज्ञान की अधिष्ठात्री मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और प्राचार्य ने विशिष्ट अतिथि को सावित्रीबाई फुले का स्मृति चित्र भेंट किया। मुख्य अतिथि श्रीमती इंदिरा दुबे ने बताया कि देशभक्ति की भावना जाति, धर्म, संप्रदाय आदि संकीर्ण विचारधाराओं से परे की भावना है। प्राचार्य डॉ. जयवीर सिंह ने सामुदायिक सेवा गतिविधि अनुभव के महत्वता को सविस्तार वर्णित किया। समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ उदय पाल सिंह ने स्वयं सेवकों के अंदर सेवा के दृढ़ संकल्प की भावना को महत्वपूर्ण बताया तथा रोचक कथाओं के माध्यम से स्वयंसेवकों को राष्ट्र सेवा के प्रति जागरूक किया।

कथावाचक बनाने का झांसा देकर छात्रा से किया दुष्कर्म

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

- वीडियो वायरल करने की धमकी दे बनाए कई बार संबंध

अमृत विचार। कथा वाचक बनाने के झांसा देकर युवक छात्रा को अपने घर ले गया और दुष्कर्म कर उसका अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी कक्षा 9 की छात्रा थाने पहुंची, जहां उसने पुलिस को बताया कि उसे भागवत कथा सीखने की ललक है। गांव के एक युवक मोनू पुत्र लाखन सिंह ने उसे आश्वासन दिया कि उसकी कई कथा वाचकों से जान-पहचान है और वह उनके पास भेजकर सिखा देगा। इस बहाने से अपने घर बुला ले गया। वहां उसने सुनसान घर में उसके साथ दुष्कर्म किया और मोबाइल से अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद उसने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी और कई बार शारीरिक संबंध बनाए। परेशान होकर उसने पुलिस से शिकायत करने का निर्णय लिया। उसने पूरी बात अपने चाचा को बताई और उनके साथ थाने चली गई। थाना प्रभारी सचिन कुमार ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर मोनू के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

अफसरों ने चुनाव को लेकर की बैठक

सौरिख। लोकसभा चुनाव के चलते उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी ने सौरिख थाने पहुंच सेक्टर प्रभारियों की बैठक ली। इस दौरान चुनाव संबंधी दिशा निर्देश दिए।

शुक्रवार को थाना परिसर में उपजिलाधिकारी तिर्वा अशोक कुमार क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा ने क्षेत्र के सभी सेक्टर प्रभारियों को बुलाकर उनके साथ बैठक ली। इस दौरान दिशा निर्देश देते हुए बताया की सभी अपने-अपने क्षेत्र में पहुंचकर जानकारी करें। किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो उसे अवगत कराए। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार सिंह, ओम विलास शाक्य, इंद्रजीत, आशीष गुप्ता, राकेश यादव, महेंद्र कुमार, सर्वेश कुमार, सुनील कुमार, जय बिंद सिंह, महेंद्र त्रिपाठी, डॉ. मेहर सिंह, नागेंद्र कुमार आदि रहे।

चुनाव से पहले सपा नेता दिनेश यादव ने पहना 'भगवा' चोला

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- तालग्राम के पूर्व चेयरमैन ने छोड़ा सपा का साथ, पार्टी पर लगाया उपेक्षा का आरोप
- लखनऊ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व डिप्टी सीएम ने ग्रहण कराई भाजपा की सदस्यता

पूर्व चेयरमैन दिनेश यादव का स्वागत करते डिप्टी सीएम बृजेश पाठक व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी। अमृत विचार

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता और तालग्राम के पूर्व चेयरमैन दिनेश यादव ने भी लोकसभा चुनाव से पहले भगवा चोला पहन लिया है। शुक्रवार को उन्होंने लखनऊ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी व उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के सामने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर उपेक्षा का आरोप लगाया है।

कस्बा तालग्राम निवासी दिनेश यादव छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय रहे हैं। 2007 से लेकर 2010 तक वह समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष रहे। समाजवादी पार्टी में सक्रिय भूमिका निभाते हुए उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व डिंपल यादव के चुनाव में संगठनात्मक तौर पर काम किया। 2012 व 2017 में वह निर्दलीय चेयरमैन रहे और 2016 व 2021 में निर्दलीय रूप से जिला पंचायत सदस्य भी चुने गए। 2023 के नगर निकाय चुनाव में वह दूसरे स्थान पर रहे। दिनेश यादव ने अमृत विचार को बताया कि उन्होंने 25 साल तक सपा में रहकर पूरी निष्ठा के साथ काम किया था और तन-मन-धन से सेवा की। इसके बाद भी उन्हें चेयरमैन या जिला पंचायत सदस्य का पार्टी ने टिकट भी नहीं दिया और वह अपने व्यवहार के बल पर चुनाव जीते। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हर बार आश्वासन दिया, लेकिन दूसरों के कहने पर उन्हें टिकट नहीं दिया।

इसी उपेक्षापूर्ण बर्ताव के चलते उन्होंने सपा को छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। अब वह लोकसभा चुनाव में भाजपा को मजबूती प्रदान करेंगे। शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया समेत कई कार्यकर्ताओं ने दिनेश यादव का फूलमालाओं से स्वागत किया।

पूर्व चेयमैन के साथ ली भाजपा की सदस्यता

गुरसहायगंज। पूर्व चेयरमैन दिनेश यादव के साथ सपा के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी युवजन सभा के सदस्य सुधांशु भदौरिया, पूर्व सभासद अभय सिंह यादव, सपा छात्रसभा के जिला सचिव जावेद खान, शोएब सिद्दकी, सोनू यादव, निर्मल यादव, विपिन यादव, अतुल तिवारी, पंकज कश्यप, संजीव शाक्य, राहुल शाक्य ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। दिनेश यादव की पत्नी मिथलेश यादव वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य हैं।

सांसद, विधायक ने किया स्वागत

तालग्राम। लखनऊ में भाजपा की सदस्यता लेने के बाद दिनेश यादव व समर्थकों का भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, सांसद सुब्रत पाठक, विधायक कैलाश राजपूत ने समर्थकों का माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद वह तालग्राम कस्बा में पहुंचे। जहां ढोल नगाड़ों के साथ फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

कन्नौज में रुकेगी ग्वालियर-कोलकाता एक्सप्रेस

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

ट्रेन को हरी झंडी दिखाते मंत्री असीम अरुण व सांसद सुब्रत पाठक। अमृत विचार

- सांसद की पहल पर नई साप्ताहिक ट्रेन की शुरुआत

अमृत विचार। इत्र और इतिहास की नगरी से अब ऐतिहासिक शहर ग्वालियर व कोलकाता सीधे जुड़ गए हैं। सांसद की पहल पर केंद्रीय रेल मंत्री ने ग्वालियर-कोलकाता एक्सप्रेस नई साप्ताहिक ट्रेन की शुरूआत की है, जिसे कन्नौज में भी रोका जाएगा। रात 11 बजे स्टेशन पर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण व सांसद सुब्रत पाठक ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

सांसद सुब्रत पाठक ने ग्वालियर व कोलकाता के लिए नई ट्रेन चलाए जाने तथा प्रतापगढ़-बीकानेर एक्सप्रेस के झींझक स्टेशन पर ठहराव के लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा था। रेलवे मंत्रालय ने मध्य प्रदेश के ग्वालियर से पश्चिम बंगाल के कोलकाता तक एक नई ट्रेन की शुरूआत की है, जिसका कन्नौज स्टेशन पर दो मिनट का ठहराव होगा और यात्रियों को यहां से आरक्षण भी मिलेगा। सप्ताह में प्रत्येक गुरुवार को यह ट्रेन स्टेशन पर आएगी। गुरुवार रात 11 बजे गाड़ी संख्या 12320 ग्वालियर-कोलकाता एक्सप्रेस ट्रेन स्टेशन पर पहुंची तो वहां प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण व सांसद सुब्रत पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, जोनल रेल परामर्शदात्री समिति के सदस्य राज शर्मा, मंडल रेल परामर्शदात्री समिति के सदस्य सतेंद्र प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर कोलकाता के लिए रवाना किया। मंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। मालगाड़ियों के लिए फ्रेट कॉरीडोर बनाए जा रहे हैं तो कई यात्री ट्रेनों में वृद्धि की गई है। इसके अलावा वंदे भारत जैसी स्वदेश निर्मित ट्रेन से रेल परिवहन में एक नई क्रांति आई है। सांसद ने कहा कि ऐतिहासिक नगरी कन्नौज को देश के सभी शहरों से जोड़ने की योजना है। इसके लिए कन्नौज से हरदोई और औरैया को जोड़ने के लिए नई रेल लाइन के लिए पत्र भी केंद्रीय रेल मंत्री को लिखा गया है।

इस मौके पर सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवध बिहारी, स्टेशन अधीक्षक अंजनी प्रसाद, मुख्य वाणिज्य अधीक्षक विनोद कुमार आनंद, मंडल सीनियर सेक्शन इंजीनियर लोकेश सगरवंशी, एरिया मैनेजर राजेश कुशवाहा, आरपीएफ इंस्पेक्टर ओमप्रकाश मीणा, सदर कोतवाल विष्णुकांत तिवारी समेत कई लोग उपस्थित रहे।

1822 परीक्षक करेंगे 3.68 लाख कॉपियों का मूल्यांकन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पहले दिन मिलेगा प्रशिक्षण फिर जांची जाएंगी कॉपियां

अमृत विचार। यूपी बोर्ड परीक्षा की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन 16 मार्च से शहर के दो केंद्रों पर शुरू हो जाएगा। उससे पहले उप प्रधान परीक्षकों (डीएचई) व परीक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। एक दिन पहले डीआईओएस व केंद्र प्रभारियों ने व्यवस्थाएं दुरुस्त कीं। कुल 1822 शिक्षक 3.68 लाख कॉपियों का मूल्यांकन करेंगे।

डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि अब तक हाईस्कूल की दो लाख 16 हजार 594 कॉपियां और इंटरमीडिएट की एक लाख 51 हजार 942 उत्तरपुस्तिकाएं आ चुकीं हैं। तीन लाख 68 हजार 536 कॉपियां दोनों मूल्यांकन केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा में रखी गईं हैं। मूल्यांकन करने के लिए 172 उप प्रधान परीक्षक और 1650 परीक्षक कुल 1822 शिक्षकों को जिम्मेदारी दी गई है। पहले दिन उप प्रधान परीक्षक की कॉपियां जांचेंगे। डीआईओएस ने बताया कि केके इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट और एसबीएस इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन होगा। कॉपियां लाने-ले जाने के लिए भी शिक्षकों व कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। सुबह 10 से शाम पांच बजे तक कॉपियों का मूल्यांकन किया जाएगा। 31 मार्च तक सभी कॉपियां जांच दी जाएंगी। 100 केंद्रों की कापियां बाहर भेज दी गईं हैं।

सार-संक्षेप

युवक ने खाया नशीला पदार्थ

गुरसहायगंज, कन्नौज। ग्राम सराय प्रयाग निवासी राजू गुप्ता से किसी बात को लेकर तीन दिन पहले विवाद हो गया था। इससे नाराज होकर पत्नी मायके चली गई। इसी बात से क्षुब्ध होकर गुरुवार की शाम राजू गुप्ता ने नशीला पदार्थ खा लिया।

एक लाख रुपये दहेज की मांग कर विवाहिता को पीटा

कन्नौज। सदर कोतवाली के गांव मोचीपुर निवासी मनोरमा पुत्री श्रीपाल ने ठठिया थाना क्षेत्रके गांव कछपुरा निवासी पति अखिलेश उर्फ मखलू, ससुर विश्वनाथ, सास मीरा, जेठ सत्यपाल, जेठानी पूजा, देवर विपिन कुमार, देवरानी शोन्टी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कहा कि शादी के बाद से ससुरालीजन कम दहेज की बात कह कर प्रताडित करने लगे।पति शराब के नशे में मारपीट करने लगा। एक लाख रुपये नकद लाने की बात कतहने लगे। जान से मारदेने की धमकी दी।

स्टे के बाद भी काट ली फसल

कन्नौज। सदर तहसीलदार रामशंकर ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम सारौंतोप में एक खेत पर जिलाधिकारी कोर्ट से स्टे आदेश था, जिसके अनुसार उस खेत में खड़ी फसल को कुर्क करने के आदेश दिए गए थे। आरोपी कलीम अली ने खेत में खड़ी सरसों की फसल काट ली और बोर्ड को उखाड़ कर फेंक दिया। पुलिस ने कलीम अली के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।

मां-बेटे सहित चार से मारपीट

गुरसहायगंज, कन्नौज। ग्राम बिराहिमपुर निवासी शिवा उर्फ अंकुल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 13 मार्च की रात लगभग 09 बजे गांव के राधेश्याम यादव, पुष्पेन्द्र यादव, शैलेन्द्र उर्फ संजू ने मुकदमे की पैरवी को लेकर घर मे घुसकर गाली गलौज की। मना करने पर उसे व उसकी मां सोमवती, चाची सरिता देवी, ताऊ राकेश बाबू को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पिता-पुत्र को कुल्हाड़ी मारकर किया घायल

गुरसहायगंज, कन्नौज। ग्राम मधवापुर निवासी रामरतन ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि 19 नबंवर 2023 की दोपहर लगभग चार बजे गांव के रावेन्द्र उर्फ बन्टू, नरेन्द्र, गजेन्द्र उर्फ छोटे, रक्षपाल, नीतू ने रंजिशन घर में घुसकर गाली गलौज की। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। उसके पिता दयाराम के सीने में भी कुल्हाडी मार कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कोर्ट के आदेश पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

गुरसहायगंज। ग्राम सराय प्रयाग निवासी ब्रजमोहन सिंह ने न्यायालय के आदेश पर दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि 13 मार्च की शाम लगभग पांच बजे रास्ते में पानी भरने के विवाद को लेकर गांव के स्वदेशचन्द्र, आदेश, विमल, विपिन ने गाली गलौज की। विरोध करने पर उसके घर में घुसकर उसे मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

व्यापारी की जेब से 20 हजार रुपये पार

छिबरामऊ। थाना तालग्राम क्षेत्र के ग्राम बमरौली निवासी राजीव कुमार पुत्र प्रकाश चंद मिश्रा ने बताया कि वह एक व्यापारी है। शुक्रवार को वह छिबरामऊ बाजार करने के लिए आया था, तभी सौरिख तिराहा पर रिक्शे पर बैठा था। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी जेब काट ली। जेब में रखे लगभग 20 हजार रुपए निकाल ले गया। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर मामले की शिकायत पुलिस से की है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

छिबरामऊ। बाइक से बाजार करने छिबरामऊ आ रहे युवक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक घायल हो गया और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। शुक्रवार को क्षेत्र के सुल्तानपुर निवासी 25 वर्षीय प्रमोद पुत्र हेमराज शाक्य बाइक से बाजार करने छिबरामऊ आ रहा था। रास्ते में मंडी समिति के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में प्रमोद गंभीर रूप से घायल हो गया और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची मंडी चौकी पुलिस ने बाइक को चौकी पर खड़ा कर घायल को नगला दिलु स्थित सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कालेज तिर्वा के लिए रेफर कर दिया।

बुरा हाल करीब आठ महीने से पद चल रहा रिक्त, वादों की नहीं हो रही सुनवाई, उपभोक्ता परेशान

अध्यक्ष के बिना ही गुजर गया विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- एक कमरे में चलती है सुनवाई और अभिलेखों को रखने की प्रक्रिया
- नए वाद हो रहे दायर, लेकिन उनके निस्तारण की प्रक्रिया गई है ठिठक

जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग में वाद दायर करते अधिवक्ता। अमृत विचार

अमृत विचार। विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस तो कन्नौज में यूं ही गुजर गया। हर साल 15 मार्च को यह दिवस मनाया जाता है, लेकिन जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में अध्यक्ष के अब तक न आने की वजह से इस दिवस का कोई औचित्य नहीं रहा।

सदर तहसील कन्नौज परिसर में जिला उपभोक्ता की अदालत चलती है। सात जुलाई 2023 को अध्यक्ष रामकरन पद से रिटायर हो गए थे। उसके बाद से अब तक अध्यक्ष पद रिक्त चल रहा है। करीब आठ महीने से अध्यक्ष के न होने की वजह से वादों का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। नए वाद तो दायर हो रहे हैं, लेकिन सुनवाई ठप है। सुनवाई करने वाले अध्यक्ष, सदस्य होने पर ही कोरम पूरा होता है। उसके बाद ही निस्तारण किया जाता है। बताया गया है कि 361 वाद विचाराधीन हैं। शुक्रवार को भी दो नए वाद दायर हुए हैं। दूसरी ओर एक पुराने कमरे में ही वादों की सुनवाई होती है। वहीं अभिलेख रखे जाते हैं और कंप्यूटर भी लगा है। आयोग की सदस्य वंदना मिश्रा का कहना है कि अगर कोई दुकानदार या संस्थान किसी खरीददार के साथ बेईमानी करे या बात से पलटे तो मामले यहां दर्ज कराए जाते हैं। कई अन्य हक भी उपभोक्ताओं को दिए गए हैं, उसका पालन कराया जाता है। उल्लंघन होने पर आयोग में शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

दो वाद दायर किए, पीड़ित से लेनदेन का मामला

अधिवक्ता यादवेंद्र किशोर यादव ने बताया कि विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर उन्होंने दो वाद दायर किए हैं। पहले वादी ब्रजलाल हैं जिन्होंने टाटा मोटर्स फाइनेंस लिमिटेड कानपुर से लोन लेने के बाद जमा किया। कुछ बकाया रहा तो 10 मार्च 2019 को वाहन खींच लिया गया। एनओसी नहीं दी गई और गाड़ी भी ट्रांसफर नहीं हो रही है। एआरटीओ ने रोड टैक्स वाहन स्वामी पर लगा दिया है। दूसरा मामला रोमांशू दुबे का है। इनके पिता ने शहर के अजयपाल मोहल्ला की सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा से लोन लिया होगा। पुत्रों के नाम आरसी काट दी गई, जबकि यह नियम विरुद्ध है। छूट का भी लाभ नहीं दिया गया।

जनवरी में भरा सदस्य का रिक्त पद

वर्तमान में यहां अदालत के सदस्य के रूप में वंदना मिश्रा और लोकेश सिंह की तैनाती है। कई महीनों से रिक्त चल रहे सदस्य पद पर नौ जनवरी को ही लोकेश सिंह ने कार्यभार ग्रहण किया था।

फर्रुखाबाद के अध्यक्ष को अतिरिक्त प्रभार

जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग फर्रुखाबाद के अध्यक्ष नरेश कुमार को कन्नौज का भी अतिरिक्त प्रभार मिलने का आदेश जारी हो गया है। आदेश में सुविधानुसार सुनवाई करने का जिक्र है। बताया गया है कि जल्द ही वह कार्यभार ग्रहण करेंगे। उसके बाद वादों की सुनवाई शुरू हो जाएगी। –वंदना मिश्र सदस्य– जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग

उपभोक्ता अदालत से यह मिलते अधिकार

- सुरक्षा का अधिकार देती
- जानकारी का अधिकार
- चुनने का अधिकार
- शिकायत करने का अधिकार
- हर्जाना पाने का अधिकार
- जागरूक उपभोक्ता बनने का अधिकार

भवन जर्जर और उखड़ रहा प्लास्टर...

जिस कमरे में जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग की सुनवाई होती है, वह जर्जर है। भवन का प्लास्टर उखड़कर गिर रहा है। इससे कर्मचारी परेशान रहते हैं। शौचालय की हालत भी खस्ता है। अन्य कई कमियां हैं। पुलिस लाइन रोड के निकट जगह आवंटित हुई है, लेकिन नए भवन का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है।

एक नजर

गिरने से वृद्धा घायल

कायमगंज फर्रुखाबादी। क्षेत्र के गांव मऊरशीदाबाद के मोहल्ला किला निवासी वृद्धा फूलनदेवी ऊंचाई से गिरकर घायल हो गई। परिजन सीएचसी लाए। जहां वृद्धा का इलाज किया गया।

करंट लगा, हालत बिगड़ी

कायमगंज, फर्रुखाबादी। क्षेत्र के गांव ललई निवासी रघुनंदन घर पर थे। अचानक बिजली का करंट लग गया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन सीएचसी लाए। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

सड़क हादसे में छह घायल

कायमगंज फर्रुखाबाद। अलग अलग मार्ग दुर्घटना में क्षेत्र के गांव जिजपुरा निवासी भीम प्रकाश गौतम, गऊटोला निवासी कमला देवी व राजकुमारी, कंपिल क्षेत्र के गांव दीपपुर नगरिया निवासी पूजा, शमसाबाद क्षेत्र के गांव नीवलपुर निवासी प्रेमादेवी, ममापुर निवासी रिंकू घायल हो गए। उनके परिजनों ने तीनों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां भीम प्रकाश गौतम, प्रेमादेवी को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

छुट्टा गोवंश के हमले से बालिका घायल

फर्रुखाबाद। छुट्टा गोवंश के आतंक से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामसभा आसमपुर के मजरा मंझा की मड़ैया निवासी अजय कुमार की पुत्री रजनी (7) घर के बाहर खेल रही थी तभी छुट्टा गाय ने आकर उसके ऊपर हमला कर दिया। जिससे बालिका घायल हो गई। ग्रामीणों ने बताया तीन दिन पूर्व गांव के ही निवासी राजेश की पुत्री मोनिका पर छुट्टा गाय द्वारा हमला कर दिया गया था। जिससे मोनिका को भी काफी चोटें आईं थी। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से छुट्टा गौवंशो को पकड़वाने की मांग की है।

साइबर थाने में दर्ज हुई ठगी की रिपोर्ट

फर्रुखाबाद। जनपद में खोले गए साइबर थाने में पुलिस ने लाखों की ठगी की पहली रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली फतेहगढ़ के रखा रोड निवासी विनय कुमार झा पुत्र कृष्ण कुमार झा ने रिपोर्ट दर्ज करने के लिए साइबर थाने में तहरीर दी। साइबर थाना पुलिस ने आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना शुरू कर दी है। विनय कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उनसे अंतर्राष्ट्रीय ऑनलाइन निवेश करने का झांसा देकर 37 लाख 25 हजार 879 रुपये की ठगी की गई है। पुलिस ने कहा मामले की जांच की जा रही है।

एडीएम ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। लोकसभा सामान्य चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से कराने के लिए अपर जिलाधिकारी और अपर पुलिस अधीक्षक ने कमालगंज थाना क्षेत्र के मतदान केदो का निरीक्षण अर्ध सैनिक बल के साथ किया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में रूट मार्च करके जनता को निर्भय होकर मतदान करने का भरोसा दिया। अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह और अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति ने कमालगंज थाना क्षेत्र में पहुंचकर अर्धसैनिक बल के साथ मतदान केदो पर पहुंचकर निरीक्षण किया और वहां मौजूद लोगों को बताया कि वह निर्भय होकर निष्पक्ष मतदान करें ।मतदाताओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस और प्रशासन की है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को डराने धमकाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी और उन्हें तत्काल प्रभाव से जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा। अपर पुलिस अधीक्षक संजय सिंह ने कहा कि पुलिस और अर्ध सैनिक बल जिले में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है ।संवेदनशील मतदान केंद्र पर अर्ध सैनिक बल भारी मात्रा में तैनात रहेगा। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति ने कहा की चुनाव में किसी तरह की धांधलीय बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।शासन की मंशा के अनुरूप निष्पक्ष चुनाव कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मतदाता निर्णय होकर अपने मनचाहे प्रत्याशी का चुनाव करें। उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी जिला प्रशासन की है ।जिसके लिए जिलाधिकारी वीके सिंह पूरी तरह से सक्रिय है। इस मौके पर कमालगंज थाना अध्यक्ष राजेश कुमार राय तथा अन्य मौजूद रहे।

निरीक्षण करते एडीएम और एएसपी आदि। अमृत विचार

चुनाव से पहले तीन दरोगा लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव निष्पक्ष कराने के लिए एसपी विकास कुमार ने तीन उपनिरीक्षकों को लाइन हाजिर कर 23 उप निरीक्षकों को इधर से उधर किया है। एसपी ने सिवारा चौकी इंचार्ज विवेक कुमार, थाना शमशाबाद के उपनिरीक्षक शकील अहमद एवं कोतवाली फतेहगढ़ के उपनिरीक्षक उदय सिंह को लाइन हाजिर किया। थाना जहानगंज के उपनिरीक्षक कपिल कुमार कुशवाहा को सिवारा चौकी का प्रभारी बनाया गया। पुलिस लाइन से उप निरीक्षक भूकेद्र सिंह को बवना चौकी का चार्ज सौपा गया है। पुलिस लाइन में प्रतीक्षारत उप निरीक्षक राम सिंह को थाना नवाबगंज के वरिष्ठ उप निरीक्षक का प्रभार सौपा गया है। थाना एएचटीयू के उप निरीक्षक राम लखन का थाना कंपिल ,पुलिस लाइन से उप निरीक्षक भारत राम का चुनाव कार्यालय के लिए तबादला किया गया। जोनल रिजर्व के उप निरीक्षक प्रताप सिंह को चुनाव कार्यालय भेजा गया। पुलिस लाइन से उपनिरीक्षक रमाशंकर का थाना अमृतपुर तबादला किया गया। उप निरीक्षक लव कुमार को थाना जहानगंज का वरिष्ठ उपनिरीक्षक बनाया गया। पुलिस लाइन से उप निरीक्षक रामपाल सिंह का तबादला चुनाव आयोग सेल में किया गया। पूर्व में पुलिस लाइन से थाना राजेपुर के लिए उप निरीक्षक हरिओम शर्मा का किया गया तबादला आदेश निरस्त कर न्यायालय सुरक्षा में लगाया गया है। थाना शमशाबाद के उप निरीक्षक श्याम सिंह का तबादला न्यायालय सुरक्षा, थाना मोहम्मदाबाद के उप निरीक्षक अशोक कुमार सिंह का तबादला थाना राजेपुर ,थाना कमालगंज के उप निरीक्षक जहानसिंह का तबादला थाना कंपिल किया गया। थाना कपिल के उप निरीक्षक अमित कुमार को कोतवाली मोहम्मदाबाद भेजा गया। पुलिस लाइन के उप निरीक्षक बलबीर सिंह डांगी को थाना मऊदरवाजा, उपनिरीक्षक मिथिलेश कुमार यादव को थाना फतेहगढ़, अप निरीक्षा आनंद शर्मा को थाना मेरापुर, उप निरीक्षक श्रीमती सुधा पाल को थाना कादरी गेट भेजा गया है। पुलिस लाइन से उप निरीक्षक मदनलाल पिपल को कोतवाली फर्रुखाबाद का वरिष्ठ उप निरीक्षक, उप निरीक्षक अनुज कुमार सिंह को थाना शमशाबाद का वरिष्ठ उपनिरीक्षक बनाया गया। पुलिस लाइन के उप निरीक्षक सोहेल खान की कोतवाली मोहम्मदाबाद में वरिष्ठ निरीक्षक, अजय कुमार की थाना मऊदरवाजा में तैनाती की। लाइन से उपनिरीक्षक कल्लू सिंह को थाना अमृतपुर का वरिष्ठ उप निरीक्षक बनाया गया।

एसपी विकास कुमार।

- एसपी ने 23 उप निरीक्षकों को इधर से उधर भेजा

रोजेदारों ने मुल्क में अमन-चैन की दुआ मांगी

शांति-व्यवस्था के लिए डीएम, एसपी ने किया पैदल मार्च, चप्पे-चप्पे पर तैनात रहे पुलिसकर्मी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। पवित्र माह रमजान के पहले जुमे की नमाज शुक्रवार को जिले भर में मुस्लिम समुदाय द्वारा अदा की गई। इस दौरान समाजजनों ने मस्जिदों में जाकर नमाज अदा की तथा देश में अमन-चैन की दुआएं मांगी। इधर रमजान के महीने में पहले जुमे की नमाज को लेकर जिले में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही। डीएम वीके सिंह और पुलिस कप्तान विकास कुमार ने पैदल गश्त करके लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। इस मौके पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। सुरक्षा की दृष्टि से मस्जिदों के आसपास पुलिस तैनात रही। जिलेभर में अलर्ट जारी रहा।

नगर क्षेत्र में लालगेट तिराहा से डीएम डॉ. वीके सिंह व एसपी विकास कुमार ने भारी पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से मऊदरवाजा तक पैदल गश्त किया। एसपी ने सभी से अपील करते हुए कहा कोई भी व्यक्ति अराजकता फैलाने की कोशिश न करें ।अगर किसी व्यक्ति ने अराजकता फैलाने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। वहीं उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति अगर किसी को परेशान करता है तो तत्काल पुलिस से संपर्क करें। पुलिस हर सम्भव उसकी मदद करेगी ।जिलाधारी बीके सिंह ने कहा कि कानून व्यवस्था से खेलने की किसी को इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भी पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है ।असमाजिक तत्वों को किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा । चुनाव में गड़बड़ी फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। चाहे वह किसी भी धर्म या मजहब के हो। इसमें कोई पक्षपात नहीं किया जाएगा। क़ायमगंज प्रतिनिधि के अनुसार जुमे की नमाज को लेकर सुबह से ही पुलिस एलर्ट मोड में रही। किस मस्जिद पर किस समय जुमे की नमाज होगी। इसका पूरा व्योरा पुलिस ने लिया। इसके बाद नगर की हर मस्जिद पर पुलिस फोर्स तैनात रहा। जुमे की नमाज से पहले कानून, शान्ति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सीओ सतेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक रामअवतार, महिला दरोगा नीरज त्यागी, कस्बा चौकी प्रभारी विद्या सागर तिवारी, मंडी चौकी प्रभारी केके कश्यप, एसआई समीउद्दीन, एसआई नितिन कुमार, एसआई सुनील कुमार समेत भारी फोर्स ने कोतवाली परिसर से जटवारा, गल्ला मंडी, जामा मस्जिद होते हुए पुलगालिब पर पैदल मार्च किया। इस दौरान ड्रोन से भी निगरानी की गई। इस अवसर पर सीओ ने कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की और सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जुमे की नमाज़ के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी सतेंद्र सिंह के निर्देशन में कायमगंज कोतवाली इंचार्ज राम अवतार ने क्षेत्र में पुलिस बल के साथ भ्रमण कर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। इस मौके पर जहानगंज नवाबगंज, शमसाबाद पुलिस भी चौकन्नी रही। जहानगंज पुलिस ने जरारी, भदौसा, अजिजलपुर, जहांगीरपुर, बन्थल शाहपुर, पातोंजा में गश्त किया।

पुलिस बल के साथ गश्त करते डीएम वीके सिंह, एसपी विकास कुमार। अमृत विचार

जामा मस्जिद में नमाज अता करते लोग। अमृत विचार

- निरीक्षण के दौरान डीएम बोले सभी पर्वों को शांति सद्भाव से मनाएं नहीं तो होगी कार्रवाई

सार-संक्षेप

सुहेलदेव पार्टी के जिलाध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

क़ायमगंज, फर्रुखाबाद। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष संजेस कश्यप ने अपने कायमगंज कार्यालय पर पार्टी से त्याग पत्र दे दिया। बताते चले कि संजेश कश्यम सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी जिलाध्यक्ष ने कहा कि वह अपने पूरे होश हवाश में इस्तीफा दिया है। संजेस कश्यप ने लगभग 4 वर्ष से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी जिला फर्रुखाबाद अध्यक्ष पद पर पूरी निष्ठा व लगन के साथ सेवा की है।

वाणिज्य कर की वसूली कम देख डीएम हुए नाराज

फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी डॉ वीकेसिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में कर करेत्तर की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। वाणिज्य कर विभाग की वसूली की स्थिति खराब पाई गई। संवंधित अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये गए। जिलाधिकारी ने जिले के बाहर से आने बाली बसों की चेकिंग के निर्देश दिये। जिससे कर की चोरी रोकी जा सके। स्टाम्प एवं निवन्धन विभाग की राजस्व प्राप्ति लक्ष्य से कम पाई गई। स्टाम्प की आर सी की बसूली में कमी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की और सभी उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि सभी आर सी की शत प्रतिशत बसूली सुनिश्चित करे। सभी मंडियों के लक्ष्य को बढ़ाने के लिए मंडी निदेशक को पत्र लिखने के निर्देश दिये।

स्मार्टफोन पाकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

फर्रुखाबाद। भाजपा सांसद एवं विधायकों ने छात्रों को 939 स्मार्टफोन का वितरण किया है। मुफ्त में फोन मिल जाने से छात्र काफी खुश हो गए। बसंतपुर गैसिंहपुर स्थित नारायण लक्ष्मण महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि स्मार्टफोन की ये भोजना मुख्यमंत्री योगी के द्वारा चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने कोविड के समय में देखा था कि टेक्नोलॉजी कितनी काम आती है। उसके बाद उन्होंने युवाओं को टेक्निकल से जोडते हुए 2021 से स्मार्टफोन लगातार वितरित कराने का काम किया है। अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी की सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास लेकर काम कर रही है। कॉलेज के प्रबंधक आशीष ने आगंतुकों का स्वागत किया।

भतीजे को पीटने में चाचा सहित तीन पर रिपोर्ट

कमालगंज फर्रुखाबाद। कस्बा के मोहल्ला आजाद नगर निवासी अभिनय शर्मा ने चाचा श्रीचंद्र, चाची पुष्पा देवी व चचेरे भाई सत्यम शर्मा के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमे कहा गया है कि चाचा आए दिन उसके परिवार के साथ झगड़ा करते हैं। 13 जनवरी की शाम करीब 3 बजे उसका भाई अभिषेक घर के सामने लकड़ी का काम कर रहा था। तभी चाचा ने काम करने से मना कर गाली गलौज कर मारपीट की।

नाली के पास बैठने को लेकर चले लाठी-डंडे, तीन घायल

संवाददाता शमसाबाद फर्रुखाबाद, अमृत विचार। नाली के पास बैठने में दो पक्षों में विवाद होने से जमकर लाठी डंडे चले। एक पक्ष पर तीन घायल हो गए। तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ एनसी आर दर्ज़ की गई। थाना क्षेत्र के गांव पसियापुर निवासी छाया पुत्री सर्बेश मूल निवासी बरहालपुर थाना सिडपुरा जनपद कासगंज ने पसियापुर निवासी राहुल कुमार और भीकम बहेलिया के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर एनसीआर दर्ज कराई और बताया मैं अपने दरवाजे के सामने नाली की दीवाल पर बैठे थे। मेरे साथ मेरी बहन बीना पुत्री सुरेश बैठी थी। तभी आरोपी आए और गाली गलौज करने लगे और कूड़ा डालने के लिए जगह से हटने के लिए कहने के बाद मारपीट की।

अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत

कायमगंज फर्रुखाबाद। क्षेत्र के गांव नगला पाम हंसापुर गौराई निवासी पहलवान का 32 वर्षीय पुत्र अरविंद भाई दिनेश व बृजेश के साथ ग्राम मझोला में स्कूल में पुताई का काम कर रहा था। घर आते समय नहर के समीप स्थित पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को सीएचसी कायमगंज लाया गया। चिकित्सक शोभित शाक्य ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया।

सात बाल श्रमिकों को पकड़कर किया गया परिजनों के सुपुर्द

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। फतेहगढ़ थाना क्षेत्र में विभिन्न प्रतिष्ठानों पर काम कर रहे 7 बाल श्रमिकों को पकड़ा गया। इन बाल श्रमिकों के परिजनों को चेतावनी देकर उनके सुपुर्द कर दिया गया।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जनपद स्तर पर चलाए जा रहे बाल श्रम उन्मूलन रोकथाम अभियान के अन्तर्गत फतेहगढ़ के उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार मय टीम कांस्टेबल आशीष, श्रम प्रर्वतन अधिकारी अनिल कुमार की संयुक्त टीम बाल संरक्षण अधिकारी सचिन कुमार ने थाना क्षेत्र कस्बा फतेहगढ़ में होटल-ढाबा, किराना स्टोर, दुकानों, ऑटोमोबाइल रिपेयरिंग आदि पर बालश्रम उन्मूलन रोकथाम व पुनर्वास सम्बन्धी अभियान चलाया। बालश्रम रोकथाम से सम्बन्धी, जागरुकता अभियान प्रचार-प्रसार किया गया। अभियान के दौरान अलग-अलग प्रतिष्ठानों से कुल 7 बालक श्रमिकों का रेस्क्यू किया गया। श्रम प्रर्वतन अधिकारी अनिल कुमार ने नियोजक को मौके पर ही नोटिस देकर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की एवं 7 बालश्रमिकों को बाल श्रम से मुक्त कराकर मौके पर ही परिजनों को चेतावनी देते हुए उनके सुपुर्द किया। होटल-ढाबा, दुकानों, ऑटोमोबाइल रिपेयरिंग, आदि के स्वामियों को हिदायत दी गई कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर न रखा जाए।

बाल श्रमिकों को पकड़ रही पुलिस टीम। अमृत विचार

- प्रतिष्ठान के मालिकों पर की गई कार्रवाई

जलजीवन मिशन में ठेकेदारों को नोटिस देने के निर्देश

फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में जल जीवन मिशन ग्रामीण की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बताया गया कि जनपद में कार्य की प्रगति बहुत कम है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि कार्य कर रही हर एजेंसी को नोटिस जारी करें और शासन को अवगत कराया जाये कि इनके द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है। निर्माण एजेंसी द्वारा गांवों में सड़कें खोदकर पाइप डालने के बाद सही नहीं की जा रही हैं। जिलाधिकारी ने इस पर नाराजगी जताई और निर्देश दिया कि किस किस स्कीम में कहां -कहां खोदा गया है और कितना सही किया गया है। इसकी सूची उपलब्ध कराएं व उसका सत्यापन उस क्षेत्र के खंड विकास अधिकारी से कराया जाए व उनसे सर्टिफिकेट प्राप्त किया जाए। खुदी हुई सड़क ठीक हो गई है।

चीनी मिल के सुरक्षा गार्ड पर चाकू से हमला, घायल

संवाददाता कायमगंज, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। चीनी मिल के सुरक्षा गार्ड पर हमलावरों ने चाकू व लाठी डंडो से हमला कर गंभीर घायल कर दिया। हमला उस वक्त हुआ जब सुरक्षा गार्ड मिल में डयूटी करने जा रहा था। पुलिस ने घायल का इलाज व मेडिकल परीक्षण सीएचसी में कराया। घायल के भाई ने आरोपितों के खिलाफ पुलिस तहरीर दी है। क्षेत्र के गांव लालपुर पट्टी निवासी संजीव कुमार उर्फ लालू चीनी मिल में सुरक्षा गार्ड है। गुरुवार की रात वह अपने घर से ड्यूटी के लिए चीनी मिल जा रहा था। तभी मिल परिसर स्थित आसबनी इकाई के पास तीन हमलावरों ने पीछे से लाठी डंडो व चाकू से हमला कर दिया। इससें वह गंभीर रूप से घायल हो गया और लहूलुहान हो गया। हमलावर मौके से भाग गए। घटना की जानकारी परिवारीजनों को दी जिस पर घायल के भाई विजय कुमार मौके पर पहुंचे और घायल भाई को कोतवाली लेकर पहुंचे। शुक्रवार सुबह पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण व इलाज सीएचसी में कराया। डाक्टर ने घायल को एक्सरे एडवाइज को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया । घायल के भाई विजय ने एक नामजद व दो अज्ञात के हमलावरों के खिलाफ पुलिस के तहरीर दी है।

- ड्यूटी पर जाते समय हुई घटना, पुलिस ने कराया इलाज व मेडिकल

कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, फर्रुखाबाद

संख्या – 1813 / जि.आ.अधि. / विज्ञापन / चेतावनी / फर्रुखाबाद / दिनांकः मार्च 14, 2024

चेतावनी / अपील

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अवैध अड्डों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करें, क्योकि अवैध अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा मिथाईल एल्कोहल भी हो सकता है, जो एक विष है तथा इसके अल्प मात्रा के सेवन से आंखो की रोशनी जाने के साथ व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। यदि किसी को अवैध मदिरा की बिक्री की सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल जनहित में जनपद के प्रशासनिक / पुलिस अधिकारियों को उनके दूरभाष नम्बर के साथ ही जिला आबकारी अधिकारी, फर्रुखाबाद मो0नं0– 9454465674, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र – 1, फर्रुखाबाद मो. नं. – 9454466321, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र – 2, कायमगंज मो. नं. – 9454466322, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र – 3 अमृतपुर, मो. नं. – 9454466323, आबकारी विभाग के टोल फ्री नम्बर – 14405 पर सूचना देने का कष्ट करें। सूचना व्हाटसएप द्वारा उपरोक्त मोबाइल नम्बर एवं कन्ट्रोल रूम व्हाट्स नम्बर – 9454466019 पर संदेश द्वारा भी दी जा सकती है। आप द्वारा दी गई सूचना ऐसे अड्डों पर तुरन्त प्रशासनिक कार्यवाही में मददगार एवं सम्भावित जनहानि को रोकने में उपयोगी हो सकती है । मदिरा के उपभोक्ता शराब दुकान से क्यू. आर. कोड लगी एवं सीलबन्द मदिरा निर्धारित एम0आर0पी0 / विक्रय मूल्य पर ही खरीद कर सेवन करें। दुकान के आस–पास या सार्वजनिक स्थान पर मदिरापान करना निषेध है। यदि किसी के द्वारा इसका उल्लंघन किया जाता तो उसके विरूद्ध कार्यवाही सम्भव है । किसी भी समारोह स्थल यथा होटल / बैंकटहाल आदि पर वैवाहिक/जन्मदिन / वर्षगाठ / पार्टी / संगोष्ठी आदि के अवसर पर बिना अकेजनल बार अनुज्ञापन (एफ0एल0 – 11 लाइसेंस) प्राप्त किये बिना मदिरा पान कराने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। किसी भी प्रकार की शिकायत उपरोक्त नम्बरों पर तत्काल करने का कष्ट करें। सूचना देने वाले का नाम व पता गुप्त रखा जायेगा ।

(जी0पी0 गुप्ता)
जिला आबकारी अधिकारी
फर्रुखाबाद

बदला मौसम का मिजाज | लोहिया अस्पताल की ओपीडी में रोगियों की संख्या में वृद्धि, चिकित्सक बोले–सावधानी बरतें

बिगड़ रहा हाजमा, सर्दी–बुखार के बढ़ गए मरीज

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। मौसम बदलते ही डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल में आउटडोर रोगियों की संख्या 720 पहुंच गई है। रोगियों की संख्या बढ़ने से डॉक्टरों को समय रहते मरीज देखने में भारी परेशानी हो रही है। मौजूदा समय में बुखार, पेटदर्द और पेचिश के रोगियों की संख्या बढ़ने से फिजिशियन कक्ष में रोगियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। लोहिया अस्पताल के वरिष्ठ फिजीशियन डॉक्टर प्रवीण कुमार का कहना है कि इस समय सर्वाधिक रोगी बुखार, जुखाम, पेट दर्द और पेचिश के आ रहे हैं । उनका कहना है कि सर्दी गर्मी एक साथ पढ़ने की वजह से जुकाम बुखार के रोगी बढ़ रहे हैं। मौसम के बदलने की वजह से खानपान में गड़बड़ी की वजह कारण पेट रोगियों की संख्या बढ़ रही है। डॉक्टर प्रवीण कुमार का कहना है कि शुक्रवार को उन्होंने ढाई सौ के आसपास रोजी देखे हैं ।जिनमें ज्यादातर जुकाम बुखार से पीड़ित है ।डॉक्टर प्रवीण कुमार का कहना है कि बदलते मौसम में लोग अपनी तथा बच्चों की सुरक्षा नहीं करते और न खान-पान में बदलाव करते हैं। इस वजह से उन्हें अस्पतालों के चक्कर लगाने पड़ते हैं ।मौसम के बदलने पर हर व्यक्ति को खान-पान में बदलाव करना चाहिए। शुरुआती दौर में हल्का भोजन करना चाहिए। डॉक्टर प्रवीण कुमार बताते हैं कि रमजान में रोजा रखना और नवदुर्गा में व्रत रखने का आध्यात्मिक कारण तो है ही लेकिन सबसे बड़ा कारण वैज्ञानिक भी है ।जिसके अनुसार व्यक्ति अपने आप को बदलते मौसम में प्रकृति के साथ तालमेल बनाता है। हर व्यक्ति को बदलते मौसम में प्रकृति के साथ तालमेल बनाना चाहिए और ऐसा न करने पर लोगों को बीमारियों से जूझना पड़ता है। डॉक्टर प्रवीण कुमार ने बताया कि दिन में गर्मीऔर सुबह शाम सर्दी पड़ने की वजह से लोग अपने बच्चों को सुबह-शाम गर्म कपड़े पहनाना छोड़ देते हैं। इस वजह से बच्चे सर्दी, जुकाम के शिकार हो जाते हैं यदि इस सर्दी जुकाम का समय रहते इलाज न किया जाए तो यह निमोनिया में बदल जाता है। निमोनिया के बाद यदि लापरवाही की जाए तो यह बीमारी जानलेवा बन जाती है।

लोहिया अस्पताल के पर्चा काउंटर पर लगी भीड़। अमृत विचार

मरीजों को देखते डा. प्रवीण कुमार। अमृत विचार

लोकयात्रा भयं लज्जा दाक्षिण्यं त्यागशीलता।
पंच यत्र न विद्यन्ते न कुर्यात्तत्र संगतिम् ॥

जिस स्थान पर आजीविका न मिले, लोगों में भय, और लज्जा, उदारता तथा दान देने की प्रवृत्ति न हो, ऐसी पांच जगहों को भी मनुष्य को अपने निवास के लिए नहीं चुनना चाहिए ।

संपादकीय

अमेरिका को सलाह

केंद्र सरकार ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले नागरिकता संशोधन एक्ट (सीएए) को लागू कर सीधे तौर पर वसुधैव कुटुंबकम और शरणागत की रक्षा जैसे विचारों को धरातल पर खड़ा करने का प्रयास किया है। साथ ही भारत ने सीएए पर अमेरिका की टिप्पणी का जवाब देकर कड़ा संदेश दिया है कि किसी भी देश के अंदरूनी मामलों में अनधिकृत हस्तक्षेप से बचा जाना चाहिए। सीएए भारत का आंतरिक मामला है। दरअसल अमेरिका ने भारत में सीएए लागू करने को लेकर अवांछित आपत्ति जताई और अनुचित बयान दिया कि वह इस पर कड़ी नजर रख रहा है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत के संबंध में इतिहास की सीमित समझ रखने वाले हमें ज्ञान ना दें। सीएए राज्यविहीनता के मुद्दे को संबोधित करता है, मानवीय गरिमा प्रदान करता है और मानवाधिकारों का समर्थन करता है। इससे लोगों को नागरिकता दी जाएगी न कि उनकी नागरिकता छीनी जाएगी। भारतीय संविधान सभी नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है, ऐसे में अल्पसंख्यकों के साथ व्यवहार पर चिंता का कोई आधार नहीं है।

सीएए के अमल में आ जाने के बाद अब बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश करने वाले हिंदुओं, जैन, ईसाइयों, सिखों, बौद्धों और पारसियों को यहां पांच साल तक निवास करने के बाद भारतीय नागरिकता दी जा सकती है। यह उन लोगों को अवैध प्रवासन की कार्यवाही से बचाने के लिए बनाया गया है।

केंद्र सरकार ने जब इस कानून को लाने की तैयारी की थी, तभी से इसका विरोध भी शुरू हो गया था। 2019 में जब सीएए कानून को संसद से हरी झंडी मिली थी तब पूर्वोत्तर समेत कई राज्यों में बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। प्रदर्शन करने वालों का कहना था कि सरकार वोट बैंक की राजनीति कर रही है इसलिए इसमें मुस्लिमों को शामिल नहीं किया गया है। भाजपा इसमें अपना राजनैतिक लाभ देख रही है। कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन को देखते हुए उस समय सरकार ने सीएए को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। हालांकि, समय-समय पर इस मुद्दे पर चर्चा होती रही। कहा जा रहा है व्यापक विरोध के चलते ही कानून को लागू करने में देरी हुई। सच्चाई यह भी है कि कुछ राज्य सरकारों ने विधानसभा में नागरिकता संशोधन अधिनियम के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया है, यह दर्शाता है कि कैसे इस मुद्दे पर राजनीति होती रही। जबकि नागरिकता देने में राज्य सरकारों की कोई जिम्मेदारी नहीं थी।

बेहतर शिक्षा हो चुनावी घोषणा पत्रों का प्रमुख एजेंडा

डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

भारत एक मज़बूत लोकतांत्रिक व्यवस्था संपन्न राष्ट्र है। लोकतंत्र या प्रजातंत्र ऐसी शासन प्रणाली होती है जिसमें जनता स्वेच्छा से मतदान करते हुए अपने पसंदीदा जनप्रतिनिधियों का चुनाव करती है।

शिक्षा को किसी भी राष्ट्र की प्रगति का आधार माना गया है। यह समय और समाज के साथ चलने वाली वह प्रक्रिया है जो व्यक्ति की अंतर्निहित शक्तियों का विकास करते हुए उसके ज्ञान, कौशल और दक्षताओं में वृद्धि करती है। शिक्षा एक सभ्य और सुसंस्कृत समाज के निर्माण हेतु अपेक्षित कार्य, व्यवहार और दायित्वों का भी बोध कराती है। इससे व्यक्ति का बहुमुखी विकास होता है और किसी भी राष्ट्र के संवैधानिक स्वरूप के अनुरूप समाज का निर्माण होता है।

भारत एक मज़बूत लोकतांत्रिक व्यवस्था संपन्न राष्ट्र है। लोकतंत्र या प्रजातंत्र ऐसी शासन प्रणाली होती है जिसमें जनता स्वेच्छा से मतदान करते हुए अपने पसंदीदा जनप्रतिनिधियों का चुनाव करती है। इस प्रकार यह जनता के लिए, जनता की तथा जनता द्वारा संचालित शासन व्यवस्था है। स्वाभाविक ही है कि इस व्यवस्था में जनआकांक्षाएं और जनभावनाएं शामिल होती हैं,अतः चुने गए प्रतिनिधियों का यह दायित्व होता है कि वे जनता की इन अपेक्षाओं पर खरा उतरें।

एक न्यायपूर्ण, लोकहितकारी व समावेशी लोकतांत्रिक व्यवस्था में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षा लोकतांत्रिक व्यवस्था में न केवल व्यक्तियों की सार्थक भागीदारी को बढ़ावा देती है बल्कि राष्ट्रहित में उपयुक्त व्यक्ति के चयन का तार्किक आधार भी बनती है। इस प्रकार शिक्षा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहभागी बन सामाजिक एकता, समता, समानता, सामाजिक न्याय और स्वतंत्रता के सिद्धांतों पर आधारित समाज के निर्माण में योगदान देती है। इस दृष्टि से देखें तो शिक्षा और लोकतंत्र का अन्योन्याश्रित संबंध है। दोनों एक दूसरे बिना आधे-अधूरे और लगभग अर्थहीन हैं। अतः आवश्यक है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में शिक्षा को 'प्रमुख एजेंडा' निर्धारित किया जाय। जिस एजेंडा में प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षा और उससे जुड़े कला -कौशलों को हासिल कर स्वयं तथा समाज की प्रगति में योगदान देने योग्य बनाने की प्रतिबद्धता शामिल हो।

> देश की बड़ी आबादी दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है जहां विकास की प्रक्रिया अपेक्षाकृत धीमी गति से पहुंचती है। तकनीकी दौर में शिक्षा में हो रहा हर नवाचार त्वरित गति से हर शिक्षार्थी तक पहुंचे यह सुनिश्चित हो। हर क्षेत्र, वर्ग, समुदाय की शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु समुचित भौतिक एवं मानवीय संसाधनों की उपलब्धता हो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और उससे पूर्व की शिक्षा नीतियां समय-समय पर शिक्षा में जिस पूंजीगत निवेश और सुधारों की सिफ़ारिश करती रही हैं उनमें से कितनी अमली जामा पहन चुकी और किन पर काम किया जाना शेष है इसकी सुविचारित योजना होनी चाहिए।

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम(आरटीई)-2009 के अंतर्गत पूर्णकालिक प्रारंभिक शिक्षा को हर बच्चे का मौलिक अधिकार घोषित किया गया है। इसके तहत प्रत्येक बच्चे को प्रारंभिक स्तर पर किसी भी औपचारिक विद्यालय में जो कुछ अनिवार्य मानकों और मानदंडों को पूरा करता हो, गुणवत्तापूर्ण एवं पूर्णकालिक शिक्षा का अधिकार प्राप्त है। स्वाभाविक ही है कि बुनियादी शिक्षा किसी भी व्यक्ति के मौलिक अधिकारों में शामिल है जिसे हर स्तर पर बेहतर होना चाहिए। और यह मुद्दा किसी भी चुनाव में, किसी भी पार्टी के चुनावी एजेंडे, विमर्शों और वोट हेतु संपर्क की गतिविधियों में प्रमुखता से होना चाहिए।

विगत तीन दशकों में शिक्षा उन्नयन हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं-परियोजनाओं के चलते शिक्षा में कई स्तरों पर सुधार हुए हैं और यह भौतिक संसाधनों की उपलब्धता, पहुंच के विस्तार, क्षमता वर्धन के रूप में दिखते हैं लेकिन पूर्व और वर्तमान की शिक्षा नीतियों के मार्गदर्शक बिंदुओं के आधार पर अभी शिक्षा के अपेक्षित लक्ष्यों को हासिल किया जाना शेष है। जिसके लिए आवश्यक है कि ये लक्ष्य किसी भी राजनैतिक दल के चुनावी घोषणा पत्र में प्रमुखता से शामिल हों।

कोरोना त्रासदी के दौरान और उसके बाद जीवन यापन के तौर तरीकों व अवसरों में व्यापक बदलाव आए हैं। इस अप्रत्याशित त्रासदी ने वैश्विक स्तर पर जीवन यापन के सुरक्षित और स्थिर समझे जाने वाले तौर-तरीकों पर भी प्रहार किया। स्वाभाविक ही है कि वर्तमान परिस्थितियों में जीवन के लिए शिक्षा हेतु नई संभावनाओं, अवसरों और साधनों-संसाधनों को शामिल करना होगा जो कि सामाजिक और राजनैतिक विमर्श की प्राथमिकता का बिंदु होना चाहिए।

हर क्षेत्र की सामाजिक, आर्थिक, भौगोलिक एवं परिस्थितिगत विविधता के अनुसार शिक्षा से जुड़े मुद्दों में भिन्नता हो सकती है। आवश्यक है कि उस भिन्नता के परिप्रेक्ष्य में ही उस क्षेत्र का शैक्षिक एजेंडा तय हो जिसमें तत्कालीन परिस्थितियों में शिक्षा की बेहतरी का सुस्पष्ट विजन और क्रियान्वयन योजना हो। यह सुधार किसी पैचवर्क की तरह न होकर सतत, सोद्देश्य एवं परिणामी हों।

देश की बड़ी आबादी दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है जहां विकास की प्रक्रिया अपेक्षाकृत धीमी गति से पहुंचती है। तकनीकी दौर में शिक्षा में हो रहा हर नवाचार त्वरित गति से हर शिक्षार्थी तक पहुंचे यह सुनिश्चित हो। हर क्षेत्र, वर्ग, समुदाय की शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु समुचित भौतिक एवं मानवीय संसाधनों की उपलब्धता हो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और उससे पूर्व की शिक्षा नीतियां समय-समय पर शिक्षा में जिस पूंजीगत निवेश और सुधारों की सिफ़ारिश करती रही हैं उनमें से कितनी अमली जामा पहन चुकी और किन पर काम किया जाना शेष है इसकी सुविचारित योजना होनी चाहिए। सरकारी व ग़ैर सरकारी विद्यालयों में शिक्षा को लेकर जो विविध प्रकार की असमानताएं दिखाई देती हैं उनको दूर कर समतामूलक व समावेशी शिक्षा वातावरण निर्माण की प्रतिबद्धता होनी चाहिए। शिक्षा केवल विद्यालयों की स्थापना और शिक्षकों की नियुक्ति भर नहीं है। शिक्षा विभिन्न प्रकार के पूर्वाग्रहों और विषमताओं से मुक्ति भी है। जरूरी है कि राजनीतिक दल अपने चुनावी घोषणा पत्र में स्पष्ट करें कि उनका प्रारंभिक स्तर से उच्च शिक्षा तक वांछित सुधार हेतु विज़न क्या है और विद्यालयों में अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए वे इसका क्रियान्वयन किस प्रकार करेंगे। इसके लिए किन-किन स्तरों पर किस प्रकार के बदलाव करेंगे तथा इसमें समुदाय और परिवेशीय संसाधनों की क्या भूमिका होगी। बेहतर हो कि इसका सुनियोजित खाका हो तथा बदलाव केवल भौतिक संसाधनों तक ही सीमित न हो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 शिक्षा के जरिए व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास पर प्रमुखता से बल देती है। एजेंडा इस बिंदु पर भी सुविचारित दृष्टिकोण प्रस्तुत करें कि इसके लिए स्थानीय शिल्प, कला, संस्कृति तथा अन्य वैशिष्ट्य का शिक्षा में किस प्रकार समावेश किया जाएगा ताकि समृद्ध विरासत, परंपरागत ज्ञान व कौशल जीवन यापन का मज़बूत आधार बन सके।

लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान को महापर्व माना गया है। यह वह अवसर है जिसमें हम अपने और समाज की बेहतरी के लिए सुयोग्य उम्मीदवार का चयन करते हैं। बेहतर समाज बेहतर शिक्षा से ही संभव होता है। इसलिए ज़रूरी है कि उसे वोट किया जाय जिसके एजेंडे में सुशिक्षा शीर्ष पर हो। जो शिक्षा की बेहतरी के लिए संकल्पित हो और प्रतिबद्ध भी।

प्रसंगवश

लगातार दरक रहीं पहाड़ियां बड़ी आपदा की आहट

भारत के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में शुमार झील नगरी नैनीताल, जिसे सरोवर नगरी भी कहा जाता है, के बसासत की वर्षगांठ हर साल केक काटकर व चंद सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाई जाती है। पर आजादी के बाद के दशकों में विशेषकर सत्तर व अस्सी के दशक में पूरी तरह से कंक्रीट के जंगल में तब्दील हो चुके और अपने अस्तित्व को बचाने के लिए जूझ रहे इस नगर को सजाने की नहीं बल्कि संवारने और बचाने की जरूरत है।

1841 में अंग्रेज यायावर और शिकारी पीटर बैरन ने जब गरमपानी नामक स्थल से शिकार की तलाश मे पैदल यहां पहुंचकर इस सुंदर जगह को देखा था, तब उसने कल्पना भी नहीं की होगी कि इतनी जल्दी इस नगर के चेहरे पर बुढ़ापे की झुर्रियां नजर आने लगेंगी और लगातार दरकती पहाड़ियों के बीच भू वैज्ञानिक और पर्यावरणविद इसकी उम्र पर भी प्रश्न चिन्ह लगाने लगेंगे। भूस्खलन, अवैध निर्माण, पेड़ों का कटान और झील की गंदगी नैनीताल के सौंदर्य को दीमक की तरह चाटती जा रहे है।

दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

अंग्रेजों ने सदियों तक यहां की पहचान कायम रहे, इसके लिए कुछ नियम व कायदे कानून बनाए थे परंतु आजादी के बाद हिंदुस्तानी साहबों और हम भदेस नागरिकों ने मनमाफिक तरीकों से नगर का दोहन करने मे कोई कसर नहीं छोड़ी। नतीजन जहां पहाड़ खोदना मना था वहां नियमों को ताक पर रखकर बड़े बड़े होटल और काटेज, आवासीय व सरकारी भवन बना दिए गए।

नैनीताल की कमजोरी और लगातार टूट रही पहाड़ियां जबर्दस्त दबाव में है और इसीलिए समय-समय पर दरक कर भविष्य की किसी बड़ी आपदा की आहट देती है। गौरतलब है कि नैनीताल जोन चार व पांच के मध्य अति संवेदनशील भूकंपीय क्षेत्र में बसा है। भूकंप का हल्का सा कंपन भी नैनीताल की कमजोर पहाड़ियों को हिला कर रख देता है। नैनीताल मे पहली बार भूस्खलन 1866 में हुआ था, तब जान माल का अधिक नुकसान नहीं हुआ था। लेकिन सन् 1880 में झील के उतर पूर्व की पहाड़ी पर हुए विनाशकारी भूस्खलन को भला कौन भूल सकता है जिसने चंद सेकेंड में नगर का नक्शा ही बदल दिया था। कई लोग भूस्खलन में दब कर मारे गए थे।

इस भूस्खलन में मल्लीताल स्थित प्राचीन नैना देवी मंदिर पूरी तरह से मलबे मे दब कर नष्ट हो गया था और झील का बड़ा हिस्सा पट कर एक बड़े मैदान में तब्दील हो गया, जिसे आज हम फ्लैट के रुप में देखते हैं। सोचो अगर वो भूस्खलन न हुआ होता तो आज नैनी झील कितनी बड़ी होती। तब बसासत बहुत कम थी, सोचो फिर कभी ऐसा भूस्खलन हुआ या कोई बड़ा भूकंप आ जाए तो नगर में किस कदर जान माल का नुकसान होगा।

अंग्रेज अफसर नैनीताल के प्रति अतिरिक्त रुप से सावधान थे। उस दौर में पहाड़ खोदना, पक्के मकान बनाना, माल रोड पर भारी वाहन चलाना मना था। ऐसा करने पर जुर्माने व सजा का प्रावधान था, पर आज हालात यह हैं कि नगर मे ऊपर पहाड़ी क्षेत्र जहां छोटे बड़े भवनों, होटलों से कैद है तो नीचे माल रोड व फ्लैट में वाहनों का भारी सैलाब है। नतीजन लोअर मालरोड कई जगहों पर दरकने धंसने लगी है।

अंग्रेजों ने नैनीताल को भूस्खलन से बचाने के लिए 70 से अधिक छोटे बड़े नाले बनाए थे ताकि बरसात का पानी पहाड़ में जमा न हो, पर आज अधिकांश नालों को पाटकर उनके ऊपर मकान या होटल बना दिए गए हैं। जो बचे है उनका भी रखरखाव नहीं किया जा रहा है। झील भी प्रदूषित है। मलबा और कई जगहों पर सीवर लाइनों का रिसाव बेरोकटोक झील के गर्भ में समा रहा है।

नैनीताल को उजाड़ने की संभावना अब नहीं बची है। नैनीताल की पहाडियों में अब पेड़ नहीं बल्कि जहां देखो वहां मकान ही मकान नजर आते हैं। लेकिन इसे बचाने और संवारने के प्रयास तो किए जाने ही चाहिए। प्रशासन से तो कभी ऐसी उम्मीद रही नहीं क्योंकि हर अफसर को नैनीताल में ही आफिस चाहिए और जो यहां आता है वो फिर यहां से जाना नहीं चाहता। स्थानीय लोग कभी कभार आवाज़ उठाते भी हैं तो उनकी आवाज दबा दी जाती है। वैसे भी ऐसे प्रयास कम ही नजर आते है और थोड़ा बहुत कुछ होता भी है तो वह महज प्रतीकात्मक और उसमें प्रचार पाने की चाह अधिक होती है।

चुनाव में डीपफेक से मुकाबले को आयोग की तैयारी

'डीपफेक' की उन्मादी करतूतों से आगामी लोकसभा चुनाव में व्यापक प्रभाव डालने की संभावनाओं ने भारतीय चुनाव आयोग को खासा चिंतित किया हुआ है। अति संवेदनशील मसले पर चुनाव आयोग ने गंभीरता से विचार-विमर्श के बाद एक नई तरकीब खोजी है। तरीका ये है कि आयोग लोकसभा-2024 चुनावों को स्वतंत्र और निष्पक्ष संचालन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई तकनीक का उपयोग करेगा। इसके लिए एक अलग से विभाग स्थापित किया है। जो सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भ्रामक और गलत सूचनाओं को चिन्हित कर उन्हें ऑटोमेटिक हटाएगा।

आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने एआई तकनीक विशेषज्ञों से इसके लिए प्रशिक्षण लेकर राज्य के चुनाव आयोग के साथ अपने अनुभव शेयर किए हैं। तसल्ली करके और अच्छे से जांच-परखने के बाद मुख्य चुनाव आयोग ने इस तकनीक को आगामी चुनाव में उपयोग करने का मन बनाया। चुनाव में एआई कैसे काम करेगा, इसके संबंध में बताया जाता है कि ऑथेंटिकेटर ऐप ईसीआई ऑथेंटिकेटर ऐप विभिन्न एल्गोरिथम का उपयोग करके निर्वाध और सुरक्षित टू-वे ऑथेंटिकेशन का प्रबंधन करेगा, जो प्रयोक्ताओं को एसएमएस आधारित ओटीपी या ई-मेल ओटीपी की आवश्यकता के बिना सुरक्षित रूप से लॉग इन करने में मदद करेगा। कहावत है कि 'लोहा ही लोहे को काटता है'। ठीक उसी तर्ज पर एआई का उपयोगी वर्जन ही एआई के डीपफेक तकनीक से इस बार मुकाबला करेगा। चुनाव में एआई तकनीक चुनावों की निगरानी, एनालिसिस और भ्रामक सामग्रियों को ट्रैक करेगा। नकली-बनावटी वीडियो, झूठी खबरें,

डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

> आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने एआई तकनीक विशेषज्ञों से इसके लिए प्रशिक्षण लेकर राज्य के चुनाव आयोग के साथ अपने अनुभव शेयर किए हैं।

फेक चेहरों की पहचान करेगा। समय से पहले ही गलत सूचनाओं को जंगल में आग लगने से पूर्व बुझाता रहेगा। एआई की ये तकनीक जल्द नकली सामग्री का मिलान वास्तविक वस्तु से कर लेगी।

2019-लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों ने ईवीएम में वोट की गड़बड़ी का एक बड़ा आरोप लगाया था। जांच हुई तो उनके कुछ आरोप सही भी साबित हुए। तब, 8 वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) के मिलान में आयोग ने खुद अंतर पाया था, यानी .0004 फीसदी वोटों का मिलान नहीं हो सका। संभावनाएं है, ऐसी हरकतों पर अंकुश लगाने में एआई तकनीक कारगर साबित हो सकती है। सोशल मीडिया का युग है, जहां, बात निकलती है, तो दूर तक जा पहुंचती है। पूर्व में संपन्न हुए तमाम इलेक्शनों में अनगिनत ऐसी अप्रिय घटनाएं घटित हुईं, जिसके बाद वोटरों का शक चुनावी प्रक्रियाओं पर भी गहराया? आयोग के काम करने के तरीकों और ईवीएम मशीनों का प्रयोग अब सवालों के घेरे में है ही?

दरअसल, इन आरापों के पीछे डीपफेक की हरकतें ही ज्यादा थी, जो बाद में पकड़ में आईं? आयोग की निष्पक्षता पर तो विपक्षी दल सवाल उठाते ही थे, अब सत्तारूढ़ दल से मिलीभगत के भी आरोप लगने लगे हैं। डीपफेक की गिरफ्त में नामी हस्तियां ज्यादा फंस रही हैं। खुद प्रधानमंत्री तक इसकी चपेट में आ चुके हैं। बड़े टीवी एंकरों की गलत आवाजें इस वक्त सोशल मीडिया में फैली ही हुई हैं। निश्चित रूप से समस्या विकराल हो गई है। इसलिए आगामी चुनाव साफ-सुथरे निपटे जिसको लेकर मुख्य चुनाव आयोग बेहद गंभीर है।

केंद्र सरकार भी इस बात को मानती है कि गलत सूचनाओं को रोकना बड़ी चुनौती है? खासकर चुनावों के समय कुछ ज्यादा ही? इनका तीन व्यापक क्षेत्रों में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में हेरफेर अधिक होता है। अव्वल, मतदाता के पक्ष में, दूसरा उम्मीदवार के पक्ष में, और तीसरा मतगणना प्रक्रिया में। लोकसभा-2024 में डीपफेक के जरिए खुराफाती तत्व नेताओं द्वारा झूठे चुनावी वादे और घोषणापत्र में पार्टी के एजेंडे के विपरीत बातों को ज्यादा फैलाने की संभावना है। इसलिए चुनाव आयोग ने अलग विभाग बनाकर एआई के माध्यम से ही इनकी कमर तोड़ने का प्लान बनाया है। इस अपराध के लिए सख्त कानून की जरूरत है क्योंकि मौजूदा भारत दंड संहिता-1860, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम-2000 व सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम-2021 से काम नहीं चलेगा। इस क्षेत्र में नापाक हरकतें जिस तेजी से बढ़ी हैं, उसे देखते हुए अलहदा कठोर कानून बनाए जाने की दरकार है। फिलहाल, देखते हैं लोकसभा चुनाव में डीपफेक की करतूतों पर अंकुश लगाने में चुनाव आयोग की 'एआई' तकनीक कितनी कारगर साबित होती है।

सोशल फोरम

पर अंधेरा तो अंधेरा है

तमसो मा ज्योतिर्गमय। बृहदारण्यकोपनिषद् का श्लोक है ये। इसका अर्थ है मुझे मुझे अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो। असत्य से सत्य की ओर ले चलने की प्रार्थना है ये। प्रार्थनाएं आवश्यक हैं ये ढांढस बंधाती है हमें और अच्छे दिनों के आश्वासन सी प्रतीत होती हैं।

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

प्रार्थना तो कर लें आप, पर तनिक रूक कर यह भी सोचें, किसी को अंधकार से प्रकाश की तरफ ले जाना आसान काम है? सबके बस की बात है नहीं ये। कभी एक बेहद कठिन, उबड़ खाबड़ रास्ता बुद्ध ने सुझाया था इस बाबत। अप्प दीपो भवः। अपना दीपक खुद बनो। अपना दीपक बनना आसान नहीं। खुद को तपाना पड़ता है इस राह में। कौन इस झंझट में पड़े? अपने आप को कष्ट देना कौन सी अक़्लमंदी है? ऐसे में बुद्ध से सहमत होने वाले अब ढूंढें से भी नहीं मिलते और उनका बताया रास्ता वीरान पड़ा रहता है।

पर अंधेरा तो अंधेरा है। लगातार और गहरा भी होता जा रहा है। इस अंधेरे से कौन बचा है अब? ये अंधेरा बेचैन भी करता है और डराता भी है। ऐसे में जो दिलासा दे देता है जनता को कि उसे प्रकाश की तरफ ले जाने के लिए भगवान की तरफ से नियुक्त किया गया है, जनता उसका दामन पकड़ लेती है। उसकी हर बात मानती है और वो चाहे तो तन मन धन से भी समर्पित होने से इनकार नहीं करती। कुल मिलाकर आज की तारीख में इससे चोखा काम कोई दूसरा नहीं है।

मुमकिन है आपकी अब तक ऐसे किसी विशेषज्ञ से मुलाक़ात न हुई हो अब तक। ऐसे में आपकी जानकारी के लिए विनम्रतापूर्वक बताना चाहता हूं मैं आपको। प्रकाश की तरफ ले जाने के मामले में महारत हासिल है मुझे। और मैं यह चाहता हूं सारा संसार लाभान्वित हो मेरी प्रतिभा से। ऐसा महात्मा हूं मैं जो लैंप पोस्ट की तरह जगमग है। आप किंकर्तव्यविमूढ़ हों। जूझ रहें हों मन में उमड़ते घुमड़ते प्रश्नों से। तमस से घबरा रहे हों और अपनी जेब ढीली करने के लिए प्रस्तुत हों तो मेरी शरण में आ सकते हैं।

-फेसबुक वॉल से

निवृत्ति का अनुशासन और संयम ही सही मार्ग

कभी-कभी काम इतना ज्यादा होता है और काम करने की प्रवृत्ति इतनी ज्यादा होती है कि ऐसा लगता है कि हमें अतुलित बल और बुद्धि मिल जाए और हम सब जो चाहते हैं वो कर सकें। ऐसी ही इच्छा से आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस एवं रोबोटिक्स इस दुनिया में आगे बढ़ रहे हैं और ये अनुमान है कि कुछ ही वर्षों में ये किसी भी मनुष्य की बौद्धिक एवं शारीरिक क्षमताओं को पीछे छोड़ देंगे। अगर जानकारों की मानें तो शायद दस पंद्रह वर्षों में ही एक सामान्य कंप्यूटर समस्त मनुष्य की क्षमताओं से आगे हो। ये बात कितनी सही है और वास्तव में कैसे होगी यह तो भविष्य के गर्भ में है। किंतु ऐसी इच्छाएं तो सदैव से ही हैं किसी ना किसी रूप में। जैसे महाभारत का उदाहरण लें तो रथी, अतिरथी, महारथी, महातिरथी आदि संज्ञाएं यौद्धिक क्षमताओं को बताने के लिये प्रयुक्त होती हैं।

डॉ. अजय शुक्ल
वरिष्ठ चिकित्सक, लखनऊ

अतिरथी का मतलब है, रथ में बैठकर युद्ध करने वाला महारथी योद्धा जो अजेय के रूप में प्रसिद्ध हो। अतिरथी एक ऐसा योद्धा होता है जो दिव्यास्त्रों का ज्ञान रखता हो और 12 रथियों, यानी 60,000 योद्धाओं से मुकाबला करने में सक्षम हो। वह सभी प्रकार के हथियारों और युद्ध कौशल में निपुण हो। अतिमहारथी उसे कहा जाता है जो 12 महारथी श्रेणी के योद्धाओं, यानी 86,40,000 सशस्त्र योद्धाओं से युद्ध लड़ने की क्षमता रखता हो। जिसके पास तीनों महास्त्र-ब्रह्मास्त्र, नारायणास्त्र और पाशुपतास्त्र होते थे उसे अतिमहारथी माना जाता था। अगर हम रामायण के योद्धाओं की बात करें, तो भगवान श्रीराम अतिमहारथी थे। महारथी को 12 अतिरथियों के बराबर माना जाता है। अति-महारथी को 12 महारथियों के बराबर माना जाता है। महामहारथी को 24 अति-महारथियों के बराबर माना जाता है ऐसे ही असीमित क्षमताओं की इच्छा से ही हिरणाक्ष ने संपूर्ण पृथ्वी को तो, रावण ने कैलाश को उठाया था। रावण के दस सर भी इसी असीमित राग का परिणाम है। कौन्तेय अर्जुन के अलावा, एक और कार्तवीर्य अर्जुन को भी हमें जानना चाहिए। पौराणिक कथाओं में सहस्त्रबाहु के नाम से प्रख्यात, सब कुछ करने की इक्छा से तप से हज़ारों भुजाओं को प्राप्त कर, जिसने रावण को हराया था कामधेनु को प्राप्त करने की दुर्चेष्टा से परशुराम जी से युद्ध किया। ना केवल यह दुःसाहस ने उसे नष्ट किया बल्कि क्षत्रिय वंशों को भी उसका दंड भोगना पड़ा।

चाहे राम से रावण का वध हो या परशुराम का अर्जुन के सहस्र बाहुओं को काटना यह बतलाता है कि विश्व के अनंत शक्ति के स्वामी प्रभु की क्षमताओं को मनुष्य को धारण करने की लिए ईश्वर का अनुराग,बहुत संयम और धर्म के आचरण की आवश्यकता होती है। नहीं तो अपनी शक्ति ही अपने विनाश का कारण बनती हैं। शक्ति के धारण के लिए या तो स्वयं ईश्वर राम, कृष्ण, परशुराम आदि आए या उनके अनुशासन में रहने वाले कुंती के अर्जुन। रावण को हराया तो बाली ने भी था, और सहस्त्रबाहु ने भी परंतु, पूजा राम की होती है क्योंकि वो उत्तम पुरुष हैं एवं मर्यादा स्वरूप में हैं अधम पुरुष और अमर्यादित शक्ति विनाश का ही बीज हैं यह हमें जानना चाहिए। इसलिए प्रवृति से प्रवृति ना पैदा हो नहीं तो कैंसर बन जाएगा। प्रवृत्ति से कार्य सिद्धि के बाद, निवृत्ति का अनुशासन और संयम ही सही मार्ग हैं सनातन काल से आज भी कल भी कभी भी। (यः पश्यति स पश्यति)

राम और रमा दोनों को लाए हैं

पिछले दिनों भाजपा प्रवर्तित एक नारा खूब गूंजा, 'हम राम को लाए हैं'। भक्तों ने इसमें यह जोड़कर चार चांद जड़ दिए कि 'अब राम जी इन्हें लाएंगे' यानी लोकसभा चुनाव में सत्ता में फिर से बिठाएंगे। इधर मालूम हुआ कि वे राम के साथ-साथ रमा (लक्ष्मी)को भी लाएं हैं। राम को तो आम आदमी के लिए लाए किंतु रमा(पैसा)को सिर्फ अपने लिए। बात स्टेट बैंक के चुनावी बाण्डों की कर रहा हूं। यह एक चालाकी भरी धन उगाही की योजना थी। इसके तहत केवल सरकारी बैंक(स्टेट बैंक)को अधिकृत किया गया था कि वह राजनीतिक दलों को चंदा देने वाले लोगों और कंपनियों आदि से धन जमा करवाकर बांड दे दे। दाताओं का नाम उजागर नहीं होगा। प्राप्तकर्ता उसे बैंक से भुना लेगा। पैसा आ जाएगा। किसी को कुछ पता नहीं चलेगा। गांव गिरांव की भाषा में इसे कहते हैं, 'ऊट की चोरी निहुरे निहुरे'। लेकिन ऊंट पर सुप्रीम कोर्ट की नजर पड़ गई और सब गुड़ गोबर हो गया। इस सबसे बड़ी अदालत ने पूरी योजना अवैध घोषित कर दी। यही नहीं अदालत ने गोपनीयता यानी चोरी का पर्दाफाश करने का भी आदेश दे दिया। तब सरकारी बैंक ने सरकार चाटुकारिता करते हुए एक कोशिश की उसे सब कुछ प्रकाशित करने के लिए जून तक समय दिया जाए। सुप्रीमकोर्ट ने 15 मार्च तक की तिथि- रेखा सब कुछ प्रकाशित करने के लिए निर्धारित कर दी। स्टेट बैंक और चुनाव आयोग ने विवरण प्रकाशित कर दिया, जिसके अनुसार भाजपा साढ़े छह हजार करोड़ से ऊपर की सबसे बड़ी रकम की दान ग्रहीता निकली। दानियों में ऐसे भी हैं,जिन पर प्रवर्तन निदेशालय की तलवार लटकी थी और दान के बाद हट गई। यही नहीं, ऐसे दानदाता भी प्रकाश में आ गए, जिन्हें दानोपरांत अगले ही दिन हजारों करोड़ रुपये की सरकारी परियोजना का ठेका मिल गया। यह उदाहरण महाराष्ट्र का है, जहां तोड़-फोड़कर करके बनी शिवसेना-भाजपा की सरकार है। गोस्वामी तुलसीदास ने कहा है, 'रमा विलास राम अनुरागी। तजत वमन जिमि जन बड़ भागी'।। यानी उनके अनुसार राम के सच्चे भक्त रमा का त्याग करते हैं। धर्म मार्ग में 'अपरिग्रह' को सभी ने महत्व दिया है। पतंजलि ने भी 'योग दर्शन' में विभूतियों की उपेक्षा करने की ही सलाह दी है। लगता है धर्म धुरीण भाजपाइयों के दांतों के अलग-अलग दो सेट हैं। दिखाते राम वाले हैं और खाते रमा वालों से हैं। इस लाने और लिवाने के नारों के बीच हमें 2014 से पहले का समय याद आ रहा है,जब हम कांग्रेस के घोटालों से त्रस्त होकर भाजपा को लाए थे, किंतु अब!

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

मेडिकल छात्रा के हत्यारोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

पेचकस, तमंचा, कारतूस और घटना में प्रयुक्त कार बरामद, हत्यारोपी के पैर में लगी गोली

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। वैदपुरा थाना पुलिस व एसओजी टीम ने एक मुठभेड़ के बाद मेडिकल छात्रा की हत्या करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मुख्य आरोपी के पैर में गोली लगी है। दोनों आरोपियों के पास से हत्या में प्रयुक्त पेचकश तमंचा कारतूस के अलावा हत्या में उपयोग में लाई गई कार बरामद हुई। पुलिस ने बाद में पकड़े गये दोनों आरोपियों को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि शोभा मिश्रा पत्नी अनिल कुमार निवासी होली मोहल्ला कस्बा व थाना कुदरकोट जनपद औरैया द्वारा थाना वैदपुरा पर मामला दर्ज कराया था कि उसकी बेटी प्रिया सैफई कालेज से एएनएम प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही थी। गुरुवार को महेन्द्र बाथम ने अपने भाई के साथ मिलकर उसकी हत्या करके शव को मदरडेरी प्लांट के पास सड़क किनारे फेंक दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी।

एसओजी और सर्विसलांस पुलिस टीमों को जानकारी मिली कि एएनएम छात्रा की हत्या करने वाला कार से सोनई पुल के पास कहीं जाने की फिराक में खड़ा है। सूचना पर पुलिस टीमों द्वारा आवश्यक बल प्रयोग करते हुये सोनई पुल के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गये आरोपी से पुलिस टीम द्वारा पूछताछ की गयी तो उसके द्वारा बताया गया कि मैंने प्रेम सम्बन्ध में बाधा आने के कारण प्रिया की हत्या कर दी थी। पेचकस को वहीं पास में फेंक दिया था। पुलिस टीम अभियुक्त को जब घटना स्थल पर ले गई तसे उसने बैग में पेचकस के पास रखे तमंचे से पुलिस टीम पर फायर कर दिया, जिसकी एक गोली थानाध्यक्ष वैदपुरा की सरकारी गाड़ी के बोनट पर जाकर लगी। पुलिस टीम ने भी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की तो एक गोली आरोपी के बायें पैर में लगी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस टीम द्वारा एक अवैध तमन्चा व दो खोखा व एक जिन्दा कारतूस सहित उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा रामप्रकाश पुत्र बालेश्वर को नगला बरी तिराहे से नगला बाबा की ओर जाने वाली सड़क के पास से गिरफ्तार किया गया।

मामले की जानकारी देते एसएसपी संजय कुमार वर्मा।

प्रदर्शन करतीं पैरामेडिकल और मेडिकल कालेज की छात्राएं। अमृत विचार

पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी।

छात्रा की मौत से भड़के छात्रों ने किया प्रदर्शन

सैफई, इटावा। सैफई पैरामेडिकल महाविद्यालय की एएनएम प्रथम वर्ष की छात्रा की नृशंस हत्या से छात्र-छात्राएं भड़क गए। एक हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने इमरजेंसी ट्रामा सेंटर के गेट पर हंगामेदार प्रदर्शन किया। जिससे चिकित्सा सेवाएं ठप हो गईं। गुरुवार रात नौ बजे से एक बजे तक इसके बाद शुक्रवार को 10 से एक बजे तक हालात काफी गंभीर रहे। अफसरों के आश्वासन व समझाने पर आक्रोशित छात्र शांत हुए। लेकिन वे अपनी मांगों पर डटे रहे। शुक्रवार सुबह 10 बजे छात्र और छात्राएं काफी संख्या में कॉलेज कैंपस से पैदल मार्च करती हुई सुरक्षा और न्याय की मांग करती हुई इमरजेंसी ट्रामा सेंटर के बाहर धरने पर बैठ गई। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत करके एसडीएम सैफई दीपशिखा, एसडीएम कुमार सत्यम, सीओ विवेक चावला, नागेंद्र चौबे आदि अफसरों ने कुलपति डॉक्टर प्रभात कुमार सिंह, एवं प्रतिकुलपति डॉ रमाकांत यादव को मौके पर बुलाकर छात्राओं की मांगों को जल्द से जल्द पूर्ण कराने का भरोसा दिलाया तब जाकर सभी छात्र- छात्राएं शांत हुए।

शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम

संवाददाता कुदरकोट, औरैया

अमृत विचार। सैफई मेडिकल कॉलेज की एएनएम छात्रा का शव मिलने से हड़कंप मचा रहा। परिजनों का कहना है कि पड़ोसी युवक ने एक तरफा प्यार में इस घटना को अंजाम दिया है।

प्रिया मिश्रा।

छात्रा की मां ने पड़ोसी युवक महेंद्र पर अपनी बेटी को परेशान करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि वही मेरी बेटी को कल ले गया था और वह हॉस्टल भी कई बार जा चुका है। पुलिस ने मां की तहरीर पर दो नामजद समेत तीन पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। छात्रा का शव जैसे ही उसके घर पहुंचा तो वहां पर चीख पुकार मच गई। काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ मृतका के घर पर जमा हो गई। आक्रोशित लोगों ने मौके पर डीएम और एसपी को बुलाने की मांग की, वहीं आक्रोशित लोग घर के सामने स्थित नामजद आरोपी का घर गिराने की मांग करते रहे। पुलिस ने एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी को पुलिस दबिश दे रही है। कुदरकोट थानाध्यक्ष पूजा सोलंकी ने बताया कि लोगों को समझा बुझा कर शव के अंतिम संस्कार के लिये राजी कराया गया।

कुदरकोट के होरी मोहल्ला निवासी सैफई मेडिकल कॉलेज की छात्रा प्रिया मिश्रा की हत्या कर शव को सोनई नदी पुल के पास सड़क किनारे फेंका गया था। शव को पुलिस ने गुरुवार देर शाम बरामद किया था। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार को शव के घर पहुंचते ही चीख पुकार मच गई। वहीं, आक्रोशित लोग मृतका के घर के सामने स्थित आरोपी के घर को गिराने के अलावा डीएम और एसपी को मौके पर बुलाने की जिद पर अड़े रहे। वहीं मौके पर भरी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। कुदरकोट थानाध्यक्ष पूजा सोलंकी ने बताया कि नामजद एक आरोपी महेंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया है और परिजनों को समझा बुझाकर शव का अंतिम संस्कार करा दिया गया है।

वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने ट्वीट कर लिखा सैफई यूनिवर्सिटी में छात्रा की मौत अत्यंत गंभीर विषय है। यह भाजपा के समय अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की घोषित नीति के जीरो हो जाने का एक और बेहद दुखद उदाहरण है। इस कथित हत्या की न्यायिक जांच हो, जिससे बीएचयू और सैफई विवि. जैसी घटनाओं में लिप्त लोगों का सच सामने आ सके।

प्रिया की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

- एएनएम छात्रा की हत्या के बाद पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर कसा तंज

जिले के चार केन्द्रों पर जांची जाएंगी तीन लाख कॉपियां

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। यूपी बोर्ड की हाई स्कूल और इंटर की परीक्षाओं के समाप्त होने के बाद मूल्यांकन का काम कराया जा रहा है और 16 मार्च से मूल्यांकन का कार्य शुरू हो जाएगा। जिला मुख्यालय में मूल्यांकन कार्य के लिए चार विद्यालयों को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। इन चारों विद्यालयों में कुल मिलाकर 3,10,624 कापियों का मूल्यांकन किया जाएगा।

जिला मुख्यालय पर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज तथा राष्ट्रीय बालिका इंटर कॉलेज में हाई स्कूल की कापियों का मूल्यांकन किया जाएगा जबकि इस्लामिया इंटर कॉलेज तथा सनातन धर्म इंटर कॉलेज में इंटर की कापियों का मूल्यांकन किया जाएगा। सबसे ज्यादा 1,06,533 कापियों का मूल्यांकन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में किया जाएगा। राजकीय इंटर कॉलेज में राजीव पाल तथा रामवीर तोमर ने बताया कि शिक्षकों द्वारा शनिवार से मूल्यांकन का कार्य किया जाएगा इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर दी गई हैं। साफ सफाई की व्यवस्था है। पानी बिजली की व्यवस्था भी पूरी तरह दुरुस्त है। यहां सोलर लाइट लगाई गई है और शिक्षकों के पीने के लिए आरओ वाटर उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन कक्षों में कापियों का मूल्यांकन किया जाएगा वह सभी पूरी तरह से तैयार कर लिए गए हैं। पूरा प्रयास है कि मूल्यांकन के लिए आने वाले शिक्षकों को कोई परेशानी ना हो।

- यूपी बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन आज से

इस तरह कराया जाएगा मूल्यांकन

- राजकीय इंटर कॉलेज परीक्षक 456 कॉपियां 93811
- राजकीय बालिका इंटर कॉलेज परीक्षक 580 कॉपियां 106533
- सनातन धर्म इंटर कॉलेज परीक्षक 228 कॉपियां 52326
- इस्लामिया इंटर कॉलेज परीक्षक 242 कॉपियां 57954

बेसिक शिक्षा विभाग की परीक्षाएं 20 से

इटावा। बेसिक शिक्षा विभाग ने अपने परीक्षा के शेड्यूल में परिवर्तन किया है। पहले कक्षा एक से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों की परीक्षाएं 16 मार्च से कराई जानी थीं, लेकिन परीक्षा शुरू होने से एक दिन पहले ही परीक्षा की स्कीम में परिवर्तन किया गया है। नई स्कीम के मुताबिक अब परीक्षाएं 20 मार्च से कराई जाएंगी। जिला समन्वयक ज्ञानेंद्र सिंह ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि 20 मार्च से दो पालियों में बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में परीक्षाएं कराई जाएंगी। इसके लिए सभी तैयारियां कर ली गई है। परीक्षाएं 27 मार्च तक चलेंगी।

सड़क पार कर रहे युवक की ट्रक की टक्कर से मौत

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

- रात एक बजे हाईवे पार करते समय हुआ हादसा

अमृत विचार। नेशनल हाईवे पर गुरुवार की रात सड़क पार करते समय तेजी से आ रहे ट्रक ने एक युवक को टक्कर मार दी। युवक को टक्कर मारने के बाद ट्रक आगे जा रहे ट्रक से टकरा गया। दोनों ट्रक के टकराने से चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक की केबिन में फंसे चालक को बाहर निकलवाकर इलाज के लिए भेजा। साथ ही गंभीर रूप से घायल युवक को भी पीजीआई भेजा वहां से उसे आगरा रेफर किया गया जहां उसकी मौत हो गई।

दिलीप।

बलरई थाना क्षेत्र के गांव बाउथ के मजरा ढरकना के रहने वाले विशुन सिंह का 42 वर्षीय पुत्र दिलीप सिंह हरियाणा के फरीदाबाद में नौकरी कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। गुरुवार की रात लगभग एक बजे किसी वाहन से उतरने के बाद अपने गांव जाने के लिए हाईवे पार कर रहा था तभी आगरा की तरफ से आ रहे ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया इसके बाद ट्रक आगे जा रहे दूसरे ट्रक में पीछे से जा टकराया। जिससे ट्रक ड्राइवर केबिन में फंस गया। हादसे में चालक व युवक दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। ट्रक ड्राइवर के दोनों पैर टूट गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद केबिन में फंसे ड्राइवर को निकाला और घायल हुए दिलीप व 50 ट्रक ड्राइवर को एम्बुलेंस द्वारा सैफई पीजीआई में भर्ती कराया। जहां दिलीप कुमार की गंभीर हालत देखते हुए को डॉक्टरों ने आगरा के लिए रेफर कर दिया। आगरा में इलाज के दौरान दिलीप की मौत हो गई वहीं ट्रक ड्राइवर का सैफई पीजीआई में इलाज जारी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने दिलीप के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सुपुर्द किया।

मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार की गई जान

संवाददाता बकेवर, इटावा

- अन्य स्थानों पर हुए हादसों में पांच लोग गंभीर घायल

अमृत विचार। बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत महेवा के पास हाईवे पर बाइक से जा रहे एक युवक को पीछे से किसी वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा अन्य स्थानों पर हुए हादसों में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कानपुर देहात के बरोर थाना क्षेत्र के गांव बरवा रसूल पुर निवासी संदीप कुमार शंखवार 30 वर्ष दिल्ली में किसी प्राइवेट फैक्ट्री में काम करता था। गुरुवार को वह बाइक से अपने गांव के लिए निकला था। जैसे ही वह महेवा के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रहे किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

इकदिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर नगला दलप के सामने सवारी के इंतजार में खड़े सत्य नारायण को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गए। फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के पीएसी गेट के सामने पैदल जा रहे शैलेंद्र पुत्र बृजलाल को किसी वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत नारायण पुर बगिया के पास जा रहे समीर पुत्र अजय निवासी पूठन सकरौली को तेजी से आ रही कार ने टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया। उदी मोड़ के पास ऑटो व टिर्री की भिड़ंत में नईम पुत्र नसीम निवासी घटिया अजमत अली घायल हो गया। इसके अलावा उदी बिजली स्टेशन पर काम करने वाला पिंटू पुत्र हरी सिंह निवासी खरदूली ट्रांसफार्मर पर चढ़ रहा था तभी गिर्री टूटने से वह घायल हो गया। सभी घायलों को उपचार के जिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

होमगार्ड को सम्मानित किया

इटावा। रास्ते में गिरे मोबाइल को मोबाइल के मालिक तक पहुंचाने का काम करने होमगार्ड के जवान को सम्मानित किया गया। शुक्रवार को सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह ने उसे सम्मानित किया। इस संबंध में डॉ. आशीष दीक्षित ने बताया कि उनकी बेटी का मोबाइल गिर गया था। फिर उस पर काल करने पर सुरेंद्र नामक होमगार्ड ने बताया कि मोबाइल उसके पास है और उनके घर जाकर मोबाइल प्राप्त किया गया। डॉ आशीष दीक्षित ने शुक्रवार को होमगार्ड जवान को सम्मानित किया साथ ही सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह ने शाल ओढाकर व प्रतीक चिह्न देकर सुरेन्द्र को सम्मानित किया।

समस्याओं के समाधान पर बनी सहमति

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- शिक्षक नेताओं ने विभागीय अधिकारियों से की वार्ता

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश माशिसं इटावा के शिष्ट मंडल ने प्रांतीय संयोजक संरक्षण समिति के संयोजक श्रीनारायण द्विवेदी के नेतृत्व में जिला विद्यालय निरीक्षक से वार्ता कर उन्हें शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराया।

इस सौहार्दपूर्ण वातावरण में पीड़ित माध्यमिक शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए विभागीय अधिकारी के साथ कई बिदुओं पर सहमति बनी।

माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पंकज चौहान ने बताया कि वार्ता में जिन बिन्दुओं पर सहमति बनी उनमें मार्च 2024 तक एनपीएस कटौती का विवरण राज्यांश के साथ पूर्ण किया जाना। 31 मार्च तक का जीपीएफ का ब्याज पूर्ण कर लेखा पर्ची निर्गत किया जाना। सभी प्रकार के अद्यतन बोर्ड संबंधी पारिश्रमिक एवं एरियर्स के भुगतान किया जाना शामिल हैं।

वार्ता के समय पर संगठन के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह चौहान, प्रदेश मंत्री व जिला संरक्षक अरुण कुमार दुबे, प्रधानाचार्य परिषद इटावा के जिलाध्यक्ष राजकुमार वर्मा, जिला मंत्री मनोज कुमार त्रिपाठी समेत तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

संतों का स्वागत करते व्यापारी नेता आलोक दीक्षित व अन्य।

चौरासी कोसी परिक्रमा का किया स्वागत

इटावा। सैकड़ों संत महात्माओं के साथ चल रही चौरासी कोसी परिक्रमा के इटावा पहुंचने पर नवीन मंडी परिसर में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों नें जोरदार स्वागत किया। संतों को माल्यार्पण पूजन कर जलपान कराया। मंहत महावीर दास, मंहत छवि राम दास, मंहत अमरदास के नेतृत्व में निकली साधुओं की टोली नवीन मंडी पहुंची। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित, नवीन मंडी व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रदीप आढ़तिया के नेतृत्व में दर्जनों व्यापारियों ने यात्रा पर पुष्प वर्षा, माल्यार्पण, तिलक आदि लगाकर स्वागत किया। पिछले दस मार्च को निकली ये यात्रा परिक्रमा लगाते हुये 22 मार्च को कुन्दन पुर कुदरकोट में समाप्त होगी।

एनएसएस शिविर में भाग लेते प्रो. रिपुदमन एवं प्राचार्य महेंद्र सिंह व अन्य।

राष्ट्र के विकास में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण

इटावा। केके कॉलेज इटावा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का उदघाटन पूर्व क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो. रिपुदमन सिंह ने किया। इस मौके पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम अधिकारी मुरली कुमार ने विशेष शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रो. रिपुदमन सिंह ने कहा कि सात दिवसीय विशेष शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों में सेवा भावना विकसित होगी। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो महेंद्र सिंह ने एनएसएस की स्थापना, उद्देश्य एवं समाज में इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा समाज व राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को राष्ट्र सेवा का बेहतरीन मंच उपलब्ध कराती है। सात दिवसीय विशेष शिविर से विद्यार्थी बहुत कुछ सीख कर जाएंगे। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण भी किया। संचालन मुख्य अनुशासन अधिकारी प्रो. शिवराज सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रो. उदयवीर सिंह, डॉ सुशील वर्मा, डॉ सुजीत कुमार, डॉ हेम सिंह ओझा, डॉ नीता पांडे, डॉ नमिता पांडे, डॉ संदीप, कार्यालय अधीक्षक मधुसूदन सिंह, पवन वर्मा, अवनीन्द्र मोहन वर्मा, आशीष पटेल, तरुण वर्मा, दीपांशु पटेल, उमेश मौजूद रहे।

बच्चे पढ़ाई के प्रति सजग रहते हुए भविष्य संवारें

इटावा। उच्च प्राथमिक कंपोजिट विद्यालय लहरोई भरथना में कक्षा आठ के बच्चों के विदाई समारोह पर उनकी हौसला अफजाई करते हुए उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। मुख्य अतिथि प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष विनोद यादव ने बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। प्रोफेसर शिवराज सिंह ने कहा कि कर्म ही पूजा है, कर्म करो तो निश्चित ही सफलता मिलती है। अपने कर्म के प्रति बच्चे हमेशा सजग रहें पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें। कार्यक्रम में जिला मंत्री अजय तिवारी, संयुक्त मंत्री मुकेश यादव, बसरेहर ब्लॉक अध्यक्ष रामविलास यादव, उपेन्द्र वर्मा, प्रतिभा यादव, असित पाल, रामवीर यादव, आरपी काशिफ, राधा तिवारी, अमित कुमार संध्या, शैलेश, इफ्तिकार संकुल प्रभारी बिरारी, सलोनी यादव, यशवीर यादव उपाध्यक्ष ब्लॉक भरथना, आरिफ ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम संयोजक प्रतिभा यादव ने सभी अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन संरक्षक प्राशिसं बृजेश यादव ने किया।

कार्यालय ग्राम पंचायत-फूलापुर विकास खण्ड-सैफई (इटावा)

पत्रांक: मेमो/पं0रा0वि0/मनरेगा/2023-24 दिनांक: 15.03.2024

निविदा सूचना

ग्राम पंचायत फूलापुर विकास खण्ड सैफई के टिन धारक ईट, मिट्टी 40 एम0एस0 एवं अन्य टिन धारक सामग्री विक्रेताओं से सीमेन्ट, बालू, मौरंग, पत्थर गिट्टी 20 एम0एस0, हयूम पाइप, टाइल्स आदि के अन्तर्गत कराये जाने वाले निम्न कार्यो के कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 15.03.2024 को अपरान्ह 01.00 बजे निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। विक्रित निविदाएं निविदा बॉक्स में निर्धारित समय के अन्तर्गत डाली जायेगी। निर्धारित समय सीमा के उपरान्त निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत फूलापुर कार्यालय से दिनांक 16.03.2024 से 18.03.2024 तक प्रत्येक कार्य दिवस में मू0 1000.00 रूपये नगद जमा प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 19.03.2024 को कार्यालय ग्राम पंचायत फूलापुर विकास खण्ड सैफई के कक्ष में उपस्थित सामग्री आपूर्ति कार्यो की उपस्थिति में ग्राम पचायत सचिव द्वारा समिति के समक्ष खोली जायेगी। ग्राम पंचायत सचिव को यह अधिकार होगा कि किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किया जा सकता है।

क्र0	योजना का नाम	कार्य का नाम	सामग्री	धरोहर धनराशि 2%	निविदा प्रपत्र मूल्य
01	मनरेगा रा0/15वि0	ग्राम सियापुर बाबू में अमृत सरोवर मिशन अन्तर्गत तालाब का जीणोद्धार कार्य	1090804.00	21816.00	200.00
02	मनरेगा रा0/15वि0	अमृत सरोवर फूलापुर सियापुर बाबू में ट्रेक निर्माण	1191510.00	23830.00	200.00

प्रधान- ग्राम पंचायत-फूलापुर, वि0ख0-सैफई (इटावा)

सचिव - ग्राम पंचायत-फूलापुर, वि0ख0-सैफई (इटावा)

खुशखबरी

50 करोड़ की लागत से होने वाले विकास कार्यों के शिलान्यास के साथ किया गया लोकार्पण

अब शहर में चारों ओर बहेगी विकास की गंगा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। नगर के चतुर्दिक विकास के लिए शहर की सरकार ने अपना खजाना खोल दिया। नगर पालिका परिषद की चेयरमैन ज्योति गुप्ता और अधिशाषी अधिकारी विनय कुमार मणि त्रिपाठी ने पालिका सभागार में आयोजित समारोह में लगभग 50 करोड़ रुपये के विकास कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस धनराशि से नगर में नाला, सडकें, चौराहों का सौंदर्यीकरण, प्रवेश द्वारों के निर्माण, स्ट्रीट लाइटों के काम हर गली मोहल्ले में कराए जाएंगे।

चेयरमैन ज्योति गुप्ता ने बताया कि नगर की जनता की सुविधाओं के लिये विकास कार्य कराए जा रहे हैं। करीब 24 करोड़ की लागत से पक्का तालाब सहित सभी चौराहों का सौंदर्यीकरण, शहर में पार्कों का निर्माण और ओपेन जिम की स्थापना, गलियों का निर्माण, राहतपुरा से सराय दयानत तक नाला का निर्माण, आरटीओ रोड पर नाला निर्माण, पचावली रोड पर नाला निर्माण, मैनपुरी अंडरब्रिज से आईटीआई चौराहा नाला निर्माण, मानिकपुर मोड से शिवम टाकीज तक नाला निर्माण का कार्य कराया जाएगा।

विकास कार्यों की जानकारी देतीं अध्यक्ष ज्योति गुप्ता, कुलदीप गुप्ता एवं ईओ विनय मणि त्रिपाठी। अमृत विचार

- आदर्श नगर बनाने का सपना करेंगे पूरा : ज्योति गुप्ता
- हर गली मोहल्ले में कराए जाएंगे स्ट्रीट लाइट के कार्य

सफाई और प्रकाश पर खर्च होंगे 13 करोड़ रुपये

इटावा। शहर में प्रकाश और सफाई व्यवस्था को सुदृढ बनाने पर 13 करोड़ रुपये की धनराशि खर्च की जाएगी। पूर्व चेयरमैन कुलदीप गुप्ता संटू ने कहा कि उच्च तकनीकी सफाई व्यवस्था के लिए अंडरग्राउंड डस्टबिन स्थापना कार्य, 40 वार्डों में कीटनाशक छिड़काव के लिए 80 मशीनें, 300 हाथ कूड़ा गाड़ी और डस्टबिनों की खरीद होगी। सभी चौराहों और गलियां स्ट्रीट लाइट से जगमग होंगी। फैंसी स्ट्रीट लाइटों की स्थापना भी बड़े पैमाने पर की जाएगी।

सौंदर्यीकरण पर खर्च होंगे दस करोड़ रुपये

इटावा। चेयरमैन ज्योति गुप्ता ने बताया कि सिद्धपीठ कालीबांह मंदिर, शमशान घाट, वाइस ख्वाजा कब्रिस्तान के सौंदर्यीकरण और नगर की सीमाओं पर प्रवेश द्वारों के निर्माण पर करीब पौने दो करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। कालीबांह मंदिर पर नवरात्रि पर मेला लगता है। नवरात्रि तक वहां की साज सज्जा का काम पूरा जाएगा। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आएगी।

शहर में लगेंगे 160 वाटर कूलर

इटावा। गर्मी के सीजन को देखते हुए शहर के विभिन्न स्थानों पर 160 वाटर कूलर लगेंगे। पेयजल आपूर्ति मंम आमूलचूल सुधार के लिए एक करोड़ 70 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। नगर में 30 स्थानों पर नई तकनीक के 30 आरओ वाटर कूलर भी लगाए जाएंगे। साथ ही 10 सोलर पंप, दो बड़े नलकूप और 4 वाटर टैंकर लगेंगे। शहर के हर मोहल्ले के हर घर तक पानी पहुंचाया जाएगा।

ये लोग रहे मौजूद

पूर्व चेयरमैन कुलदीप गुप्ता संटू, लेखाधिकारी अवधेश तिवारी, पेशकार अतर सिंह, सभासद इकबाल अहमद, हीरू तोमर, अरिवंद यादव, अतुल पचौरी, ललित चौबे, पूनम पांडेय, लीलावती राजपूत आदि लोग मौके पर मौजूद रहे।

छप्पर में आग से चार पशुओं की मौत

चकरनगर, इटावा। तहसील क्षेत्र चकरनगर के गांव नीमरी में घर के दरवाजे पर रखे छप्पर में दोपहर के समय अचानक भीषण आग लग गई। छप्पर में बंधी चार बकरियां जिंदा जल गई और दो भैंस झुलस गई। रविंद्र सिंह परिहार ने बताया कि शुक्रवार अपराह्न दो बजे खेत पर सरसों काट रहे थे और पत्नी बाजार गई हुई थी। इसी दौरान ग्रामीणों ने उन्हें छप्पर में आग लगने की सूचना दी। वह दौड़कर घर पहुंचे, तब तक छप्पर में बंधी चार बकरियां जिंदा जल चुकी थी और दो भैंस बुरी तरह झुलस गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत करके आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण पता नहीं चल सका। सूचना पर लेखपाल धर्मेन्द्र मिश्रा व प्रभारी निरीक्षक बिठौली अलमा अहिरवार ने निरीक्षण करते हुए पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। एसडीएम ब्रह्मानंद सिंह ने कहा कि पीड़ित परिवार को नुकसान के मुताबिक मुआवजा दिलाया जायेगा।

आधार बनाने व संशोधन में नहीं हो समस्या : डीएम

आधार संतृप्तिकरण की प्रगति की समीक्षा बैठक में दिये गये दिशा-निर्देश

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की त्रैमासिक बैठक आहूत की गई। बैठक में आधार संतृप्तिकरण की प्रगति पर समीक्षा की गई।

बैठक में भारत सरकार से आये प्रतिनिधि आशुतोष सिंह ने आधार से संबंधित सभी बिंदुओं पर विस्तृत से चर्चा करते हुए आधार बनवाने या संशोधन में आने वाली समस्याओं के निस्तारण हेतु सुझाव भी दिये। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी बब्बन प्रसाद मौर्य ने कहा कि जनपद में आधार कार्ड बनवाने का कार्य प्रगति पर है।

जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने उप प्रबंधक डाक, मुख्य चिकित्साधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रबंधक आईपीबीपी, जिला कार्यक्रम अधिकारी इत्यादि को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी केंद्र, किटें सुचारू रूप से कार्य करने चाहिए। जो केंद्र, किट चालू नहीं है, उन्हें शीघ्र चालू करवाए जाए, ताकि शीघ्रातिशीघ्र आधार संतृप्तिकरण के लक्ष्य तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि आधार बनवाने व संशोधन में किसी प्रकार की समस्या न हो।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने संबंधितों को निर्देशित किया कि सभी संबंधित केंद्र सुचारू रूप से चलने चाहिए ताकि आधार बनवाने या संशोधन की प्रगति प्रभावित न हो। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक दिगम्बर कुशवाहा, डीसी मनरेगा रामदुलार, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी अनिल कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी देवमणि मिश्रा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद रामआसरे कमल, ई डिस्टिक मैनेजर विपिन पाल मौजूद रहे।

बैठक के दौरान निर्देश देतीं डीएम नेहा प्रकाश। अमृत विचार

प्रशिक्षण 19 को

औरैया। जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के अनुमोदन पर 14 मार्च के क्रम में लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 हेतु समस्त जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण 19 मार्च को पूर्वाहन 11 बजे मानस सभागार कलेक्ट्रेट ककोर मुख्यालय पर आयोजित किया जाएगा। प्रभारी अधिकारी (प्रशिक्षण) अनिल कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए समस्त निर्वाचन कार्य हेतु नियुक्त जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट (रिजर्व सहित) से अपेक्षा की है कि प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

ज्यादा से ज्यादा पौधों का रोपण करें

औरैया। कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में जिला पौधरोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा संरक्षण समिति की समीक्षा बैठक हुई। बैठक करते हुए डीएम नेहा प्रकाश ने कहा कि पर्यावरण को संतुलित बनाने में वृक्षों की मुख्य भूमिका है। इसके लिए आधिकाधिक पौधरोपण किया जाए, जिससे आने वाले समय में सभी को स्वच्छ वातावरण मिल सके और सभी लोग स्वस्थ जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि जब वातावरण शुद्ध होगा तो स्वास्थ्य भी सही रहेगा और आमजन बीमारियों से बच सकेंगे। डीएम ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका व नगर पंचायत को निर्देशित किया कि सभी संबंधित अपने-अपने क्षेत्र में गंदगी न होने दें और कूड़ा आदि का उठान समय से करायें। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक आदि के प्रयोग को रोकने के लिए भी लोगों में जागरुकता लाने के लिए आवश्यक कदम उठायें। बैठक में सीडीओ अनिल कुमार सिंह, जिला वनाधिकारी राकेश सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दिगंबर कुशवाहा, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी बब्बन प्रसाद मौर्य, जिला विकास अधिकारी करुणापति मिश्र, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण अभिषेक यादव, अधिशासी अभियंता विद्युत लेखराज, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद राम आसरे कमल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी आदि मौजूद रहे।

29 मार्च तक होगा खाद्यान्न का वितरण

औरैया। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया कि भारत सरकार द्वारा एनएफएसए में आच्छादित अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को एक जनवरी से पांच वर्ष के लिए नि:शुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराये जाने का निर्णय के क्रम में आवंटन माह-मार्च 2024 के सापेक्ष 29 मार्च तक खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण किया जायेगा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय कार्डधारकों को 35 किग्रा. खाद्यान्न (14 किग्रा. गेहूं, 14 किग्रा. चावल, 06 किग्रा. बाजरा व 01 किग्रा. ज्वार) तथा पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों को प्रति सदस्य/प्रति यूनिट पर 05 किग्रा. खाद्यान्न (01 किग्रा. गेहूं, 02 किग्रा. चावल,01 किग्रा. बाजरा व 01 किग्रा. ज्वार) का नि:शुल्क वितरण तथा अंत्योदय कार्डों पर कुल 03 किग्रा. चीनी कुल धनराशि रुपये 54 के नकद मूल्य पर ई-पॉस मशीन के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण के द्वारा पर्यवेक्षणीय अधिकारी की देखरेख में वितरण होगा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत जनपद के राशन कार्ड धारकों से अपेक्षा है कि उचित दर विक्रेता के माध्यम से वस्तुएं प्राप्त करें।

रैली निकाल कर लोगों को जागरूक करते छात्र। अमृत विचार

सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

औरैया। विवेकानंद ग्रामोद्योग महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर एक रैली का आयोजन किया गया। एनएसएस के स्वंय सेवकों ने रैली के द्वारा उमरी का भ्रमण करते हुए लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया।

रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने स्लोगन के द्वारा जानता है देश का हर बच्चा, सबसे जरूरी सड़क सुरक्षा, सड़क सुरक्षा को अपनाएं ,जीवन को खुशहाल बनाएं तथा सड़क सुरक्षा की यही पुकार, बिना हेलमेट के सब बेकार आदि नारों के माध्यम से ग्राम वासियों को जागरूक किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यश कुमार ने ग्राम उमरी में गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन बहुत अनमोल है और इसको सड़क दुर्घटना का शिकार ना बनाएं। विशेष शिविर के द्वितीय सत्र की शुरुआत संस्कार रंगोली के प्रशिक्षण से हुई। इसके तहत महाविद्यालय की डॉ. निकिता अग्रवाल ने स्वयंसेवकों को रंगोली के बारे में प्रशिक्षित किया। तृतीय दिवस में ज्योति, आकांक्षा कुमारी, प्रियंका, नेहा पोरवाल, स्नेहा, शिवम कुमार, लक्ष्मी कुमारी, अंजना भारतीय, सुप्रिया शर्मा, प्रिंसी राजपूत, रिचा, शिवानी, गोल्डी, पारुल बाथम, नंदनी, रिया सिंह, रश्मि, नितिन कुमार, आयुष रहे।

होली मिलन समारोह 31 को

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- एक विचित्र पहल सेवा समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

अमृत विचार। एक विचित्र पहल सेवा समिति की आवश्यक बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता ने की।

बैठक में प्रमुख रूप से 31 मार्च को क्रॉनिक एकेडमी में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाने हेतु सर्वसम्मति से विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम के सफल संयोजन के लिए समिति के सक्रिय सदस्य कपिल गुप्ता व सखी ग्रुप की सक्रिय सदस्य मोना यादव को संयोजक मनोनीत किया गया। बैठक में सभासद विनोद यादव (कल्लू) ने बताया कि समारोह में मोरवी नंदन म्यूजिकल ग्रुप, कानपुर द्वारा आधुनिक वाद्य यंत्रों के साथ भजन संध्या तथा वृंदावन के कलाकारों द्वारा नृत्यों व झांकियां का प्रदर्शन तथा शहर के उदीयमान बच्चों द्वारा रंगारंग धमाल के साथ स्वस्थ मनोरंजन के मनोहरी कार्यक्रमों का प्रदर्शन व उसके बाद फूलों की होली का आयोजन किया जाएगा। समिति के संस्थापक ने बताया कि समिति परिवार के जो बच्चे कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देना चाहते हैं वह अपना नाम 25 मार्च तक कार्यक्रम के संयोजकों व महिला शाखा तुलसी सखी ग्रुप की अध्यक्ष एकता गुप्ता के पास अंकित करवा दें। बैठक में प्रमुख रूप से सखी ग्रुप की संरक्षक लक्ष्मी बिश्नोई, गुड्डन गुप्ता, सुनील अवस्थी षांगा समग्रष् के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता एडवोकेट, आदित्य पोरवाल, सभासद विनोद यादव (कल्लू), आनन्द गुप्ता (डाबर), राजीव कुमार शुक्ला, कपिल गुप्ता, अखिलेश पोरवाल, शिक्षक अनुराग गुप्ता, राजीव पोरवाल (रानू) आदि सदस्य मौजूद रहे।

रमजान के पहले जुमे को रही भारी भीड़

संवाददाता, फफूंद, औरैया

- सीएए लागू होने के बाद पड़ा पहला जुमा
- मस्जिदों के बाहर मौजूद रहा भारी पुलिस बल

अमृत विचार। शुक्रवार को रमजानुल मुबारक का पहले जुमे पर मस्जिदों में रोजेदारों की अधिक संख्या देखने को मिली। अन्य जुमा के अपेक्षा रमजान में पहले जुमा के दिन नामाजियों की तादाद ज्यादा रही।

हजरत पीर बुखारी दरगाह के इमाम मौलाना खलीलउल्लाह ने जुमा की नमाज से पहले अपनी तकरीर में कहा कि रमजान रहमत, बरकत व जहन्नुम से निजात का महीना है। इस वा बरकत माह में इबादत में कई गुना ज्यादा नेकियों की बढ़ोतरी हो जाती है। रमजान के महीने में जहन्नुम के दरवाजे बंद हो जाते है।

रोजा बीमारियों को दूर भगाता है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समुदाय के लोग अगर किसी शरई मजबूरी की वजह से रोजा नहीं रख पाए हों तो रमजानुल मुबारक का एहतराम करें। खुले में खाते पीते नहीं घूमे। इस जुमे में आम दिनों की अपेक्षा जामा मस्जिद आस्ताना आलिया व हजरत पीर बुखारी मस्जिद सहित आदि मस्जिदों में ज्यादा भीड़ भाड़ रही ।

वहीं, देश में सीएए लागू होने के बाद पहला जुमा पड़ने से पुलिस प्रशासन भी सतर्क नजर आया और मस्जिदों के बाहर भी पुलिस का सख्त पहरा रहा। वहीं जामा मस्जिद आस्ताना आलिया में मौलाना सैयद मज़हर चिश्ती ने भी रमजान फ़ज़ीलत बताते हुए मुस्लिम समुदाय के लोगों से रमजान का सही हक़ अदा करने की अपील की।

मस्जिद में नमाज पढ़ते नमाजी। अमृत विचार

टप्पेबाजी करने वाले चार गिरफ्तार, माल भी बरामद

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। कोतवाली थाना पुलिस ने गश्त के दौरान बस स्टैंड के पास से टप्पेबाजी कर लोगों के जेवर नकदी व सामान पार करने वाली दो महिला व बालिका सहित चार टप्पेबाजों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उनके पास से चोरी किया गया सामान बरामद हुआ। पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया।

कोतवाल ने बताया कि सात मार्च को ज्योति सिंह ने कोतवाली में तहरीर दी कि वह शास्त्री चौराहे से कचौरा के लिये ऑटो में बैठकर जा रही थी तभी रास्ते में ऑटो में बैठे एक व्यक्ति व दो महिलाओं एवं एक बच्ची ने उसके पर्श से जेवरात चोरी कर लिये। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। शुक्रवार को पुलिस गश्त पर थी तभी सूचना मिली कि टप्पेबाजी करने वाले बस स्टैंड के पास मौजूद है। इस सूचना पर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उनके पास से चोरी किया गया सामान बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े लोगो ने अपने नाम संजीव वर्मा पुत्र लीला सिहं निवासी सुभाष रोड खुर्जा ,राजकुमारी पत्नी प्रदीप निवासी मोहल्ला किलामेवई थाना कोतवाली खुर्जा ,रेशमा पुत्री सुघर सिंह निवासी मोहल्ला आजाद नगर थाना टिकसाना जनपद भरतपुर राजस्थान व एक बालिका शामिल थी। पकड़े गए लोगों ने बताया कि बरामद जेवर उन्होंने एक ऑटो में बैठी महिला के पर्स से पार किए थे। पकड़े गए सभी आरोपियों को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया।

गिट्टी लदा ट्रक पलटा, बाल-बाल बचा चालक

अछल्दा, औरैया। थाना क्षेत्र के रामपुर बैश भट्टा के पास शुक्रवार सुबह में गिट्टी लाद कर आ रहा एक ट्रक अनियंत्रित होकर बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड पर पलट गया। लोगों ने चालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया । उसे हल्की फुल्की चोटें आईं हैं। ट्रक चालक अरविंद ने बताया हुआ कि ट्रक से गिट्टी लेकर झांसी से अछल्दा के पास आशा गांव जा रहा था। तभी, बुंदेलखंड एक्सप्रेस के सर्विस रोड के नीचे पुल पार करते ही ट्रक पलट गया। आवाज सुन ग्रामीण दौड़ पड़े और अंदर फंसे चालक को बाहर निकाला। उसे हल्की फुल्की चोटें आई हैं, जिसका स्थानीय चिकित्सक से इलाज कराकर सूचना ट्रक के मालिक को दिया गया।

समस्त अधिवक्ता ड्रेस कोड में ही कचहरी आएं

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- डीबीए की बैठक में आय व्यय का विवरण सौंपा
- पूर्व अध्यक्ष सुनील दुबे के कार्यकाल को सराहा गया
- प्रति माह आय-व्यय का विवरण देने की उठी मांग

अमृत विचार। औरैया जिला बार एसोसिएशन कार्यकारिणी की प्रथम बैठक में आय व्यय का ब्योरा पेश किया गया जिसमें पूर्व अध्यक्ष सुनील दुबे एवं महामंत्री अरुण त्रिवेदी ने वर्ष 2022-23 के आय व्यय का ब्योरा आमसभा सदन के सामने रखा।

उन्होंने पूरे आय व्यय का विवरण इस प्रकार देते हुए कहा कि वकालतनामा पर कुल 439790 रूपये प्राप्त हुए वहीं एल्डर कमेटी से 73050 तथा पूर्व कमेटी से प्राप्त हुए उन्होंने कहा कि करीब 5 15947 रुपये के खर्चे की जानकारी देते हुए अध्यक्ष सुनील दुबे ने कहा कि उन्होंने अधिवक्ताओं के दुर्घटना बीमा में 140000 रुपये तथा अधिवक्ताओं के बैठने के लिए 100 कुर्सियों में 45000 रुपये तथा एक हाल की मरम्मत में करीब एक लाख रुपये खर्च किए। वकालतनामा से प्राप्त धन और अन्य मदों से मिले पैसे का पूर्ण विवरण दिया जिसमें आमसभा के पदाधिकारी ने अपने उद्बोधन में पूर्व कमेटी का स्वागत किया और अच्छे कार्य की सराहना भी की। वहीं पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्रनाथ शुक्ला ने कहा कि पूर्व कमेटी को प्रति माह आय व्यय का ब्योरा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे पारदर्शिता बनी रहती है और कोई गड़बड़ नहीं कर पाता है।

आम सभा की बैठक में इंद्रपाल सिंह भदौरिया, देवेंद्र त्रिपाठी ,रामरतन कुशवाहा, अशोक अवस्थी ,मानसिंह पाल, गिरजाकांत त्रिपाठी पप्पू मिश्रा , दारा शुक्ला राजू, अनिरुद्ध त्रिपाठी ,अतुल शुक्ला ,सुरेंद्रनाथ शुक्ला ,हरिशंकर शर्मा कमल प्रकाश यादव, कमलेश पोरवाल मंजुल चौबे आदि अधिवक्ताओं ने अपने-अपने प्रस्ताव रखें। अधिवक्ताओं ने ड्रेस कोड पर विशेष जोर देते हुए कमेटी से अनुरोध किया कि समस्त अधिवक्ता ड्रेस कोड में ही आएं। वहीं आय व्यय सौंपते वक्त सुनील दुबे पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि अधिवक्ताओं का साथ पूर्ण रूप से नहीं मिला इसलिए डीबीए के पास 500000 का बजट रहा अगर यही अधिवक्ता डीबीए का पूर्ण साथ देते तो एक अच्छी कामयाबी के साथ डीबीए के पास एक बजट भी होता।

इस मौके पर आमसभा में अभिषेक शुक्ला ,सागर शुक्ला, अनूप श्रीवास्तव ,कंचन चौधरी, अनुराग त्रिपाठी, गायत्री शर्मा ,शिवम शर्मा, पंकज मिश्रा, हरिओम त्रिपाठी, हरिओम चतुर्वेदी, मोहम्मद अकरम ,अनूप चौबे, मोहित शर्मा, अतेंद्र पांडे, विपिन त्रिपाठी ,अनुज तिवारी, हेमू चौबे ,संयुक्त मंत्री श्री पाठक,अनुज तिवारी, सहित सभी पदाधिकारी डीबीए और सैकड़ो अधिवक्ता मौजूद रहे वही संचालन कुलदीप दुबे ने किया उक्त बातें प्रवक्ता एवं एडवोकेट कमलेश कुमार पोरवाल ने बताई।

स्मार्टफोन मिला तो खिले छात्रों के चेहरे

औरैया। शहर के फफूंद रोड स्थित जीएस लॉ कॉलेज में प्रदेश सरकार की योजना के तहत छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किए गए। फोन पाकर छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखा गया। कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन प्रबंधक रंजीत राजावत रामू ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। उन्होंने स्मार्ट फोन का सदुपयोग कर अपनी शिक्षा को बेहतर बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर कॉलेज के 157 छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किए गए। इस मौके पर अवधेश भदोरिया, बब्बू सेंगर, आशू भाटी, शिवम सेंगर, विनीत कुमार मिश्रा, कपिल मिश्रा, शिवम जादौन, अपूर्वा अवस्थी, नीलम सेंगर, निधि रहीं।

बच्चों को मिली लेखन पुस्तिका तो मुस्कुराये

संवाददाता, दिबियापुर, औरैया

- बच्चे ही देश का भविष्य, मिले अच्छी शिक्षा : प्रो. संदीप ओमर
- बच्चों से बातचीत कर उनको पढ़ने के लिए किया प्रेरित

अमृत विचार। छोटे-छोटे नन्हे बच्चों को शुक्रवार को लेखन पुस्तिका का वितरण असेनी गांव में किया गया। वीजीएम कॉलेज दिबियापुर के गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप ओमर और हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर योगेश मिश्र ने सेवा भाव से लेखन पुस्तिका बच्चों को वितरित किया। डॉ. संदीप ओमर ने सभी बच्चों से बातचीत कर उनको पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर डॉ. योगेश मिश्र ने सब पढ़े, सब बढ़े की भावना को विकसित करने की बात की। बालक और युवा देश के कर्णधार है, इस विचार से प्रेरित होकर जरूरत मंद छात्रों को लेखन पुस्तिका देने का निश्चय किया गया और उसी तहत बच्चों को पुस्तिका बांटी गईं।

बच्चों को लेखन पुस्तिका वितरित करते शिक्षक। अमृत विचार

प्राथमिक विद्यालय असेनी के बच्चों का चयन किया गया। इस सेवा कार्य में जनता इंटर कॉलेज के सहायक प्राध्यापक शिवम शुक्ला एवं राहुल यादव ने भी अपना सहयोग प्रदान किया। लेखन पुस्तिका पाकर सभी बच्चों के चेहरे खिल उठे।

धर्म-अध्यात्म

अछल्दा व कंचौसी में चल रही श्रीमद भागवत कथा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़, 21 मार्च को भंडारे के साथ कथा का होगा समापन

ध्रुव और सती चरित्र की कथा सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

संवाददाता, अछल्दा, औरैया

अमृत विचार। कस्बा के महेवा बस अड्डे के पास श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचक ने ध्रुव और सती चरित्र का प्रसंग सुनाया। ध्रुव चरित्र में भगवान ने भक्त की तपस्या से प्रसन्न होकर अटल पदवी देने का वर्णन किया।

शुक्रवार को आचार्य वीरेश माधव ने कहा कि भगवान शिव की अनुमति लिए बिना उमा अपने पिता दक्ष के यहां आयोजित यज्ञ में पहुंच गईं। यज्ञ में भगवान शिव को निमंत्रण नहीं दिए जाने से कुपित होकर सती ने यज्ञ कुंड में आहुति देकर शरीर त्याग दिया। इससे नाराज शिव के गणों ने राजा दक्ष का यज्ञ विध्वंस कर दिया। इसलिए जहां सम्मान न मिले वहां कदापि नही जाना चाहिए। ध्रुव कथा प्रसंग में बताया कि सौतेली मां से अपमानित होकर बालक ध्रुव कठोर तपस्या के लिए जंगल को चल पड़े। बारिश, आंधी-तूफान के बावजूद तपस्या से न डिगने पर भगवान प्रकट हुए और उन्हें अटल पदवी प्रदान की।

कंचौसी संवाददाता के अनुसारः क्षेत्र के जमौली गांव में बाबा ब्रह्मदेव मंदिर पर गुरुवार को शुरू हुई सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अयोजित कार्यक्रम के पहले दिन श्रीमद् भागवत कथा व्यास साध्वी संगीता कृष्णप्रिय ने श्रोताओं को इंसान के जीवन में श्रीमद्भागवत कथा के महत्व के बारे में बताया। कथा का आगाज उन्होंने ठाकुर जी की वंदना के साथ किया। इसके उपरांत उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा को सुनने मात्र से इंसान को मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। इसके उपरांत उन्होंने परीक्षित प्रसंग सुनाया। कहा कि परीक्षित ने अपनी इच्छा को त्याग कर समाज की भलाई की थी। उन्होंने कहा कि सदैव संसार के हित के लिए कार्य करने वाले परीक्षित के बारे में जानना बहुत जरूरी है। इस मौके पर परिक्षित सुरेन्द्र कुशवाहा,साधना आयोजक देवेंद्र सिंह कुशवाह दीप्ति कुशवाह और दशरथ सिंह, अरविन्द कुमार, जगदीश गुप्ता, आदित्य, आर्यन, महेश कुशवाह, शिव प्रसाद, सोनवीर मलखान, सर्वेश सहित सैकड़ों श्रोता मौजूद रहे। कथा का समापन 21 मार्च को पूर्ण आहुति और भंडारे के साथ किया जाएगा।

कथा वाचक साध्वी संगीता।

तेरे मन में राम... राजा राम आए हैं... भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु

औरैया। श्री राम जन्मभूमि अयोध्या धाम में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में श्रीराम भक्तिमय कार्यक्रमों की श्रृंखला में भजन संध्या मंच, राम की पैड़ी पर आयोजित की गई। भजन कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गायिका डॉ. जया श्रीवास्तव ने अपने सुपुत्र अविजित श्रीवास्तव के साथ भक्तिमय रचनाओं को अत्यंत खूबसूरती से प्रस्तुत किया। आरंभ में जया और अविजित ने श्रीराम स्तुति जय जयति जय रघुवंश भूषण गाकर माहौल को दिव्यता प्रदान करते हुए तेरे मन में राम, राजा राम आए हैं, जग में सुंदर हैं दो नाम, जहां रामायण हो हैं राम वहां आदि राम भजनों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को खूब आनंदित किया। कार्यक्रम के अंत में श्रीराम मंदिर स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का सुनाया प्रसंग : अजीतमल। तहसील क्षेत्र के ग्राम ततारपुर कलां में चल रही सात दिनी श्रीमदभागवत कथा के पांचवें दिवस शुक्रवार को गोवर्धन लीला के साथ भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का प्रसंग सुनाया। व्यासपीठ पर आसीन पंडित राम कृष्ण बाजपेई ने कहा इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया था। उसका गर्व दूर करने के लिए भगवान ने ब्रज मंडल में इंद्र की पूजा बंद कर गोवर्धन की पूजा शुरू करा दी। इससे गुस्साए इंद्र ने ब्रजमंडल पर भारी बरसात कराई। प्रलय से लोगों को बचाने के लिए भगवान ने कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया। सात दिनों के बाद इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं की झांकी सजाई गई। भागवत प्रेमियों द्वारा भगवान श्री कृष्ण के वेश में नृत्य कर लोगों का आनंदित किया। इस दौरान पंचनाद के संगम तट स्थित सुंदर धाम के महंत श्री सुनील वन महाराज भी पधारे थे। गिरिराजजी का पूजन हुआ। कथा यजमान मन्ना सिंह ने परिवारों जनों सहित छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाकर महाप्रसादी का वितरण किया।

जया श्रीवास्तव को सम्मानित करते कार्यक्रम आयोजक। अमृत विचार

सार-संक्षेप

सपा नेता ने अखिलेश सरकार की उपलब्धियां बताईं

औरैया। लोकसभा चुनाव की घोषणा आज शनिवार दोपहर 3 बजे तक हो जाएगी। चुनाव आयोग ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। वही लोकसभा 2024 को लेकर नेताओं ने घर घर जाकर मतदाताओं से संपर्क साधना शुरू कर दिया है समाजवादी पार्टी के नेता अनिल दोहरे ने सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र इटावा/औरैया में भ्रमण कर मतदाताओं से वोट देने की अपील की। इसी के चलते अनिल दोहरे ने कई ग्रामों का दौरा कर स्थानीय नेताओं से मिले। शुकवार को जिला पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद इरशाद से मुलाकात की। श्री दोहरे मतदाताओं को सपा शासन में हुए विकास कार्यों को यादकर वोट देने की अपील कर रहे है। दोहरे ने जनसंपर्क कर मतदाताओं से कहा आपकी समस्या को न्याय दिलाना पहली प्राथमिकता है। श्री दोहरे के साथ जनसंपर्क अभियान में बंटू राजपूत, दिनेश राजपूत, अनुज यादव, अनुराग यादव अंकित दोहरे, सौरभ दोहरे, अनिल राजपूत सहित कई लोग मौजूद रहे।

रामगोपाल ने पूर्व सैनिकों से मांगा समर्थन

महेवा, इटावा। सपा राष्ट्रीय महासचिव प्रो रामगोपाल यादव ने फूटा ताल चकरनगर में आयोजित सैनिक प्रकोष्ठ के साथियों के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने पूर्व सैनिकों का सम्मान करते हुए आगामी चुनाव में सपा का साथ देने का आह्वान किया है। स्वागत करने वालों में प्रधान सहदेव सिंह यादव, प्रवक्ता महेवा कॉलेज शिव शंकर यादव, इलाकेदार सिंह, सैनिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कमलेश यादव, मंडल प्रभारी जयवीर सिंह ,प्रदेश सचिव विश्राम सिंह रविंद्र यादव ,विधानसभा अध्यक्ष सुरेश सिंह ,किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष जयवीर सिंह, कायम सिंह ,कमलेश सिंह, गंभीर सिंह यादव, श्रीपालपाल ,सुबोध यादव, अवधेश यादव ,उमाकांत, शिवजीत दोहरे, कुलदीप सिंह ,रोहित यादव सहित सैकड़ों सपाई व सम्भ्रान्त लोग मौजूद रहे।

ट्रांसफार्मर की चपेट में आकर बकरी की मौत

अछल्दा। थाना के पास खुले में रखे ट्रांसफार्मर से बकरी चिपक गई और उसकी मौत हो गई। मोहल्ले वालों ने ट्रांसफार्मर के आसपास जाली लगवाने की मांग की है। लोगों ने बताया कि पिछले दिनों इसी ट्रांसफार्मर से कई घटनाएं हो चुकी हैं। शिकायत के बाद भी विभाग का इस ओर कोई ध्यान नहीं है।

एक नजर

छह आईएएस अधिकारियों के तबादले

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य सरकार ने लोकसभा चुनाव की घोषणा से ठीक पहले शुक्रवार को छह आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। आईएएस विपिन कुमार मिश्रा को शाहजहांपुर का नया नगर आयुक्त बनाया गया है, जबकि इसपर कार्यरत कामता प्रसाद सिंह का एडिशनल कमिश्नर फूड और सचिव सतर्कता आयोग के पद पर तबादला हुआ। अपूर्वा दुबे उपाध्यक्ष अलीगढ़ विकास प्राधिकरण बनाई गईं। नितिन गिरि को कानपुर, मदन गर्बयाल को पीलखुआ और अतुल वत्स को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है।

होली से पहले एनएचएम कर्मियों को मिलेगा वेतन

अमृत विचार, लखनऊ : होली से पूर्व 20 मार्च तक एनएचएम कर्मचारियों का वेतन निरागत जायेगा। इस सम्बन्ध में मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उप्र. डॉ. पिंकी जोवल की और से शुक्रवार को आदेश जारी कर दिया गया है। 24 व 25 मार्च को होली पर्व होने एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 के समाप्ति के दृष्टिगत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उप्र के कर्मचारियों के लिए माह मार्च, 2024 के वेतन का भुगतान दिनांक 18 मार्च तक की उपस्थिति के आधार पर दिनांक 20 मार्च तक प्रत्येक दशा में निर्गत करने का निर्देश जारी किए गए है।

महंगाई राहत की घोषणा का स्वागत

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश सचिवालय पेंशनर्स एसोसिएशन के सचिव व संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक एनपी त्रिपाठी व सह संयोजक ओंकार नाथ तिवारी ने प्रदेश के पेंशनर्स के लिए मंहगाई राहत में चार प्रतिशत बढ़ोत्तरी के आदेश का स्वागत किया है। नेताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए प्रदेश के सभी पेंशनरों को बधाई दी।

युवा के लिए आजीविका तो आस्था का सम्मान भी: योगी

मुख्यमंत्री ने करोड़ों की योजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास

कार्यक्रम के दौरान छात्रा को स्मार्टफोन प्रदान करते मुख्यमंत्री योगी साथ में गोरखपुर के सांसद रविकिशन व अन्य। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य सरकार हर परिवार को जल्द फैमिली आईडी कार्ड जारी करेगी

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में युवा के लिए आजीविका है तो आस्था का सम्मान भी है। बहन, बेटियों, व्यापारियों को सुरक्षा भी है। सरकार विकास को आगे बढ़ाने और विरासत के संरक्षण का कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) की 1878 करोड़ की 76 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास के साथ सिद्धार्थनगर में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी) में 24.69 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली फार्मेसी बिल्डिंग के शिलान्यास एवं स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत 4000 विद्यार्थियों के टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण समारोह व सभाओं को संबोधित कर रहे थे। योगी ने कहा कि सरकार हर परिवार को जल्द फेमिली आईडी कार्ड जारी करने वाली है। इस कार्ड में परिवार के हर व्यक्ति का विवरण होगा। यदि किसी के पास काम नहीं होगा तो सरकार उसे काम दिलाएगी। जिसके पास मकान, शौचालय, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड नहीं होगा, उसके पास खुद जाकर सरकार यह सुविधा उपलब्ध कराएगी।

कहा कि फार्मा सेक्टर में उत्तर प्रदेश पहले कंज्यूमर (उपभोक्ता) स्टेट था। दवाएं व अन्य जरूरी मेडिकल उत्पाद बाहर से आते थे। अब यूपी फार्मा सेक्टर का उत्पादक और निर्यातक बन जाएगा। इसके लिए सरकार ललितपुर में 2000 एकड़ में फार्मा पार्क बना रही है। यूपी में मेडिकल डिवाइस पार्क भी बन रहा है। इससे फार्मेसी के क्षेत्र में युवाओं को भी व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे।

11वें नंबर पर था भारत

सिद्धार्थनगर जनपद के पिछड़ेपन की चर्चा करते हुए कहा कि अब यह दंश मिट गया है। उन्होंने जनता से पूछा कि मुफ्त राशन, आवास, और स्वास्थ्य बीमा कांग्रेस, सपा और बसपा की सरकारें दे सकती थीं, क्या राममंदिर निर्माण पिछली सरकारों के दौर में संभव था, जनता की ओर से एक स्वर में "नहीं" की आवाज आई। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत 11वें नंबर पर था लेकिन प्रधानमंत्री के प्रयासों से आज भारत दुनिया का 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अब मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा।

सत्ता के लिए जी जान से जुट जाएं : मायावती

- सत्ता की चाबी प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने के लिए देनी होगी तन, मन व धन की कुर्बानी
- बसपा संस्थापक कांशीराम की 90 वीं जयंती पर बसपा प्रमुख ने किया आह्वान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

कांशीराम स्मारक पर जयंती के अवसर पर एकत्रित बसपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

अमृत विचार: बसपा के संस्थापक कांशीराम की 90वीं जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए सुप्रीमो मायावती ने कहा कि गुलाम मानसिकता वालों से अलग, अपनी एक जुटता दिखाये और केन्द्र व राज्यों की सत्ता अपने हाथ में लेने के लिए जी जान से जुट जाये। सामाजिक परिवर्तन व आर्थिक मुक्ति आन्दोलन की सफलता के लिए तन, मन व धन की कुर्बानी देनी होगी।

बसपा प्रमुख ने शुक्रवार को, लखनऊ स्थित अपने आवास पर कांशीराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद लोकसभा चुनाव को लेकर पदाधिकारियों को संबोधित भी किया। सोशल मीडिया पर अपने संदेश में उन्होंने कहा कि दलित, शोषित समाज को आत्मनिर्भर बनना है, इसके लिए सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त करनी होगी।

प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया: पुरानी जेल रोड आलमबाग स्थित कांशीराम स्मारक पर बसपा की जिला यूनिट द्वारा बुद्ध पूजा चिवरदान व पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कांशीराम की जयंती मनाई गयी। एमएलसी भीमराव आंबेडकर, रामनाथ रावत, अखिलेश आंबेडकर, जिला प्रभारी ब्रजेश चौधरी व जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार गौतम आदि संगठन के तमाम पदाधिकारियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये और मायावती को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

मायावती उसी से मिल रही हैं जिसका टिकट तय : भीमराव

लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों को लेकर बसपा द्वारा अधिकारिक घोषणा तो नहीं की गई है। मगर बसपा प्रमुख से आशीर्वाद मिलने के बाद लगभग तय माना जा रहा है। लखनऊ मंडल के प्रभारी व विधान परिषद सदस्य भीमराव आंबेडकर का कहना है, संभावित प्रत्याशियों के नाम की सिफारिश मंडल प्रभारियों द्वारा की जा रहीं हैं। लखनऊ मंडल में उन्नाव सीट के लिए अशोक पाण्डेय और दोहरारा सीट पर श्याम किशोर अवस्थी को मायावती की सहमति मिल चुकी है, औपचारिक घोषणा समय आने पर पार्टी द्वारा की जायेगी।

उड़ान के लिए नियमित बुकिंग नहीं, 19 को चित्रकूट की उड़ान

अमृत विचार, लखनऊ : 5 शहरों के लिए शुरू हुई उड़ान सेवा के लिए अभी पूरी तरह से बुकिंग नहीं हो पा रही है। बुकिंग विमान की उपलब्धता के अनुसार खोली जा रही है। अब 19 मार्च को चित्रकूट के लिए विमान उड़ान भरेगा। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से मुरादाबाद, आजमगढ़, अलीगढ़, श्रावस्ती और चित्रकूट के लिए फ्लाई बिग एयरलाइंस ने अपनी सेवाएं 11 मार्च से शुरू की थी। मुरादाबाद के लिए अभी तक विमान का संचालन नहीं हो सका है और न ही बुकिंग हो रही है। अन्य 4 जिलों के लिए भी नियमित तौर पर बुकिंग नहीं हो रही है। विमान की उपलब्धता के अनुसार बुकिंग हो रही है। चित्रकूट के लिए 19 मार्च को विमान उड़ान भरेगा और उसके लिए बुकिंग हो रही है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शेड्यूल में बदलाव संभव है इसलिए बुकिंग नियमित तौर पर नहीं हो रही है। अगले सप्ताह तक शेड्यूल जारी होने की संभावना है। साथ ही समय सारिणी में बदलाव हो सकता है। इसके बाद ही नियमित तौर पर बुकिंग होगी। अगले सप्ताह से ही मुरादाबाद के लिए विमान सेवा शुरू हो सकती है।

सड़कों के निर्माण में उपयोग हो एफडीआर तकनीक

अमृत विचार,, लखनऊ : उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सड़कों के निर्माण में ज्यादा से ज्यादा एफडीआर तकनीक का उपयोग करने का निर्देश दिया है। निर्देश में उन्होंने कहा कि इससे सड़कें मजबूत व टिकाऊ बन सकेंगीं।शासन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाई जा रही सड़कों में एफडीआर (फुल डेप्थ रिक्लेमेशन) तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पीएमजीएसवाई की सड़कों के निर्माण में अधिक से अधिक एफडीआर तकनीक का उपयोग किया जाय।

यीडा के आठ भूखंडों पर होगा 86 करोड़ का निवेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 600 लोगों को मिलेगा रोजगार, प्राधिकरण से भूखंडों के लिए ई ऑक्शन पूरा
- 37 करोड़ रुपये से ज्यादा की मिली धनराशि बिड प्राइज से 5.65 करोड़ अधिक

अमृत विचार: यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) ने अपने आठ संस्थागत भूखंडों के ई ऑक्शन के जरिए 37 करोड़ रुपये से ज्यादा की धनराशि प्राप्त की है। इन भूखंडों पर आवंटी द्वारा लगभग 86 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा, जिससे लगभग 600 लोगों को रोजगार मिल सकेगा।

प्राधिकरण की संस्थागत भूखंडों के आवंटन की योजना के तहत गुरुवार को ई ऑक्शन की प्रक्रिया पूर्ण हुई है। 8 भूखंडों के सापेक्ष कुल बिड प्राइज लगभग 31.48 करोड़ रुपये की थी। इस बिड प्राइज के सापेक्ष प्राधिकरण को 37.12 करोड़ की धनराशि प्राप्त होगी जो कि बिड प्राइज से 5.65 करोड़ रुपए अधिक है।

इस योजना में नर्सिंग होम के 6 भूखंडों के सापेक्ष कुल 14, कारपोरेट ऑफिस के 1 भूखंड के सापेक्ष 14 एवं सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 1 भूखंड के सापेक्ष 1 आवेदन प्राप्त हुए थे। भूखंडों में सबसे अधिक भूखंड (सीनियर सेकेंडरी स्कूल) का क्षेत्रफल 10115 वर्ग मीटर है जोकि 2.5 एकड़ से भी अधिक है। यह भूखंड मेसर्स सुभाष इंफ्राइंजीनियर्स प्रा. लि. को प्राप्त हुआ है। इसके अलावा कॉर्पोरेट ऑफिस का एक भूखंड जो मेसर्स फ्लक्स कैपिटल प्रा. लि. को प्राप्त हुआ। इसकी बिड प्राइज से लगभग दो गुना रेट पर बिड लगी है। इसी तरह, नर्सिंग होम के लिए भूखंड मेट्रो इंडिया लि., जेपीएस रीयल एस्टेट, आर आर मेडिकल सर्विसेज प्रा. लि., नवीन मेडिकेयर प्रा. लि.(2 बिड) और रामराज वेलनेस प्रा. लि. को प्राप्त हुआ है। इन सभी 6 भूखंडों पर बिड प्राइज से ज्यादा की बिड प्राप्त हुई है।

कानपुर में इमरजेंसी सेवाओं का विस्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि कानपुर में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में गंभीर मरीजों को और बेहतर इलाज मिल सकेगा। इमरजेंसी में ही सीटी स्कैन जांच व अत्याधुनिक उपकरणों की उपलब्धता से स्पेशलिस्ट चिकित्सकों को इलाज करने में आसानी हो जाएगी।

उपमुख्यमंत्री ने शुक्रवार को एनेक्सी सभागार में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की नई सीटी स्कैन मशीन व 16 शैय्या युक्त अत्याधुनिक वार्ड (रेड जोन) आदि सुविधाओं का वर्चुअल शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से संबद्ध लाला लाजपत राय चिकित्सालय में 16 शैय्या युक्त अत्याधुनिक इमरजेंसी सेवाओं से युक्त वार्ड (रेड जोन) का शुभारंभ किया गया है। इन सेवाओं से कानपुर के आसपास के 18 जिलों के गंभीर रोगियों को यहां त्वरित उपचार मिलेगा। ब्रजेश पाठक ने बताया कि अस्पताल में 7.17 करोड़ रुपये की 128 स्लाइस वाली सीटी स्कैन मशीन भी स्थापित की गई है।

नैक ग्रेडिंग के लिए डॉ. भीमराव आंबेडकर विवि की समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को राजभवन में डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा के नैक ग्रेडिंग के लिए तैयार प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की। उन्होंने विश्वविद्यालय को मापदंड के अनुसार रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।आगरा विश्वविद्यालय को इससे पूर्व नैक का 'बी प्लस प्लस' ग्रेड प्राप्त का चुका है। इसकी वैधता 2022 में समाप्त हो चुकी है। विश्वविद्यालय को वर्ष 2004 में 'बी' ग्रेड व वर्ष 2017 में 'बी प्लस प्लस' ग्रेड प्राप्त हुआ था। अब तीसरी बार मूल्यांकन के लिए तैयार विश्वविद्यालय की रिपोर्ट की बिंदुवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान राज्यपाल ने निर्देश दिया कि प्रत्येक मापदंड के अनुसार विवरण अंकित किया जाए। प्रत्येक विवरण के साथ उसकी गतिविधियुक्त फोटो प्रमाण के साथ लगाया जाए।

अल्ट्रावायलेट रेज और माड्यूल देगा फ्रिज के खाने को संजीवनी

जीशान कदीर, लखनऊ

- कोल्ड स्टोरेज और बड़े संस्थानों में खाद्य सामग्री लंबे समय तक रखी जा सकेगी सुरक्षित
- भाषा विश्वविद्यालय के छात्रों को मिली देश का पहला पेटेंट बनाने में सफलता

प्रमाण पत्रों के साथ शोधार्थी और विवि की रजिस्ट्रार डॉ. भावना मिश्रा। अमृत विचार

अमृत विचार : फ्रिज में रखा खाना खराब होने का डर अगर आपको सता रहा है तो निश्चिंत हो जाइये। भाषा विश्वविद्यालय ने एक इनोवेशन तैयार किया है, जिसके सहारे फ्रिज में खाद्य सामग्री को लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सकेगा। इसे पेटेंट भी करा लिया गया है। यह देश का पहला और सबसे सस्ता आधुनिक इनेवेशन होगा।

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एनबी सिंह ने बताया कि विवि के बीटेक के छात्र दीपक मौर्या और सूर्यांश मिश्रा को इनोवेशन के तैयार करने में छह माह का समय लगा। इनोवेशन को खरा उतरने पर भारत सरकार ने इसे पेटेंट कर बाजार में ले जाने की अनुमति दे दी है। शोधार्थी दीपक कहते हैं कि फ्रिज, रेफ्रिजरेटर, कोल्ड स्टोरेज और बड़े संस्थानों में इस इनोवेशन को इस्तेमाल कर खाद्य सामग्री की गुणवत्ता और पौष्टिकता लंबे समय तक बनाए रखी जा सकेगी।

एआई चिप के सहारे होगा नियंत्रण: आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) व्यवस्था को शोधार्थियों द्वारा इस्तेमाल में लाया गया है। इसमें लगे सेंसर्स, अल्ट्रावायलेट रेज और कूलिंग माड्यूलर को एआई चिप से नियंत्रित रखेंगे। एआई के निर्देशों के आधार पर ही अल्ट्रावायलेट रेज खाद्य सामग्रियों पर अपना प्रभाव छोड़ेगी।

इस तरह से इनोवेशन करेगा अपना कार्य: नए इनोवेशन को शोधार्थियों ने स्मार्ट रेफ्रिजरेशन डिवाइस विद स्पॉइलेज प्रेवेंशन सिस्टम का नाम दिया है। नार्मल रेफ्रिजरेटर और कूलिंग सिस्टम खाद्य सामग्री को लंबे समय तक ठंडा रख सकते हैं, लेकिन उनकी पौष्टिकता को सुरक्षित नहीं कर सकते। नया शोध अल्ट्रावायलेट रेज और माड्यूलर के सहारे खाने को लंबे समय तक सुरक्षित रखने का कार्य करेगा।

उपकरणों के कार्य

- इन्फ्रारेड सेंसर (आईआर सेंसर)- एक संवेदनशील ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक घटक है। इससे निकलने वाली इन्फ्रारेड तरंग खाद्य सामग्री की निगरानी का कार्य करेगी।
- गैस सेंसर्स - अलग अलग तरीके से खाद्य सामग्री में निकलने वाली गैस और दूषित कारकों का पता लगाएगी।
- एआई चिप- ये सभी उपकरणों को नियंत्रित और निर्देशित करने का कार्य करेगी।

सस्ती और सुलभ है व्यवस्था

जहां लोग सेहत के लिए हजारों-लाखों रुपया खर्च कर देते हैं। शोधार्थियों का दावा है कि नए शोध की कीमत फ्रिज में रखे सामान के बराबर है। जो आमजन के लिए सस्ता, सुलभ और लाभकारी रहेगा।

अल्ट्रावायलेट रेज से नहीं होगा नुकसान

इनोवेशनकर्ता दीपक मौर्या और सूर्यांश मिश्रा का दावा है कि अमूमन, अल्ट्रावायलेट रेज कुछ हद तक आमजन और खाद्य सामग्री को नुकसान पहुंचाती है। नई तकनीकी इससे इतर है। अल्ट्रावायलेट रेज खाने की पौष्टिकता को नुकसान न पहुंचाकर लाभकारी रहेगा।

वर्ग पहेली-11

बाएं से दाएं

1.1. तपस्या, वह व्रत या नियम जिनसे शरीर या चित्त को कष्टप्रद दशाओं में रखकर शुद्ध या निर्मल तथा विषयों से निवृत्त किया जाता है 2. कठिन परिश्रम 3. सरदी-गरमी सहने की क्रिया, विद्या अध्ययन 4. योगाभ्यास 5. शरीर या इंद्रियों पर नियंत्रण 6. गरमी, ताप, दाह 7. एक लोक का नाम 8. एक कल्प।

4. वह डाक या चिट्ठियां जो हवाई जहाज़ के द्वारा भेजी जाती हैं, (एयर मेल)।

5.1. आफ़त, विपत्ति, आपत्ति, संकट 2. प्रकोप। (मु.)-ढाना : अत्याचार करना।

7. भारत के दक्षिण में स्थित एक राज्य का नाम।

9. कोई वस्तु रखने के लिए दीवार में बना एक स्थान, आला।

10.1. जो अच्छा न हो 2. ख़राब, बुरा 3. त्याज्य।

ऊपर से नीचे

1. शानो-शौकत दिखाने के लिए किया जाने वाला आयोजन, ठाट-बाट, वैभव और रईसी का दिखावा, आडंबर, बनावट, शान, सजधज, रंगीनी, चटक-मटक।

2.1. किसी राज्य की सामुद्रिक शक्ति और उसका प्राधिकरण 2. सामुद्रिक प्राधिकरण का प्रधान कार्यालय, नौसेना का संचालन करने वाला विभाग 3. उक्त विभाग में अधिकारियों का वर्ग।

3.1. अधिक मात्रा में तेल

6.1. ज़मीन जोतने के लिए प्रयुक्त प्रसिद्ध उपकरण, खेत जोतने का एक साधन 2. भूमि की एक माप 3. (महाभारत) बलराम का शस्त्र।

8.1. शामिल, सम्मिलित 2. भागीदार, साझीदार 3. किसी कार्य में साथ देने वाला।



वर्ग पहेली-10 का हल

	1 शिं					2 तो
3 अ	शु	चि		4 स	दो	ष
	मा			तां		ण
	5 र	ण	6 रं	ग		
7 सें			ज		8 चौ	
ध			नी		9 को	ड
	10 वि	ज	य	क	र	

सुडोकू-90

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

6		9	2					5
3					6		2	
		2	4		1			
	7			6				
		5				4		
				2		8	9	
2			5		9			
	8		6					3
					7	2		1

सुडोकू-89 का हल

3	5	4	1	6	7	9	8	2
7	6	2	8	9	4	1	3	5
9	8	1	5	2	3	4	6	7
4	3	7	9	5	1	6	2	8
1	2	5	4	8	6	7	9	3
6	9	8	7	3	2	5	4	1
8	4	9	2	7	5	3	1	6
5	1	6	3	4	8	2	7	9
2	7	3	6	1	9	8	5	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 मार्च, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 21.38 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-रोहिणी 16.05 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

मेष — आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मी आपके प्रति सम्मान की भावना रखेंगे। आप वर्तमान स्थिति को लेकर प्रसन्न नहीं रहेंगे। प्रेम संबंधों में कुछ परेशानी हो सकती है। पैरों में दर्द और थकान की शिकायत होने की आशंका है। पैतृक सम्पत्ति के मामले सुलझ सकते हैं।

वृष — आज आपको कुछ नया सीखने का अवसर मिलेगा। नई जॉब ढूंढ रहे हैं, तो आपको अच्छे मौके मिल सकते हैं। जीवनसाथी आपको कुछ उपहार दे सकते हैं। युवा प्रेमी जोड़े आज एकान्त में समय बिताना चाहेंगे। ससुराल पक्ष में कोई प्रोग्राम हो सकता है।

मिथुन — आज आपके लोग ही आपका विरोध कर सकते हैं। ऑफिस में आपका किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। क्रोध के कारण दाम्पत्य संबंधों में कड़वाहट आ सकती है। पुरानी नकारात्मक बातें आपके वर्तमान पर हावी हो सकती है।

कर्क — आज शुभ कार्यों पर आप काफी धन खर्च करेंगे। आपकी मन: स्थिति काफी सकारात्मक रहेगी। सभी काम आराम से समय पर हो जायेंगे। ज्यादा सोच-विचार में अपना समय बर्बाद न करें। कारोबार में वृद्धि हो सकती है। आपका स्वास्थ्य भी काफी अच्छा रहेगा।

सिंह — आज उलझे हुए मामलों को अपने पक्ष में कर लेंगे। महत्वपूर्ण लोगों के साथ गंभीर मुद्दों पर विचार-विमर्श कर सकते हैं। आपके व्यक्तित्व से लोग आकर्षित रहेंगे। जॉब में इच्छानुसार स्थानान्तरण हो सकता है। वैवाहिक जीवन सुखमय रहने वाला है।

कन्या — आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। छात्रों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। कार्यक्षेत्र में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं। धैर्यपूर्वक लिए गए निर्णयों से लाभ मिलेगा। अधूरे कार्यों को पूरा करने का दबाव रहेगा। घर के बुजुर्गों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें।

तुला — आज स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से दूर रहें। सिरदर्द और तनाव के कारण दिन खराब हो सकता है। जीवनसाथी आपसे नाराज हो सकते हैं। इसीलिए आपको अपना व्यवहार नम्र रखना चाहिये। बजट की कमी के कारण आपके काम तय समय पर पूरे नहीं होंगे।

वृश्चिक — आज परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं। प्रेमी जन को प्रपोज करने के लिए बहुत अच्छा दिन है। परिवार में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। आप नया व्यवसाय शुरू करने के विचार में है। घर में साज-सजावट शुरू करेंगे।

धनु — आज आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। व्यापार में आपको काफी अच्छा लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। मित्रों की सलाह आज आपके काम आयेगी। शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों का मान-सम्मान बढ़ेगा।

मकर — आज विवाहेतर संबंधों से बचना चाहिए अन्यथा प्रतिष्ठा में आंच आ सकती है। बच्चों पर अपनी मर्जी और इच्छाओं को न थोपें। जॉब में अपने काम की गुणवत्ता पर ध्यान दें। बॉस आपसे अचानक किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर जानकारी ले सकते हैं।

कुंभ — आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। सहकर्मी आपकी सफलता से ईर्ष्या करेंगे। अधिकारी वर्ग का विश्वास आपके ऊपर बढ़ेगा। परिवार में सुख और शान्ति का वातावरण रहेगा।

मीन — आज दांपत्य जीवन में सामन्जस्य बेहतरीन रहेगा। मीडिया से जुड़े लोगों को बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिलने के योग बन रहे हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- शक्तिमान — सुबह : 09.17
- बधाई हो बधाई — शाम : 06.55

SONY MAX
- पीके — सुबह : 10.31
- पागल पत्नी — रात : 07.03

SONY PIX
- घोस्टबस्टर्स : आफ्टरलाइफ़ — सुबह : 10.13
- ए मैन कॉल्ड ओटो — शाम : 06.42

ZEE CINEMA
- जिंदगी ना मिलेगी दोबारा — सुबह : 08.00
- रूस्तम — रात : 07.00

colors CINEPLEX
- लाल सिंह छाबड़ा — सुबह : 09.59
- कुछ कुछ होता है — शाम : 06.58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 07.03 बजे

जोक्स ऑफ द डे

लड़का : हर संडे के दिन तुम्हारे चेहरे पर रंग क्यो लगा होता है?

युवती : अरे, मैं हर संडे को होली खेलती हूं।

लड़का क्यो?

युवती : अरे हमारे स्कूल में टीचर ने बताया है, कि संडे मतलब हॉलीडे।

लड़का - मैं तुम्हारे साथ शादी नहीं कर सकता,

घर वाले नहीं मान रहे हैं...!

लड़की - तुम्हारे घर मैं कौन-कौन हैं...?

लड़का - एक पत्नी और दो बच्चे...!

केसी पंत, एनडी तिवारी को जीत के साथ शिकस्त भी मिली, पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री हरीश रावत व केंद्रीय राज्यमंत्री बची सिंह रावत भी हारे

दिग्गजों को भी धूल चटा चुकी है नैनीताल सीट

1977 में हुए चुनाव में भारतीय लोक दल के भारत भूषण ने जीत हासिल कर पंत परिवार के विजय रथ को रोका

2014 में कांग्रेस के केसी सिंह बाबा को हराकर भाजपा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी को मिली जीत



● अरविंद मलिक, हल्द्वानी

भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की कर्मस्थली होने से नैनीताल लोकसभा सीट की पहचान आजादी के बाद से ही मुख्य सीटों में रही है। शुरुआती तीन दशक तक यह सीट भारत रत्न गोविंद बल्लभ पंत के परिवार के पास ही रही। अलग-अलग वक्त पर देश भर में चली लहर का असर इस सीट पर भी रहा है। इमरजेंसी, रामलहर और मंडल कमीशन को लेकर चली बयार में यहां की जनता देश के साथ खड़ी दिखाई दी। कई बार इस सीट ने जहां नए प्रत्याशियों को मौका दिया, वहीं दिग्गजों को हराकर मैदान से बाहर कर दिया।

आजादी के बाद हुए पहले 1951 एवं दूसरे चुनाव 1957 में लगातार दो बार गोविंद बल्लभ पंत के दामाद सीडी पंत नैनीताल सीट से विजयी हुए थे। इसके बाद 1962, 67 एवं 71 में श्री पंत के पुत्र केसी पंत ने इस सीट पर हैट्रिक बनाते हुए कांग्रेस का वर्चस्व बरकरार रखा। इमरजेंसी के बाद 1977 में हुए चुनाव में भारतीय लोक दल के भारत भूषण ने जीत हासिल कर पंत परिवार के विजय रथ को रोक दिया। इसके बाद कांग्रेस का झंडा लेकर मैदान में आए पूर्व मुख्यमंत्री एनडी तिवारी ने 1980 में भालोद के भारत भूषण को पराजित कर दिया। 1984 में तिवारी के करीबी सत्येंद्र चंद्र गुड़िया ने जीत दर्ज की।

1989 में देश भर में मंडल कमीशन को लेकर उठी बयार के साथ यहां की जनता ने कांग्रेस को हराकर जनता दल के डा.महेंद्र पाल को विजयी बनाया। वर्ष 1991 में राम लहर के चलते एक बार फिर कांग्रेस को इस सीट से हार का मुंह देखना पड़ा। भाजपा के बलराज पासी ने नारायण दत्त तिवारी को हराया था। 1996 में नारायण दत्त तिवारी (तिवारी कांग्रेस) से मैदान में उतरे और विजयी हुए। वहीं 1998 में गोविंद बल्लभ पंत की पुत्रवधु इला पंत को भाजपा ने चुनाव में उतारा। इला पंत ने एनडी तिवारी को शिकस्त देकर अपनी पारिवारिक सीट पर फिर से कब्जा कर लिया। 1999 में एनडी तिवारी कांग्रेस से चुनाव लडे.और जीत हासिल की। तिवारी के उत्तराखंड का मुख्यमंत्री बन जाने पर वर्ष 2002 में इस सीट पर उपचुनाव हुआ। जिसमें कांग्रेस के डा.महेंद्र पाल विजयी रहे। 2004 व 2009 में लगातार दो बार कांग्रेस से करन चंद सिंह बाबा सांसद निर्वाचित हुए। 2009 में भाजपा ने केंद्रीय राज्यमंत्री बची सिंह रावत को मैदान में उतारा था। जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा। 2014 में कांग्रेस के केसी सिंह बाबा को हराकर भाजपा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने जीत हासिल की। 2019 में भाजपा के अजय भट्ट विजयी हुए। उन्होंने कांग्रेस के दिग्गज हरीश रावत को हराया।

केसी पंत

एनडी तिवारी

बची सिंह रावत

हरीश रावत

12 बार कांग्रेस और 4 बार भाजपा का कब्जा

नैनीताल सीट पर आजादी के बाद से अब तक 18 बार चुनाव हुए हैं। इसमें 12 बार कांग्रेस ने और 4 बार भाजपा ने जीत हासिल की है। जनता दल व जनता पार्टी को भी एक-एक बार सफलता मिली है। एक बार यह सीट पर तिवारी कांग्रेस ने जीती। कांग्रेस छोड़ने के बाद एनडी तिवारी ने तब तिवारी कांग्रेस का गठन किया था।

कब कौन रहा विजयी

चुनाव	सदस्य	पार्टी
1951-52 व 1957	चंद्र दत्त पांडे	इंडियन नेशनल कांग्रेस
1962 व 1967	कृष्ण चंद्र पंत	इंडियन नेशनल कांग्रेस
1971	कृष्ण चंद्र पंत	इंडियन नेशनल कांग्रेस (आर)
1977	भारत भूषण	जनता पार्टी
1980	नारायण दत्त तिवारी	इंडियन नेशनल कांग्रेस (आई)
1984	सत्येंद्र चंद्र गुडिया	इंडियन नेशनल कांग्रेस (आई)
1989	महेंद्र सिंह पाल	जनता दल
1991	बलराज पासी	भारतीय जनता पार्टी
1996	नारायण दत्त तिवारी	ऑल इंडिया इंदिरा कांग्रेस (तिवारी)
1998	इला पंत	भारतीय जनता पार्टी
1999	नारायण दत्त तिवारी	इंडियन नेशनल कांग्रेस
2002	महेंद्र सिंह पाल	इंडियन नेशनल कांग्रेस
2004 व 2009	करन चंद सिंह बाबा	इंडियन नेशनल कांग्रेस
2014	भगत सिंह कोश्यारी	भारतीय जनता पार्टी
2019	अजय भट्ट	भारतीय जनता पार्टी

जीतते एनडी तो बनते प्रधानमंत्री

नैनीताल जिला नारायण दत्त तिवारी की जन्म स्थली के साथ ही कर्मभूमि भी रहा। कई बार उन्होंने विधानसभा और लोकसभा में यहां का प्रतिनिधित्व किया। अविभाजित उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री समेत केंद्र में विभिन्न भूमिकाओं में रहे तिवारी की विकास पुरुष के रूप में पहचान थी। रामलहर में बही नैनीताल लोकसभा सीट की जनता ने उन्हें भी नहीं बख्शा। वर्ष 1991 में उन्हें भाजपा के नौजवान प्रत्याशी बलराज पासी के सामने मुंह की खानी पड़ी। तिवारी कांग्रेस के शीर्ष नेताओं में थे। राजीव गांधी की हत्या के बाद तिवारी प्रधानमंत्री के लिए प्रबल दावेदारों में थे। लेकिन सांसद न बन पाना आड़े आ गया। हर चुनाव में तिवारी की 91 वाली हार चर्चा का विषय रहती है।

बहेड़ी भी हिस्सा था इस सीट का

नैनीताल लोकसभा सीट में पहले बरेली जिले की बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र भी शामिल था। वर्ष 2000 में उत्तराखंड राज्य बन जाने के बाद हुए परिसीमन में बहेड़ी को इससे अलग कर दिया गया। अब इस सीट के अंतर्गत नैनीताल के 5 व ऊधमसिंह नगर जिले के 9 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। नैनीताल जिले के रामनगर विधानसभा क्षेत्र को पौड़ी-गढ़वाल सीट में मिला दिया गया है।

चुनाव कमाल का...

● 1982 में पहली बार केरल के एर्नाकुलम के परवूर विधानसभा क्षेत्र के 50 बूथों पर ईवीएम का उपयोग किया गया था। 1992 में, संसद ने ईवीएम के उपयोग को वैध बनाने और चुनावों में उनके उपयोग का मार्ग प्रशस्त करने के लिए अधिनियम और नियमों में धारा 61ए शामिल की। चुनाव आयोग ने 1998 से ईवीएम का व्यापक रूप से उपयोग करना शुरू कर दिया।

53 दलों ने लड़ा था पहला आम चुनाव

464 पार्टियां 2014 में उतरी थीं मैदान में

6 राष्ट्रीय दल 2014 में लड़े थे

39 राज्य स्तरीय दलों ने आजमाई थी किस्मत

419 रजिस्टर्ड पार्टियों ने आजमाया भाग्य

चुनावी तीर

अगर जजपा भाजपा से अलग हो गई होती, तो वह अपने विधायकों को विधानसभा में विश्वास मत के दौरान अनुपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी नहीं करती। जजपा के व्हिप से साफ पता चलता है कि वे भाजपा की मदद करना चाहते थे और वे अब भी मिले हुए हैं।

अभय सिंह चौटाला, इनेलो नेता

देश की जनता इंडिया समूह के साथ है। गुजरात के लोग भी इस बार भाजपा के खिलाफ वोट करने के लिए तैयार हैं। भाजपा को 156 सीटें मिली हैं, इसके बाद भी दूसरी पार्टियों के विधायकों को तोड़कर अपनी पार्टी में ला रहे हैं।

केजरीवाल, मुख्यमंत्री दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी को चुनावी बॉण्ड के रूप में 6,000 करोड़ से अधिक मिले, जो किसी भी अन्य पार्टी की तुलना में सबसे बड़ा हिस्सा है। भाजपा यह क्यों नहीं बता रही कि उन्हें कितना पैसा मिला है।

- सौरभ भारद्वाज, मंत्री, दिल्ली सरकार

मुस्लिम मतदाताओं का मन टटोल रहे नेता दल

22,18,224 कुल मतदाता हैं शाहजहांपुर जिले में

179 थर्ड जेंडर वोटर

12,04,551 पुरुष वोटर

10,13,494 महिला मतदाता

● जिले में हैं लगभग साढे चार लाख मुस्लिम मतदाता

● कांग्रेस, सपा, बसपा और आप की है अल्पसंख्यकों पर नजर

● श्याम मिश्र, शाहजहांपुर

अमृत विचार: लोक सभा के लिए राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। हर चुनाव की तरह इस बार भी मुस्लिम मतदाताओं को लेकर कयासबाजी चल रही है। कांग्रेस, सपा, बसपा और आम आदमी पार्टी सहित कई पार्टियों की नजर मुस्लिम मतदाताओं पर है। जिले में लगभग साढ़े चार लाख मुस्लिम मतदाता हैं। मुस्लिम मन टटोलने में दलों के नेता लगे हुए हैं।

2024 के चुनावी मैदान में सपा-कांग्रेस गठबंधन से राजेश कश्यप और भाजपा से मौजूदा सांसद अरुण सागर मैदान में हैं। हाल ही में बसपा सुप्रीमो मायावती ने गठबंधन से अलग चुनाव लड़ने संबंधी बयान दिया था। जिसके बाद से कई दावेदार बसपा से टिकट पाने को जोर आजमाइश कर रहे हैं। भाजपा और गठबंधन के प्रत्याशी के साथ ही दो अन्य संभावित प्रत्याशियों ने भी बैनर, पोस्टर और फ्लेक्स लगाकर चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है।

शाहजहांपुर लोकसभा सीट कभी बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती थी। कांग्रेस के दिग्गज नेता और वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद के पिता जितेंद्र प्रसाद कई बार शाहजहांपुर के सांसद रहे हैं। उनके बाद कांग्रेस की जड़ें यहां कमजोर होती चली गईं।

शाहजहांपुर

जिले में अनुमानित जनसंख्या

धर्म	जनसंख्या	प्रतिशत
हिंदू	2,412,595	80.24
मुसलमान	527,581	17.55
ईसाई	4,630	0.15
सिख	51,090	1.70
बौद्ध	2,312	0.08
जैन	301	0.01
अन्य	84	--

तीसरी बार जीत की तैयारी में भाजपा

शाहजहांपुर में दो बार कमल खिला चुकी भाजपा तीसरी बार भी कारेई कोर कसर नहीं छोड़ रही। 2014 में कृष्णा राज सांसद चुनी गई थीं। 2019 में अरुण सागर चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे। अरुण सागर को 58.53 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि बसपा के अमर चंद्र जौहर को 35.73 प्रतिशत वोट हासिल हुए थे। तीसरे नंबर पर रही कांग्रेस को महज तीन प्रतिशत वोटों पर ही संतोष करना पड़ा था।

ईवीएम से संबंधित कितनी याचिकाओं पर हम करेंगे विचार

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की कार्य प्रणाली में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली एक याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया और कहा कि हर तरीके के सकारात्मक और नकारात्मक पक्ष होते हैं।

शीर्ष अदालत ने एक अन्य याचिका भी खारिज कर दी जिसमें दावा किया गया था कि 2016-19 के दौरान चुनाव आयोग की अभिरक्षा से 'गायब' 19 लाख ईवीएम का इस्तेमाल आगामी लोकसभा चुनाव के परिणामों में हेरफेर करने के लिए किया जा सकता है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की एक पीठ ने कहा कि यह अदालत कई याचिकाओं की पहले ही कई मौकों पर पड़ताल कर चुकी है और ईवीएम के कामकाज से संबंधित विभिन्न मुद्दों से निपट चुकी है। पीठ ने याचिकाकर्ता नंदिनी शर्मा से कहा, हम कितनी याचिकाओं पर विचार करेंगे? हाल में हमने वीवीपीएटी से संबंधित एक याचिका पर विचार किया था।

संसदीय बोर्ड और चुनाव समिति से बाहर किए गए गडकरी को आखिर मिल ही गया टिकट

संघ का चला ब्रह्मास्त्र हैट्रिक की तैयारी में गडकरी

● ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

भाजपा हाई कमान के अंदरूनी विरोध के बावजूद एक बार फिर केंद्रीय मंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन गडकरी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय, नागपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव मैदान में है। पहले उम्मीद थी कि जैसे कई दिग्गजों के टिकट पार्टी ने काटे हैं, इसी तरह गडकरी का नाम भी होगा लेकिन संघ के दबाव के चलते भाजपा हाई कमान को झुकना पड़ा। संगठन से सरकार तक अपनी शर्तों में काम करने के लिए विख्यात गडकरी तब सुर्खियों में आए जब कांग्रेस बाहुल्य नागपुर संसदीय क्षेत्र में उन्होंने ढाई लाख से ज्यादा मतों से जीत दर्ज कराई और इस बार वे हैट्रिक की तैयारी में है।

नागपुर संसदीय क्षेत्र में 6 विधानसभा सीटें हैं जिसमें दो कांग्रेस और चार बीजेपी के कब्जे में हैं। करीब 22 लाख मतदाताओं वाले इस क्षेत्र में दलित मतदाता निर्णायक स्थिति में रहते हैं। वैसे दो लाख मुस्लिम मतदाता भी हैं। यह भी एक तथ्य है कि ब्राह्मण वोट सबसे कम यानी एक लाख होने के बावजूद ब्राह्मण बिरादरी से आने वाले गडकरी ने 2014 एवं 2019 का चुनाव दो लाख से ज्यादा मतों से जीता है। उसकी वजह यहां के 3.5 लाख मराठी मतदाता है। केंद्रीय मंत्री बनने के बाद भाजपा हाईकमान के निशाने पर गडकरी तब आए जब 2019 में उनके कामकाज की सराहना यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने की थी। इतना ही नहीं राजद नेता तेजस्वी यादव ने तो उन्हें अपना अभिभावक तक कह दिया था। विपक्ष द्वारा गडकरी की उक्त तारीफ ने कथित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से दूरियां पैदा कर दी। हालांकि इसकी कोई औपचारिक पुष्टि नहीं हुई लेकिन जब उन्हें संसदीय बोर्ड और केंद्रीय चुनाव समिति से अलग कर दिया गया तो भाजपा और संघ में गडकरी सर्वाधिक चर्चा में आ गए थे। तभी से माना जा रहा था कि कई दिग्गजों की तरह गडकरी का भी टिकट कटेगा। लेकिन संघ का ब्रह्मास्त्र चला और दूसरी सूची में गडकरी उम्मीदवार घोषित हो गए। अब उनके समक्ष बहुत बड़ी चुनौती है कि क्या गडकरी नागपुर से हैट्रिक लगा पाएंगे? फिलहाल यह दायित्व संघ के स्वयं सेवकों ने संभाल लिया है और वे शानदार जीत के लिए व्यापक चुनाव अभियान में जुट गए हैं। गडकरी का राजनीति में प्रवेश अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से हुआ और युवा मोर्चा होते हुए भाजपा की सक्रिय राजनीति में आए। लेकिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से उनका नाता छात्र जीवन से ही था और उसी का नतीजा है कि उन्हें संघ का संरक्षण अभी तक मिला हुआ है।

1995-99 तक कराए 8 हजार करोड़ के निर्माण कार्य

गडकरी 1989 से महाराष्ट्र विधान परिषद के सदस्य रहे और 1999 से 2005 तक विधान परिषद में विपक्ष के नेता थे। वे महाराष्ट्र भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे और 2010 से 2013 तक भाजपा के सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। 1995 से 99 तक महाराष्ट्र में पीडब्ल्यूडी मंत्री थे जिसमें उन्होंने 8 हजार करोड से ज्यादा के निर्माण कार्य करवा कर एक इतिहास रचा था। उन्होंने मुंबई से पुणे तक पहला एक्सप्रेस वे का निर्माण कराया जिससे तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई इतना प्रभावित हुए कि उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की परिकल्पना को जन्म दिया। वाजपेई ने गडकरी को राष्ट्रीय ग्रामीण सड़क विकास समिति का अध्यक्ष भी बनाया था। नागपुर संसदीय क्षेत्र में हमेशा कांग्रेस का कब्जा रहा है 1996 में बनवारी लाल पुरोहित ने भाजपा का पहली बार खाता खोला था। तीसरी बार टिकट मिलने के बाद अब भाजपा खेमे में यह सवाल उठ रहा है कि यदि गडकरी ने नागपुर में हैट्रिक लगाई और केंद्र में भाजपा की सरकार बनती है तो क्या सरकार में उन्हें पहले से ज्यादा महत्व दिया जाएगा?

1996 और 1998 के चुनाव में जीते थे पर 1999 में नहीं लगा पाए थे हैट्रिक, अब 2014 और 19 में कमल खिलाने के बाद फिर हैट्रिक का मौका

केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप की हैट्रिक बनेगी जीत का सिक्सर

● मनोज त्रिपाठी, कानपुर

जालौन-गरौठा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। यह इलाका एक तरफ पचनद यानी पांच नदियों (यमुना, चंबल, सिंधु, कुंवारी और पहज) के संगम तो दूसरी तरफ बेतवा नदी से घिरा है, इसके बावजूद सूखा ही यहां की प्रमुख समस्या है। करीब 20 लाख मतदाताओं वाली इस लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र भोगनीपुर, माधोगढ़, कालपी, उरई, गरौठा आते हैं। भाजपा ने केंद्रीय राज्य मंत्री भानुप्रताप वर्मा को फिर से भरोसा जताते हुए मैदान में उतारा है। यह उनका आठवां चुनाव है। पिछले सात चुनावों में भानुप्रताप को केवल दो बार ही हार मिली है। भानु प्रताप वर्मा के सामने इस मर्तबा हैट्रिक बनाने के साथ ही जीत का सिक्सर लगाने का मौका है।

जालौन लोकसभा सीट पर सपा और बसपा ने अभी अपने प्रत्याशी नहीं घोषित किए हैं। कांग्रेस इस बार सपा से गठबंधन के कारण यहां मैदान से बाहर है। जालौन सीट पर वर्ष 1991 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने पहली बार अपना खाता खोला था, इससे पहले हुए सभी चुनावों में एक-एक बार लोकदल तथा जनता दल को छोड़कर हमेशा कांग्रेस ही विजय पताका लहराती रही थी। 1991 में यहां से भाजपा के गया प्रसाद कोरी जीते। इसके बाद 1996 और 1998 में हुए चुनावों में भी भाजपा ने जीत दर्ज कराई और भानु प्रताप वर्मा सांसद बने। लेकिन 1999 में बसपा के ब्रजलाल खाबरी ने भानु प्रताप वर्मा को हैट्रिक लगाने से रोक दिया। साल 2004 के चुनाव में भाजपा ने दोबारा मतदाताओं का विश्वास जीता और भानु प्रताप सिंह फिर से सांसद चुने गए।

इसके बाद 2009 के चुनाव में इस सीट पर पहली बार सपा ने जीत दर्ज की। उसके प्रत्याशी घनश्याम अनुरागी विजयी रहे। लेकिन 2014 में यह सीट मोदी मैजिक के चलते पुनः भाजपा के पाले में चली गई और एक बार फिर भानु प्रताप ही सांसद चुने गए। इस चुनाव में भानु प्रताप ने बसपा के प्रत्याशी ब्रजलाल खाबरी को दो लाख 87 हजार वोटों से हराया। 2019 के पिछले चुनाव में भानु प्रताप ने फिर जीत हासिल की और पांचवीं बार संसद में पहुंचे। उन्होंने बसपा प्रत्याशी अजय सिंह पंकज को 1 लाख 57 हजार वोटों से मात दी। तीसरे नंबर पर कांग्रेस के टिकट पर मैदान में उतरे बृजलाल खाबरी रहे।

जालौन-गरौठा लोकसभा

● पिछले चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन मिलकर भी नहीं रोक पाए थे संसद का रास्ता

एससी और ओबीसी मतदाता भाग्य विधाता

जालौन लोकसभा सीट पर अनुसूचित जाति के मतदाता सबसे ज्यादा लगभग 43 फीसदी हैं। इसके बाद ओबीसी मतदाताओं की संख्या लगभग 32 फीसदी और सामान्य श्रेणी के मतदाता करीब 18 फीसदी हैं। मुस्लिम मतदाताओं का आंकड़ा सवा लाख से कुछ ज्यादा गिना जाता है।

2019 लोकसभा चुनाव का विधानसभा वार परिणाम

विधानसभा	भाजपा भानुप्रताप सिंह वर्मा	बसपा अजय सिंह पंकज	कांग्रेस बृजलाल खाबरी
भोगनीपुर	93,580	95,707	8,114
माधौगढ़	1,31,505	81,174	23,073
कालपी	1,08,024	91,502	23,073
उरई	1,30,028	85,811	22,895
गरौठा	1,16,586	68,282	20,644
वोट प्रतिशत	52.0	37.9	8.1

पिछले चार चुनाव में राजनीतिक दलों का मतदान प्रतिशत

चुनाव	भाजपा	सपा	बसपा	कांग्रेस
2022 विधानसभा	35.8	31.2	20.6	2.3
2019 लोकसभा	52.0	---	37.9	8.1
2017 विधानसभा	43.8	15.8	23.2	8.7
2014 लोकसभा	12.1	16.3	23.6	7.5

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	72,643.43	22,023.35
नुकसान	453.85	123.30
प्रतिशत में	0.62	0.56

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, शनिवार, 16 मार्च 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 890।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूंदड़ा	2525-2550
आरआर 21	2700-2750
गेहूंफ़ारम	2800-2850
जौ	2000-2100
ज्वार	2600-4000
बाजरा	2125-2175
मकाई	2000-2200
दलहन (प्रति क्वि.)	
लोकल	मिल डिलीवरी
चना	5800-5900
अरहर	7500-8000
मसूर	5500-5600
मटर	3700-4000
उड़दहरा	10000-10200
उड़दकाला	6000-8000
मूंग	8500-8800
दाल (प्रति क्वि.)	
अरहरफूल	14500-14700
अरहरस्पेशल1	12200-12300
चनादाल	7100-7200
मटरदाल	4950-5050
मसूरमलका	7050-7200
मसूरदाल	7150-7200
उड़ददाल	9000-12000
उड़द धोवा	10500-13000
मूँगदाल	8800-10300
मूँग धोवा	9800-11500
चावल (प्रति क्वि.)	
अरवा	2000-2300
बासमती नं.1	8500-10000
सेला	2500-3000
बासमती नं.2	6500-7500
आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)	
आटा	1490-1550
मैदा	1450-1500
सूजी	1500-1550
चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)	
शाहपसंद	1430-1475
तिलहन (प्रति क्वि.)	
लाही	4900-4950
अलसी	4500-4600 रुपये।

भारतीय बाजार ने समझदारी बनाए रखी है

कॉन्क्लेव में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा-मैं बाजार पर बहुत भरोसा करती हूं

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर भारी उतार-चढ़ाव के बावजूद भारतीय शेयर बाजार ने "एक निश्चित स्तर की समझदारी" बनाए रखी है और बाजार को अपने हिसाब से खेलने की अनुमति दी जानी चाहिए। वित्त मंत्री सीतारमण का यह बयान सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच के उस बयान के कुछ दिनों बाद आया है कि स्मालकैप और मिडकैप शेयरों में 'झाग' की गुंजाइश है और नियामक एक संभावित परामर्श पत्र लाने के लिए इस पर विचार कर रहा है।

राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक कॉन्क्लेव में सीतारमण ने कहा-मैं बाजारों को अपने हिसाब से खेलने देती हूं... हमें इसे बाजार के विवेक पर छोड़ देना चाहिए क्योंकि हम सभी ने देखा है कि वैश्विक स्तर पर भारी उतार-चढ़ाव के बावजूद भारतीय बाजार ने समझदारी का एक निश्चित स्तर बनाए रखा है। यह वास्तव में इस तरह या उस तरह से बहुत हिंसक नहीं हुआ है। इसलिए, मैं बाजार पर बहुत भरोसा करती हूं। इस सप्ताह की शुरुआत में पूंजी बाजार नियामक ने स्मालकैप और मिडकैप शेयरों के अधिक मूल्यांकन के बारे में चिंता जताई थी। स्मालकैप और मिडकैप संभावित बाजार में हेरफेर और बाजार में बुलबुले के जोखिम का संकेत दे रहे थे। बुच ने कहा था कि इक्विटी बाजारों में स्मालकैप और मिडकैप क्षेत्र में झाग के कुछ क्षेत्र हैं जिनमें बुलबुला बनने और फूटने की क्षमता है जो निवेशकों को प्रभावित कर सकता है। क्रिप्टो परिसंपत्तियों पर सीतारमण ने कहा कि वे मुद्राएं नहीं हो सकती हैं और यह भारत सरकार का रुख है।

ताजा जीडीपी आंकड़े रहस्यमयी: सुब्रमण्यन

पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमण्यन ने शुक्रवार को कहा कि भारत के ताजा जीडीपी आंकड़े ''पूरी तरह रहस्यमयी'' हैं और इन्हें समझ पाना मुश्किल है। हाल ही में जारी आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में भारत की अर्थव्यवस्था 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी। ये आंकड़े उम्मीद से बेहतर हैं और पिछले डेढ़ साल में सबसे अधिक हैं। सुब्रमण्यम ने कॉन्क्लेव में इस पर कहा-मैं आपको ईमानदारी से बताना चाहता हूं कि ताजा जीडीपी आंकड़ों को मैं समझ नहीं पा रहा हूं। उन्होंने कहा, ''मैं पूरे सम्मान के साथ कहना चाहता हूं कि ये बिल्कुल रहस्यमयी हैं। वे मेल नहीं खाते हैं। मुझे नहीं पता कि उनका क्या मतलब है।

इलेक्ट्रिक वाहन नीति को मंजूरी, न्यूनतम 50 करोड़ डॉलर का निवेश तय

नई दिल्ली। सरकार ने भारत को विनिर्माण गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने के लिए शुक्रवार को इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति को मंजूरी दे दी जिसमें न्यूनतम 50 करोड़ डॉलर (4,150 करोड़ रुपये) के निवेश के साथ देश में विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने वाली कंपनियों को शुल्क में रियायतें दी जाएंगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री गोयल ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि ईवी नीति के जरिए भारत को ईवी के विनिर्माण गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने और टेस्ला समेत विभिन्न वैश्विक ईवी विनिर्माताओं से निवेश आकर्षित करने का प्रयास किया गया है। इस नीति के तहत ई-वाहनों की विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने वाली कंपनियों को कम सीमा शुल्क पर सीमित संख्या में कारों को आयात करने की अनुमति दी जाएगी।

नरेंद्र मोदी सरकार में 10 हजार से अधिक नए डाक घर खुले: वैष्णव

- प्रौद्योगिकी मंत्री बोले-डाक विभाग का हो रहा है विस्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

मोदी सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2014 से 2024 के दौरान देश में 10480 नए डाक घर खुले हैं जबकि इससे पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में छह डाक घर बंद किए गए थे। केंद्रीय संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज यहां डाक विभाग में कार्यरत 2.56 लाख से अधिक ग्रामीण डाक सेवकों (जीडीएस) की सेवा शर्तों में सुधार और सेवा में ठहराव को दूर करने के लिए एक वित्तीय उन्नयन योजना की घोषणा की के दौरान यह बात कही।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से 2024 के दौरान देश में 1.28 लाख डाककर्मियों की भर्ती की गई है और 2.50 लाख को प्रशिक्षित किया गया है। कहा कि वैश्विक स्तर पर डाक सेवाओं में शिथिलता आ गई है लेकिन भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में डाक विभाग का विस्तार हो रहा है और नई सेवाओं को इसके दायरे में लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर बिजली योजना के तहत डाक घरों में 53 लाख पंजीकरण हुए हैं। इसके साथ ही सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 3.17 करोड़ खाते खुले हैं जिनमें 1.50 लाख करोड़ रुपये जमा है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	75,900
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	67,200
गिन्नी (प्रति नग)	50,050-50,250
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	65,750
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,600
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	75,000
चांदी तैयार	74,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	65,550
सोना जेवरात गिन्नी	64,550
चांदी पक्की	740 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	65,800
चांदी आभूषण	74,700।

सीसीआई ने गूगल की प्ले स्टोर नीति के खिलाफ जांच के आदेश दिए

नई दिल्ली, एजेंसी

निष्पक्ष व्यापार नियामक सीसीआई ने शुक्रवार को इंटरनेट-आधारित कंपनी गूगल की प्ले स्टोर मूल्य निर्धारण नीति में कथित प्रतिस्पर्धा-विरोधी प्रथाओं के संबंध में जांच के आदेश दिए।

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने इस आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता मुख्य रूप से गूगल के स्वामित्व वाले ऐप स्टोर 'गूगल प्ले स्टोर' की भुगतान नीतियों से व्यथित हैं। प्ले स्टोर पर प्रतिस्पर्धा कानून का उल्लंघन करने का आरोप है। यह आदेश भुगतान संबंधी समस्याओं के कारण गूगल के प्ले स्टोर से कुछ ऐप को हटाने के दो सप्ताह के भीतर आया है। गूगल ने एक मार्च को सेवा शुल्क भुगतान पर विवाद को लेकर भारत में अपने प्ले स्टोर से कुछ ऐप हटा दिए थे। हालांकि, सरकार के हस्तक्षेप के बाद कुछ दिनों के भीतर ही इन ऐप को बहाल कर दिया गया। प्रतिस्पर्धा आयोग में अपील दायर करने वाली कंपनियों में पीपुल इंटरएक्टिव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मेबिगो लैब्स प्रा. लिमिटेड, इंडियन ब्रॉडकास्टिंग एंड डिजिटल फाउंडेशन (आईबीडीएफ) और इंडियन डिजिटल मीडिया इंडस्ट्री फाउंडेशन (आईडीएमआईएफ) शामिल हैं।

चाय की गुणवत्ता बढ़ाने पर जोर

नई दिल्ली। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने चाय की गुणवत्ता में सुधार और इसके सुरक्षित तथा स्वच्छ उत्पादन के लिए तमिलनाडु, केरल, असम और पश्चिम बंगाल में चाय उत्पादक क्षेत्रों के विभिन्न समूहों में एक व्यापक क्षमता निर्माण की योजना भी तैयार की है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि एफएसएसएआई चाय उद्योग से जुड़े सभी पक्षों के साथ चाय की गुणवत्ता में सुधार करने और उत्पादन बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

निर्यात 11.9% बढ़कर 41.4 अरब अमेरिकी डॉलर रहा

- वाणिज्य मंत्रालय ने फरवरी माह के जारी किए आंकड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत का निर्यात फरवरी में 11.9 प्रतिशत बढ़कर 41.4 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो चालू वित्त वर्ष का सर्वाधिक मासिक आंकड़ा है। वाणिज्य मंत्रालय के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में मुख्य रूप से इंजीनियरिंग सामान, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं और दवा उत्पादों की विदेश में अच्छी मांग रही। हालांकि सोने के आयात में उल्लेखनीय वृद्धि होने से फरवरी में व्यापार घाटा 18.7 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जो एक साल पहले इसी महीने में 16.57 अरब डॉलर था।

पिछले महीने 60.1 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य की वस्तुओं का आयात किया गया, जो फरवरी 2023 के 53.58 अरब अमेरिकी डॉलर की तुलना में 12.16 प्रतिशत अधिक है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार फरवरी में सोने का आयात 133.82 प्रतिशत बढ़कर 6.15 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 2.63 अरब अमेरिकी डॉलर था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-फरवरी के दौरान सोने का आयात 44 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 38.76 प्रतिशत अधिक है।

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने इन आंकड़ों पर संवाददाताओं से कहा कि फरवरी के दौरान निर्यात में वृद्धि चालू वित्त वर्ष के किसी भी महीने के मुकाबले अधिक है। उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध और कुछ देशों में मंदी जैसी कई कठिनाइयों के बावजूद फरवरी में निर्यात अनुमान से अधिक रहा।

राष्ट्रीय

टूटेगा इंडिया गठबंधन का सारा घमंड : मोदी

प्रधानमंत्री बोले-तमिलनाडु की धरती पर बहुत बड़े परिवर्तन की आहट महसूस हो रही

कन्याकुमारी, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दावा किया कि तमिलनाडु की धरती पर उन्हें 'बहुत बड़े परिवर्तन' की आहट महसूस हो रही है और आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का प्रदर्शन विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का 'सारा घमंड' तोड़कर रख देगा। लोकसभा चुनाव की घोषणा से ठीक एक दिन पहले भाजपा की एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर तीखा हमला बोला और इसे राज्य के भविष्य का 'दुश्मन' करार दिया तथा साथ ही उस पर देश, इसकी संस्कृति और विरासत से नफरत पैदा करने का आरोप लगाया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कन्याकुमारी में लोकसभा चुनाव से पहले एक सार्वजनिक बैठक के दौरान समर्थकों का हाथ हिलाकर अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

मोदी ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की पूर्ववर्ती सरकार के दौरान हुए कथित घोटालों का उल्लेख किया और कहा कि दूसरी तरफ केंद्र में आज एक ऐसी सरकार है जो विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों का जीवन आसान बना रही है। उन्होंने कहा-देश के इस दक्षिणी छोर से जो लहर उठी है, यह बहुत दूर तक जाने वाली है। मोदी ने वर्ष 1991 में हुई भाजपा की 'एकता यात्रा' को याद करते हुए कहा कि उस समय उन्होंने कन्याकुमारी से कश्मीर तक की यात्रा की थी लेकिन इस बार वह कश्मीर से कन्याकुमारी आए हैं।

कांग्रेस और वामपंथी दल ठग हैं : प्रधानमंत्री

पथानामथिट्टा (केरल)। मोदी ने केरल के सत्ताधारी वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और विपक्षी संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) को 'ठग' करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि राज्य में दोनों एक-दूसरे का विरोधी होने का दिखावा करते हैं जबकि दिल्ली में गले मिलते हैं। यहां एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि केरल के लोग इनकी सच्चाई समझ गए हैं।

देश की पहली अंडरवॉटर मेट्रो ट्रेन की सेवाएं शुरू

कोलकाता। देश की पहली 'अंडरवॉटर' मेट्रो ट्रेन की वाणिज्यिक सेवाएं शुक्रवार को कोलकाता में शुरू हुईं। पहले दिन सैकड़ों यात्रियों ने 'अंडरवॉटर' मेट्रो ट्रेन में यात्रा का आनंद उठाया और खुशी का इजहार किया। एक ट्रेन सुबह सात बजे कोलकाता के ईस्ट-वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर पर हावड़ा मैदान स्टेशन से चली जबकि दूसरी ट्रेन उसी समय एस्प्लेनेड स्टेशन से शुरू हुई। इस दौरान यात्रियों ने तालियां बजायी। "पहले दिन की पहली अंडरवाटर मेट्रो" का हिस्सा बनने के लिए सैकड़ों यात्री सुबह-सुबह स्टेशनों पर उमड़ पड़े। दोनों स्टेशन पर सुबह टिकट लेने के लिए यात्री लंबी कतारों में खड़े दिखे जबकि अधिकारियों ने गुलाब के फूल देकर यात्रियों का स्वागत किया।

चुनाव घोषणा से पूर्व केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ी

- ईडी के समक्ष पेशी से छूट देने से अदालत का इनकार
- शराब घोटाला मामले में ईडी के ठुकरा चुके हैं 8 समन

नई दिल्ली, ब्यूरो

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव की घोषणा से ठीक एक दिन पूर्व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ गई हैं। शराब घोटाला मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अभी तक वे 8 समन ठुकरा चुके थे। अब उन्हें नौवें सम्मन पर पेश होना ही पड़ेगा। शुक्रवार को स्थानीय अदालत ने उन्हें कोई राहत नहीं दी है।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली शराब घोटाले मामले पर तत्कालीन उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पहले से ही तिहाड़ जेल में है और उसी मामले पर मुख्यमंत्री को भी तलब किया था। लेकिन केजरीवाल ने ईडी की कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताते हुए आम आदमी पार्टी को समाप्त करने का आरोप लगाया था। बाद में वे ईडी के सम्मन के खिलाफ अदालत में चले गए थे, जहां से उन्हें राहत मिली थी। मगर दो दिन चली सुनवाई के दौरान अदालत ने शुक्रवार को उन्हें किसी भी तरह का स्थगन आदेश या राहत देने से मना कर दिया है। केजरीवाल को ईडी ने सातवां समन भेज कर 27 फरवरी को बुलाया था। तब केजरीवाल का तर्क था कि यह मामला अदालत में विचाराधीन है। इसलिए ईडी को सम्मन भेजने के बजाय अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए। इसी बीच ईडी ने चार मार्च के लिए आठवां समन जारी कर दिया था। ईडी ने पहला समन गत 2 नवंबर को भेजा था। उसके बाद 21 दिसंबर, 3 जनवरी, 18 जनवरी, 2 फरवरी, 14 फरवरी एवं 22 फरवरी को पूछताछ के लिए केजरीवाल को बुलाया गया था लेकिन अब अदालत से कोई राहत न मिलने के बाद केजरीवाल को ईडी के समक्ष पेश होना ही पड़ेगा।

आप के तमाम नेता लोकसभा चुनाव से पहले केजरीवाल को गिरफ्तार करने का आरोप लगा चुके थे और अब इस तरह की अटकलें तेज हो गई है कि क्या पूछताछ के बाद केजरीवाल को ईडी गिरफ्तार करेगी।

एक नजर

छग में पहली बार डीएम की अदालत की सुनवाई का सीधा प्रसारण

अंबिकापुर। छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल सरगुजा जिले में पहली बार जिलाधिकारी की अदालत से मामलों की सुनवाई का सीधा प्रसारण किया गया जिससे दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले लोगों तक अदालती कार्यवाही में पारदर्शिता और पहुंच सुनिश्चित की जा सके। राज्य की राजधानी रायपुर से लगभग 300 किलोमीटर दूर स्थित उत्तर छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में नवनियुक्त जिलाधिकारी विलास भोस्कर संदीपन ने यह पहल की है।

झारखंड पुलिस ने ईडी को भेजा समन

रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से ईडी के अफसरों के खिलाफ दर्ज कराए गए एससी-एसटी केस में झारखंड पुलिस ने संबंधित अधिकारियों को समन भेजा है। उन्हें 21 मार्च को सुबह 11 बजे थाने में मौजूद रहने को कहा है। सोरेन ने ईडी अफसरों पर प्रताड़ित करने और पूरे समुदाय को अपमानित करने का आरोप लगाया है। पुलिस की ओर से ईडी के एडिशनल डायरेक्टर कपिल राज, असिस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत झा सहित अनुपम कुमार और अमन पटेल शामिल हैं।

बिहार में नीतीश कुमार मंत्रिमंडल का विस्तार, 21 नए मंत्री किए गए शामिल

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने दो महीने से भी कम पुराने मंत्रिमंडल का शुक्रवार को विस्तार करते हुए उसमें 21 नए मंत्रियों को शामिल किया। यहां राजभवन में एक सादे समारोह में राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी सहित इन नेताओं को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से शपथ लेने अन्य प्रमुख चेहरों में पार्टी की बिहार इकाई के पूर्व अध्यक्ष मंगल पांडेय, नीरज कुमार सिंह, नीतीश मिश्रा, नितिन नवीन, दिलीप कुमार जयसवाल और जनक राम शामिल हैं। मुख्यमंत्री की पार्टी जदयू से मंत्री के तौर पर शपथ लेने वाले पुराने प्रमुख चहरों में महेश्वर हजारी, शीला मंडल, पूर्व वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सुनील कुमार, जयंत राज, जमा खान, रत्नेश सदा शामिल हैं।

भाजपा के नौ विधायकों को कारण बताओ नोटिस

- हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा के बीच गतिरोध जारी

शिमला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नौ विधायकों को शिकायत के आधार पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी भाजपा के बीच राजनीतिक गतिरोध जारी है और निकट भविष्य में इसके सुलझने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं।

नाहन के कांग्रेस विधायक अजय सोलंकी ने सदन के कामकाज पर नियम 79 के तहत स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है कि हाल के बजट सत्र के दौरान सदन के अंदर और अध्यक्ष के चेंबर में कथित तौर पर हिंसा और अनुशासनहीनता में शामिल होने के लिए भाजपा के नौ विधायकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिव ने कहा कि शिकायत के आधार पर नौ भाजपा विधायकों - ऊना से सतपाल सत्ती, नाचन से विनोद कुमार, चुराह से हंसराज, बंजार से सुरेंद्र शौरी, सुलह से विपिन परमार, त्रिलोक जम्वाल, बिलासपुर, बल्ह से इंद्र सिंह गांधी, आनी से लोकेंद्र कुमार और करसोग से दीपराज को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

सरकार के कामकाज में आचार संहिता से कोई फर्क नहीं पड़ेगा

- सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर बोले

नई दिल्ली, ब्यूरो

अमृत विचार: लोकसभा एवं कुछ राज्यों की विधानसभा के चुनावों की घोषणा शनिवार को होने जा रही है। इसी के साथ पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। मगर सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि इससे सरकार के कामकाज में कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

केंद्रीय मंत्री ने उक्त जानकारी तब दी थी जब उनसे पूछा गया कि क्या दो दिन पूर्व हुई कैबिनेट की बैठक को अंतिम बैठक माना जाए? जवाब में ठाकुर ने कहा की सरकार का कामकाज तो चलता ही रहेगा यदि कोई अहम फैसला लेने की आवश्यकता होगी तो मंत्रिमंडल की बैठक बुलानी ही पड़ेगी और ऐसा प्रावधान चुनाव संहिता में भी है।

उल्लेखनीय है कि निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए निर्वाचन आयोग के पास आदर्श चुनाव संहिता के नाम पर कई संवैधानिक अधिकार सुरक्षित है। लेकिन इन अधिकारों का शक्ति से पालन तत्कालीन मुख्य निर्वाचन आयुक्त टीएन शेषन के समय में हुआ था और तभी से राजनीतिक दलों एवं उम्मीदवारों के ऊपर किसी भी चुनाव के दौरान आचार संहिता की तलवार लटकी रहती है।

अनुराग ठाकुर के जवाब के बाद माना जा रहा है कि किसी अति आवश्यक कार्य के लिए मंत्रिमंडल की बैठक हो सकती है लेकिन उसमें जनता को प्रभावित करने वाले किसी भी कार्यक्रम की घोषणा नहीं होगी। नामांकन से लेकर मतगणना तक किसी भी तरह के उद्घाटन एवं शिलान्यास जैसे कार्यक्रम नहीं होंगे। इस दायरे में नौकरशाहों को अपना कामकाज करने की छूट रहेगी लेकिन मंत्रियों या राजनीतिक दालों के नेताओं पर आयोग की कड़ी दृष्टि रहेगी। सभी उम्मीदवारों को चुनाव प्रचार के दौरान खर्च किए गए धन का हिसाब किताब भी देना होगा। आचार संहिता लागू होने के बाद कोई भी मंत्री सरकारी विमान, वाहन या सरकारी मशीनरी का उपयोग प्रचार के दौरान नहीं करेगा।

मुक्त चुनाव चिह्न आवंटन संबंधी नीति की पड़ताल करेगी कोर्ट

- उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयोग से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल ''नाम तमिलर काची'' (एनटीके) की उस याचिका पर शुक्रवार को निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा, जिसमें गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर 'मुक्त' चुनाव चिह्न के आवंटन को चुनौती दी गई है। साथ न्यायालय ने उपरोक्त नीति की पड़ताल करने की सहमति जताई है।

प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एक अन्य गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल को भी नोटिस जारी किया, जिसे वह चुनाव चिह्न आवंटित किया गया है, जिस पर पूर्व में एनटीके चुनाव लड़ चुकी है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने गत एक मार्च को एनटीके की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को निर्वाचन आयोग द्वारा 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर 'मुक्त' चुनाव चिह्न का आवंटन किए जाने को चुनौती दी गई थी। उच्च न्यायालय की एक पीठ ने याचिकाकर्ता 'एनटीके' की इस दलील को खारिज कर दिया था कि इस आशय से संबंधित चुनाव चिह्न आदेश मनमाना और असंवैधानिक था। याचिकाकर्ता आगामी लोकसभा चुनाव के लिए तमिलनाडु और पुडुचेरी में एक अन्य राजनीतिक दल को 'मुक्त' चुनाव चिह्न 'गन्ना किसान' के आवंटन से व्यथित था। याचिका पर नोटिस जारी करते हुए

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि इस अपील पर होली की छुट्टियों के बाद सुनवाई की जाएगी। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह चुनाव चिह्न आदेश के पैराग्राफ 10बी(बी) की योजना की पड़ताल करेगी, जो 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर दलों और उम्मीदवारों को 'मुक्त' चिह्न देने से संबंधित है। एनटीके का आरोप है कि निर्वाचन आयोग की नीति "असंवैधानिक" है। याचिकाकर्ता ने कहा है कि 'मुक्त' चुनाव चिह्न के आवंटन के लिए वैध अवधि के भीतर दायर किए गए सभी आवेदनों पर निर्वाचन आयोग द्वारा समान स्तर पर विचार किया जाना चाहिए और इसीलिए 'गन्ना किसान' चुनाव चिह्न उसे (याचिकाकर्ता को) आवंटित किया जाना चाहिए, क्योंकि उसने 2019 से अब तक इसपर छह चुनाव लड़े हैं।

संदेशखाली के हिंसा पीड़ित मुर्मु से मिले लगाई सुरक्षा की गुहार

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में हिंसा से पीड़ित लोगों का एक समूह शुक्रवार को राजधानी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मिला और उन्हें आपबीती सुनाते हुए वहां राष्ट्रपति को एक ज्ञापन दिया जिसमें उत्पीड़न की शिकार अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदाय की सुरक्षा के लिए हस्तेक्षप की मांग की गयी है। राष्ट्रपति भवन में श्रीमती मुर्मु से मिलने समूह में 11 लोग थे। इनमें पांच महिलाएं थी। राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद इस दल की महिला सदस्यों ने संवाददाताओं से कहा कि मुर्मु ने उनकी शिकायत सहानुभूति के साथ सुनी है।

कनेक्टिविटी, ऊर्जा क्षेत्रों को मिलेगा बढ़ावा

- भूटान के पीएम ने भारत की तारीफ की, कहा- भूटान का विश्वनीय भागीदार भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मुलाकात के दौरान भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे ने उनके देश की विकास संबंधी प्राथमिकताओं में एक विश्वसनीय और मूल्यवान भागीदार के रूप में भारत की भूमिका की सराहना की।

बता दें, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे पांच दिवसीय यात्रा पर भारत आए हैं। गुरुवार को टोबगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात भी की थी। दोनों नेताओं के बीच बुनियादी ढांचे के विकास, कनेक्टिविटी, ऊर्जा, हाइड्रोपावर, लोगों से लोगों के बीच आदान-प्रदान और विकास सहयोग जैसे कई क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए द्विपक्षीय वार्ता हुई। विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया, "मोदी और तोब्गे ने भारत-भूटान की मित्रता को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है।

भारत-भूटान को बौद्ध धर्म की विरासत जोड़ती है: मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि भारत-भूटान के साथ अपनी बहुआयामी साझेदारी को बहुत महत्व देता है और बौद्ध धर्म की आध्यात्मिक विरासत दोनों देशों को जोड़ती है। राष्ट्रपति ने कहा कि भूटान एक विश्वसनीय मित्र और भागीदार के रूप में भारत पर भरोसा कर सकता है। बता दें, टोबगे ने भूटान के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना। मुर्मू बोलीं- भारत-भूटान के साथ बहुआयामी साझेदारी को महत्व देता है, जो ऊर्जा सहयोग, विकास साझेदारी, लोगों के बीच आपसी संबंध और व्यापार एवं निवेश संबंधों जैसे क्षेत्रों में फैली है।

आदर्श आचार संहिता में जुड़ी हैं काफी पाबंदियां

नई दिल्ली। देश में जल्द ही 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव होने वाले हैं, जिसके लिए तारीखों का एलान चुनाव आयोग जल्द ही करने जा रहा है। एलान के साथ ही देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी, जिससे कई तरह की पाबंदियां भी लग जाएंगी। बता दें कि देश में बिना किसी रुकावट के पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग ने आदर्श आचार संहिता के रूप में कुछ नियम और मानक तय किए हैं, जिनका सभी राजनीतिक पार्टियों और उम्मीदवारों को अनिवार्य तौर पर पालन करना होता है। आइए जानते हैं आदर्श आचार संहिता के बारे में...

सत्ता दल के लिए नियम

मंत्रीगण आधिकारिक दौरे के वक्ता चुनाव प्रचार न करें। और सरकारी विमानों और गाड़ियों का उपयोग पार्टी के हित के लिए ना करें। सरकारी कर्मचारियों को इस्तेमाल पार्टी हित में ना करें। हेलीपैड पर सत्ताधारी दल का एकाधिकार न जताए। सरकारी फंड से पार्टी का प्रचार-प्रसार न करें। केंद्र या राज्य सरकार के मंत्री, उम्मीदवार, मतदाता या एजेंट के सिवाय अन्य लोग मतदान केंद्र में न घुसें।

क्या होते हैं प्रावधान

- विभिन्न जातियों एवं समुदायों के बीच मतभेद या घृणा बढ़ाने की गतिविधि में शामिल न हों।
- नीतियों व कार्यों की आलोचना करें, किसी दल, नेता या कार्यकर्ता के निजी जीवन पर टिप्पणी न करें।
- किसी जाति या संप्रदाय की भावनाओं का उपयोग करते हुए वोट डालने की अपील न करें।
- मंदिर, मस्जिद या पूजा के किसी अन्य स्थान का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए न हो।
- मतदाताओं को रिश्वत देना, उन्हें डराना धमकाना, मतदान केंद्र से 100 मीटर की दूरी के भीतर प्रचार-प्रसार करना आपराधिक गतिविधि मानी जाएगी।
- मतदान से 48 घंटे पहले चुनाव प्रचार, सार्वजनिक सभाएं सभी पर प्रतिबंध लागू हो जाता है।
- राजनीतिक दल या किसी उम्मीदवार के घर के सामने विरोध प्रदर्शन व धरना न किया जाए।



- नेता अपने समर्थकों को किसी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी भूमि, भवन, परिसर की दीवारों आदि पर झंडा लगाने, बैनर लटकाने, सूचना चिपकाने और नारा लिखने की अनुमति नहीं दे सकते।
- राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके समर्थक दूसरे दलों की बैठकों अथवा जुलूसों में बाधा न खड़ी करें, न ही उन्हें भंग करने का प्रयास करें।
- किसी दल की ओर से उन स्थानों के आसपास जुलूस न निकाला जाए, जहां दूसरे दलो की बैठक चल रही हो। एक दल के लगाए गए पोस्टर दूसरे दल के कार्यकर्ताओं की ओर से हटाए न जाएं।

सभा और रैली के लिए क्या हैं नियम:- सभी अथवा रैली के स्थान और जगह की पूर्व सूचना पुलिस अधिकारियों को दी जाए। और राजनीतिक पार्टी व नेता पहले ही सुनिश्चित कर लें कि जिस जगह पर वह सभा करने वाले हैं, वहां पहले से कोई पाबंदी तो लागू नहीं हैं। लाउडस्पीकर के उपयोग की इजाजत भी पहले ही ले लें। आयोजक किसी अप्रत्याशित घटना से बचने के लिए पुलिस की सहायता लें। वहीं जुलूस से पहले उसके शुरू होने का समय, रूट और समाप्त होने के समय व स्थान की अग्रिम सूचना पुलिस को देनी होगी। जिस एरिया से जुलूस निकाल रहे हैं, वहां को पाबंदी तो नहीं है।

एक नजर

जम्मू: आतंकी साजिश को लेकर एसआईए की 7 जगहों पर छापेमारी

जम्मू। राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी साजिश मामले की जांच के लिए शुक्रवार को जम्मू संभाग के विभिन्न जिलों में सात स्थानों पर छापेमारी की। जांच एजेंसी के प्रवक्ता ने बताया कि जम्मू में अदालत से तलाशी वारंट मिलने के बाद एसआईए की टीम ने डोडा जिले में तीन स्थानों, रियासी जिले में दो, रामबन और जम्मू जिलों में एक-एक स्थान पर एक साथ तलाशी ली। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान कई मोबाइल फोन और आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। प्रवक्ता ने कहा कि उम्मीद है कि जब्त की गई सामग्री से आतंकवादी नेटवर्क की गहरी साजिश की तह तक पहुंचने के लिए कुछ सुराग मिलेंगे।

समलैंगिक विवाह की अनुमति नहीं देना असंवैधानिक: अदालत

टोक्यो। जापान की एक अदालत ने फैसला सुनाते हुए कहा कि, समलैंगिक विवाह की अनुमति देने से इनकार करना असंवैधानिक है और इस प्रकार के संबंधों की अनुमति देने वाला कानून लाने के लिए तत्काल सरकारी कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। वादी और समलैंगिक समुदाय ने अदालत के इस फैसले की सराहना की और कहा कि यह समानता की दिशा में बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कोर्ट ने कहा- मौजूदा कानून में संशोधन नहीं किया जाता तब तक समलैंगिक जोड़ों के विवाह की अनुमति देने से इनकार कर सकते हैं।

प्रवासियों से भरी नौका तुर्किये तट पर डूबी, 21 लोगों की मौत

अंकारा। प्रवासियों को ले जा रही नौका तुर्किये के उत्तरी एजियन तट के नजदीक डूब गई। हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई। गवर्नर इल्हामी अक्तास ने बताया कि कनाक्कले प्रांत के एसेबाट शहर के पास समुद्र से दो प्रवासियों को बचाया, जबकि दो अन्य स्वयं तट तक पहुंचने में सफल रहे। उन्होंने कहा कि स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है, कि नौका में कितने लोग सवार थे। अक्तास ने कहा- मृतकों में चार बच्चों भी शामिल हैं। अनाडोलु ने बताया कि दस तट रक्षक नौकाएं और दो हेलीकॉप्टर खोज और बचाव अभियान में शामिल हैं।

गाजा में खाने का इंतजार कर रहे लोगों पर हमला, 29 की मौत

यरुशलम। गाजा में दो स्थानों पर खाद्य सामग्री के लिए एकत्रित लोगों पर हमले की घटनाओं में गुरुवार को कुल 29 लोग मारे गए, जबकि 160 से ज्यादा घायल हुए। राफा में संयुक्त राष्ट्र के राहत वितरण केंद्र पर हुए हवाई हमले में 21 लोग मरे हैं, जबकि अल नुसीरत के शरणार्थी शिविर के निकट हुए हमले में आठ लोग मरे हैं। इजराइल ने दोनों हमलों में अपना हाथ होने से इनकार किया है। गाजा के अन्य इलाकों में इजराइली हमले जारी हैं। पांच महीने से ज्यादा समय से जारी युद्ध में अभी तक कुल 31 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है।

सीएए नागरिकता देने का कानून ना कि छीनने का, भारत की दो टूक

अमेरिका के बयान को भारत ने किया खारिज, कहा- यह आंतरिक मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका ने भारत में सीएए लागू करने को लेकर आपत्ति जताई और कहा कि वह इस पर कड़ी नजर रख रहा है। भारत ने अमेरिका के बयान को अनुचित बताते हुए इसे खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सीएए राज्यविहीनता के मुद्दे को संबोधित करता है, मानवीय गरिमा प्रदान करता है और मानवाधिकारों का समर्थन करता है।

भारत ने अमेरिका विदेश मंत्रालय को जवाब देते हुए कहा, नागरिकता संशोधन अधिनियम अपनी समावेशी परंपराओं, मानवाधिकारों के प्रति दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए भारत का आंतरिक मामला है। नागरिकता (संशोधन) कानून नागरिकता देने के लिए है, यह नागरिकता छीनने के लिए नहीं है। सीएए के कार्यान्वयन पर अमेरिकी विदेश विभाग के बयान को विदेश मंत्रालय ने गलत, अनुचित और बेतुका बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, भारतीय संविधान सभी नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है, ऐसे में अल्पसंख्यकों के साथ व्यवहार पर चिंता का कोई आधार नहीं है।

प्रशंसनीय पहल को राजनीति से जोड़ना ठीक नहीं

सीएए के खिलाफ आलोचना को खारिज करते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा कि संकट में फंसे लोगों की मदद के लिए किए गए प्रशंसनीय पहल को वोट बैंक की राजनीति से जोड़ना सही नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि जिन लोगों को भारत की बहुलवादी परंपराओं, विभाजन के बाद के इतिहास की समझ नहीं है वह इस मुद्दे पर व्याख्यान और ज्ञान न दें। दरअसल, अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि हम 11 मार्च से नागरिकता (संशोधन) अधिनियम की अधिसूचना के बारे में चिंतित हैं।

सीएए कानून को लेकर अमेरिका ने जताई नाराजगी

वाशिंगटन। संयुक्त राज्य अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि वह भारत में नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) की अधिसूचना को लेकर थोड़ा परेशान है और कहा कि वह अधिनियम के कार्यान्वयन की बारीकी से निगरानी कर रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने गुरुवार को मीडिया से कहा, हम 11 मार्च से नागरिकता (संशोधन) अधिनियम की अधिसूचना के बारे में चिंतित हैं। मिलर ने एक सवाल के जवाब में कहा, "हम बारीकी से निगरानी कर रहे हैं कि इस अधिनियम को कैसे लागू किया जाएगा। धार्मिक स्वतंत्रता का सम्मान और सभी समुदायों के लिए कानून के तहत समान व्यवहार मौलिक लोकतांत्रिक सिद्धांत हैं। बुधवार को, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीएए पर आशंकाओं को दूर करने की कोशिश करते हुए कहा था कि नया कानून केवल उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए है, जो अविभाजित भारत का हिस्सा थे और यह किसी के अधिकारों पर आघात नहीं करेगा। गृह मंत्री ने कहा था, मैंने सीएए पर अलग-अलग मंचों पर लगभग 41 बार बात की है और इस पर विस्तार से बात की है कि देश के अल्पसंख्यकों को डरने की जरूरत नहीं है।

एसआईसी के साथ विलय करेगी इमरान खान की पार्टी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के एक नेता ने कहा कि अगर चुनाव आयोग उनकी पार्टी के आंतरिक चुनाव को मान्यता देता है और चुनाव चिह्न क्रिकेट बैट को वापस लौटाता है, तो पार्टी सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के साथ विलय कर लेगी।

मीडिया के अनुसार, पीटीआई नेता असद कैसर ने कहा, अगर पार्टी को हालिया संगठनात्मक चुनाव के बाद अपना क्रिकेट बैट का चुनाव चिह्न वापस मिल जाता है तो दोनों पार्टियों का विलय हो जाएगा और पीटीआई बनी रहेगी।" एसआईसी पाकिस्तान में इस्लामी राजनीतिक और बरेलवी धार्मिक दलों का संगठन है।

आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने 90 से ज्यादा सीट पर जीत दर्ज की। बाद में ये निर्दलीय सदस्य एसआईसी में शामिल हो गए। यह पूछे जाने पर कि क्या एसआईसी में विलय के बाद पीटीआई बनी रहेगी, उन्होंने कहा, हां, हम बने रहेंगे लेकिन हम इसके साथ विलय भी करेंगे।

रूस में राष्ट्रपति चुनाव शुरू पुतिन के सामने 3 प्रत्याशी

रूस नियंत्रित डोनेट्स्क क्षेत्र में बूथ पर मतदान करतीं महिलाएं।

मॉस्को, एजेंसी



यूक्रेन के साथ छिड़े युद्ध के बीच व्लादिमीर पुतिन रूस के राष्ट्रपति के रूप में एक और छह साल के कार्यकाल के लिए तैयार हैं। शुक्रवार को रूसी नागरिकों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इस बार तीन दिनों तक वोटिंग होगी, जो 15 मार्च से शुरू होकर 17 मार्च तक चलेगी।

सत्ता पर मजबूत पकड़ के साथ ही व्लादिमीर पुतिन की अपेक्षित चुनावी जीत ने सस्पेंस बढ़ा दिया है। हालांकि, विश्व की निगाहें इस ओर टिकी हुई हैं कि चुनावी नतीजे घोषित होने के बाद उनका अगला कदम क्या होगा। मीडिया के अनुसार, पुतिन के सामने तीन प्रत्याशी हैं, जो तीनों समर्थक हैं। माना जा रहा है कि वोटिंग संपन्न होने के बाद चुनाव नतीजे आ सकते हैं। ऐसा नहीं है कि पुतिन ही अकेले चुनाव लड़ रहे हैं, बल्कि उनके प्रतिद्वंद्वियों में कम्युनिस्ट पार्टी के निकोलाई खारितोनोव, लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के लियोनिद स्लटस्की और न्यू पीपल पार्टी के व्लादिस्लाव दावानकोव शामिल हैं, जबकि बोरिस नादेजिन और पूर्व टीवी पत्रकार येकातेरिना डंटसोवा को फरवरी में निर्वाचन आयोग ने अयोग्य घोषित कर दिया। इसके अलावा पुतिन के मुखर आलोचकों में से एक विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की चुनाव से माहभर पहले जेल में मौत हो गई।

हसीन वादियों में बहार...

जापान: टोक्यो में वसंत के आगमन के प्रतीक चेरी के फूल खिलने लगे हैं। ओसाका में तो चेरी की बहार भी आ गई है। जापान में 'चेरी ब्लॉसम' को 'सकूरा' के नाम से भी जाना जाता है। यह जापान का राष्ट्रीय फूल है। इस मौसम में मनने वाले त्योहार को 'हनामी त्योहार' कहा जाता है। इस फूल को आशा का प्रतीक भी माना जाता है। ● एजेंसी

श्रद्धा वाल्कर हत्याकांड रोज 8 घंटे एकांत कोठरी से बाहर रहेगा पूनावाला

नई दिल्ली,एजेंसी। अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा हत्याकांड में जेल में बंद आरोपी आफताब पूनावाला को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने तिहाड़ जेल अधिकारियों को निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने जेल अधिकारियों से कहा कि अन्य कैदियों की तरह आफताब को भी दिन में 8 घंटे के लिए बाहर रख जाए। रात में उसे एकांत कोठरी में रखे।

जस्टिस सुरेश कुमार कैद की अध्यक्षता वाली पीठ ने आफताब पूनावाला की याचिका पर आदेश दिया कि सुरक्षा की आड़ में उसे एकान्त कारावास में नहीं रखा जा सकता है। याचिका में पूनावाला के वकील ने दावा किया कि उसे सुबह और शाम एक-एक घंटे बाहर रखने की अनुमति है। वहीं, अन्य कैदियों को दिन में आठ घंटे तक बाहर रखा जाता है। जस्टिस गिरीश कठपालिया ने आदेश में कहा कि हम जेल अधिकारियों को उसे आठ घंटे के लिए अनलॉक करने का निर्देश देते हैं। जैसा कि अन्य कैदियों के लिए लागू होता है और रात के दौरान उसे एक एकांत कोठरी में रखा जाए।

भारत और अमेरिका के संबंध 21वीं सदी की दिशा तय करेंगे

- भारतवंशी रिचर्ड ने बाइडन के बयान का किया समर्थन, कहा- गेमचेंजर साबित होगा सुरक्षा सहयोग

वाशिंगटन, एजेंसी

भारत और अमेरिका का सुरक्षा सहयोग आने वाले वर्षों में बेहद अहम साबित होगा। शीर्ष अमेरिकी अधिकारी रिचर्ड वर्मा ने दावा करते हुए कहा कि, भारत और अमेरिका के बीच सहयोग की अपार संभावनाओं हैं, दोनों देशों का सहयोग वैश्विक स्तर पर गेमचेंजर साबित हो सकता है।

रिचर्ड वर्मा ने जो बाइडन के उस बयान का समर्थन किया, जिसमें बाइडन ने कहा था कि भारत और अमेरिका के संबंध 21वीं सदी की दिशा तय करेंगे। बता दें, भारतवंशी रिचर्ड वर्मा, अमेरिका के विदेश विभाग में मैनेजमेंट एंड रिसोर्स विभाग के डिप्टी सेक्रेटरी पद पर तैनात हैं और वह भारत में बतौर अमेरिका के राजनयिक भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। रिचर्ड वर्मा ने अपने ब्लॉग में लिखा कि 'जैसा कि जो बाइडन और पीएम मोदी ने कहा है कि भारत और अमेरिका का एक दूसरे पर पड़ने वाला असर बेहद अहम है, लेकिन हम दुनिया के लिए क्या कर सकते हैं, यह ज्यादा अहम है। खाद्य सुरक्षा, महामारी से निपटना और डिजिटल अर्थव्यवस्था ऐसे क्षेत्र हैं, जहां दोनों देश बहुत कुछ कर सकते हैं।' वर्मा के अनुसार, रक्षा, लोकतांत्रिक मूल्य और तकनीक, ऐसे तीन अहम क्षेत्र हैं, जहां दोनों देशों में सहयोग अहम है और बीते कुछ दशकों में दोनों देशों के संबंधों के विकास में काफी प्रगति भी हुई है।

श्रीलंकाई नौसेना ने 15 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया

कोलंबो। श्रीलंकाई नौसेना ने शुक्रवार को उत्तरी जाफना प्रायद्वीप में कराईनगर के तट से कम से कम 15 भारतीय मछुआरों को द्वीप राष्ट्र के जल से मछली पकड़ने के आरोप में हिरासत में लिया है। कांकेसंतुराई बंदरगाह पर श्रीलंकाई नौसेना ने मछुआरों के नावों को जब्त कर लिया और जांच के लिए मत्स्य निदेशालय में भेज दिया है।

हाल ही में श्रीलंकाई मछुआरों ने श्रीलंकाई जल इलाके में अपने भारतीय समकक्षों द्वारा अवैध शिकार से अपने अधिकारों की रक्षा के लिए अधिकारियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। बता दें, इस साल श्रीलंकाई नौसेना ने अबतक 16 नाव को जब्त करने के साथ 225 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया है।

मई में नहीं होंगे चुनाव, सुनक ने अटकलों पर लगाया विराम

- स्थानीय और प्रशासकों के चुनाव के साथ ही होंगे आम चुनाव

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन के पहले भारतवंशी प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने तय समय से पहले चुनाव कराए जाने की अटकलों पर विराम लगा दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि दो मई को देश के आम चुनाव नहीं कराए जाएंगे। सुनक के बयान के बाद लेबर पार्टी की तरफ से शुरू हुई कयासबाजी खत्म होने की उम्मीद है।

लेबर पार्टी ने कहा था कि लंदन में स्थानीय और प्रशासकों के चुनाव के साथ ही आम चुनाव भी कराए जा सकते हैं। खबरों के मुताबिक सुनक ने इस साल की शुरुआत में साल की दूसरी छमाही में चुनाव कराने पर विचार करने की बात कह चुके हैं। हालांकि, हाल के कुछ हफ्तों में मई की शुरुआत में अचानक चुनाव कराए जाने की अटकलें लगाई जाने लगीं। गुरुवार को मीडिया से बातचीत के दौरान 43 वर्षीय सुनक ने कहा कि लोगों को अनुमान लगाते रहना पसंद है, लेकिन ब्रिटेन में दो मई को आम चुनाव की कोई संभावना नहीं है।

उन्होंने कहा कि कई हफ्तों में ब्रिटेन में पुलिस और अपराध आयुक्तों, स्थानीय परिषदों, महापौरों के लिए चुनाव कराए जाएंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या उसी समय ब्रिटेन का आम चुनाव भी होगा? सुनक ने कहा, उस दिन आम चुनाव नहीं होगा, लेकिन जब भी आम चुनाव होगा, विकल्प मायने रखेगा।

विज्ञान हाल की खोज से पता चला है कि रोजाना हजार टन ऑक्सीजन पैदा करता है यूरोपा

बृहस्पति के चांद पर होगा मानव का अगला ठिकाना

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : भले ही मंगल पर जीवन बसाने की जद्दोजिहद में वैज्ञानिक दशकों से जुटे हुए हैं, लेकिन खबर आ रही है कि बृहस्पति के उपग्रह यूरोपा में सम्भवतः मंगल से कहीं अधिक मानव बस्ती बसाने के अवसर नजर आ रहे हैं।

हाल की खोज से पता चला है कि यूरोपा रोजाना हजार टन ऑक्सीजन पैदा करता है। इसमें दोराय नही कि पृथ्वी पर मौजूदा प्राकृतिक संसाधन वर्तमान जीवन के लिए पर्याप्त है, लेकिन इनका लगातार दोहन भविष्य में जीवित रहने वाला नही है।

जिस कारण भविष्य में मानव अस्तित्व की निर्भरता दूसरे ग्रहों पर जताई जा रही है। इस विचार पर आम जनमानस समझ न रखता हो, लेकिन वैज्ञानिक वर्ग बेहद चिंतित नजर आता है। जिसके चलते करीब तीन दशक से ब्रह्मांड में जीवन की तलाश के साथ मानव बस्ती बसाने को लेकर कवायद की जा रही है। मगर सफलता अभी तक हाथ नही लग पाई है। यह मिशन जल्द पूरा होने की कोई संभावना भी नजर नही आती है। दरअसल यह चुनौतियों से भरा धरतीवासियों का सबसे बड़ा अभियान है और इंकार नही किया जा सकता कि दूर भविष्य में हम कामयाब होंगे। इधर यूरोपा में ऑक्सीजन प्रयाप्त मात्रा में मौजूद होने के कारण उम्मीद की एक नई किरण सामने आई है। नासा के जूनो अंतरिक्ष यान के जरिए यह संभव हो पाया है। जूनो ने 29 सितंबर 2022 को यूरोपा के करीब पहुचकर जांच पड़ताल की थी और लगभग सवा साल की मसक्कत के बाद यह जानकारी सामने आई कि यूरोपा हर 24 घंटे में 1,000 टन ऑक्सीजन उत्पन्न करता है। जिससे 1 मिलियन लोग 1 दिन में सांस ले सकते हैं। यूरोपा बृहस्पति का बर्फ से ढका महासागरीय चंद्रमा है। जिसके नीचे अकूत मात्रा में तरल जल है। नासा ने जूनो मिशन के वैज्ञानिकों की अंतरराष्ट्रीय टीम ने इस खोज का अब खुलासा किया और कहा कि यह उपग्रह संभवतः मानव के रहने योग्य स्थान हो सकता है।

यूरोपा की ताजा तस्वीर।

यूरोपा क्लिपर मिशन खोजेगा यूरोपा की राह

नासा इस वर्ष यूरोपा क्लिपर मिशन लॉन्च करने जा रहा है, जो 2030 में बृहस्पति पर पहुंचेगा। यूरोपा में ऑक्सीजन की मात्रा का पता लगने बाद यूरोपा क्लिपर मिशन की महत्ता और अधिक बड़ चली है। इस मिशन को नौ वैज्ञानिक उपकरणों को साथ भेजा जा रहा है, जो यूरोपा में जीवन बसाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

पाकिस्तान की राह पर मालदीव 36 द्वीप चीन को लीज पर सौंपे

- मालदीव का सबसे बड़ा आर्थिक साझेदार बनने में जुटा चीन

माले, एजेंसी

चीन ने मालदीव में अपनी ताकत बढ़ाने का अभियान तेज कर दिया है। अब राष्ट्रपति मुइज्जू ने मालदीव के 187 आबाद द्वीपों में से 36 द्वीपों के अधिकांश हिस्से को चीनी टूरिज्म कंपनियों को लीज पर दे दिया है। चीनी कंपनियां 12 हजार करोड़ रुपये की लागत से इन द्वीपों को टूरिज्म के लिए डेवलप करेंगी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मालदीव ने हाल में कई द्वीपों के विकास के प्रोजेक्ट पाकिस्तान की तरह मालदीव ने भी तुर्किये से निगरानी ड्रोन खरीदे थे, ताकि वह अपने इकोनॉमिक जोन पर नजर रख सके। रिपोर्ट के मुताबिक नवंबर में मुइज्जू की यात्रा के दौरान तुर्किये की बायकर कंपनी से ड्रोन के लिए समझौता किया था। यह डील 307 करोड़ रुपये में हुई थी। बता दें, 3 मार्च को ड्रोन डिलीवर किए जा चुके हैं। इनके लिए सरकार नूनू एटोल में मिलिट्री ड्रोन का बेस बना रही है। अपनी चीन यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुइज्जू ने चीन से ज्यादा से ज्यादा टूरिस्ट मालदीव भेजने की अपील की थी। इस साल के आरंभ के दो माह में चीन के 4 लाख चीनी टूरिस्ट मालदीव पहुंचे हैं। बता दें, मालदीव और चीन के बीच जनवरी 2024 में रासमाले में 30 हजार हाउसिंग यूनिट बनाने का प्रोजेक्ट शुरू हुआ था।